का. आ. 876.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार उस शुल्क से, जो जम्मू तथा काश्मीर राज्य वित्तीय निगम द्वारा जारी किए जाने वाले बयासी लाख पचास हजार रुपये के अंकित मूल्य के बंधपत्रों पर उक्त अधिनियम के अधीन प्राभार्य है, एतद्द्वारा छूट देती है ।

[सं. 13/73-स्टाम्प/फा. सं. 471/1/73-सी. शुल्क 7]

के. शंकररामन, अवर सचिव

ORDER

New Delhi, the 24th March, 1973

STAMPS

S.O. 876.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds to the face value of Eighty two lakhs fifty thousand of rupees, to be issued by the Jammu and Kashmir State Financial Corporation, are chargeable under the said Act.

[No. 13/73-Stamps/F. No. 471/1/73-Cus. VII]

K. SANKARARAMAN, Under Secy

बैंकिंग विभाग

नई दिल्ली, 25 जनवरी, 1973

30 जून, 1972 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रिजर्व बैंक आफ इन्डिया के काम काज और भारतीय बैंक व्यवसाय की प्रवृत्ति और प्रगति की वार्षिक रिपोर्ट

का० आ० 877.—भारतीय रिजर्व बैंक एक्ट, 1934 की धारा 53(2) के अनुसार केन्द्रीय निदेशक बोर्ड ने भारत सरकार को 30 जून, 1972 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रिजर्व बैंक आफ इन्डिया के काम काज और भारतीय बैंक व्यवसाय की प्रवृत्ति और प्रगति की वार्षिक रिपोर्ट भेजी है जो नीचे उद्धृत की जाती है।

1. अर्थव्यवस्था की प्रवृत्तियां

जुलाई, 1971 से जून, 1972 तक की अवधि के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि देश के व्यय में अप्रत्याक्षीत रूप से भारी मात्रा में वृद्धि होने के बावजूद उसमें लचीलापन पाया गया। मुख्य रूप से पूर्वी सीमा पार कर भारत में बड़ी संख्या में शरणार्थियों के आगमन और दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध के कारण देश के व्यय में वृद्धि हुई। उत्पादन में वृद्धि, अधिक सामाजिक न्याय और बढ़ती हुई आत्मनिर्भरता के विभिन्न योजनागत लक्ष्यों की पूर्ति के उद्देश्य के साथ बनायी गयी केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों की नीतियों का जारी रहना भी उक्त व्यय-वृद्धि का आंशिक कारण था। देश के व्यय में हुई तमाम वृद्धि के अनुरूप औद्योगिक और कृषि उत्पादनों में वृद्धि नहीं हुई। इसलिए अतिरिक्त व्यय की पूर्ति के लिए आवश्यक राशि की जो मांग थी उसके कारण मूल्यों में वृद्धि हुई और व्यापार क्षेत्रों में अधिकतर मात्रा में घाटा हुआ। व्यापार क्षेत्र के उक्त घाटे के लिए पहले से ही उपलब्ध विदेशी सहायता का अधिक मात्रा में उपयोग कर वित्तीय व्यवस्था की गयी; उसके लिए प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधि में से कोई राशि निकाली नहीं गयी। किन्तु देशी मूल्यों में वृद्धि रोकी नहीं जा सकी, केवल उसे कम और विलंबित किया जा सका। कटाई के पहले की अवधि में सरकार के अनाज-भण्डार से अधिक मात्रा में अनाजों के निकाले जाने से अंशतः यह संभव हुआ। किन्तु इस संदर्भ में राजकोषीय और मुद्रागत क्षेत्रों में किये गये प्रयत्न प्रमुख थे जिनसे गैर सरकारी क्षेत्र के व्यय को संयमित किया जा सके जब सरकारी व्यय में तेजी से वृद्धि हो रही थी। सितम्बर, 1971 और मार्च, 1972 के बीच मूल्यों में बहुत ही मामूली वृद्धि हुई। यह नियमित मौसमी स्वरूप की द्योतक थी। किन्तु उसके बाद प्रत्याशा की अपेक्षा बहुत अधिक वृद्धि हुई जो काफ़ी भयभीत करने वाली थी।

2. इस समग्र परिवेश में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में उन क्षेत्रों की विशिष्ट परिस्थितियों के आधार पर विभिन्न प्रकार के परिवर्तन हुए। इस संदर्भ में इन सभी परिवर्तनों या उनके कारणों का पता नहीं लगाया जा सकता; उपलब्ध विवरणों के आधार पर उनमें से केवल कुछेक का मूल्यांकन आनुमानिक रूप से किया जा सकता है। उदाहरण के लिए जहां गैर सरकारी उपभोग व्यय के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं वहां कुल मुद्रागत साधनों की प्रवृत्तियों से घरेलू बचतों विशेषकर वित्तीय बचतों का पूर्ण रूप से और बाजार मूल्यों की दर पर वास्तविक देशी उत्पादन की तुलना में पता लगता है। इसी प्रकार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध विवरणों से यह विदित होता है कि सरकारी क्षेत्र के उपभोग व्यय के सापेक्ष अंश में सार्वजनिक बचत के मुकाबले में बहुत अधिक वृद्धि हुई। कुल मिलाकर यह स्पष्ट होता है कि चालू मूल्यों के अनुसार देशी बचत 1971-72 में पिछले वर्ष के मुकाबले में वास्तविक देशी उत्पादन के लगभग उच्चतर अनुपात में थी; विदेशी सहायता के उपयोग की मात्रा भी इस वर्ष अधिक थी; अतः निवेशों के वित्त-पोषण के लिए उपलब्ध विदेशी वित्तीय साधनों में 1970-71 की अपेक्षा इस वर्ष वृद्धि हुई। इससे यह विदित होता है कि आलोच्य वर्ष की असाधारण परिस्थितियों के बावजूद वास्तविक देशी उत्पादन में कुल देशी निवेश का अनुपात पिछले वर्षों की तुलना में अधिक था। निम्नलिखित सारणी से इस तथ्य का पता लग सकता है। यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि उपर्युक्त वृद्धि के साथ साथ मूल्यों में भी काफ़ी वृद्धि हुई; अतः वास्तव में हमारी उपलब्धि कम महत्वपूर्ण ही थी।

3. आगे के पैराग्राफ़ों में दिये गये आंकड़ों से यह विदित होगा कि 1971-72 के दौरान देशी बचत में हुई वृद्धि के अधिकतर भाग का कारण जनता के पास रहने वाले कुल मुद्रागत साधनों में हुई अधिक वृद्धि है। आलोच्य वर्ष में जनता के पास रहनेवाली चल मुद्रा और अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमा राशियों में अवश्य वृद्धि हुई, किन्तु उक्त जमा-राशियों में बहुत तेजी से इतनी वृद्धि हुई जितनी इसके पहले कभी नहीं हुई थी। चालू मूल्यों के अनुसार हिसाब लगाने पर पता चलता है कि उक्त वृद्धि की मात्रा 21 प्रतिशत थी जब कि पिछले वर्ष यह 17.9 प्रतिशत थी। बैंकों की जमाराशियों के क्षेत्र में बचत और मीयादी जमा-राशियों में मांग जमाराशियों की तुलना में बहुत तेजी से वृद्धि हुई। ऋण-क्षेत्र में सामान्य नीति ऋण की मात्रा पर नियंत्रण लगाने के पक्ष में थी और औद्योगिक क्षेत्र द्वारा उधार लिये जाने के संदर्भ में मंदी पायी गयी; अतः जमाराशियों में हुई वृद्धि बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों की वृद्धि की अपेक्षा बहुत अधिक थी; इस कारण बैंकों के पास भारी मात्रा में चल मुद्रा शेष थी।

4. इस प्रकार जून, 1972 के अन्त में चल मुद्रा और बैंकों की जमाराशियों के संदर्भ में जनता की स्थिति बहुत अच्छी थी, किन्तु वस्तुओं के उत्पादन के क्षेत्र में प्रवृत्ति अनुकूल नहीं थी। 89 लाख मी० टन के अनाजों के स्टाक रहने से उनके मूल्यों में और वृद्धि नहीं हुई और इसी प्रकार रूई और जूट के स्टाकों विद्यमान रहने के कारण कुछ हद तक उनके मूल्य भी नहीं बढ़े। दूसरी वस्तुओं के मामले में उनकी मांग में होनेवाली वृद्धि के अनुकूल भारी मात्रा में पूर्ति किये जाने के लिए औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि और अच्छे मानसून की आवश्यकता है। यह इस बात पर भी निर्भर करती है कि आयातित कच्चे माल और पूंजीगत माल की मात्रा में भले ही वृद्धि न की जाए, किन्तु उनका उचित अनुरक्षण किया जाए।

5. देश के भीतर हुई इन घटनाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा क्षेत्र में कुछ ऐसे व्यापक परिवर्तन हुए जिनसे भारत का व्यापार और विदेशी अदायगियां प्रभावित हुई। अगस्त, 1971 में जब अमेरिका ने डालर की परिवर्तनीयता और सममूल्यता के लिए आधिकारिक समर्थन को समाप्त कर देने का निर्णय किया तब से शुरू होने वाला यह वर्ष जून, 1972 में पौंड स्टर्लिंग जारी करने के संबंध में ब्रिटेन द्वारा किये गये निर्णय के साथ चरमसीमा पर पहुंच गया; इस प्रकार इस वर्ष विदेशी मुद्राओं के निर्धारित सममूल्यों और विदेशी मुद्राओं के पारस्परिक संबंधों के मामले में सुनिश्चित दायित्वों से संबंधित ब्रिटेन वूड्स् की व्यवस्था के संदर्भ में संपूर्ण परिवर्तन पाया गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा व्यवस्थाओं में पाये गये इन उतार चढ़ावों और अनिश्चितताओं का प्रभाव व्यापार और भारत सहित विकास-मान देशों को मिलने वाली व सहायता सुविधाओं पर अनिवार्य रूप से पड़ा। भारतीय रुपये ने दिसम्बर, 1971 तक डालर के साथ अपनी सममूल्यता को बनाये रखा; तदनंतर दिसम्बर, 1971 के मुद्रागत करारों के कारण मुद्राओं के सममूल्यों का जो सामान्य पुनर्निर्धारण किया गया उसमें भारतीय रुपये ने भाग लिया और स्टर्लिंग के साथ विनिमय की अपनी केन्द्रीय दर को दोनों पक्षों में उतार-चढ़ाव के लिए 2¼ प्रतिशत के स्वीकृत मार्जिन के अधीन प्रतिष्ठित किया। पिछले जून में पौंड स्टर्लिंग के जारी किये जाने से इस संबंध में भारत की नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

सारणी 1 :—बाजार मूल्यों के अनुसार वास्तविक देशी उत्पादन के प्रतिशत के रूप में बचत और निवेश के अनन्तिम आंकड़े

वित्तीय वर्ष	1968-69	1969-70	1970-71	1971-72	1973–74 (मध्यावधि मूल्यांकन अनुमान)
1. देशी बचत	8.2	8.6	9.4	10.0	10.2(11.9)
2. विदेशी वित्तीय साधनों की उपलब्धि . .	1.3	0.7	1.1	1.5	0.9(1.2)
3. निवेश (1+2)	9.5	9.3	10.5	11.5	11.1(13.1)

(कोष्टकों में दिये गये आंकड़े चौथी योजना प्रलेख में उपलक्षित अनुपातों को दर्शाते हैं।)

6. विदेशी मुद्रा प्रणाली में किये गये ये परिवर्तन सीमाशुल्क और सीमाशुल्केतर अवरोधों के अतिरिक्त भारत के निर्यातों को प्रभावित करने वाले तत्व हैं। 1971-72 के राजकोषीय वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान हुई निर्यात आमदनी पिछले वर्ष की कुल आमदनी की अपेक्षा केवल 32 करोड़ रुपये अथवा लगभग 2 प्रतिशत अधिक थी।* इस वर्ष के अधिकांश भाग में बंगला देश में मिलों के बंद रहने के कारण भारतीय जूट निर्यातों को काफी अधिक लाभ होने के बावजूद यह स्थिति उत्पन्न हुई। जहां निर्यातों की वृद्धि दर में हुई थोड़ी सी कमी उपर्युक्त विदेशी परिस्थितियों के कारण हुई वहां देशी अर्थव्यवस्था के भीतर भी उत्पादन में कमी और लागत व मूल्यों में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण कारण थे जिनकी वजह से कतिपय पण्यों के निर्यात कम हो गये थे।

7. यदि भविष्य में विदेशी सहायता पर अनुचित रूप से निर्भर रहे बिना अथवा प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियों से अनुचित मात्रा में आहरण किये बिना अर्थव्यवस्था की आयात संबंधी अपेक्षाओं की पर्याप्त मात्रा पूर्ति करनी हो तो निश्चित रूप से 1971-72 की अपेक्षा अधिक मात्रा में निर्यातों में वृद्धि करनी होगी। इस उद्देश्य के लिए कि देशी वस्तुओं के मूल्यों में और वृद्धि न हो और निर्यात पहले से अधिक मात्रा में हों, नीति इस प्रकार बनायी जानी चाहिए कि देशी व्यय की वृद्धि और कुल उत्पादन की वृद्धि के बीच का संबन्ध अधिक व्यावहारिक हो। आगामी वर्षों में सरकारी क्षेत्र के योजनागत और योजनेतर परिव्ययों के कारण अधिकांश देशी व्यय बढ़ेगा अतः वर्तमान परिस्थिति में यह आवश्यक होता है कि घाटे की अर्थव्यवस्था का न्यूनतम आश्रय लेनेवाली नीति का पालन किया जाए। इसके साथ साथ यह भी आवश्यक होगा कि बैंकिंग संघटन के भीतर संचित अतिरिक्त जमाराशियों का उपयोग अधिकतर उत्पादन और नियोजन की व्यवस्था के लिए किया जाए। यह आशा की जाती है कि पिछले वर्ष की गतिविधियों से उत्पन्न इन परिणामों को पांचवीं योजना बनाते समय ध्यान में रखा जाएगा।

उत्पादन, मूल्य और नीति संबंधी उपाय

राष्ट्रीय आय

8. अब हम जुलाई, 1971–जून, 1972 की अवधि की गतिविधियों पर विचार करेंगे। अर्थव्यवस्था की उत्पादन संबंधी प्रवृत्तियों से पता चलता है कि 1971-72 के राजकोषीय वर्ष में वास्तविक राष्ट्रीय आय (1960-61 के मूल्यों के अनुसार) में हुई वृद्धि लगभग 4 प्रतिशत कम थी जबकि उसमें 1969-70 और 1970-71 में क्रमशः 5.3 प्रतिशत और 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। चौथी पंचवर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों में हुई इस वृद्धि के साथ, यदि उक्त योजना के लिए अभिकल्पित लक्ष्य (5.5 प्रतिशत वार्षिक) तक पहुंचना हो तो राष्ट्रीय आय में शेष दो वर्षों में लगभग 7 प्रतिशत की दर पर वृद्धि होनी चाहिए।

कृषि उत्पादन और पूर्ति

9. राष्ट्रीय आय की वृद्धि में पायी गयी मंदी दोनों पण्य क्षेत्रों की वृद्धि-दरों में हुई कमी के कारण हुई। पिछले दो वर्षों में जहां कृषि उत्पादन में औसतन 7 प्रतिशत की दर पर वृद्धि हुई थी वहां 1971-72 में बहुत कम वृद्धि होने की संभावना है। बाजरे के उत्पादन में लगभग 27 लाख मी० टन की कमी हो जाने के कारण मोटे अनाजों के उत्पादन की मात्रा प्रमुख अनाजों के उत्पादन की प्रवृत्ति के अनुरूप नहीं रह सकी है। दालों के उत्पादन में हुई कमी के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि अनाजों के उत्पादन की मात्रा पिछले वर्ष के 1080 लाख मी० टन के स्तर के बराबर नहीं होगी। विशेष रूप से इस तथ्य को देखते हुए कि इस वर्ष के दौरान अधिक उपजवाली किस्मों के कार्य-क्रमों के अधीन आनेवाले क्षेत्र को विस्तारित किया गया, यह स्थिति कुछ हद तक शोचनीय है।

10. वर्तमान उत्पादन में स्थिरता के बावजूद 1971-72 के दौरान अनाजों की पूर्ति की स्थिति सरकार के पास रहनेवाले स्टाकों के कारण संतोषजनक थी। अनाजों के आयातों में जो कमी हुई उसे देश के भीतर उपार्जित किये जाने वाले अनाजों की मात्रा में भारी वृद्धि कर संतुलित किया गया; इससे अनाजों के स्टाकों का वर्षान्त में रहनेवाला स्तर बढ़ गया था। अनाजों के स्टाक जून, 1972 के अन्त में 89 लाख मी० टन थे जब कि पिछले वर्ष वे 84 लाख मी० टन थे। कुल स्टाकों में चावल और गेहूं का अंश क्रमशः 25 लाख मी० टन और 61 लाख मी० टन था। यह स्थिति आगामी वर्ष की खाद्यान्न व्यवस्था के लिए सुविधाजनक प्रारम्भिक चरण है, इससे यह भी संकेत मिलता है कि अनाजों के स्टाक से पर्याप्त मात्रा में अनाज निकाले नहीं गये जिससे कि पिछले कुछ महीनों में अनाजों के मूल्यों में हुई वृद्धि कम हो सके।

11. वाणिज्यिक फ़सलों की स्थिति भी मिश्रित है एक ओर रूई और जूट के उत्पादन में वृद्धि हुई है तो दूसरी ओर तिलहनों और गन्ने के उत्पादन में कमी हुई है। व्यापार क्षेत्र ने 1971-72 में 70 लाख गांठों से अधिक रूई का उत्पादन होने का अनुमान लगाया है। उक्त मात्रा उत्पादन का एक नया कीर्तिमान है। इस वर्ष के दौरान इस संदर्भ में जो वृद्धि हुई उसे व्यापार क्षेत्र द्वारा 1970-71 के लिए अनुमानित 57 लाख गांठों के कम स्तर के उत्पादन के परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए। जूट और मेस्ता

*ये आंकड़े वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों पर आधारित हैं। जैसा कि आगे पैराग्राफ 80 में स्पष्ट किया जाएगा, 1970-71 में निर्यातों की अभिलेखन प्रणाली में किये परिवर्तन के लिये समायोजन किया जाए तो 1971-72 में निर्यातों में हुई वृद्धि पिछले वर्ष की अपेक्षा 2 प्रतिशत से अधिक होगी।

के उत्पादन में 6 लाख गांठों की वृद्धि हुई जिससे कुल उत्पादन 68 लाख गांठों तक पहुंच गया। इसके विपरीत जहां पांच प्रमुख तिलहनों के उत्पादन की मात्रा बढ़कर 1970-71 में 92 लाख मी० टन तक पहुंच गई थी वहां आलोच्य वर्ष में उक्त मात्रा में लगभग 10 लाख मी० टन की कमी होने की आशा है। मूंगफली के उत्पादन की मात्रा जहां पिछले वर्ष 61 लाख मी० टन थी वहां इस वर्ष कम होकर 57 लाख मी० टन हो गयी। गन्ने के उत्पादन की मात्रा 1969-70 में 138 लाख मी० टन के उच्चतम स्तर पर थी, किन्तु वह 1970-71 में कम होकर 132 लाख मी० टन हो गयी और 1971-72 में यह प्रत्याशा है कि वह और कम होकर 128 लाख मी० टन हो जाएगी।

12. इन वार्षिक घट-बढ़ों के बावजूद सामान्य रूप से कृषि उत्पादन में और विशेष रूप से अनाजों के उत्पादन में 1966-67 में नयी कृषि प्रणालियों के अपनाये जाने से वृद्धि होती रही है। यह आशा की जाती है कि अधिक उपजवाली किस्मों के उत्पादन कार्यक्रम के अधीन इस वर्ष के लिए निर्धारित 180 लाख हेक्टेयर भूमि के लक्ष्य की पूर्ति हो जाएगी जब कि 1970-71 में उक्त कार्यक्रम के अधीन 146 लाख हेक्टेयर भूमि लायी गयी थी। पिछले दो वर्षों के विपरीत 1971-72 में रासायनिक उर्वरकों के उपभोग में पर्याप्त वृद्धि पायी गयी। फिर भी उत्पादन स्थिति संतोषजनक नहीं है। जहां गेहूं के उत्पादन में निर्धारित मात्रा से अधिक तेजी से प्रगति हुई वहां अन्य अनाजों विशेषकर ज्वार, मक्के और दालों के उत्पादन में हुई प्रगति परिकल्पित मात्रा से धीमी थी। देश का अत्यंत महत्वपूर्ण अनाज चावल है; उसके उत्पादन के संदर्भ में अधिक उपजवाली किस्मों के कार्यक्रमों की सफलता के मार्ग में प्रारम्भ में जो समस्याएं बाधक थीं उन्हें अधिक उपजवाली किस्मों के बीज और कीटनाशक तथा रोगनाशक दवाइयां प्रदान कर क्रमशः दूर किया जा रहा है। इस प्रकार इस नयी व्यवस्था के संभाव्य लाभ का बड़ा अंश अभी प्राप्त होना शेष है।

13. अनाजों के सही प्रबन्धन से संबंधित एक समस्या उनके भण्डारण और परिवहन के सबंध में है। भारतीय खाद्य निगम की कुल भण्डार क्षमता 1970-71 के 72 लाख मी० टन से बढ़कर 1971-72 में 83 लाख मी० टन हो गयी (इसमें अन्य सरकारी और निजी स्रोतों से किराये पर ली गयी 42 लाख मी० टन की क्षमता शामिल है)। फिर भी भण्डारण की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को देखते हुए वर्तमान भण्डारण क्षमता अपर्याप्त है और विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के भारी उगाही क्षेत्रों में अतिरिक्त खत्तियों का निर्माण करने के लिए भारतीय खाद्य निगम द्वारा किये गये प्रयत्न इस्पात के अभाव के कारण पूर्ण सफल नहीं हो सके हैं। जहां तक अनाजों के परिवहन का संबंध है, पिछले तीन वर्षों से रेलवे की बड़ी और मीटर लाइनों पर पर्याप्त मात्रा में माल-डिब्बे न मिलने के कारण उत्पादन केन्द्रों से बड़े उपभोक्ता बाजारों तक आसानी से समय पर अनाजों को ले जाने में बाधा पड़ी है। जब इन बाधाओं को दूर किया जाएगा और शहरी बाजारों में अनाजों के भण्डारण और परिवहन की सक्षम व्यवस्थाएं निश्चित रूप से हो जाएगी तभी अनाजों की बड़ी मात्रा में उगाही और समीकरण भण्डारों का कार्यक्रम देश के विभिन्न भागों में अनाजों के मूल्यों में पाई जानेवाली घट-बढ़ को दूर कर उनमें समानता ला सकेगा।

औद्योगिक उत्पादन

14. पिछले तीन वर्षों से औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि कम होती रही है। 1969 में जहां उक्त वृद्धि 7.1 प्रतिशत थी वहां 1970 में कम होकर 4.8 प्रतिशत और 1971 में और कम होकर केवल 2.9 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार चौथी पंचवर्षीय योजना में 8 से 10 प्रतिशत तक की जो वृद्धि दर परिकल्पित की गई थी उक्त वृद्धि उसके आधे से भी कम रह गई है।

15. औद्योगिक वर्गों का उनकी वार्षिक विकास दरों के अनुसार किये गये वर्गीकरण से यह पता चलता है कि जिन उद्योगों में उत्पादन कम होते रहे हैं उनमें जहां 1968 में 24 प्रतिशत (वजन के अनुसार) की वृद्धि हुई थी वहां 1971 में क्रमशः बढ़ते बढ़ते उक्त वृद्धि-दर 38 प्रतिशत तक पहुंच गई; किन्तु जिन उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि होती रही उनकी वृद्धि का वजन उपर्युक्त अवधि में 74 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत हो गया।

सारणी 2 : उद्योगों का वर्गीकरण, उनकी विकास-दरों के अनुसार

विकास दरों की सीमा@	सामान्य सूचकांक में उनका वजन (1960=100)				
	1967	1968	1969	1970	1971
गुम कमी					
सामान्य : 5 प्रतिशत से कम	35.68	4.43	16.61	16.10	19.98
उल्लेखनीय : 5 प्रतिशत और उससे अधिक	25.48	19.04	12.15	13.24	17.59
उसमें से					
(i) 10 प्रतिशत और उससे अधिक	13.93	9.18	9.79	6.13	5.30
	61.16	**23.47**	**28.76**	**31.34**	**37.57**
वृद्धि					
सामान्य : 5 प्रतिशत से कम	15.34	23.81	26.69	27.78	27.99
उल्लेखनीय : 5 प्रतिशत और उससे अधिक	21.02	50.24	42.07	38.40	31.96
उसमें से					
(i) 10 प्रतिशत और उससे अधिक	13.20	25.68	28.10	22.42	15.72
	36.36	**74.05**	**68.76**	**66.18**	**59.95**
कुल वजन	97.52*	97.52*	97.52*	97.52*	97.52*

@विकास दरें संबन्धित पिछले वर्षों की तुलना में हुई वृद्धि के प्रतिशत को दर्शाती है।

*केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन उन उद्योगों के सूचकांक को नियमित रूप से प्रकाशित नहीं करते जिनके पास वजन के 2.48 प्रतिशत अंक शेष हैं।

16. 1971 में जिन उद्योगों के उत्पादन में 5 प्रतिशत और उससे ज्यादा कमी हुई वे कुल उत्पादन के वजन के लगभग 18 प्रतिशत के द्योतक हैं। सूत की कताई, औद्योगिक मशीनों, रेल-सड़क उपकरण और चीनी के उद्योग इस वर्ग में आते हैं। लोहे और इस्पात, सूती कपड़ों की कताई और मोटर-साइकिलों तथा साइकिलों के उद्योगों में 5 प्रतिशत से न्यून कमी हुई। 1971 में जिन उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि पाई गई उनमें से ऐसे उद्योगों की मात्रा जिनमें 5 प्रतिशत और उससे अधिक वृद्धि हुई, 38 प्रतिशत से कम होकर 32 हो गई और ऐसे उद्योगों की मात्रा जिनमें 10 प्रतिशत और उससे अधिक वृद्धि हुई, 1970 के 22 प्रतिशत से घटकर 16 प्रतिशत हो गई। जिन उद्योगों में महत्वपूर्ण वृद्धि पाई गई उनमें मूल रासायनिक पदार्थों, सीमेंट, सभी अलोह धातुओं, बिजली उत्पादन और वनस्पति के उद्योग शामिल हैं।

17. पूर्ति की दिशा में पाए गए अवरोधों और मांग में आई कमियों के कारण औद्योगिक उत्पादन की समग्र वृद्धि दर में बराबर कमी की प्रवृत्ति पाई गई। पूर्ति संबंधी बाधाओं में रूई और तिलहन जैसी कच्ची सामग्री और इस्पात तथा अलोह धातु जैसी मूल औद्योगिक वस्तुओं की कमी सम्मिलित थी। उपर्युक्त वस्तुओं की कमी के कारण अन्य उद्योगों के उत्पादन भी कम हो गए थे। तैयार इस्पात के उत्पादन की मात्रा 1970-71 के 48 लाख मी० टन से घटकर 1971-72 में 46 लाख मी० टन हो गई। यद्यपि यह कमी सामान्य थी फिर भी उससे इस्पात का उपयोग करनेवाले उद्योगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा; क्योंकि उनकी बढ़ती हुई इस्पात संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति आयातों के द्वारा केवल थोड़ी सी सीमा तक की जा सकती थी। यद्यपि निर्माण-कार्यों के लिए आवश्यक सीमेंट की मांग में कमी हो जाने और धातु-कर्म संबंधी उपभोक्ताओं की तरफ़ से कोयले की मांग में कमी हो जाने के कारण सीमेंट और कोयले के उत्पादन में बाधा पड़ी फिर भी रेल-परिवहन संबंधी बाधाओं से कोयले और सीमेंट के स्टाक बहुत अधिक जमा हो गए थे। इस्पात के उद्योग, मोटर और उससे संबंधित उद्योग जैसे कुछ नाजुक क्षेत्रों में संगठन और श्रमिक संबंधों के संदर्भ में जो समस्याएं पायी गयीं उनसे भी औद्योगिक उत्पादन में मंदी आयी। इसके अलावा बिजली की कमी के कारण भी कुछ उद्योगों के उत्पादन में गंभीर रूप से बाधा पड़ी।

18. मांग में बराबर कमी होने के कारण कुछ उद्योगों की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हुआ। इन उद्योगों में इस्पात के नल और ट्यूब रेल डिब्बा निर्माण और सभी प्रमुख मशीन निर्माण के उद्योग (सीमेंट चाय छपाई और कपड़ा आदि के उद्योग) जैसे निवेश माल उद्योग शामिल थे। उक्त उद्योगों की क्षमता का न केवल बहुत कम उपयोग होता आ रहा है बल्कि पिछले दो वर्षों के दौरान उनके उपयोग की दर भी कम हो गयी है। इस्पात की ढलाई और मशीन उपकरणों के उद्योग जैसे कतिपय उद्योगों की क्षमता के उपयोग की दर में 1971 में निश्चित ही प्रगति हुई है फिर भी उन उद्योगों की क्षमता का पर्याप्त मात्रा में उपयोग नहीं हो पाया है। जैसा कि पहले उल्लेख किया जा चुका है कुछ मामलों में कच्ची सामग्री बिजली आदि की कमी के कारण यह परिस्थिति उत्पन्न हुई; किन्तु इन सभी मामलों में उत्पादन की वृद्धि में हुई कमी का प्रमुख कारण मांग में निरन्तर पायी गयी कमी थी। इसके विपरीत कुछ उद्योगों में उत्पादन की कमी मांग की कमी के कारण नहीं वरन् क्षमता के अभाव के कारण हुई। उन उद्योगों में कागज से बनी चीजों कास्टिक सोडा सोडा राख मोटर और कृषि ट्रैक्टरों के उद्योग सम्मिलित थे। इन दोनों कारणों अर्थात् निवेश माल की मांग में कमी और अपर्याप्त क्षमता से पिछले कुछ वर्षों के दौरान कुल निवेश की मात्रा में अपेक्षाकृत कम वृद्धि हुई।

19. 1972 में औद्योगिक उत्पादन की संभावना पिछले वर्ष की अपेक्षा लगभग अच्छी है। कुछ मामलों में कच्ची सामग्री की स्थिति में सुधार हो रहा है। उदाहरण के लिए रूई की स्थिति को लिया जा सकता है। वस्त्र उद्योग के लिए आवश्यक रूई की पूर्ति की स्थिति सुधर गयी है किन्तु भविष्य की उसकी सम्भावना पुनः अनिश्चित हो गयी है। यह आशा की जाती है कि निवेश कार्य में वृद्धि होने से औद्योगिक उत्पादों की मांग पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। सरकार ने भी औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाने के लिए कुछ कदम उठाये हैं। जनवरी 1972 में 54 नाजुक उद्योगों को उत्पादन बढ़ाने और उक्त उद्योगों को उनकी लाइसेंसीकृत क्षमता के ऊपर लगभग 100 प्रतिशत तक विस्तारित कर देने के लिए व्यापक अनुमति दे दी गयी है। इस नीति का उत्पादन पर जो प्रभाव पड़ेगा वह अभी प्रकाश में नहीं आया है हालांकि यह स्पष्ट है कि इन 54 उद्योगों के मामले में भी पूंजीगत उपकरणों और मशीनों की स्थापना पर लगाये गये प्रतिबन्धों के कारण इस नीति के प्रभाव पर बाधा पड़ेगी। सार्वजनिक क्षेत्र की नयी प्रायोजनाओं के कार्यान्वयन और वर्तमान संयंत्रों के परिचालन में विद्यमान संगठनात्मक कमियों को दूर करने के लिए भी विशेष कदम उठाये गये हैं। इन अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कुछ क्षेत्रों में अब भी कमियां विद्यमान रहती हैं। इसका उदाहरण वनस्पति उत्पादन उद्योग है जो तिलहनों की अपर्याप्त पूर्ति की स्थिति का सामना कर रहा है। इसी प्रकार 1972-73 में पटसन के उत्पादन में कमी होने का अनुमान है जिससे 1972 के उत्तरार्ध में जूट के वस्त्रों के उत्पादन पर 20 प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

मूल्य स्थिति

20. उत्पादन की इन स्थितियों के कारण देश के भीतर मांग बढ़ जाने से सहज ही मूल्य-स्थिति बिगड़ गयी। जून 1971 और जून 1972 के बीच थोक मूल्य सूचकांक में 6.8 प्रतिशत की तेजी से वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष की वृद्धि से दुगुनी से अधिक थी। एकमात्र औद्योगिक कच्ची सामग्री को छोड़कर सभी बड़े वर्गों की वस्तुओं के मूल्य सूचकांक में वृद्धि हुई। अनाजों के मूल्य में जहां 1970-71 (जुलाई-जून) में 2.4 प्रतिशत की कमी हुई थी वहां इस वर्ष 14 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई और निर्मित वस्तुओं के मूल्य में पिछले वर्ष हुई 8.6 प्रतिशत की वृद्धि के ऊपर 5 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई। अनाजों के वर्ग में न केवल मोटे अनाजों और दालों के मूल्य में वृद्धि हुई जिनके उत्पादन में कमी हुई थी बल्कि गेहूं के मूल्य में भी उसके उत्पादन में वृद्धि होने के बावजूद वृद्धि हुई। आलोच्य वर्ष में चावल और गेहूं के मूल्य में क्रमशः 10.1 प्रतिशत और 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जब कि पिछले वर्ष उसमें क्रमशः 2.1 और 2.9 प्रतिशत की कमी हुई थी। अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं में से चीनी के मूल्य में इस वर्ष के दौरान 27.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। केवल रूई के मूल्य में जहां पिछले वर्ष 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई थी वहां आलोच्य वर्ष में उसके समग्र उत्पादन में 26 प्रतिशत से अधिक अनुमानित वृद्धि होने के कारण 31 प्रतिशत की भारी कमी हुई। अन्य सभी औद्योगिक कच्ची सामग्री अर्थात् पटसन तिलहनों और गन्ने के मूल्य में हुई वृद्धि की दर अलग अलग थी। इसी प्रकार निर्मित वस्तुओं के वर्ग में सभी प्रमुख उत्पादनों अर्थात् सूत से बनी चीजों, जूट से बनी चीजों, रासायनिक उत्पादों, लोहे और इस्पात से बनी चीजों और कागज से बनी चीजों के मूल्य में वृद्धि पायी गयी।

21. सामान्य मूल्य स्तर में विशेषकर अनाजों और चीनी के मूल्य में हुई वृद्धि के अनुरूप औद्योगिक श्रमिक वर्ग के अखिलभारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित उपभोक्ता मूल्य सूचक अंकों (आधार: 1960-100) और शहरी अमेतर कर्मचारियों के उपभोक्ता मूल्य सूचक अंकों में भी वृद्धि हुई है। औद्योगिक श्रमिक वर्ग का औसत सूचकांक जहां 1970-71

(जुलाई-जून) में 186 था वहां 1971–72 (जुलाई-जून) में बढ़कर 195 हो गया। इस प्रकार इस वर्ष उक्त सूचकांक में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 1970–71 में 1969–70 की तुलना में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। शहरी अमेतर कर्मचारियों के औगत सूचकांक में भी 1971–72 (जुलाई-जून) में 1970–71 की अपेक्षा 4.6 प्रतिशत की अधिक वृद्धि हुई जबकि 1970–71 में 1969–70 की तुलना में 3.6 प्रतिशत की अधिक वृद्धि हुई थी। निर्वाह व्यय में बराबर वृद्धि होते रहने से वस्तुओं की लागत पर गंभीर प्रभाव पड़ा है क्योंकि सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों की कई स्थापनाओं में वेतन बिल को निर्वाह व्यय में होनेवाले परिवर्तनों से संबद्ध करने की प्रणाली है।

22. जहां कई मामलों में उत्पादनों में बहुत ही कम प्रतिशत की वृद्धि या कमी हुई वहां मुद्रा क्षेत्र की प्रवृत्ति बिलकुल दूसरे प्रकार की थी। इस वर्ष कुल मुद्रा व्यय की मात्रा पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक बढ़ी; चाहे हम अर्थ-व्यवस्था के कुल मुद्राव्यय के सूचकांक के रूप में जनता के पास रहनेवाली मुद्रा को लें अथवा कुल मुद्रागत साधनों को वास्तव में यही स्थिति उत्पन्न होती है। पूर्ति की कमी के परिप्रेक्ष्य में मुद्राव्यय में हुई ऐसी वृद्धि उच्चतर मूल्यों के कारण ही समायोजित हो सकती है।

23. इस वर्ष भी अनाजों का उगाही-मूल्य पिछले वर्ष के स्तर पर ही रहा; इस कारण जब नयी रबी फ़सल बाजार में आयी तब अनाजों के मूल्य में होनेवाली कमी रोकी जा सकी। इस प्रकार जब बाजार में अनाजों की बहुत अधिक पूर्ति की स्थिति रही तब भारतीय खाद्य निगम के उगाही संबंधी कार्यकलापों से किसान के बिक्री मूल्य को एक आधार मिला। अतः जब बाजार में पर्याप्त मात्रा में अनाज मिलने लगे तब शहरी उपभोक्ताओं को कम मूल्य से कोई फायदा नहीं हो सका और उनके संदर्भ में हाल ही में स्थिति और खराब हो गयी है। हाल ही के सप्ताहों में अधिकांशतः मोटे अनाजों की कम पूर्ति की स्थिति और सूखे से वर्तमान वर्ष की खरीफ़ फ़सल की संभावनाओं को थोड़ी सी क्षति होने के कारण गेहूं और दूसरे अनाजों के बाजार मूल्य में उगाही मूल्य से थोड़ी अधिक वृद्धि हुई है। यह उल्लेखनीय है कि जिन छोटे किसानों के पास बिक्री के लिए बहुत कम अनाज थे या अतिरिक्त अनाज नहीं थे या जिन छोटे किसानों को पहले अपने उत्पादन के एक अंश को बेच देने के कारण उस समय अनाज खरीदने पड़े जब मूल्य में वृद्धि हो गयी थी उन किसानों को इस परिस्थिति में कोई लाभ नहीं मिल सका। इस पृष्ठभूमि में और हाल ही में हुई मूल्यवृद्धि को देखते हुए यह बहुत आवश्यक हो जाता है कि नियमित माध्यमों से अधिक मात्रा में अनाज उपलब्ध करायें ताकि उपभोक्ता मूल्य को और बढ़ने से रोका जा सके। इसके अलावा उगाही मूल्य के वर्तमान स्तरों को बनाये रखने से फ़सलों के बीच असंतुलन की समस्या उत्पन्न हो गयी है; इसके फलस्वरूप हाल ही में दालों और रुई जैसी कतिपय नकदी फसलों की उत्पादन भूमि के क्षेत्रफल में कमी आ गयी है; यह स्थिति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

24. इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि फिलहाल एक ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है जहां उत्पादन की कमी के फलस्वरूप तत्काल मूल्य में वृद्धि हो जाती है किन्तु उत्पादन की वृद्धि के फलस्वरूप उपभोक्ता को उसके अनुरूप लाभ नहीं मिलता। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रुई और पटसन जैसी नकदी फ़सलों के उत्पादन और मूल्य में तेजी से जो घटबढ़ होती है उसका बुरा प्रभाव औद्योगिक उत्पादन और भुगतान शेष पर भी पड़ता है। अतः विभिन्न वस्तुओं के मूल्य निर्धारण से संबंधित नीति के मूल में स्पष्ट रूप से मूल्य को स्थायी स्तरों पर बनाये रखने का उद्देश्य होना चाहिए; किन्तु यह निर्धारित करने के लिए कि वे स्तर क्या हों किसानों की आय संबंधी अपेक्षाओं और उपभोक्ता के हितों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

बजट संबन्धी गतिविधियां*

केन्द्रीय और राज्य सरकारों की संयुक्त स्थिति

25. अब हम कुल राष्ट्रीय व्यय के घटकों की प्रवृत्तियों पर विचार करें उक्त घटकों में हुई वृद्धि के कारण उपर्युक्त मूल-स्थिति उत्पन्न हुई। केन्द्रीय और राज्य सरकारों के कार्यकलापों के संदर्भ में, उनके बजट में 1971-72 में समग्ररूप से 631 करोड़ रुपयों** का घाटा@ पाया गया ; यह 1970-71 (लेखे) की स्थिति की तुलना में इस वर्ष स्थिति के बहुत अधिक बिगड़ जाने का संकेत है। क्योंकि 1970–71 के समग्र घाटे की राशि 431 करोड़ रुपये थी। इस वर्ष बजट के अनुमानों की तुलना में 1971-72 के घाटे की राशि 244 करोड़ रुपये अधिक थी। इस प्रकार प्रत्याशित परिमाण में जो अंतर पाया गया उसका कारण यह नहीं था कि कुल प्राप्तियों में कमी हुई, किन्तु उसका कारण यह था कि मूलतः बजट की गयी राशि की अपेक्षा अधिक मात्रा में राशि वितरित की गयी। वित्तीय साधन जुटाने के लिए किए जाने वाले अतिरिक्त उपायों से प्राप्त होने वाली राशि को हिसाब लेने पर 1972–73 के लिए यह अनुमान लगाया गया है कि संयुक्त रूप से समग्र घाटे की राशि 212 करोड़ रुपये होगी (सारणी 3) ।

वितरणों की प्रवृत्तियां†

26. केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा वितरित की गई कुल राशि (जिसमें ऋण और अग्रिम शामिल हैं) में जहां 1969-70 और 1970-71 में क्रमशः 11.4 प्रतिशत और 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी वहां 1971-72 में 16.5 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई अर्थात् उक्त राशि 1971-72 में बढ़कर 10,481 करोड़ रुपये हो गयी । 1971-72 के बजट में यह प्रत्याशा की गयी थी कि विकास परिव्यय में 15.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी, किन्तु वास्तविक वृद्धि 17.4 प्रतिशत थी। किन्तु विकासेतर परिव्यय में और तेजी से वृद्धि हुई ; उसमें 1.7 प्रतिशत की वृद्धि होने के बजाय 19.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विकासेतर परिव्यय में यह वृद्धि प्रमुख रूप से रक्षा, शरणार्थी सहायता और अकाल सहायता पर हुए अतिरिक्त व्यय के कारण हुई, इस प्रकार मूल रूप से की गयी व्यवस्था की अपेक्षा जो अधिक वृद्धि हुई उसमें से 560 करोड़ रुपयों की वृद्धि उपर्युक्त संदर्भ में हुई। 1972-73 के बजट अनुमानों में विकास परिव्यय में 10 प्रतिशत की वृद्धि और विकासेतर परिव्यय में लगभग 1 प्रतिशत की कमी की व्यवस्था की गयी है। 1972-73 के बजट में निर्धारित विकास परिव्यय में वृद्धि का जो कम प्रतिशत पाया गया उसका प्रमुख कारण यह था कि राज्य सरकारों द्वारा शिक्षा, कृषि, चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य और सिंचाई निर्माण कार्यों के लिए कि गयी व्यवस्थाओं में केवल न्यूनतर वृद्धि हुई है।

---

* यदि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो तो इस खंड में दिये हुए आंकड़े राजकोषीय वर्षों के हैं ; 1971–72 के आंकड़े परिणोधित अनुमान हैं।

** अंतिम लेखों के आधार पर घाटा और अधिक था।

@केन्द्रीय सरकार के घाटे के उपर्युक्त आंकड़े बजट के दस्तावेजों में दिये गये आंकड़ों के आधार पर हैं। राज्य सरकारों के घाटे के संबंध में पैराग्राफ़ 28 की पाद टिप्पणी देखें।

इस पैराग्राफ़ के आंकड़े शेयरों के रूप में ऋणों के परिवेशन और भारत की आकस्मिकता निधि में अंतरण के लिए समायोजित किये गये हैं। (पृ. 6 की सारणी 3 की पाद टिप्पणियां 2 देखें)।

प्राप्तियों की प्रवृत्तियां

27. प्राप्तियों के संदर्भ में कर और पूंजीगत प्राप्तियों के अधीन भारी वृद्धि हुई। कर की कुल प्राप्तियों में जहां 1969-70 और 1970-71 में क्रमशः 12.2 प्रतिशत और 13.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी वहां 1971-72 में 16.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। केन्द्रीय करों (राज्यों के हिस्से को मिलाकर) में 1971-72 में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो राज्यों के अपने कर राजस्व में हुई 10.2 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक थी।

राज्य सरकारों के 1971-72 के बजट संबन्धी कार्यकलाप

28. सभी राज्यों में 1971-72 में संयुक्त रूप से 246 करोड़ रुपये का घाटा* था जो प्रत्याशित घाटे से 92 करोड़ रुपये से अधिक था (सारणी 4)। यह स्थिति इस तथ्य के बावजूद हुई कि राज्यों की कुल प्राप्तियों में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई अर्थात् राज्यों की प्राप्तियों की राशि बढ़कर 6313 करोड़ रुपये हो गयी। उक्त वृद्धि बजट में प्रत्याशित वृद्धि की अपेक्षा 7 प्रतिशत से थोड़ी सी अधिक थी। जहां राज्यों की अपनी राजस्व प्राप्तियां बजट में प्रत्याशित मात्रा से केवल थोड़ी सी अधिक थी वहां केन्द्रीय सरकार से अंतरित किये गये वित्तीय साधन (कुल ऋणों के साथ) बहुत अधिक थे। इस स्थिति का एक कारण यह था कि केन्द्रीय सरकार ने कतिपय राज्यों को विशेष सहायता प्रदान की थी। फिर भी घाटे में वृद्धि हुई, क्योंकि जहां बजट में यह प्रत्याशा की गयी थी कि कुल 5,745

* नकदी शेष से आहरण, राज्यों द्वारा अपने नकदी शेष निवेश लेखे में रखी गयी प्रतिभूतियों की वास्तविक बिक्री, राज्यों की प्रारक्षित राजस्व निधियों के वास्तविक अंतरण और अर्थोपाय अग्रिमों और रिजर्व बैंक आफ इंडिया से लिये गये ओवर ड्राफ्ट की वास्तविक वृद्धि के बजट आंकड़े।

सारणी 3 :—केंद्रीय और राज्य सरकारों की संयुक्त प्राप्तियां और वितरण (राशि करोड़ रुपयों में)

	1970-71 (लेखे)		1971-72 (बजट अनुमान)*		1971-72 (परिशोधित अनुमान)		1972-73 (बजट अनुमान)*	
	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/ कमी (—)	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/ कमी (—)	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/ कमी (—)	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/ कमी (—)
I. कुल प्राप्तियां (अ+आ)	8564	+4.1	9432	+10.1	10132 (9850)	+18.3 +(15.0)	10581 (10651)	+4.4 +(8.1)
(अ) राजस्व प्राप्तियां	5958	+10.5	6665	+11.9	7043	+18.2	7842	+11.3
उनमें से								
कर प्राप्तियां	4735	+13.2	5261	+11.1	5516	+16.5	6322	+14.6
(आ) पूंजीगत प्राप्तियां	2606	+8.1	2767	+6.2	3089 (2807)	+18.5 +7.7	2739 (2809)	—11.3 (+0.1)
II. कुल वितरण	8995	+9.5	9819	+9.2	10763 (10481)	+19.7 (+16.5)	10823 (10893)	+0.6 (+3.9)
उनमें से								
विकास परिव्यय (क+ख)	3590	+14.3	4148	+15.5	4427 (4215)	+23.3 (+14.4)	4638	+4.8 (+10.0)
(क) राजस्व	2400	+14.0	2754	+14.8	2825	+17.7	3123	+10.5
(ख) पूंजीगत	1190	+15.0	1394	+17.1	1602 (1390)	+34.6 (+16.8)	1515	—5.4 (+9.0)
विकासेतर परिव्यय (क+ख)	3675	+12.1	3739	+1.7	4472 (4472)	+21.7 (+19.8)	4292 (4362)	—4.0 (—0.9)
(क) राजस्व	3366	+6.6	3593	+6.7	4204	+26.7	4216	—1.1
(ख) पूंजीगत	309	+153.3	146	—52.9	208 (138)	—32.7 (—55.3)	76 (146)	—65.5 (+5.8)
III. समग्र अधिशेष (+) या घाटा (—) (I—II)	—431		—387		—631		—242	

नोट : 1. आंकड़े अंतर सरकारी अंतरणों के लिए समायोजित किये गये हैं। किन्तु समग्र संयुक्त स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

2. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़ों में ऋणों को शेयर पूंजी में परिवर्तित करने के लिए सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के संदर्भ में 212 करोड़ रुपयों और भारत की आकस्मिकता निधि के अधीन (1971-72 और 1972-73 के दौरान) 70 करोड़ रुपयों की सैद्धांतिक पूंजीगत प्राप्तियां/वितरण शामिल नहीं हैं।

3. कुल प्राप्तियों, पूंजीगत प्राप्तियों और समग्र अधिशेष/घाटे के जो आंकड़े इस सारणी में और सारणी 4 में दिये गये हैं वे पिछली वार्षिक रिपोर्टों में दिये गये आंकड़ों से मेल नहीं खाएंगे, क्योंकि इस वर्ष के प्रारंभ में रिजर्व बैंक आफ इंडिया से प्राप्त शुद्ध अर्थोपाय अग्रिमों और ओवरड्राफ्टों को (राज्य बजटों के अनुसार) वित्तपोषण के रूप में माना जाता है न कि पिछले वर्षों की तरह पूंजीगत प्राप्तियों के रूप में।

*बजट प्रस्तावों के प्रभाव शामिल हैं।

सारणी 4:—राज्यों की समग्र बजट स्थिति

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1970–71 (लेखे)	1971–72 (बजट अनुमान)†	(1) की तुलना में (2) में हुई वृद्धि का प्रतिशत	1971–72 (परिणोधित अनुमान)†	(1) की तुलना में (3) में हुई वृद्धि का प्रतिशत	1972–73 (बजट अनुमान)*	(2) की तुलना में (4) में हुई वृद्धि का प्रतिशत
(I) कुल प्राप्तियां (अ+आ) . . .	52,14	55,91	+7.2	63,13	+12.1	65,26 (66,43)	+3.4
(अ) राजस्व प्राप्तियां (i+ii) . . .	35,19	40,26	+14.4	42,25	+20.1	44,62 (45,79)	+5.6
(i) राज्यों की निजी राजस्व प्राप्तियां .	21,97	24,17	+10.0	24,24	+10.3	24,46 (27,15)	+9.2
उनमें से							
कर प्राप्तियां . . .	15,28	16,42	+7.5	16,84	+10.2	18,53 (19,17)	+10.0
(ii) केन्द्रीय सरकार से अन्तरित किये गये वित्तीय साधन (क+ख) . .	13,22	16,09	+21.7	18,01	+36.2	18,16 (18,64)	+0.8
(क) करों का हिस्सा . .	7,56	9,01	+19.2	931	+23.1	10,10 (10,58)	+8.5
(ख) केन्द्रीय सरकार से अनुदान .	5,66	7,08	+25.1	870	+53.7	806	—7.4
(आ) पूंजीगत प्राप्तियां (i+ii) . . .	16,95	15,65	—7.7	20,88	+23.2	20,64	—1.1
(i) राज्यों की निजी पूंजीगत प्राप्तियां .	6,90	7,54	+9.3	771	+11.7	862	+11.8
उनमें से :							
बाजार ऋण (कुल) . .	1,65	1,52	—7.9	175	+6.1	188	+7.4
(ii) केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋण (कुल) .	10,05	8,11	—19.3	13,17	+31.0	12,02	—8.7
II. कुल वितरण	53,60	57,45	+7.2	65,59	+22.4	66,33	+1.1
उनमें से :							
(क) विकास परिव्यय	25,75	29,70	+15.3	30,65	+19.0	33,41	+9.0
(ख) विकासेतर परिव्यय . . .	15,19	16,50	+8.6	19,85	+30.7	19,20	—3.3
(ग) केन्द्रीय सरकार के ऋणों का भुगतान . .	6,34	5,64	—11.0	813	+28.2	785	—3.4
(घ) अन्य पार्टियों को ऋण और अग्रिम . .	4,91	4,37	—11.0	581	+18.3	453	—22.0
(ङ) बाजार ऋणों का भुगतान . . .	59	75	+27.1	77	+30.5	84	9.1
III. समग्र अधिशेष (+) या घाटा (—) (I—II) .	—1,46	—1,54		—246		—107 (+10)	

नोट : (1) यहां दिये गये आंकड़े बजट दस्तावेजों में दिये गये आंकड़ों से मेल नहीं खाते, क्योंकि यहां कतिपय समायोजन किये गये हैं। (2) सारणी 3 की पाद टिप्पणी (3) देखें ।

†इसमें बजट प्रस्तावों का प्रभाव शामिल है ।

*कोष्ठकों के आंकड़े 1972–73 के दौरान बजट प्रस्तावों से राज्यों को प्राप्त होनेवाली अनुमानित राशि और केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त कराधान से राज्यों को मिलनेवाले हिस्से का हिसाब में लेने के बाद निकाले गये हैं ।

करोड़ रुपये की राशि का वितरण होगा वहां उसमें वास्तव में 814 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। इस वृद्धि का एक महत्वपूर्ण कारण यह था कि कतिपय राज्यों को अकाल राहत के लिए (126 करोड़ रुपयों का) जो अतिरिक्त व्यय करना पड़ा उससे विकासेतर परिव्यय में 335 करोड़ रुपयों की भारी वृद्धि हो गयी थी। छः राज्यों, अर्थात् महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश ने इस उद्देश्य के लिए 110 करोड़ रुपये खर्च किये। इसके विपरीत विकास परिव्यय में 95 करोड़ रुपये की वृद्धि की गयी। अन्य वितरणों में बजट अनुमानों की अपेक्षा 384 करोड़ रुपये की वृद्धि पायी गयी ; उक्त वितरण मुख्यतः केन्द्रीय सरकार से लिये गये ऋणों के शोधन (249 करोड़ रुपये) और दूसरी पार्टियों को दिये गये ऋणों और अग्रिमों (144 करोड़ रुपये) के अधीन हुए ।

राज्यों द्वारा लिये गये ओवरड्राफ्ट

29. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में राज्य सरकारों द्वारा रिजर्व बैंक आफ इंडिया से निरन्तर ओवर ड्राफ्ट लिये जाने का उल्लेख किया गया था। 1971–72 (जुलाई-जून) के दौरान इस संबंध में स्थिति और बिगड़ गयी। 28 जून 1971 को राज्यों के बकाया ओवरड्राफ्टों की राशि 371 करोड़ रुपये थी (जब कि 27 जून 1970 को 6 राज्यों के नाम 82.7 करोड़ रुपयों के ओवरड्राफ्ट बकाया थे) और उक्त राशि अप्रैल 1972 के अंत में 642 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी। 12 राज्यों ने अपने लेखों पर अधिक राशि ली थी। यद्यपि यह वृद्धि कुछ हद तक राज्यों द्वारा पिछले वर्षों के ओवरड्राफ्टों का शोधन करने के लिए केन्द्रीय सरकार से लिये गये अर्थोपाय अग्रिमों की चुकौती का परिणाम थी फिर कुल राशि में और वृद्धि होना चिन्ताजनक था; क्योंकि राज्य सरकारों द्वारा रिजर्व बैंक से लिये जाने वाले अनिधिकृत और अनियमितउधारों का व्यापक प्रभाव अर्थव्यवस्था के वित्तीय संतुलन पर पड़ता है। इसके साथ ही, राज्य सरकारों की वास्तविक आवश्यकताओं पूर्ति करने की, विशेष रूप से वित्तीय साधनों को बढ़ाने की उनकी सीमित क्षमता को देखते हुए व्यवस्था करनी पड़ी। केन्द्रीय निदेशक बोर्ड ने केन्द्रीय वित्त मंत्री को राज्यो द्वारा लिये जानेवाले भारी ओवरड्राफ्टों की समस्या और उन्हें समाप्त करने की आवश्यकता के बारे में अवगत कराया। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने संबंधित राज्य सरकारों के मुख्यमंत्रियों/राज्यपालों से इस मामले पर विचार विमर्श किया। इन विचार विमर्शों के

बाद और रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, वित्त मंत्रालय और योजना आयोग के परामर्श से ओवरड्राफ्टों के संदर्भ में एक नयी नीति बनायी गयी ।

30. पहली मई 1972 से प्रभाव में लायी गयी नयी योजना के अधीन यह उपेक्षा की गयी कि अप्रैल 1972 के अंत से ओवरड्राफ्टों को समाप्त कर दिया जाए । राज्य सरकारों के बजट संबंधी लेनदेनों की बढ़ती हुई मात्रा को देखते हुए रिजर्व बैंक से प्राप्त होनेवाले निर्बंध या गैर जमानती अर्थोपाय अग्रिमों की सीमाओं को उक्त तारीख से पिछले स्तरों से चार गुना बढ़ा दिया गया। यह वृद्धि उस राशि के अतिरिक्त है जो उन्हें जमानती अग्रिमों से प्राप्त हो सकती है । 30 अप्रैल 1972 को कारोबार समाप्त होते समय रिजर्व बैंक की बहियों में विद्यमान बारहों राज्यों के ओवरड्राफ्टों का शोधन कर दिया गया । केन्द्रीय सरकार ने दस राज्यों को उनके ओवरड्राफ्टों के शोधन के लिए कुल 416 करोड़ रुपयों के विशेष अर्थोपाय अग्रिम प्रदान किये और शेष राशि का समायोजन योजनागत सहायता (32 करोड़ रुपये) और आय कर में राज्यों के हिस्से के लिए 30 अप्रैल 1972 तक अदा की जानेवाली राशि (195 करोड़ रुपये) के संदर्भ में कर दिया गया

31. नयी नीति के अधीन रिजर्व बैंक केवल अधिक से अधिक 7 दिन की अस्थायी अवधियों को छोड़कर अन्यत्र ओवरड्राफ्ट की अनुमति नहीं देता । यदि किसी राज्य सरकार का ओवरड्राफ्ट सात दिन से आगे जारी रहे तो ऐसी व्यवस्था की गयी है कि संबंधित राज्य की ओर से की जाने वाली अदायगी स्वयं ही बंद हो जाए। राज्यों पर खजाना संबंधी नियंत्रण को मजबूत करने के लिए उठाये गये इन कदमों से यह आशा की जाती है कि राज्य सरकारों का योजनागत और योजनेतर व्यय उपलब्ध वित्तीय साधनों के भीतर सीमित रह जाएगा ।

32. पहली मई 1972 से कोई भी राज्य सरकार रिजर्व बैंक आफ इंडिया के पास रहनेवाले अपने लेखे पर सात दिन से अधिक अवधि के लिए लगातार ओवरड्राफ्ट नहीं लेती रही है और उक्त अवधि के भीतर भी समय समय पर वास्तव में ली गयी ओवरड्राफ्ट राशि सामान्य ही थी । सामयिक रूप से लिये गये इन ओवरड्राफ्टों का कारण यह था कि संबंधित राज्य सरकारों को जो राशि वितरित करनी पड़ी उसका सही पूर्वानुमान नहीं किया जा सका । फिर भी सात दिन की समय सीमा के भीतर बिना किसी अपवाद के उन सभी ओवर ड्राफ्टों का शोधन कर दिया गया । इस प्रकार नयी नीति सफल और प्रभावकारी रही, फिर भी राज्यों की वित्तीय स्थिति में स्थायी रूप से सुधार लाने की व्यवस्था करना भी आवश्यक होगा । कुछ राज्यों ने हाल ही में अतिरिक्त वित्तीय साधन जुटाने के लिए आवश्यक उपायों की भी घोषणा की है ।

33. राज्यों की वित्तीय समस्याओं पर योजनागत और योजनेतर परिव्ययों के संदर्भ में विचार करना होगा । जून 1972 के अंत में नियुक्त किया गया छठा वित्त आयोग इससे संबंधित सभी प्रश्नों की जांच पड़ताल करेगा । आयोग के विचारणीय विषय पहले से अधिक व्यापक हैं । आयोग से की जाने वाली अपेक्षा का एक उदाहरण इस प्रकार है : आयोग 1973–74 के वित्तीय वर्ष के अंत तक राज्यों के योजनेतर पूंजीगत वित्तीय साधनों राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के वेतन के परिशोधन से उत्पन्न भार और केन्द्रीय सरकार से प्राप्त किये गये ऋणों के शोधन व्यय का मूल्यांकन करेगा । यह भी आशा की जाती है कि आयोग प्राकृतिक विपत्तियों से प्रभावित राज्यों के राहत-व्यय से संबंधित नीति और व्यवस्थाओं का भी पुनरीक्षण करेगा । अक्तूबर 1973 के अन्त तक आयोग की रिपोर्ट उपलब्ध होने की आशा है ।

केंद्रीय सरकार की बजट संबंधी गतिविधियां—1971-72

34. केन्द्रीय सरकार के 1971-72 के बजट से सम्बन्धित गतिविधियों के संदर्भ में कुल व्यय में तेजी से वृद्धि हुई। कुल व्यय में इस वर्ष के दौरान 1146 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात उसकी राशि बढ़कर 6722 करोड़ रुपये* हो गयी (सारणी 5) । इस व्यय-वृद्धि की पूर्ति करने की दृष्टि से अक्तूबर और दिसंबर 1971 में नये कराधान की व्यवस्था कर अतिरिक्त व्यय वित्तीय साधन जुटाने के कई प्रयत्न किये इसके परिणाम स्वरूप सरकारी प्रशासन को प्राप्त 3819 करोड़ रुपयों की कुल राजस्व राशि बजट में अनुमानित राशि से 11 प्रतिशत अधिक थी । इस राशि में से कर राजस्व की राशि 2881 करोड़ रुपये थी । जो बजट अनुमान की अपेक्षा 181 करोड़ रुपये (या 6.7 प्रतिशत) अधिक थी । शरणार्थी सहायता के लिए प्राप्त विदेशी सहायता बजट अनुमान से लगभग 100 करोड़ रुपये अधिक थी ।

35. प्राप्तियों में एक ओर जहां यह सुधार हुआ तो वहां दूसरी ओर विकासेतर व्यय में प्रत्याशित 6 प्रतिशत की कमी के विपरीत पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई, इससे दोनों प्रायः संतुलित हो गये । उक्त व्यय-वृद्धि शरणार्थियों और रक्षा पर हुए व्यय तथा कतिपय राज्य सरकारों को विशेष रूप से अकाल-राहत के लिए दी गयी अतिरिक्त सहायता के कारण हुई । इसके विपरीत विकास व्यय में बजट अनुमान के मुकाबले में थोड़ी सी कमी हुई । उक्त कमी राज्य सरकारों की स्थिति के विपरीत थी जिसका विकास व्यय बजट अनुमानों से अधिक था । पूंजी निर्माण की दृष्टि से केन्द्रीय सरकार के वास्तविक परिव्यय की राशि बजट में व्यवस्थित राशि से 42 करोड़ रुपये कम थी । सरकारी प्रशासन की बचत राशि अर्थात् राजस्व प्राप्तियों और चालू व्यय के बीच का अंतर-केवल 95 करोड़ रुपये थी जब कि बजट में 242 करोड़ रुपयों की प्रत्याशा की गयी थी (सारणी 6) । इन सभी समायोजनों के परिणाम स्वरूप केन्द्रीय सरकार की बजट स्थिति बिगड़ गयी और समग्र घाटे में बजट में अनुमानित 233 करोड़ रुपयों के मुकाबले में भारी वृद्धि हुई ।

1972-73 का बजट केंद्रीय सरकार

36. 1972-73 के बजट का यह लक्ष्य है कि पूंजी निर्माण की राशि तथा कुल बचत कोष में सरकार के अभिदान में वृद्धि की जाए और इस प्रकार 1971-72 की स्थिति में परिवर्तन लाया जाए । सरकारी क्षेत्र के योजनागत परिव्यय में 22 प्रतिशत या 710 करोड़ रुपयों की वृद्धि होने वाली है जिससे उसकी राशि बढ़कर 3973 करोड़ रुपये होगी । केन्द्रीय बजट में योजना के लिए की गयी 2569 करोड़ रुपये की व्यवस्था** से यह प्रत्याशा की जाती है कि उसमें 1971-72 के बजट अनुमानों की अपेक्षा 14.7 प्रतिशत वृद्धि होगी । सरकारी प्रशासन की बचतों में भी चार गुनी वृद्धि होने की आशा की जाती है ; विकासेतर व्यय में 7.6 प्रतिशत की कमी और विकास व्यय में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिए । दूसरे शब्दों में 1971-72 में कुल व्यय में विकास व्यय का भाग जहां लगभग 47 प्रतिशत था वहां 1972-73 में यह आशा की जाती है कि उक्त व्यय 52 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा । योजना की प्राथमिकताओं के अनुसार समाज सेवाओं (अर्थात् ग्रामीण नियोजन, ग्रामीण जल पूर्ति, ग्रामीण आवास आदि से सम्बन्धित समाज कल्याण योजनाएं) के व्यय का कुल व्यय अनुपात में 7.4 प्रतिशत से बढ़कर 9.7 प्रतिशत हो जाएगा । यह आशा की जाती है कि पूंजी निर्माण के

*केंद्रीय सरकार के व्यय (योजना के लिए की गयी व्यवस्था को छोड़कर) और उसकी प्राप्तियों के संबन्ध में यहां दिये गये आंकड़े भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा तैयार किये गये केंद्रीय सरकार के बजट के आर्थिक और क्रियात्मक वर्गीकरण पर आधारित हैं ।

**विभागीय उपक्रमों के देशी स्रोतों और अन्य स्रोतों को मिलाकर योजना के लिए व्यवस्था की गयी राशि 2844 करोड़ रुपये होगी ।

सारणी 5:—केंद्रीय सरकार का विकास और विकासोतर व्यय

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1970–71 (लेखे)		1971–72 (बजट अनुमान)		1971–72 (परिशोधित अनुमान)		1972–73 (बजट अनुमान)	
	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत
कुल व्यय (अ+आ) . . .	55,76*	+13.2	58,74	+5.3	67,22	+20.6	68,69	+2.2
अ. विकास व्यय (i+ii) . .	26,59 (47.7)	+13.0	31,36 (53.4)	+17.9	31,24 (46.5)	+17.5	35,44 (51.6)	+13.4
(i) समाज सेवाएं . .	364 (6.5)	+19.7	578 (9.8)	+58.8	495 (7.4)	+36.0	663 (9.7)	+33.9
(ii) आर्थिक सेवाएं@ . .	22,95 (41.2)	+12.0	25,58 (43.6)	+11.5	26,29 (39.1)	+14.6	28,81 (41.9)	+9.6
आ. विकासोतर व्यय (i+ii) . .	29,17 (52.3)	+13.4	27,38 (46.6)	—6.1	35,98 (53.5)	+23.3	33.25 (48.4)	−7.6
(i) सामान्य सेवाएं . .	17,77 (31.9)	+19.2	16,27 (27.7)	—8.4	18,98 (28.2)	+6.7	19,09 (27.8)	+0.6
(ii) अनिर्धारणीय . .	11,40 (20.4)	+5.5	11,11 (18.9)	—2.6	17.00 (25.3)	+49.2	14,16 (20.6)	—16.7

नोट : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल व्यय में प्रतिशत को दर्शाते हैं ।

*इसमें राष्ट्रीयकृत बैंकों को अदा की गयी 84 करोड़ रुपयों की अनुमानित प्रतिपूर्ति की राशि और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक को अविनिमय ब्याजमुक्त रुपया प्रतिभूतियों के रूप में किये गये 114 करोड़ रुपयों के अनुमानित अतिरिक्त अभिदान शामिल हैं।

@इनमें थोक अनुदान और ऋण शामिल हैं ।

सारणी 6 :—केंद्रीय सरकार की बचतें

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1970-71 (लेखे)	1971-72 (बजट अनुमान)	1971-72 (परिशोधित) (अनुमान)	1972-73 (बजट अनुमान)	स्तम्भ 3 की तुलना में स्तम्भ 4 में घट बढ़ का प्रतिशत
1. सरकारी प्रशासन की राजस्व प्राप्तियां (i+ii)	31,33	3451	3819	4210	+10.2
(i) कर राजस्व	23,34	27,00	28,81	33,20	+15.2
(ii) करेतर राजस्व	699	7,51	9,38	8,90	5.1
2. चालू व्यय	29,09	32,09	37,24	37,24	—
3. सरकारी प्रशासन की बचतें (1+2) . .	2,24	2,42	95	4,86	+411.6
4. विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों की मूल्यह्रास व्यवस्था और रख लिये गये लाभ (i+ii)	1,79	1,93	2,11	2,55	+20.9
(i) मूल्यह्रास व्यवस्था	1,23	1,31	129	1,37	+6.2
(ii) रख लिये गये लाभ	56	62	82	1,18	+43.9
5. केन्द्रीय सरकार की कुल बचतें (3+4) . .	4,03	4,35	3,06	7,41	+142.2
6. नवीकरण और प्रतिस्थापनों पर व्यय . . .	91	1,00	95	1,20	+26.3
7. वास्तविक बचतें (5—6)	3,12	3,35	2,11	6,21	+194.3
8. वास्तविक निवेश	4,28	5,42	5,16	6,04	+17.1
9. वास्तविक निवेश की तुलना में वास्तविक बचतों में वृद्धि (+) या कमी (—) (7—8) .	+ 1,16	+ 2,07	+ 3,05	+17	
10. मद 3 मद 1 के प्रतिशत के रूप में . . .	7.1	7.0	2.5	11.5	

लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता सहित 2441 करोड़ रुपयों की कुल पूंजी का निर्माण 1971-72 की अपेक्षा 12 प्रतिशत अधिक होगा और उसका अंश कुल व्यय का 36 प्रतिशत होगा जब कि यह 1971-72 में 32 प्रतिशत था। 1972-73 में व्यय में प्रत्याशित वृद्धि के बावजूद यह आशा की जाती है कि वास्तविक अतिरिक्त वित्तीय देयताएं 1971-72 की अपेक्षा कम होंगी यह आशा की जाती है कि 1972-73 में होने वाले अतिरिक्त व्यय के लिए राजस्व प्राप्तियों में लगभग 391 करोड़ रुपयों (1971-72 से 10.2 प्रतिशत अधिक) की वृद्धि कर व्यवस्था की जाएगी, इस संदर्भ में 3320 करोड़ रुपयों के कर राजस्व की राशि में 15 प्रतिशत की वृद्धि और करेतर राजस्व की राशि में 5 प्रतिशत की कमी परिलक्षित होगी।

37. 1972-73 के दौरान जुटाये जाने वाले अतिरिक्त वित्तीय साधनों पर 1971-72 में लागू किये गये कर संबंधी उपायों से प्रत्याशित राजस्व के संदर्भ में विचार किया जाना चाहिये। 1971-72 में शुरू किये गये प्रयत्नों से कुल प्राप्ति (राज्यों के अंश और रेलवे, डाक व तार विभागों द्वारा जुटाये गये वित्तीय साधनों को मिलाकर) की राशि पूरे वर्ष में 500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है; अब तक किसी भी वर्ष में इतनी वृद्धि नहीं हुई थी। 1972-73 में किये गये उपायों से यह आशा की जाती है कि वर्तमान वर्ष में कुल प्राप्ति की राशि 650 करोड़ रुपये हो जाएगी। इसके परिणामस्वरूप सरकारी प्रशासन की बचतों की राशि 1972-73 में 486 करोड़ रुपये होगी अर्थात उसमें 1971-72 की तुलना में 391 करोड़ रुपयों की वृद्धि होगी। दूसरे शब्दों में सरकारी प्रशासन की बचत राशियों में राजस्व प्राप्तियों का 11.5 प्रतिशत अंश सम्मिलित होगा जब कि 1971-72 में उनमें उक्त अंश 2.5 प्रतिशत था। इसके अलावा यह प्रत्याशा है कि उपक्रमों द्वारा रख ली गयी लाभ राशि और मूल्य ह्रास के लिये व्यवस्था की गयी राशि 1972-73 में लगभग 255 करोड़ रुपये होगी; इस प्रकार केन्द्रीय सरकार की कुल बचत राशि 1971-72 के 306 करोड़ रुपयों से बढ़कर 741 करोड़ रुपये होगी। केन्द्रीय सरकार की वास्तविक बचत राशि (कुल बचत राशि में से नवीकरणों और प्रतिस्थापनों पर किये जाने वाले व्यय को घटाने पर) के बारे में यह अनुमान है कि वह 1972-73 में 621 करोड़ रुपये होगी जो वास्तविक प्रत्यक्ष निवेशों की अपेक्षा 17 करोड़ रुपये अधिक होगी।

राज्य सरकारें

38. राज्य सरकारों के 1972-73 के बजटों की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं: (क) कुल प्राप्तियों में (कराधान की 1971-72 की दर पर) 1971-72 में हुई लगभग 21 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 1972-73 में 3.4 प्रतिशत वृद्धि होने की आशा की जाती है। राज्य सरकारों को उनकी अपनी कर प्रणाली से प्राप्त होनेवाली राशि में 10 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई देती है, जो 1971-72 में भी उतनी ही थी। फिर भी पूंजीगत प्राप्तियों में 1.1 प्रतिशत की जो सीमान्त कमी परिलक्षित होती है उसका कारण यह है कि केंन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋणों में जहां 1971-72 में 312 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी वहां इस वर्ष 115 करोड़ रुपये की कमी हो गयी थी। इस कमी की आंशिक पूर्ति बाजार ऋणों में वृद्धि कर, अन्य पार्टियों से ऋणों की वसूली कर और स्थानीय निकायों से ऋण लेकर की गयी। (ख) कुल वितरणों में जहां 1971-72 में 22 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई थी वहां 1972-73 में उनमें 1.1 प्रतिशत की सीमान्त वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। विकास परिव्यय में 9 प्रतिशत की वृद्धि होगी जबकि विकासेतर परिव्यय में लगभग 3 प्रतिशत की कमी होगी। यह आशा की जाती है कि राज्य सरकारों के समग्र घाटे की राशि 107 करोड़ रुपये होगी। यदि कतिपय राज्यों द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त उपायों से प्रत्याशित 69 करोड़ रुपयों और केंन्द्रीय सरकार के नये कर संबंधी प्रयत्नों से राज्य सरकारों को प्राप्य उनके हिस्से के 48 करोड़ रुपयों को हिसाब में लिया जाए तो यह समग्र घाटा 10 करोड़ रुपयों* के अधिशेष में परिवर्तित हो जाएगा।

बाजार ऋण

39. उपर्युक्त विवेचन से यह मालूम होगा कि 1971-72 में व्यय में जो अपार वृद्धि हुई उसके एक बहुत बड़े भाग की पूर्ति अतिरिक्त कर जुटाकर की गयी। इस संदर्भ में केंन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों द्वारा लिये गये ऋणों का भी उल्लेख किया जा सकता है। केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों द्वारा इस प्रकार लिये गये ऋणों में से प्राप्त वास्तविक राशि 1971-72 में संयुक्त रूप से 396 करोड़ रुपये थी अर्थात यह राशि 1970-71 की राशि की अपेक्षा 161 करोड़ रुपये अधिक थी। उक्त संपूर्ण वृद्धि केंन्द्रीय सरकार द्वारा लिये गये वास्तविक ऋणों में हुई जब कि राज्य सरकारों द्वारा लिये गये ऋणों में केवल 1 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। वास्तव में, 1971-72 में केन्द्रीय सरकार ने 295 करोड़ रुपयों के वास्तविक ऋण लिये जो बजट में की गयी व्यवस्था की अपेक्षा 127 करोड़ रुपये अधिक थे। केन्द्रीय सरकार ने 1971-72 के ऋण कार्यक्रम की एक विशेषता यह थी कि दिसंबर 1971 में आपात की घोषणा किये जाने पर तीन राष्ट्रीय रक्षा ऋण जारी किये गये जिनमें केवल नकदी में अभिदान स्वीकार किये गये; उक्त अभिदानों की कुल राशि 111 करोड़ रुपये थी। केन्द्रीय सरकार के 1972-73 के ऋण कार्यक्रम में प्रारंभ में 515 करोड़ रुपयों की कुल प्राप्तियों अथवा 215 करोड़ रुपयों की वास्तविक प्राप्तियों की परिकल्पना की गयी थी। जुलाई 1972 में जारी किये गये बाजार ऋण के पहले चरण में केन्द्रीय सरकार ने 132 करोड़ रुपयों (वास्तविक) के ऋण प्राप्त किये। बैंकिंग संघटन में जमा-राशियों और अग्रिमों के संबंध में हाल ही में पायी गयी प्रवृत्तियों को देखते हुए केंन्द्रीय सरकार ने 1972-73 के कुल बाजार ऋणों को बढ़ाकर 565 करोड़ रुपये अधिसूचित करने (623 करोड़ रुपयों तक के अभिदानों को रख लेने के अधिकार के साथ) अथवा 323 करोड़ रुपयों की शुद्ध राशि तक बढ़ाने का निश्चय किया; इसका तात्पर्य यह होगा कि उक्त ऋण राशि में बजट अनुमानों की अपेक्षा लगभग 100 करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। राज्य सरकारों के 1972-73 के ऋणों की राशि भी 1971-72 के 101 करोड़ रुपयों से बढ़कर 133 करोड़ रुपये हो जाने की आशा है। अल्प बचतों के अंतर्गत यह आशा की जाती है कि 1972-73 में 230 करोड़ रुपयों का वास्तविक संचय होगा जब कि 1971-72 में 210 करोड़ रुपयों का संचय हुआ था।

बचत और निवेश

40. पूंजीगत लेखे से प्राप्त अन्य राशियों और इन निधियों की सहायता से केंन्द्रीय सरकार प्रत्यक्ष रूप से तथा राज्य सरकारों, संघशासित क्षेत्रों और विभागेतर उपक्रमों को दी गयी सहायता के द्वारा 1971-72 में 2081 करोड़ रुपयों की वास्तविक पूंजी के निर्माण के लिए वित्त-पोषण कर सकी। उक्त राशि 1970-71 की तुलना में 368 करोड़ रुपये अधिक थी (सारणी 7)।

41. भारत सरकार द्वारा 1972-73 में वास्तविक पूंजी निर्माण पर किये जाने वाले इसी प्रकार के व्यय की अनुमानित राशि 2321 करोड़ रुपये होगी जो पिछले राजकोषीय वर्ष की तुलना में 240 करोड़ रुपये अधिक होगी।

---

*यदि महाराष्ट्र द्वारा जारी किये जानेवाले बाजार ऋणों से होनेवाली प्राप्तियों को हिसाब में लिया जाए तो 1972-73 के समग्र अधिशेष की यह राशि और अधिक होगी। इस राज्य सरकार ने अपने बजट में इस मद को हिसाब में नहीं लिया है।

सारणी 7 :—भारत सरकार द्वारा पूंजी-निर्माण पर किया गया व्यय

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1968-69	1969-70	1970-71	1971-72 (परिशोधित अनुमान)	1972-73 (बजट अनुमान)
1. कुल पूंजी निर्माण	2,76	3,93	5,19	6,11	7,24
(क) अचल पूंजी निर्माण	4,49	4,30	4,85	5,92	7,57
(ख) स्टाक	—1,73	—37	34	19	—33
2. वास्तविक पूंजी निर्माण (अर्थात् नवीकरणों और प्रतिस्थापनों पर किये गये व्यय को छोड़कर)	1,93	3,18	4,28	5,16	6,04
3. पूंजी निर्माण के लिए वित्तीय सहायता	13,84	12,19	12,85*	15,65	17,17
(क) राज्यों, संघशासित क्षेत्रों, आदि को	7,61	7,75	8,37	10,07	10,43
(ख) विभागेतर वाणिज्यिक उपक्रमों को	6,23	4,44	4,48	5,58	6,74
(I) वित्तीय	—	42	70	71	1,03
(II) अन्य	—	4,02	3,78	4,87	5,71
जोड़ (2+3)	15,77	15,37	17,13	20,81	23,21

*राष्ट्रीयकृत बैंकों को अदा की गयी प्रतिपूर्ति की राशि को छोड़कर।

42. राज्यों की बचत राशि और उनके द्वारा पूंजी निर्माण पर किये जाने वाले व्यय के तदनुरूप आंकड़े फिलहाल उपलब्ध नहीं है; अतः सरकारी क्षेत्र के संबंध में समग्र रूप से कोई प्राक्कलन नहीं दिया जा सकता। फिर भी सारणी 4 से यह मालूम होगा कि राज्य सरकारों के कुल विकास परिव्यय (राजस्व और पूंजीगत दोनों लेखों पर) की राशि 1971-72 में पिछले वर्ष की राशि से केवल 490 करोड़ रुपये अधिक थी। चूंकि राज्य सरकारों के विकास व्यय का अधिकांश भाग लिया सार्वजनिक स्वास्थ्य, नगर निर्माण-कार्य आदि पर किये गये चालू व्यय से सम्बन्धित है, अतः इस व्यय वृद्धि का केवल एक छोटा-सा अंश पूंजी निर्माण के लिये किये गये व्यय से सम्बन्धित है। केन्द्रीय सरकार से किये गये पूंजीगत अंतरण द्वारा ऐसे अधिकांश पूंजी निर्माण का वित्त-पोषण हुआ; राज्यों ने अपनी तरफ से सरकारी क्षेत्र की अतिरिक्त बचत राशियों में वृद्धि कर संभवतः इस संदर्भ में बहुत थोड़ा ही योगदान किया।

43. हिन्दुस्तान स्टील, हेवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन और हेवी इलेक्ट्रिकल्स जैसे बड़े सरकारी उपक्रमों को हुई भारी हानि को देखते हुए यह संभव प्रतीत होता है कि सरकारी बचत राशियों में समग्र रूप से और सापेक्ष रूप से भी कमी हुई होगी। फिर भी केन्द्रीय सरकार से भारी मात्रा में प्राप्त ऋणों और अनुदानों तथा ओवरड्राफ्टों के आधार पर राज्य सरकारों और विभागेतर उपक्रमों ने अपने निवेश परिव्यय को अवश्य ही बनाये रखा और संभवतः उसमें थोड़ी-सी वृद्धि भी की।

44. गैर-सरकारी क्षेत्र के संदर्भ में भी उपलब्ध विवरणों से यह विदित होगा कि 1971-72 में उनके निवेश की मात्रा संभवतः पिछले वर्ष से अधिक थी। गैर-बैंकिंग सार्वजनिक समिती कंपनियों को नये पूंजीगत शेयर जारी करने के लिये मंजूर की गयी स्वीकृतियों में भी वृद्धि हुई। ऐसे शेयरों के बाजार में जहां पिछले वर्ष मंदी पायी गयी थी वहां इस वर्ष सुधार हुआ। उनके शेयरों के प्रति जनता का रुझान संतोषजनक था और उनमें से कुछ शेयरों में अधिक अभिदान हुआ। वित्तीय ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं द्वारा स्वीकृत और वितरित किये गये ऋणों में इस वर्ष के दौरान और वृद्धि पायी गयी। कृषि क्षेत्र में इस वर्ष (जुलाई 1971–जून 1972) कृषि पुनर्वित्त निगम, कृषि वित्त निगम, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम से और रिजर्व बैंक के मध्यावधि ऋणों के आहरणों तथा केन्द्रीय भूमि बन्धक बैंकों द्वारा जारी किये गये डिबेंचरों से निवेश के लिये उपलब्ध कुल वित्त से यह दिखाई देता है कि कृषि-निवेश की गति की बढ़ती हुई प्रवृत्ति को बनाए रखा गया है (सारणी 8)।

45. पिछले पैराग्राफों से उभरने वाला प्रमुख तथ्य इस प्रकार है। जहां 1971-72 में सरकारी बचत पहले से कम थी वहां सरकारी निवेश व्यय में थोड़ी सी वृद्धि हुई। उपलब्ध विवरणों से यह भी पता चलता है कि गैर-सरकारी क्षेत्र के निवेश रूप से कृषि और लघु उद्योगों के क्षेत्र में शायद वृद्धि हुई। कंपनियों की बचतों में जो कोई थोड़ी सी वृद्धि हुई होगी उसे छोड़कर निवेशों में हुई वृद्धि के अधिकांश भाग का वित्तपोषण अंशतः विदेशी बचतों से प्राप्त राशियों से, किंतु अधिकांशतः घरेलू क्षेत्र की बचतों में विशेष रूप से वित्तीय आस्तियों के रूप में हुई वृद्धि के द्वारा किया गया।

46. वित्तीय आस्तियों के रूप में घरेलू बचतों में हुई वृद्धि जमा-राशियों, चलमुद्राओं, भविष्य निधियों और जीवन बीमा के अंशदानों, अल्प बचतों और कंपनियों के पूंजीगत शेयरों के अभिदानों में हुई वृद्धि में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। यह बात विशेष रूप से इसलिए उल्लेखनीय है कि इससे यह द्योतित होता है कि अर्थ व्यवस्था में बचत राशियों के वितरण के संदर्भ में काफी अधिक लचीलापन विद्यमान है। इस तथ्य का और अच्छा मूल्यांकन करने के लिए मुद्रा क्षेत्र की घट-बढ़ के विवरणों पर ध्यान देना आवश्यक है।

मुद्रा और बैंकिंग सम्बन्धी गतिविधियां

मुद्रा उपलब्धि और मुद्रागत साधनों की प्रवृत्तियां

47. 1971-72 (जुलाई-जून) की मुद्रा संबंधी प्रवृत्तियों से यह दिखाई देता है कि जनता के पास रहने वाली मुद्रा तथा कुल मुद्रागत साधनों के विस्तार की गति में तीव्रता आयी है। जनता के पास रहने वाली मुद्रा में पिछले वर्ष के 12.5 प्रतिशत की तुलना में 1971-72 में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई; कुल मुद्रागत साधनों के विस्तार की तदनुरूपी दरें क्रमशः 16.2 प्रतिशत और 14.3 प्रतिशत थीं। मुद्रा की उपलब्धि में इस वर्ष हुए विस्तार की उल्लेखनीय विशेषता यह थी कि पिछले वर्ष के विपरीत जमा राशि में हुई वृद्धि (592 करोड़ रुपये) चलमुद्रा घटकों में हुई वृद्धि (123 करोड़ रुपये) की अपेक्षा काफी अधिक थी।

सारणी 8 :—कृषि निवेश के लिए संस्थागत वित्त

(जुलाई–जून) (राशि करोड़ रुपयों में)

	1960-61	1961-62	1962-63	1963-64	1964-65	1965-66
1. केन्द्रीय सहकारी भूमि बंधक विकास बैंकों द्वारा जारी किये गये डिबेंचर[1]						
(क) सामान्य डिबेंचर	9.97	10.50	19.25	23.34	34.81	43.10
(ख) ग्रामीण डिबेंचर	1.55	2.24	1.57	1.84	3.23	4.33
2. कृषि पुनर्वित्त निगम (कृपुनि)[2]						
(क) मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या				3	10	24
(ख) कुल वित्तीय सहायता				2.72	20.60	17.96
(ग) कृपुनि के बायदे				2.45	16.88	14.18
(घ) वर्ष के दौरान वितरण				—	0.45	4.45
3. कृषि वित्त निगम (कृवित्नि)[3]						
(क) मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या						
(ख) कुल परिव्यय						
(ग) वर्ष के दौरान वितरण						
4. ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (ग्राविनि)						
(क) मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या[4]						
(ख) कुल परिव्यय						
(ग) ग्राविनि के बायदे						
(घ) वर्ष के दौरान वितरण						
5. रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया—मध्यावधि ऋण						
(क) मन्जूर की गयी राशि	4.68	9.56	9.31	14.01	14.39	14.11
(ख) वर्ष के दौरान आहरण	5.69	7.39	4.18	7.45	7.91	7.45

नोट :—इस सारणी में निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा प्रदान किये गये निवेश वित्त के आंकड़े शामिल नहीं हैं; क्योंकि वे उपलब्ध नहीं हैं।

(क) केन्द्रीय सहकारी भूमि बंधक विकास बैंकों द्वारा जारी किये गये डिबेंचरों में अभिदान और कृषि वित्त निगम के साथ सहभागिता के रूप में प्रदान किये गये वित्त को छोड़कर वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र को प्रदान किया गया मीयादी वित्त।

(ख) सहकारी ऋण एजेन्सियों द्वारा उनकी अपनी निधियों से प्रदान किया गया निवेश वित्त।

1. सहकारी भूमि बंधक विकास बैंकों ने भी 1961-62 में 18.00 लाख रुपयों, 1963-64 में 5.41 लाख रुपयों, 1965-66 में 1.45 लाख रुपयों 1966-67 में 1.23 लाख रुपयों 1967-68 में 0.32 लाख रुपयों और 1968-69 में 0.18 लाख रुपयों तक के विशेष विकास ऋण जारी किये। विशेष विकास ऋणों की पहली शृंखलाएं जहां कृपुनी की स्थापना के पहले जारी की गयी थीं वहां शेष शृंखलाएं कृपुनि की योजनाओं के अन्तर्गत नहीं आयीं।

2. इसके कार्यकलाप वर्ष के दौरान वापस ली गयी योजनाओं को छोड़ देने के बाद वर्ष के दौरान मंजूर की गयी योजनाओं से सम्बन्धित है।

सारणी 8 :—कृषि निवेश के लिए संस्थागत वित्त (जारी)

(जुलाई–जून)

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1966-67	1967-68	1968-69	1969-70	1970-71	1971-72
1. केन्द्रीय सहकारी भूमि बंधक/विकास बैंकों द्वारा जारी किये गये डिबेंचर[1]						
(क) सामान्य डिबेंचर	52.05	64.51	103.42	114.82	119.49	127.81
(ख) ग्रामीण डिबेंचर	2.93	1.57	5.00	1.10	4.78	5.72
2. कृषि पुनर्वित्त निगम (कृपुनि)[2]						
(क) मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या	15	89	108	142	100	269
(ख) कुल वित्तीय सहायता	10.53	68.16	79.21	92.78	62.15	154.24
(ग) कृपुनि के वायदे	8.53	58.64	69.32	70.92	53.92	135.13
(घ) वर्ष के दौरान वितरण	2.08	5.67	17.85	28.60	30.62	34.98
3. कृषि वित्त निगम (कृवित्तनि)[3]						
(क) मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या			6	21	10	6
(ख) कुल परिव्यय			61.50	45.70	23.33	25.12
(ग) वर्ष के दौरान वितरण			0.96	15.77	13.24	11.22
4. ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (ग्राविनि)						
(क) मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या[4]				47†	73†	127
(ख) कुल परिव्यय				30.91†	49.15†	83.65
(ग) ग्राविनि के वायदे				28.95†	48.82†	73.25
(घ) वर्ष के दौरान वितरण				—	26.09†	36.81
5. रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया—मध्यावधि ऋण						
(क) मंजूर की गयी राशिएं	15.49	16.57	19.00	18.30	18.76	20.62
(ख) वर्ष के दौरान आहरण	8.37	9.12	8.98	11.48	14.20	6.15@

[3]. यहां दिये गये आंकड़े वर्ष के दौरान मंजूर की गयी योजनाओं से सम्बन्धित हैं, उनमें इसी वर्ष यदि कोई योजना वापस ली गयी हो परिव्यय में कोई परिवर्तन किया गया हो तो उसे हिसाब में लिया गया है परन्तु बाद में यदि कोई योजना रद्द की गयी हो और परिव्यय में कोई परिवर्तन किया गया हो तो हिसाब में नहीं लिया गया है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए निगम ने अपनी स्थापना अर्थात् 10 अप्रैल 1968 से लेकर 30 जून 1972 तक 39 योजनाएं मंजूर की हैं जिनके कुल परिव्यय की राशि 153.20 करोड़ रुपये थी और 41.19 करोड़ रुपयों का वितरण किया है।

4. इनमें से 1969-70 में तीन योजनाएं और 1970-71 में दो योजनाएं ग्रामीण विद्युत् सहकारी समितियों से सम्बन्धित हैं।

†परिशोधित।

@1971-72 में रिजर्व बैंक की मध्यावधि ऋण सीमाओं में से आहरित की गयी राशि पिछले वर्ष की राशि से कम है; इसका मुख्य कारण यह है कि परिशोधित व्यवस्था के अनुसार 1971-72 की सीमाओं में से दिसम्बर 1972 तक आहरित करने की अनुमति दी गयी है।

48. सरकार को बैंकों द्वारा दिये गये वास्तविक ऋणों में हुई 1176 करोड़ रुपयों की भारी वृद्धि (1970-71 के 931 करोड़ रुपयों के मुकाबले में) इस मुद्रागत विस्तार का मुख्य कारण थी। जैसा कि पिछले पैराग्राफों में कहा जा चुका है, उपर्युक्त ऋण वृद्धि सरकार के बजट में विद्यमान व्यापक खाई की परिचायिका थी।* बैंकिंग संघटन के विदेशी लेनदेनों के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा आस्तियों में (जिनमें पिछले वर्ष 95 करोड़ रुपये की कमी हुई थी) 29 करोड़ रुपयों की जो वास्तविक वृद्धि हुई उसके कारण भी मुद्रा की उपलब्धि में थोड़ी-सी वृद्धि हुई। वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंकों द्वारा दिये गये कुल ऋणों में 788 करोड़ रुपयों की जो वृद्धि हुई वह पिछले वर्ष की वृद्धि से 67 करोड़ रुपये अधिक थी। फिर भी चूंकि वाणिज्यिक क्षेत्र को प्रदान किये गये ऋणों की राशि बैंकों द्वारा जुटाई गयी मीयादी जमाराशियों (786 करोड़ रुपये) से केवल 3 करोड़ रुपये अधिक थी अतः बैंकों द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को दिये गये वास्तविक ऋणों का मुद्रा-उपलब्धि पर नाममात्र का विस्तारात्मक प्रभाव पड़ा (सारणी 9)।

मौसमी प्रवृत्तियां

49. मुद्रा सम्बन्धी स्थिति की इन विशेषताओं का प्रभाव मौसमी प्रवृत्तियों में भी पाया गया। 1971 के (मई से अक्तूबर तक के) परंपरागत कम कामकाज के समय में जनता के पास रहनेवाली मुद्रा में लगातार दूसरे वर्ष भी वृद्धि हुई; 162 करोड़ रुपयों की यह वृद्धि पिछले कम कामकाज के समय की वृद्धि से कुछ अधिक थी। यह पूरी वृद्धि जमाराशियों में हुई थी जब कि चलमुद्रा घटकों में कमी दिखाई पड़ी। जैसा कि सारणी 10 में दिखाया गया है, अधिकतर बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये अतिरिक्त ऋणों और कुछ सीमा तक विदेशी मुद्रा आस्तियों में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप यह वृद्धि हुई। बैंकों द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को दिये गये कुल ऋणों के कारण मुद्रा की उपलब्धि कमी में आयी।

50. मुद्रा की उपलब्धि में 1971-72 के अधिक कामकाज के समय (नवम्बर 1971–अप्रैल 1972) में 779 करोड़ रुपयों (10.5

*इस वर्ष के दौरान किये गये कतिपय लेखा समायोजनों के कारण 'बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये वास्तविक ऋण' में 1101 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जब कि उक्त वृद्धि 1970-71 में 831 करोड़ रुपये थी; किन्तु 1971-72 में वास्तविक विदेशी मुद्रा आस्तियों में केवल 6 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। इन लेखा समायोजनों से 'मुद्रा उपलब्धि' के आंकड़ों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

सारणी 9 :—मुद्रा उपलब्धि और मुद्रागत साधनों की प्रवृत्तियां (वार्षिक)

(राशि करोड़ रुपयों में)

	जून के अन्त में बकाया			जुलाई–जून के दौरान घट-बढ़		
	1970	1971	1972	1969-70	1970-71	1971-72
1. जनता के पास चलमुद्रा	41,70	45,91	50,14	+3,81	+4,21	+4,23
2. मांग जमाराशियां	24,65	28,71	34,63	+2,11	+4,06	+5,92
3. मुद्रा-उपलब्धि (1+2)	66,34	74,62	84,78	+5,91	+8,28	+10,16
4. मीयादी जमाराशियां	30,98	36,60	44,46	+4,19	+562	+7,86
5. कुल मुद्रागत साधन (3+4)	93,33	1,11,22	1,29,24	+10,11	+13,89	+18,02
6. बैंकों द्वारा सरकार को दिया गया वास्तविक ऋण	48,24	57,55	69,31	+2	+931	+11,76
7. बैंकिंग क्षेत्र की वास्तविक विदेशी मुद्रा आस्तियां	6,64	5,69	5,98	+2,64	—95	+29
8. जनता के प्रति सरकार की वास्तविक चलमुद्रा देयताएं	3,74	3,95	4,05	+20	+21	+11
9. जोड़ (6+7+8)	58,62	67,19	79,34	+2,86	+8,57	+12,15
10. बैंकों द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को दिया गया ऋण*	50,27	57,48	65,36	+7,55	+7,21	+7,88
(क) बैंकों द्वारा वाणिज्यक क्षेत्र को दिया गया वास्तविक ऋण*	19,29	20,87	20,90	+3,36	+1,58	+3
11. रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की वास्तविक मुद्रेतर देयताएं (वृद्धि—)	6,40	8,17	10,66	—60	—1,77	—2,49
12. अन्य बैंकों की वास्तविक मुद्रेतर देयताएं (वृद्धि—)	5,17	5,27	4,82	+29	—10	+45
13. जोड़ (9+10)	1,08,89	1,24,67	1,44,70	+10,41	+15,78	+20,03

*इनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और राज्य सरकारों को वाणिज्य उद्देश्यों के लिए दिये अग्रिम शामिल हैं।

नोट :—इस वर्ष के दौरान किये गये कतिपय लेखा-समायोजनों के कारण "बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये वास्तविक ऋण" में 1101 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जब कि उक्त वृद्धि 1970-71 के दौरान 831 करोड़ रुपये थी। इन लेखा-समायोजनों का 'मुद्रा-उपलब्धि' के आंकड़ों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि एक लेखे के विस्तारात्मक प्रभाव को दूसरे लेखे के संकुचनात्मक प्रभाव द्वारा संतुलित करने की दृष्टि से उक्त समायोजन किये गये हैं। फिर भी उक्त समायोजनों के कारण बैंकों द्वारा सरकारी क्षेत्र को दिये गये वास्तविक ऋणों में 1971-72 में 75 करोड़ रुपयों और 1970-71 (जुलाई–जून) में 100 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई है और इसके परिणामस्वरूप वास्तविक विदेशी मुद्रा आस्तियों में 1971-72 के दौरान 23 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की मुद्रेतर देयताएं 1971-72 में हुई 98 करोड़ रुपयों और 1970-71 में हुई 100 करोड़ रुपयों की कमी का कारण थीं।

प्रतिशत) की जो वृद्धि हुई वह पिछले अधिक कामकाज में हुई 581 करोड़ रुपयों (8.7 प्रतिशत) की वृद्धि से काफी अधिक थी। चल मुद्रा घटकों में जहां पिछले वर्ष के अधिक कामकाज के समय की अपेक्षा अधिक वृद्धि हुई, वहां जमाराशियों में हुई वृद्धि लगभग दुगनी थी। इसके अलावा, बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये वास्तविक ऋणों में हुई 820 करोड़ रुपयों की वृद्धि भी पिछले अधिक कामकाज के समय में हुई वृद्धि की अपेक्षा अधिक थी। फिर भी बैंकों द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को प्रदान किये गये वास्तविक ऋणों में हुई वृद्धि पिछले अधिक कामकाज के समय की अपेक्षा काफी कम थी जिसका मुख्य कारण यह था कि अनाजों की उगाही के लिए दिये गये ऋणों में 71 करोड़ रुपयों की कमी हुई थी (सारणी 10)।

51. 1972 के कम कामकाज के समय के पहले दो महीनों में जनता के पास रहनेवाली मुद्रा में उसी प्रकार वृद्धि हुई जैसे पिछले कम कामकाज की तदनुरूपी अवधि में हुई थी। बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये वास्तविक ऋणों में हुई भारी वृद्धि उक्त वृद्धि का प्रमुख कारण थी। बैंकों द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को दिये गये ऋणों में पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में हुई कमी की तुलना में इस वर्ष जो थोड़ी सी वृद्धि हुई यह भी मुद्रा उपलब्धि में हुई वृद्धि का कारण थी।

मुद्रा उपलब्धि के घटकों और कुल मुद्रागत साधनों की प्रवृत्तियां

52. पिछले तीन वर्षों की उल्लेखनीय विशेषता यह रही है कि मुद्रा-उपलब्धि की वृद्धि में चलमुद्रा का अनुपात घटता रहा है। इस

सारणी 10 :—मुद्रा-उपलब्धि और मुद्रागत साधनों की प्रवृत्तियां

(राशि करोड़ रुपयों में)

	निम्नलिखित समय के दौरान घट-बढ़			
	कम कामकाज का समय		अधिक कामकाज का समय	
	1970	1971	1970-71	1971-72
1. जनता के पास चलमुद्रा	—35	—33	+405	+442
2. मांग जमा राशियां	+178	+193	+178	+339
3. मुद्रा-उपलब्धि (1+2)	+144	+162	+581	+779
4. मीयादी जमाराशियां	+277	+435	+261	308
5. मुद्रागत साधन (3+4)	+421	+597	+842	+1087
6. बैंकों द्वारा सरकार को दिया गया वास्तविक ऋण	+111	+388	+607	+820
7. बैंकिंग क्षेत्र की वास्तविक विदेशी मुद्रा आस्तियां	+ 36	+26	+84	+14
8. जनता के प्रति सरकार की वास्तविक चलमुद्रा देयताएं	+ 6	+ 6	+16	+7
9. जोड़ (6+7+8)	+153	+420	+539	+841
10. बैंकों द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को दिया गया ऋण*	+346	+249	+478	+433
10. (क) बैंकों द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को दिया गया वास्तविक ऋण*	+ 70	—187	+216	+126
11. रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया की वास्तविक मुद्रेतर देयताएं (वृद्धि—)	+ 27	—101	—113	+223
12. अन्य बैंकों की वास्तविक मुद्रेतर देयताएं (वृद्धि—)	—106	+ 30	— 61	+34
13. जोड़ (9+10)	+499	+669	+1017	+1274

*इनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और राज्य सरकारों को वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए दिये गये अग्रिम शामिल हैं।

प्रकार मुद्रा-उपलब्धि की वृद्धि में 1968–69@ में चलमुद्रा का अंश 71 प्रतिशत था ; तब से यह अनुपात क्रमशः कम होता हुआ 1971–72 में 47 प्रतिशत रह गया है (सारणी 11) । यदि चलमुद्रा की वृद्धि दर की कुल मुद्रागत साधनों की वृद्धि दर से तुलना की जाए तो वहां भी यही प्रवृत्ति दिखाई देगी (सारणी 12) । एक और ध्यान देने योग्य बात यह है कि बैंकों के पास रहनेवाली कुल राशि के दो घटकों (अर्थात चालू जमाराशियों और बचत जमाराशियों में से मांग जमाराशियों का अंश) में से बचत जमाराशियों की वृद्धि दर चालू जमाराशियों की वृद्धि दर की अपेक्षा कुछ वर्षों से अधिक रही है । 1971–72 में मुद्रा-उपलब्धि की वृद्धि में बैंकों के पास रहनेवाली कुल राशि का भाग 53 प्रतिशत था ; इस वृद्धि में से बचत जमाराशियों और चालू जमाराशियों का भाग क्रमशः 35 प्रतिशत और 17 प्रतिशत था । चलमुद्रा विस्तार की जो धीमी गति पायी गयी उसके दो कारण बताये जा सकते हैं: विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र में बढ़ती हुई आर्थिक गतिविधि के अनुरूप चलमुद्रा के लेनदेनों से सम्बन्धित मांग में समग्र रूप से वृद्धि हुई है । इसके साथ ही और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में सामान्यतः अपनी बचतराशियों को चलमुद्रा के रूप में रखने की जो प्रवृत्ति थी वह उनमें से कुछ लोगों में नहीं रह गयी है और बैंकों में अपनी बचत राशियों को रखने की प्रवृत्ति उनमें पैदा हो गयी है । यह तथ्य बैंकों के पास रहने वाली कुल राशि के संदर्भ में बचत जमाराशियों के बढ़ते हुए अनुपात से प्रमाणित होता है । दूसरे शब्दों में, देश में बैंकिंग संबंधी सेवाओं का तेजी से विस्तार होने के कारण जनता में अपनी आस्तियों को चलमुद्रा के स्थान पर जमाराशियों के रूप में रखने की प्रवृत्ति आ गयी है । परंतु यह कहना मुश्किल है कि इसका कारण बैंकों के राष्ट्रीयकरण के कारण उत्पन्न सुरक्षा की भावना है अथवा ब्याज से प्राप्त होनेवाली आय का आकर्षण है । शायद दोनों कारणों से जनता की प्रवृत्ति में उक्त परिवर्तन आया है और बैंकिंग संबंधी नीतियों का निर्धारण करते समय इन बातों को ध्यान में रखना होगा ।

@इस पैराग्राफ में दिये गये आंकड़े वित्तीय वर्षों से संबंधित हैं ।

सारणी 11:—मुद्रा-उपलब्धि और उसके घटकों के बीच सीमान्त सम्बन्ध

वित्तीय वर्ष	बैंकों के पास रहने वाली राशि					वृद्धि की दरें			
	मुद्रा-उपलब्धि	चलमुद्रा	जोड़	चालू जमा	बचत जमा	मुद्रा-उपलब्धि	चलमुद्रा	वाणिज्य बैंकों की चालू जमाराशियां	बचत जमा-राशियों में मांग जमा-राशियों का अंश
	1	2	3	4	5	6	7	8	9
	(1) करोड़ रुपये								
1961–62 . .	+177(100)	58.2	41.8	18.6	19.2	6.2	4.9	6.0	18.6
1962–63 . .	+264(100)	67.4	32.6	15.9	14.0	8.7	8.1	7.2	17.1
1963–64 . .	+442(100)	51.4	48.6	9.5	36.4	13.4	9.5	6.7	63.4
1964–65 . .	+328(100)	49.7	50.3	20.7	30.2	8.7	6.3	10.2	23.9
1965–66 . .	+449(100)	59.0	41.0	12.0	29.6	11.0	9.6	7.4	25.9
1966–67 . .	+421(100)	38.7	61.3	22.6	30.6	9.3	5.4	12.1	19.9
1967–68 . .	+400(100)	44.8	55.2	18.5	30.5	8.1	5.6	8.4	15.7
1968–69 . .	+429(100)	71.3	28.7	12.4	8.6	8.0	9.1	5.5	4.1
1969–70 . .	+608(100)	53.9	45.9	24.8	24.7	10.5	8.9	15.0	16.0
1970–71 . .	+749(100)	49.3	50.7	25.0	27.0	11.7	9.2	16.1	18.6
1971–72 . .	+906(100)	47.0	53.0	17.0	34.7	12.7	9.7	11.4	24.4

नोट: 1. स्तंभ (1) में दिये गये आंकड़े वर्ष के दौरान हुए समग्र परिवर्तनों को दर्शाते हैं । स्तंभ (2) से (5) तक में दिये गये आंकड़े स्तंभ (1) के % हैं ।

2. बैंकों के पास रहने वाली कुल जमाराशियां चालू और बचत जमाराशियों के जोड़ से नहीं बनतीं क्योंकि रिज़र्व बैंक के पास रहने वाली "अन्य जमाराशियां" और राज्य सहकारी बैंकों की वास्तविक मांग देयताएं कुल जमाराशियों में शामिल की गयी हैं ।

सारणी 12 :—मुद्रागत साधन और चलमुद्रा

(राशि करोड़ रुपयों में)

वित्तीय वर्ष	मुद्रागत साधन* (पी० एल० 480 को छोड़कर)	चलमुद्रा	मुद्रागत साधनों में वृद्धि	चलमुद्रा में वृद्धि	चलमुद्रा-मुद्रागत साधन (सीमांत अनुपात) (स्तंभ (4) स्तंभ (3) के % के रूप में)
	1	2	3	4	5
1961–62	4102	2201	315	103	32.6
1962–63	4461	2379	359	178	55.2
1963–64	4976	2605	514	226	44.0
1964–65	5477	2769	501	163	32.6
1965–66	6134	3034	657	265	40.4
1966–67	6816	3196	682	162	23.8
1967–68	7460	3376	643	179	27.8
1968–69	8306	3681	845	305	36.2
1969–70	9336	4010	1030	328	31.9
1970–71	10571	4378	1234	369	29.9
1971–72	12233	4806	1661	426	25.6

*मुद्रा-उपलब्धि और बैंकों के पास रहनेवाली मीयादी जमाराशियां ।

बैंक व्यवसाय की प्रवृत्तियां और ऋण नीति

वार्षिक घटनाएं—जुलाई 1971–जून 1972

53. 1971–72 के दौरान हुई एक अन्य महत्वपूर्ण घटना यह थी कि बैंकों द्वारा दिये गये ऋण में हुई वृद्धि की अपेक्षा उनकी जमाराशियों में अधिक तेजी से वृद्धि होने के कारण बैंक संघटन की चलमुद्रा स्थिति बहुत ही संतोषजनक थी । अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों में (चालू दरों पर) 1307 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई अर्थात उनमें 21 प्रतिशत की अभूतपूर्व दर पर वृद्धि हुई जबकि 1970-71 में उनमें 942 करोड़ रुपये या 17.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । उच्चतर दर पर जमाराशियों में जो वृद्धि हुई वह अन्य कारणों के साथ 1970-71 की अपेक्षा 1971–72 में पर्याप्त अधिक मात्रा में सरकारी घाटा होने और जैसा कि इसके पहले कहा जा चुका है, आस्तियों के संदर्भ में जनता की रुचि में परिवर्तन आ जाने के कारण भी हुई ।

54. इस वर्ष अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा प्रदान किये गये ऋणों की कुल राशि में 614 करोड़ रुपयों (12.9 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जब कि पिछले वर्ष उसमें 550 करोड़ रुपयों (13.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी । अनाजों की उगाही से सम्बन्धित कार्यकलापों के लिए दिये गये अग्रिमों में 1970–71 में हुई 172 करोड़ रुपयों की वृद्धि की तुलना में इस वर्ष 164 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई; इसके परिणामस्वरूप अनाजों की उगाही के लिए दिए गए अग्रिमों को छोड़कर आलोच्य वर्ष में बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों में हुई वृद्धि पहले की अपेक्षा अधिक थी अर्थात वृद्धि की राशि पिछले वर्ष के 378 करोड़ रुपयों (9.4 प्रतिशत) के मुकाबले में इस वर्ष 451 करोड़ रुपये (10.3 प्रतिशत) थी (सारणी 13) ।

55. आलोच्य वर्ष में वाणिज्य बैंकों का केवल ऋण-जमा-अनुपात कम नहीं था बल्कि उनका नकदी अनुपात भी कम था । बैंकों के मुद्रागत साधनों की स्थिति सुधर गयी थी; अतः वे सरकारी तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में किये जानेवाले अपने निवेशों की मात्रा को बढ़ा सके और रिज़र्व बैंक से लिये गये ऋणों को चुकाकर अपने ऋण भार को कम कर सके । इस प्रकार आलोच्य वर्ष में बैंकों ने अपने निवेशों को बढ़ाने के लिए 433 करोड़ रुपयों का उपयोग किया और इस तरह जून 1972 के अंत में उनका निवेश-जमा अनुपात बढ़कर 29.8 प्रतिशत हो गया । इसके अलावा उन्होंने रिज़र्व बैंक आफ इंडिया को 165 करोड़ रुपयों के ऋण चुका दिये और इससे उनके द्वारा लिये गये ऋणों का स्तर जून 1972 के अंत में कम होकर 42 करोड़ रुपये हो गया जब कि उक्त स्तर एक वर्ष पहले 207 करोड़ रुपये था । वाणिज्य बैंकों की संतोषजनक चलमुद्रा स्थिति के परिणामस्वरूप बोली जमा दरें भी कम हो गयी । बंबई में उनकी सर्वोच्च दर पिछले वर्ष से तीन प्रतिशत से अधिक कम थी । जून 1972 के अंत में उक्त दर पिछले वर्ष के $4\frac{1}{2}$ प्रतिशत के मुकाबले में $3\frac{1}{2}$ प्रतिशत और 4 प्रतिशत के बीच थी ।

1971-72 के अधिक कामकाज के समय के लिये ऋण नीति

56. 1971 के कम कामकाज के समय में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों में पहली बार 624 करोड़ रुपयों की जो भारी वृद्धि हुई, उसके कारण बैंकिंग संघटन ऋणों में 163 करोड़ रुपयों (अनाजों की उगाही के लिए दिये गये ऋणों में 156 करोड़ रुपयों) की वृद्धि होने के बावजूद, उसके बाद आने वाले अधिक कामकाज के समय (नवम्बर 1971–अप्रेल 1972) में उपयोग में लाने के लिए निधियों को सुरक्षित रख सका । बैंकों ने सरकारी तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में किये जानेवाले अपने निवेशों में 249 करोड़ रुपयों की वृद्धि की और रिज़र्व बैंक से लिये गये ऋणों के लिए 172 करोड़ रुपये चुकाकर अपने ऋण भार को कम कर दिया। रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया से लिए गये ऋणों का स्तर उक्त समय के अन्त में पिछले वर्ष के 151 करोड़ रुपयों के मुकाबले में केवल 19 करोड़ रुपये और उनका ऋण-जमा अनुपात पिछले वर्ष के अनुपात (77.0 प्रतिशत) से काफ़ी कम (73.1 प्रतिशत था। 1971-72 के अधिक कामकाज के समय के प्रारम्भ में बैंकों की चलमुद्रा स्थिति अपेक्षाकृत अधिक संतोषजनक थी ; अतः बैंक ऋणों की प्रत्याशित मांग की पूर्ति करने के लिए अच्छी तरह से तैयार थे। फिर भी बैंकिंग संघटन के प्रति सरकार की कर्जदारी में हुई भारी वृद्धि के कारण ऋण वितरण के संदर्भ में सावधानी बरतने की आवश्यकता थी ताकि मूल्यों पर दबाव न पड़े। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था की सुरक्षा

सारणी 13 :—बैंक व्यवसाय संबंधी महत्वपूर्ण आंकड़ों में वार्षिक घट-बढ़

(राशि करोड़ रुपयों में)

	जून 1969 के अंत में	जून 1969 को समाप्त हुए वर्ष में घट-बढ़	जून 1970 के अन्त में	जून 1970 को समाप्त हुए वर्ष में घट-बढ़	पूर्व वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/ कमी (—)	जून 1971 के अंत में	जून 1971 को समाप्त हुए वर्ष में घट-बढ़	पूर्व वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/ कमी (—)	जून 1972 के अंत में	जून 1972 को समाप्त हुए वर्ष में घट-बढ़	पूर्व वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/ कमी (—)
1. कुल बैंक ऋण	35,98.8	—49,5.9	42,12.7	+6,13.9	+17.1	47,62.9	+5,50.2	+13.1	53,77.1	+6,14.2	+12.9
उनमें से :											
(क) अनाजों की उगाही के लिये दिये गए ऋण	2,33.2	+41.1	2,06.7	—26.5	—11.4	3.78.8	+172.1	+83.3	542.3	+1,63.5	+43.2
(ख) दूसरे ऋण	33,65.6	+4,54.8	40,06.0	+6,40.4	+19.0	43,84.1	+3,78.1	+9.4	48,34.8	+4,50.7	+10.3
2. कुल निवेश	13,58.9	+1,98.2	15,04.2	+1,45.3	+10.7	18,06.9	+3,02.7	+20.1	22,40.1	+4,33.2	+24.0
(क) सरकारी प्रतिभूतियों में	11,26.3	+1,50.7	11,86.1	+59.8	+5.3	13,75.1	+1,89.0	+15.9	16,64.1	+2,89.0	+21.0
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	2,32.6	+47.5	3,18.1	+85.5	+36.8	4,31.8	+1,13.7	+35.7	5,76.0	+1,44.2	+33.4
3. नकदी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास बकाया	3,80.3	+1,10.8	3,57.6	—22.7	—6.0	4,02.9	+45.3	+12.7	4,47.4	+44.5	+11.0
4. बोली और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	88.1	+37.5	47.9	—40.2	—45.6	82.7	+34.8	+72.7	1,06.6	+23.9	+28.9
5. कुल जमा राशियां	46,45.8	+6,76.8	52,74.5	+6,28.7	+13.5	62,16.2	+9,41.7	+17.9	75,23,5	+13,07.3	+21.0
(क) मांग	21,03.5	+2,28.8	23,28.8	2,25.3	+10.7	+27,42.8	4,14.0	+17.8	32,88.6	+5,45.8	+19.9
(ख) मीयादी	25,42.3	+4,48.1	29,45.7	+4,03.4	+15.9	34,73.4	+5,27.7	+17.9	42,34.9	+7,61.5	+21.9
6. रिजर्व बैंक आफ इंडिया से लिये गये उधार	1,72.2	+68.7	2,91.5	+1,19.3	+69.3	2,07.2	—84.3	—28.9	42.1	—1,65.1	—79.7
7. ऋण-जमा अनुपात	77.5		79.9			76.6			71.5		
8. निवेश-जमा अनुपात	29.3		28.5			29.1			29.8		

संबन्धी बढ़ी हुई आवश्यकताओं की भी पूर्ति करनी थी और उत्पादन को बढ़ाने और वितरण को बनाये रखने के लिए सभी यथासंभव सहायताएं देने की भी आवश्यकता थी। इसके अलावा, अग्रतावाले क्षेत्रों तथा अब तक के अपेक्षित क्षेत्रों को अधिक मात्रा में ऋण प्रदान करने तथा बैंकिंग सुविधाओं को विस्तारित करने की भी आवश्यकता थी। 1971-72 के अधिक कामकाज के समय के प्रारम्भ में घोषित ऋण नीति इन आवश्यकताओं के अनुरूप बनायी गयी थी।

57. ऋण नियंत्रण की आवश्यकता के संदर्भ में जो नीति बनायी गयी उसका प्रमुख आधार रिज़र्व बैंक के वित्त पर वाणिज्य बैंकों के अवलंबन को कम करना था। बैंकों को यह सलाह दी गयी कि यद्यपि रिज़र्व बैंक से अपेक्षित अधिकतम उधारों की पूर्ति करने की दृष्टि से पुनर्वित्त की पात्रता से सम्बन्धित शर्तें बनायी गयी हैं फिर भी वे ऐसे उधार केवल अल्प अवधियों के लिए लें। रिज़र्व बैंक ने वाणिज्य बैंकों को यह सुझाव भी दिया कि उनके द्वारा रिज़र्व बैंक से लिए जाने वाले उधारों का स्तर अप्रेल 1972 के अन्त में अप्रेल 1971 के अन्त के स्तर अर्थात् 191 करोड़ रुपयों से अधिक नहीं होना चाहिये। उन्हें यह सूचित किया गया कि अगस्त 1972 के पहले शुक्रवार से बैंकों की चलमुद्रागत अपेक्षा में 1 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी अर्थात् उसे 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 29 प्रतिशत कर दिया जाएगा; और रिज़र्व बैंक के पास सांविधिक आधार पर रखी जानेवाली 3 प्रतिशत जमाराशियां अलग रहेंगी*।

58. रिज़र्व बैंक की नीति में जहां सामान्य ऋण नियंत्रण पर जोर दिया गया वहां ऐसे कतिपय क्षेत्रों को जिन्हें ऋण की अविलंब आवश्यकता थी, वित्तीय सहायता देने के संबन्ध में प्रोत्साहन देने के निमित्त भी उपाय किये गये। पूर्वी क्षेत्र के औद्योगिक यूनिटों को, जिनमें से कतिपय यूनिटों को विशेष सहायता की आवश्यकता थी, सहायता प्रदान करने के प्राधिकारियों के प्रयत्नों के संदर्भ में सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से वाणिज्य बैंकों से कहा गया कि वे भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम के ग्राहक यूनिटों को कार्यकारी पूंजीगत सहायता प्रदान कर निगम की मदद करें। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को ये अनुदेश दिये गये कि वे कोयला उद्योग के संबन्ध में ऋण संबन्धी अपनी क्रियाविधियों को उदार बनायें ताकि उक्त उद्योग द्वारा अनुभव की गयी कठिनाईयां दूर हो सकें तथा वे वर्तमान चावल मिलों के आधुनिकीकरण और नयी मिलों की स्थापना के लिए मध्यावधि ऋण प्रदान करें।

59. अनाज, तेल और तिलहन, चीनी और गुड़ तथा रूई और कपास जैसे कतिपय संवेदनशील पण्यों पर बैंकों द्वारा दिये जानेवाले अग्रिमों से सम्बन्धित चयनात्मक ऋण नियंत्रणों को स्थूल रूप से बनाये रखा गया। संवेदनशील पण्यों की पूर्ति और मूल्य की स्थिति पर निगरानी रखी गयी और ऐसे पण्यों पर दिये जानेवाले अग्रिमों के संबन्ध में उनकी मांग, पूर्ति और मूल्य की स्थिति के अनुरूप मार्जिन और उच्चतम सीमा संबन्धी अपेक्षाओं में समायोजन किये गये (इस रिपोर्ट के भाग II में इस संबन्ध में विस्तृत दिये गये हैं)।

60. 3 दिसंबर 1971 को भारत-पाकिस्तान युद्ध छिड़ जाने के परिणामस्वरूप यह आवश्यक हो गया कि इस नीति में कुछ रियायत की जाये ताकि वाणिज्यि बैंक रक्षा के उद्देश्यों के लिए वस्तुओं का निर्माण और पूर्ति करनेवाले उद्योग क्षेत्र की अतिरिक्त ऋण संबन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें और साथ ही, वस्तुओं का सहज वितरण विशेष रूप से सीमा क्षेत्र में सुनिश्चित हो सके। बैंकों से यह कहा गया कि वे निर्माण यूनिटों और रक्षा संबन्धी आर्डरों की पूर्ति करने वाले उप-ठेकेदारों को पर्याप्त मात्रा में अविलंब रक्षा संबन्धी पैकिंग और पूर्ति ऋण प्रदान करें। उपर्युक्त उद्देश्यों के लिए बैंकों द्वारा दिये गये अग्रियों के संबन्ध में उनके वास्तविक चलमुद्रा अनुपात पर विचार किये बिना बैंक दर पर पूरी पुनर्वित्त सुविधाएं दिये जाने का आश्वासन उन्हें दिया गया। स्टाकों के जमा हो जाने और अधिक मात्रा में किये जाने वाले उत्पादन से उत्पन्न कार्यकारी पूंजी की अधिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से ऋण प्राधिकरण योजना के अधीन आनेवाली पार्टियों के मामले में रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना ही उनके गुण-दोषों के आधार पर 15 प्रतिशत तक ऋण सीमाओं को बढ़ाने की अनुमति बैंकों को दी गयी।

61. इन नीतियों के परिप्रेक्ष्य में 1971-72 के अधिक कामकाज के समय में ऋण राशि में 351 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1970-71 के अधिक कामकाज के समय में उक्त राशि में 394 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। ऋण राशि में हुई इस कम वृद्धि का कारण यह था कि अनाजों की उगाही के कार्यकलापों के लिए कम मात्रा में ऋण का उपयोग किया गया था; अर्थात् पिछले वर्ष के अधिक कामकाज के समय में उपयोग की गयी ऋण राशि में जहां 70 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी, वहां इस वर्ष के अधिक कामकाज के समय में उसमें 76 करोड़ रुपयों की कमी हुई। अनाजों की उगाही से संबन्धित ऋण को छोड़कर शेष बैंक ऋण में 427 करोड़ रुपयों की वृद्धि दिखायी दी जबकि पिछले वर्ष के अधिक कामकाज के समय में यह वृद्धि 324 करोड़ रुपये थी (सारणी 14)। 1971-72 के अधिक कामकाज के समय में जमाराशियों में 590 करोड़ रुपयों की जो वृद्धि हुई वह ऋण राशि में हुई वृद्धि की अपेक्षा काफ़ी अधिक थी; अतः इस अवधि में रिज़र्व बैंक पर बैंकों की निर्भरता पिछले वर्ष के अधिक कामकाज के समय की अपेक्षा काफ़ी कम थी। 1971-72 के अधिक कामकाज के समय में रिज़र्व बैंक से लिये गये उधारों में जो वृद्धि हुई वह 233 करोड़ रुपयों के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गयी जब कि पिछले वर्ष के अधिक कामकाज के समय में उक्त वृद्धि 292 करोड़ रुपयों के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच चुकी थी। सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में बैंकों द्वारा किये गये निवेशों में तेजी से 245 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1970-71 के अधिक कामकाज के समय में उनमें 115 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। अप्रेल 1972 में अर्थात् अधिक कामकाज के समय के अन्त में ऋण जमा अनुपात 72 प्रतिशत था अर्थात् उक्त अनुपात में एक वर्ष पहले विद्यमान अनुपात की तुलना में 6 प्रतिशत अंकों की कमी पायी गयी।

ऋण का क्षेत्रवार वितरण—अनाजों की उगाही और निर्यात

62. बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण के अनुमानित आंकड़े केवल दिसम्बर 1971 के अन्त तक (अर्थात् आलोच्य वर्ष की छमाही के लिए) उपलब्ध हैं। इन आंकड़ों से पता लगता है कि जहां जून 1971 के अन्त और दिसम्बर 1971 के अन्त के बीच की अवधि में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों की कुल राशि में 294 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात् उक्त राशि बढ़कर 5,052 करोड़ रुपये हो गयी, वहां अनाजों की उगाही के कार्यकलापों के लिए दिये गये अग्रिमों में 14 करोड़ रुपयों की कमी हुई और उनकी राशि दिसम्बर 1971 के अन्त में 365 करोड़ रुपये रह गयी। निर्यातों के लिए इन बैंकों द्वारा दिये गये कुल अग्रिमों में जहां 1971 के पूर्वार्ध में 19 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई वहां दिसम्बर 1971 के अन्त तक 77 करोड़ रुपयों की और वृद्धि अर्थात् उक्त अग्रिमों की राशि बढ़कर 459 करोड़ रुपयों तक पहुंच गयी। इस अवधि में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों में जो कुल वृद्धि हुई उसमें से 26 प्रतिशत वृद्धि निर्यात क्षेत्र को दिये

*तदनुसार बैंकों को अपनी चल आस्तियों में अगस्त 172 के पहले शुक्रवार से 1 प्रतिशत की वृद्धि करने की सलाह दी गयी है।

गये ऋण में हुई जबकि 1970 की तदनुरूपी अवधि में उसमें 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। निर्यात के विकास को प्राथमिकता दिये जाने के कारण रिजर्व बैंक बैंकों को उनके द्वारा निर्यातों के लिए दिये गये ऋणों के लिए पुनर्वित्त की सुविधाएं प्रदान करता रहा। रिजर्व बैंक द्वारा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को दिये गये कुल ऋणों में इस प्रकार दिये गये पुनर्वित्त का हिस्सा जहां जून 1971 के अन्त में 35 प्रतिशत था वहां इस वर्ष के दौरान तेजी से बढ़कर दिसम्बर 1971 के अन्त में 64 प्रतिशत हो गया। बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे, निर्यात यूनिटों को पैकिंग ऋण सुविधाएं प्रदान करते समय अपनी निर्णय शक्ति से मार्जिन संबन्धी अपेक्षाओं में छूट दे सकते हैं। ब्याज उपदान योजना को भी जारी रखा गया और जुलाई 1971 से जून 1972 के अन्त तक की अवधि के दौरान 37 योग्य वाणिज्य बैंकों ने अपने द्वारा दिये गये निर्यात ऋणों के बदले में 4 करोड़ रुपयों की सीमा तक उपदान प्राप्त किया।

—अन्य अग्रता वाले क्षेत्र

63. जून 1971 के अन्त से दिसम्बर 1971 के अन्त तक की अवधि के दौरान अन्य अग्रतावाले क्षेत्रों (जिनमें कृषि, लघु उद्योग, सड़क परिवहन चालक, व्यावसायिक व्यक्ति, विनियोजित व्यक्ति, शिक्षा, फुटकर व्यापार और छोटे कारोबार शामिल हैं) को दिये गये ऋणों में 77 करोड़ रुपयों अर्थात् 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में उनमें 143 करोड़ रुपयों अर्थात् 16.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी (सारणी 15)। फलस्वरूप सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कुल ऋणों में अग्रतावाले क्षेत्रों को प्राप्त ऋणों का हिस्सा दिसम्बर 1970 के 22.8 प्रतिशत से घटकर दिसम्बर 1971 में 21.8 प्रतिशत हो गया।

64. यदि क्षेत्रवार देखा जाए तो कृषि को दिये गये प्रत्यक्ष वित्त में 27 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि परोक्ष वित्त में 14 करोड़ रुपयों की गिरावट आयी। इसके परिणामस्वरूप दिसम्बर 1971 में समाप्त हुई छमाही के दौरान कृषि को दिये गये कुल ऋणों में केवल 13 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1970 की तदनुरूपी अवधि में 58 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी लघु उद्योगों और व्यवसायिक व्यक्ति और स्वनियोजित व्यक्ति, फुटकर व्यापार और छोटे कारोबार आदि जैसे अन्य अग्रतावाले क्षेत्रों को दिये गये ऋणों के संदर्भ में पायी गयी प्रवृत्ति कृषि क्षेत्र की प्रवृत्तियों से भिन्न नहीं थी। जून-दिसम्बर 1971 की अवधि के दौरान लघु उद्योगों को दिये गये ऋणों में 45 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1970 की तदनुरूपी अवधि में उनमें 55 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। दूसरे अग्रतावाले क्षेत्रों को दिये गये ऋणों में उक्त अवधि में 19 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि उनमें 1970 की उक्त अवधि में 30 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। 1971-72 (अप्रैल से मार्च तक) के दौरान लघु उद्योगों (कारीगरों और अन्य दक्षताप्राप्त उद्यमियों को दिये गये मीयादी ऋणों और अग्रिमों को मिलाकर) को दिये गये ऋणों में 84 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात उक्त ऋणों की राशि बढ़कर 578 करोड़ रुपये* हो गयी जबकि 1970-71 में उनमें 100 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी।

*अनन्तिम।

सारणी 14 :—अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के आंकड़ों में मोसमी घट-बढ़ अधिक कामकाज का समय

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1967-68	1968-69	1969-70	1970-71	अप्रैल 1971	1971-72	अप्रैल 1972
1. कुल बैंक ऋण	+5,09.5	+4,26.8	+5,62.9	+3,94.2	46,75	+3,51.1	51,89
उनमें से :							
(क) अनाजों की उगाही के लिए दिये गए ऋण	+1,01.0	+8.3	—27.3	+70.3	2,03	—76.0	2,83
(ख) अन्य ऋण	+4,08.5	+4,18.5	+5,90.2	+3,23.9	44,72	+4,27.1	49,06
2. कुल निवेश	—1,52.7	—2.4	—51.3	+1,15.4	17,74	+2,44.6	22,68
(क) सरकारी प्रतिभूतियों में	—1,82.3	—43.0	—1,00.9	+39.1	13,60	+1,43.7	17,12
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	+29.6	+40.6	+49.6	+76.3	4,14	+1,00.9	5,56
3. नकदी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास बकाया	—4.2	+20.0	+7.8	+12.4	3,59	+1.9	4,19
4. बोली और अल्पसूचना पर प्रतिदेय राशि	—20.5	+6.7	—14.8	—10.7		—6.8	
5. कुल जमा राशियां	+2,21.7	+3,24.9	+3,20.9	+4,35.5	59,93	+5,90.3	72,07
(क) मांग	+1,22.1	+1,45.1	+1,71.9	+1,90.2	26,31	+2,95.7	31,28
(ख) मीयादी	+99.6	+1,79.8	1,49.0	+2,45.3	33,62	+2,94.6	40,79
6. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से लिये गये उधार	+1,05.3	+70.8	2,03.0	+40.2	1,91	+4.3	23
7. ऋण-जमा अनुपात (मौसम के अंत में)	79.4	78.0	79.4	78.0	78.0	72.0	72.0
8. निवेश-जमा अनुपात (मौसम के अंत में)	29.6	28.9	28.8	29.6		31.5	

सारणी 15:—अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण का क्षेत्रवार विवरण

(राशि करोड़ रुपयों में)

	बकाया			घटबढ़ (2) की तुलना में,	बकाया		घटबढ़ (5) की तुलना में
	जून 1969 में	जून 1970 में	दिसंबर 1970 में	(3) में	जून 1971 में	दिसंबर 1971 में	(6) में
	1	2	3	4	5	6	7
1. कुल बैंक ऋण	33,99	42,13	44,52	+ 2,39	47,58	50,52	+ 2,94
(उनमें निर्यातों से दिये गये ऋण)	(2,63)	(3,20)	(3,63)	(+ 43)	(382)	(4,59)	(+ 77)
2. अनाजों की उगाही के कार्यकलाप	2,33	2,07	2,17	+ 10	3,79	3,65	— 14
3. कृषि ऋण	1,88	3,42	4,00	+ 58	3,82	3,95	+ 13
उनमें से							
(क) प्रत्यक्ष वित्त	54	1,84	2,40	+ 56	2,36	2,63	+ 27
(ख) परोक्ष वित्त	1,34	1,58	1,60	+ 2	1,46	1,32	— 14
4. लघु उद्योग	2,86	4,14	4,69	+ 55	5,00	5,45	+ 45
5. फुटकर व्यापार सहित अन्य अग्रतावाले क्षेत्र	31	1,14	1,44	+ 30	1,44	1,63	+ 19
6. बड़े और मझौले उद्योगों, थोक व्यापार और दूसरों को दिये गये बैंक ऋण (@	26,61	31,36	32,22	+ 86	33,53	35,84	+ 2,31
[1—(2+3+4+5)]	(78.3)	(74.4)	(72.4)		(70.5)	(70.9)	
7. कुल उपलब्ध जमा राशियां (हाथ में नगदी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास बकाया राशि, अन्य बैंकों के चालू खाते में बकाया राशि और सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों को छोड़कर)	28,33	33,50	35,30	+ 1,80	39,32	42,51	+ 3,19
8. मद 7 के प्रतिशत के रूप में मद 6	93.9	93.6	91.3	+ 47.8	85.3	84.3	72.4
9. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से लिये गये उधार	1,72	2,92	3,02	+ 10	2,07	1,71	— 36

नोट :—(i) फुटकर व्यापार सहित अन्य अग्रतावाले क्षेत्रों के संदर्भ में केवल सरकारी क्षेत्र के बैंकों के लिए आंकड़े उपलब्ध हैं ; इसलिए ये कुल ऋण में सरकारी क्षेत्र के बैंकों के ऋण के अनुपात (86 प्रतिशत) के आधार पर बहुत अधिक दिखाई पड़ते हैं।

(ii) मद 6 के सामने कोष्टकों में दिये गये आंकड़े कुल बैंक ऋण में अनुपात के द्योतक हैं।

@अनुमानित।

65. कृषि ऋणों की वृद्धि में जो कमी हुई वह अंशतः बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र की गुणवत्ता और अपने द्वारा दिये गये अग्रिमों की वसूली पर जोर दिये जाने के कारण हुई और उसका आंशिक कारण यह भी था कि बैंक इस क्षेत्र को दिये जानेवाले ऋणों से संबन्धित कामकाज संभालने के लिए अपने संगठन स्वरूप को मजबूत बनाने की दिशा में ध्यान देते रहे और वे रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुरूप अपनी नीतियों और क्रियाविधियों में तालमेल बिठाने का प्रयास करते रहे। लघु उद्योगों के क्षेत्र को बैंकों द्वारा दिये जानेवाले ऋणों की वृद्धि की धीमी गति का आंशिक कारण औद्योगिक क्षेत्र में पायी गयी सामान्य मंदी थी जिससे लघु उद्योगों के उत्पादन स्तर बुरी तरह से प्रभावित हुए थे। इसका दूसरा कारण यह भी था कि गुणवत्ता के न्यूनतम स्तर को बनाये रखने पर अपेक्षाकृत अधिक ध्यान दिया जाता था। यह भी कहा जा सकता है कि 14 बड़े बैंकों के राष्ट्रीयकरण के तुरन्त बाद की अवधि में ऋण-वृद्धि की जो दर पायी गयी उसे बनाये नहीं रखा जा सका; क्योंकि इन क्षेत्रों को दिये जानेवाले ऋणों का आधार जहां प्रारंभिक अवधि में सीमित था वहां उसके बाद व्यापक हो गया और इस कारण ऋण-वृद्धि की दर भी निश्चित ही अपेक्षाकृत कम होगी। अनुसूचित बैंकों द्वारा दिये जाने गये कुल ऋण में इन क्षेत्रों के ऋण का जो हिस्सा रहता है उसमें पायी गयी कमी पर उपर्युक्त पृष्ठभूमि में विचार किया जाना चाहिये और यह नीति में किस प्रकार के परिवर्तन का द्योतक नहीं है।

दूसरे क्षेत्रों को ऋण

66. जैसाकि सारणी 15 में दिखाया गया है, कुल ऋण में अन्य क्षेत्रों, विशेषकर सरकारी उपक्रमों और सार्वजनिक क्षेत्र के दूसरे उपक्रमों सहित बड़े और मझौले उद्योगों और थोक व्यापार क्षेत्र को प्राप्त होने वाले ऋण का जो हिस्सा रहता है उसमें 231 करोड़ रुपयों तक की वृद्धि हुई और उक्त हिस्सा कुल ऋण का 70.9 प्रतिशत था जबकि जून 1971 के अन्त में 70.5 प्रतिशत था। इस तथ्य के अलावा कि बड़े और मझौले उद्योगों और थोक व्यापार के क्षेत्र हमेशा ही बैंकों से भारी मात्रा में उधार लेनेवाले रहे हैं, उद्योगों और व्यापार क्षेत्रों को इस अवधि में रक्षा और वितरण संबन्धी आर्डरों की जो पूर्ति करनी थी उसकी पृष्ठभूमि में भी इस ऋण-वृद्धि पर विचार किया जाना चाहिये इसके अलावा, निर्यात व्यापार को दिया गया अधिकांश ऋण भी इन क्षेत्रों को दिये गये ऋणों के आंकड़ों में शामिल किया गया है। इसलिए, अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों की ऋण संबन्धी सामान्य आवश्यकताओं की पूर्ण रूप से पूर्ति किये जाने के मार्ग में ऋण नियंत्रण की सामान्य नीति बाधक नहीं थी। यह बात इस तथ्य से स्पष्ट होती है कि आलोच्य वर्ष के दौरान, रिजर्व बैंक की ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत बैंकों से प्राप्त 726 आवेदन पत्रों में से 1.45 करोड़ रुपयों की अल्प राशि वाले केवल 3 आवेदनपत्र अस्वीकार किये गये ; वे भी इसलिए अस्वीकार किये गये कि वे आवश्यकता पर आधारित नहीं थे।

विभेदक दरें

67. समाज के कमजोर वर्गों को दिये जाने वाले ऋण के संदर्भ में वित्तीय सहायता की अपेक्षा करने वाले कम आय वाले चुने हुए वर्गों को सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों लेके लिए रियायती ब्याज दरों की योजना को कार्यान्वित करने से संबन्धित सरकारी निर्णय की 25 मार्च, 1972 को वित्त मंत्री द्वारा की गयी घोषणा उल्लेखनीय है। उक्त घोषणा के बाद योजना के अधीन ऋण दिये जाने के लिए योग्य व्यक्तियों की पहचान के लिए आवश्यक मानदंड निर्धारित करते हुए कुछ मार्गदर्शी सिद्धान्तों तथा ऋण दिये जाने से संबन्धित शर्तों के विवरण बैंकों के विवरण बैंकों को भेज दिये गये हैं। उधारकर्ताओं के चुनाव के लिए दो बुनियादी मानदंड होंगे ; वे हैं उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति और उनके कार्यकलापों का उत्पादक स्वरूप। विभेदक ब्याज दर समान रूप से 4 प्रतिशत निर्धारित की गयी है जो बैंक दर से 2 प्रतिशत कम है। यह योजना अभी प्रारम्भिक चरण में है और यह आशा की जाती है कि इस योजना के अधीन दिये गये ऋणों की राशि पिछले वर्ष के अन्त में बैंकों द्वारा दिये गये कुल ऋणों के एक प्रतिशत की लगभग आधी होगी। यद्यपि इस योजना के अधीन दिये गये ऋणों की कुल मात्रा जैसे अनुमानतः 20 करोड़ रुपये है— अधिक नहीं होगी फिर भी इसका बड़ा लाभ यह होगा कि बैंकर ब्याज दरों को आय और संपत्ति की विषमताओं को घटाने के लिए एक साधन के रूप में इस्तेमाल करने की नीति की दिशा में उन्मुख होंगे।

हुंडी पुनर्भाजन योजना

68. नवम्बर 1970 में हुंडी बाजार के विकास को प्रोत्साहन देने के विचार से शुरू की गयी हुंडी पुनर्भाजन योजना के क्षेत्र को इस वर्ष के दौरान कुछेक संशोधनों के साथ विस्तारित किया गया है (भाग II में इसकी चर्चा की गयी है)। पुरानी हुंडी बाजार योजना के अधीन पुनर्वित किये जाने की प्रणाली को बन्द कर दिया गया है। किन्तु कुछ विशिष्ट उद्देश्यों के लिये वह प्रणाली अब भी लागू है। वे उद्देश्य इस प्रकार हैं: रक्षा पैकिंग ऋण एवं पूर्ति ऋण और अनाजों की उगाही के कार्यकलापों के लिए वित्त प्रदान करना और बैंकों को, विशेषकर ऐसे छोटे बैंकों को जो रिजर्व बैंक से लिये जानेवाले अन्य प्रकार के उधारों के लिए उपयुक्त प्रपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं, दी जानेवाली वित्तीय सहायता।

69. शुरू में जुलाई और अगस्त 1971 के दौरान पुनर्भाजित हुंडियों के बकाया स्तर में गिरावट पायी गयी ; किन्तु उक्त स्तर सितम्बर 1971 के अन्त में बढ़कर 25 करोड़ रुपये हो गया जबकि जून 1971 के अन्त में यह स्तर 10 करोड़ रुपये था। 1971-72 के अधिक कामकाज के समय के प्रारम्भ में रिजर्व बैंक द्वारा पुनर्भाजित हुंडियों की राशि 14 करोड़ रुपये थी। जैसे जैसे अधिक कामकाज का समय आगे बढ़ा, बैंकों ने अधिक मात्रा में पुनर्भाजन सुविधाओं का लाभ उठाया और मार्च 1972 के अन्त तक उनकी बकाया राशि 42 करोड़ रुपये हो गयी। कम कामकाज के समय के शुरू होने वाले के साथ ही इस सुविधा का लाभ उठाने की प्रवृत्ति कम हो गयी; अतः पुनर्भाजित हुंडियों की राशि जून 1972 के अन्त में 10 करोड़ रुपये हो गयी। इस योजना के अधीन 1 जुलाई 1971 से लेकर 30 जून 1972 तक की अवधि के दौरान पुनर्भाजित हुंडियों की अधिकतम बकाया राशि 45.3 करोड़ रुपये थी।

ऋण आयोजना

70. ऋण आयोजना के मूल आधार और तत्त्व तथा समग्र आर्थिक आयोजना के संदर्भ में उसके महत्व और इस दिशा में शुरू किये गये उपायों का उल्लेख पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया है। इसके बाद संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए एक ऋण योजना तैयार करने की दिशा में एक कदम उठाया गया ; वह इस प्रकार था : 1971-72 के वित्तीय वर्ष अर्थात् 1971 के कम कामकाज के समय और 1971-72 के अधिक कामकाज के समय के संदर्भ में बैंकिंग संघटन के वित्तीय साधनों की वृद्धि और उनके वितरण के बारे में एक व्यापक प्रयोग किया गया। तत्संबन्धी अनुमानों पर पहुँचने के लिए ऐसे 31 बड़े बैंकों से जिनके पास पूरे बैंकिंग संघटन की जमाराशियों की 95 प्रतिशत जमाराशियां थीं और जिनके द्वारा दिये गये अग्रिमों की राशि पूरे बैंकिंग संघटन द्वारा प्रदत्त अग्रिमराशि का 96 प्रतिशत थी, इस उद्देश्य के लिए बनाये गये विशेष प्रपत्र में आंकड़े भेजने के लिए कहा गया था। प्रपत्र में बैंकों की कुल जमाराशियों और अग्रिमों में वृद्धि, निधियों के राज्यवार और क्षेत्रवार वितरण और क्षेत्र में शाखाओं का विस्तार करने से संबन्धित बैंकों के कार्यक्रम के विस्तृत विवरण शामिल किये गये। अलग-अलग बैंक के विवरणों पर संबन्धित बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और उच्च अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया और जमाराशियां जुटाने और क्षेत्रवार तथा प्रदेशवार ऋणों के वितरण से संबन्धित उसके पिछले कार्य और सामाजिक उद्देश्यों के परिप्रेक्ष्य में उसकी अपेक्षित भूमिका को ध्यान में रखते हुए जहां जहां आवश्यक था, प्राक्कलनों में परिशोधन किया गया। इन बैंकों से प्राप्त समेकित आंकड़ों और उत्पादन प्रवृत्तियों, मूल्यों आदि से संबन्धित उपलब्ध विवरणों का उपयोग करते हुए बैंकिंग संघटन के लिए वर्ष 1971-72 के लिए एक व्यापक ऋण योजना तैयार की गयी।

71. जूट, चाय और इंजीनियरी उद्योगों की ऋण संबन्धी आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए इस वर्ष के दौरान जूट उत्पादक संघ, इंजीनियरी संघ और चाय उद्योग से संबन्धित संगठनों से विचार-विमर्श किया गया। देश के अन्य क्षेत्रों (गैर-सरकारी और सरकारी) के प्रतिनिधियों के साथ भी उनकी ऋण संबन्धी आवश्यकताओं का सही अनुमान लगाने के संदर्भ में सहायता पहुंचाने के लिए इसी प्रकार के विचार-विमर्श प्रारम्भ किये जा रहे हैं।

72. अप्रेल 1972 में रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित वाणिज्य बैंकों के अर्थशास्त्रियों की एक बैठक में 1971-72 की व्यापक ऋण योजना के अनुभवों और 1972-73 की ऋणयोजना के प्रपत्र पर विचार-विमर्श किया गया। योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालने के अलावा, अर्थशास्त्रियों से यह अनुरोध किया गया कि वे जमाराशियों और ऋण के क्षेत्रीय वितरण का अनुमान लगाने के संबन्ध में अपनायी जानेवाली अपनी अपनी प्रणालियों का विवरण रिजर्व बैंक के पास भेजें। इन बातों पर बैंकरों से अलग अलग विचार-विमर्श करना है।

प्रादेशिक ऋण आयोजना

73. यद्यपि 1971-72 की ऋण आयोजना में, जमाराशियों का वर्गीकरण और निधियों का वितरण (निवेशों को मिलाकर) राज्यवार किया गया और उनकी अन्तर्राज्यीय तुलना भी की गयी फिर भी उपयोगिता के आधार पर राज्यवार ऋण का वर्गीकरण करने की बैंकों की अपनर्यता के कारण बैंकों की निधियों के प्रादेशिक वितरण का संपूर्ण चित्र प्रस्तुत करना संभव नहीं था। अभी देश के अनेक भागों में बैंकों को कृषि और लघु उद्योग की ऋण संबन्धी आवश्यकताओं की जानकारी नहीं है। तथापि अग्रणी बैंक योजना के अधीन वितरित किये गये जिलों में उनके द्वारा किये गये प्रभावी सर्वेक्षणों के रूप में इस दिशा में शुरुआत कर दी गयी है। 335 जिलों में से 260 की रिपोर्टें तैयार की जा चुकी हैं; इसके अलावा बैंक सुविधारहित कम बैंक सुविधायुक्त केन्द्रों का पता लगाने लगाने का प्रथम चरण भी पूरा हो चुका है। अग्रणी बैंक योजना के अधीन अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में कुछ जिलों के लिए जिला स्तर पर सलाहकार समितियों के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। इन समितियों से ऋण संबन्धी अन्तरालों को पाटने के लिए वित्तीय

संस्थानों की गतिविधियों में समन्वयन लाने के अलावा यह भी आशा की जाती है कि वे राज्य सरकारों से अपना संपर्क बनाए रखें। जहां बैंक जिलों की अर्थव्यवस्था से परिचित हो गये हैं, वहां स्थानीय अर्थव्यवस्था में बैंकों के योगदान में इस योजना से कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है। विशेष रूप से इस योजना के अधीन अग्रतावाले क्षेत्रों को दिये जानेवाले ऋण के कार्य में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई है। इसका कारण यह है कि बैंकों ने अभी तक अधिकांश क्षेत्रों में विभिन्न लघु उद्योगों और कृषि की ऋण संबन्धी आवश्यकताओं का मूल्यांकन करने के लिए कोई गंभीर अध्ययन नहीं किया है। इस दिशा में किये गये प्रयास अब तक अपर्याप्त हो रहे हैं। कुछ हद तक इसका कार्य करने का वह संकीर्ण आधार है, जिसे लेकर अग्रणी बैंकों ने अपने जिलों में काम करना शुरू किया है। 1972–74 के शाखा विस्तार कार्यक्रम के स्वरूप का निर्धारण करने में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है।

74. एक सार्थक ऋण कार्यक्रम बनाने के लिए सरकारी क्षेत्र के प्रायः सभी बैंकों ने प्रादेशिक/प्रभागीय स्तर पर और कुछ मामलों में जिला स्तर पर विकास संबन्धी कर्मचारियों और विषय-विशेष के विशेषज्ञों को लेकर अपने कार्यालय खोले हैं। जिलों की बैंक संबन्धी योजनाओं के संबंध में, क्षेत्र की अन्य संस्थागत एजेन्सियों के सक्रिय सहयोग और राज्य सरकार की पर्याप्त सहायता के साथ ऋण संबन्धी अंतरालों का पता लगाये जाने और क्षेत्रगत अध्ययन किये जाने के कारण क्षेत्रीय ऋण आयोजना आगामी वर्षों में अधिक प्रभावी हो जाएगी।

75. देश के अल्पविकसित क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं बढ़ाने का कार्य ऋण आयोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस वर्ष के दौरान खोली गयी 1,612 शाखाओं में से 936 (53 प्रतिशत) शाखाएं अब तक के बैंक सुविधारहित केन्द्रों में खोली गयीं और 507 शाखाएं 9 अपेक्षाकृत कम बैंक सुविधायुक्त राज्यों अर्थात् असम, बिहार, जम्मू और काश्मीर, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बंगाल में खोली गयी। इन नौ राज्यों और त्रिपुरा और नागालैंड, जिन्हें कम बैंक सुविधायुक्त राज्यों के रूप में माना गया है, में देश की जनसंख्या का आधे से अधिक भाग रहता है। जून 1969 के अन्त तक, इन राज्यों में कुल शाखाओं का लगभग एक चौथाई भाग मात्र विद्यमान था, किन्तु पिछले तीन वर्षों के दौरान कार्यान्वित की गयी शाखा विस्तार नीति के कारण यह अनुपात जून 1972 के अन्त तक 29 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ गया है। वाणिज्य बैंकों के शाखा विस्तार कार्यक्रम का विस्तृत विवरण रिपोर्ट के भाग II में दिया गया है।

भुगतान शेष

76. अब हम 1971-72 (जुलाई-जून) में देश के विदेशी भुगतान शेष की स्थिति पर विचार करेंगे। इस अवधि में प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियों का मूल्य 787 करोड़ रुपयों से बढ़कर 846 करोड़ रुपये हो गया। किन्तु इस वृद्धि में 16 करोड़ रुपयों की वह राशि भी शामिल है जो ऐसी मुद्राओं में, जिनकी विनियम दरों में इस वर्ष के दौरान वृद्धि हुई, रखी हुई प्रारक्षित आस्तियों के रुपया मूल्य में वृद्धि होने के कारण प्राप्त हुई। इसके विपरीत, 1970-71 में प्रारक्षित निधियां 837 करोड़ रुपयों से घटकर 787 करोड़ रुपये हो गयीं। इसका प्रमुख कारण यह था कि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से किये गये पुनः क्रय और उसमें किये गये अतिरिक्त स्वर्ण अभिदान के लिए 124 करोड़ रुपये प्रारक्षित निधियों से निकाले गये थे। 1971-72 में इस प्रकार का कोई लेन-देन नहीं हुआ। यदि इन विशेष लेन-देनों और मूल्यों परिवर्तन को छोड़ दिया जाए तो प्रारक्षित निधियों में 1971-72 में 43 करोड़ रुपयों और 1970-71 में 72 करोड़ रुपयों की वृद्धि दिखाई पड़ेगी। दूसरे शब्दों में, इस वर्ष भुगतानों की स्थिति पिछले वर्ष की अपेक्षा कुछ कम उल्लेखनीय थी।

77. जिन विदेशी लेन-देनों के संदर्भ में प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियों में अंतिम रूप से परिवर्तन हुए उनके विवरण अभी उपलब्ध नहीं हुए हैं। फिर भी अभी तक जो सूचना मिली है, उससे स्पष्ट है कि आयात संबंधी भुगतानों में वृद्धि हुई है। इस्पात, अलौह धातु और अनुरक्षण संबन्धी अन्य वस्तुओं के जो अधिक आयात किये गये उनका बहुत कुछ समायोजन खाद्यान्न के आयातों में हुई कमी के कारण हुआ है जो खाद्यान्न के देशी भंडारों की संतोषजनक स्थिति के कारण संभव हो सकी। इस वर्ष ऋणों का भुगतान पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक किया गया। इसका आंशिक कारण यह था कि हमारे कुछ ऋणकर्ताओं की मुद्राओं के विनियम मूल्य में वृद्धि हुई। इसके साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा संबन्धी अनिश्चितताओं के संदर्भ में और विशेष रूप से जूट निर्यातों में वृद्धि होने के बावजूद निर्यात की आमदनी में समंजनः सामान्य वृद्धि हुई।

78. इस प्रकार विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध विदेशी सहायता इस वर्ष के अन्त में पिछले वर्ष के अन्त में विद्यमान स्थिति की अपेक्षा काफी कम होगी। दिसम्बर 1971 से अमेरिका की तरफ से सहायता का कोई नया प्राधिकरण नहीं हुआ है। अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के लिए निधियों की तृतीय आपूर्ति के संबन्ध में अमेरिका की निष्क्रियता के कारण उस स्रोत से भी सहायता की उपलब्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा व्यवस्था के विघटन से अन्य स्रोतों से प्राप्त होने वाली सहायता में अनिश्चितता आ गयी।

व्यापार घाटा

79. जहां तक आयातों और निर्यातों का संबन्ध है, वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत व्यापार संबन्धी जो घाटा 1968-69 से काफी कम हो गया था वह 1971-72 में एक बार फिर बढ़ गया है। 1971-72 (अप्रैल-मार्च) में व्यापार घाटा 286 करोड़ रुपये था, जो 1970-71 के 99 करोड़ रुपयों के घाटे से अधिक अधिक था। इस तीव्र वृद्धि का यह कारण था कि आयातों में 219 करोड़ रुपयों की भारी वृद्धि हुई जबकि निर्यातों में केवल 32 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई।

निर्यात

80. 1971-72 के वित्तीय वर्ष में निर्यातों की विकास दर पिछले वर्ष के 8.6 प्रतिशत के मुकाबले में 2.1 प्रतिशत थी। जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में बताया जा चुका है 1970-71 में निर्यातों में हुई वृद्धि का एक अन्श सांख्यिकीय था जो निर्यातों का रिकार्ड करने की क्रियाविधि में हुए परिवर्तन के कारण हुआ। यदि 1970-71 के निर्यात संबन्धी आधिकारिक आंकड़ों में इस आधार पर समायोजन किया जाय तो उसके परिणामस्वरूप 1970-71 के निर्यातों की वृद्धि दर में कमी होगी और तदनुसार 1971-72 की वृद्धि दर बढ़ जाएगी। ठोस आंकड़ों के अभाव में, इन समायोजित विकास दरों का निर्धारण आसानी से नहीं किया जा सकता, किन्तु यह स्पष्ट है कि असमानता योजित आंकड़ों के आधार पर वृद्धि दरों का अनुमान 1970-71 के लिए अधिक और 1971-72 के लिए कम लगाया गया है।

81. 1971-72 के निर्यातों की प्रवृत्ति को सही और साफ़ तौर पर दो अवधियों में विभाजित किया जा सकता है ; अर्थात् अप्रैल 1971 से जुलाई 1971 तक की अवधि में निर्यातों में 1970 की तदनुरूपी अवधि में हुई वृद्धि की अपेक्षा 25 प्रतिशत अधिक वृद्धि हुई और अनुवर्ती अवधि अर्थात् अगस्त 1971 से मार्च 1972 तक की अवधि में 1970-71 की तदनुरूपी अवधि में हुई वृद्धि की तुलना में उनमें 7 प्रतिशत की कमी हुई। पहले की अवधि में निर्यातों में हुई अधिक वृद्धि का प्रमुख कारण यह था कि बंगला देश से जूट संबंधी वस्तुओं के पोतलदानों के

बिलकुल ही बंद हो जाने के परिणामस्वरूप उनकी मांग बहुत ज्यादा हो गयी थी । जुलाई 1971 के बाद की अवधि में अन्य बातों के साथ साथ विश्व की प्रमुख मुद्राओं के चालू किये जाने और भारत पाकिस्तान युद्ध के कारण व्यापार क्षेत्र के अस्त व्यस्त हो जाने के फलस्वरूप निर्यातों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ।

निर्यात पण्यवार

82. दिसंबर 1971 तक उपलब्ध निर्यातों के पण्यवार विवरण से मालूम पड़ता है कि निर्यातों की सामान्य वृद्धि दर (अप्रैल दिसंबर 1971 में 1970 की तदनरूपी अवधि की अपेक्षा 4 प्रतिशत की वृद्धि) का एक मात्र कारण जूट उत्पादनों के निर्यातों में हुई वृद्धि थी । दूसरी वस्तुओं में से, उच्चतर यूनिट मूल्यों के कारण चाय के निर्यातों में 2 प्रतिशत की सामान्य वृद्धि हुई । इसके विपरीत सूती कपड़ों और तागों, तेल की खली और गरम मसालों के निर्यातों में कुछ कमी आयी (सारणी 16)।

83. यदि जूट निर्यातों में हुई वृद्धि को छोड़ दिया जाय तो अप्रैल दिसबंर 1971 की अवधि में कुल निर्यातों में 36 करोड़ रुपयों की कमी दिखाई देगी । कुल निर्यातों म परम्परेतर वस्तुओं के निर्यातों का हिस्सा अप्रैल दिसंबर 1970 में जहां 24 प्रतिशत था वहां 1971 की उसी अवधि में वह घटकर 18 प्रतिशत हो गया । इस्पात के कम उत्पादन की स्थिति में उसकी बढ़ती हुई घरेलू मांग के कारण उसके निर्यात अधिशेष में पर्याप्त कमी आयी, जबकि खनिज लोहे के निर्यात में खास तौर पर विदेशी मांग की कमी होने से गिरावट आयी । इस्पात की कमी और उसकी घरेलू मांग में वृद्धि होने के कारण इंजीनियरी माल और रासायनिक पदार्थों के निर्यातों में भी कमी आयी जबकि पिछले वर्षों में इनमें वृद्धि की प्रवृत्ति पायी गयी थी ।

निर्यात नीति

84. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में संसद म 30 जुलाई 1970 को प्रस्तुत किये गये निर्यात नीति संकल्प का उल्लेख किया गया था, जिसमें भारत की निर्यात आमदनियों को बहुत अधिक बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया था । इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये औद्योगिक लाइसेंस नीति और आयात नीति को इस प्रकार व्यवस्थित किया गया कि निर्यात अभिमुख उत्पादन में वृद्धि हो । जैसाकि पहले कहा जा चुका है, निर्यात संबंधी ऋण सुविधायें भी काफ़ी अधिक मात्रा में प्रदान की गयीं।

85. मार्च 1972 में भारत और बंगला देश के बीच व्यापार करार पर हस्ताक्षर किया जाना विदेशी व्यापार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण घटना थी । इस करार के अनुसार, भारत बंगला देश को अन्य वस्तुओं के साथ साथ अनुत्पादित तमाखू, सीमेंट, कोयले और सूत के तागे का निर्यात करेगा जबकि भारत बंगला देश से अन्य वस्तुओं के साथ साथ मछली, पटसन और अखबारी कागज का आयात करेगा । उक्त करार में सीमा व्यापार संबंधी विशेष सुविधाओं की भी व्यवस्था की गयी ।

आयातों की प्रवृत्तियां

86. जून 1966 में रुपये का अवमूल्यन होने के बाद पहली बार 1970-71 में आयातों में थोड़ी बहुत वृद्धि हुई थी ; उनमें 1971-72 में तेजी से वृद्धि हुई । वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महा निदेशालय के आंकड़ों के अनुसार उनमें 1971-72 के दौरान 219 करोड़ रुपयों (13 प्रतिशत) की वृद्धि हुई अर्थात् आयातों का मूल्य बढ़कर 1853 करोड़ रुपये हो गया जबकि 1970-71 में उनमें 52 करोड़ रुपयों (3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी । इस वर्ष के दौरान आयातों में जो वृद्धि हुई उसका आंशिक कारण यह था कि कछ अत्यावश्यक कच्चे माल और इस्पात के उत्पादों के देशी उत्पादन में कमी हो गयी थी ; अनुरक्षण वस्तुओं के आयातों के संबंध में अपनायी गयी उदारीकृत आयात नीति के कारण भी आयातों में वृद्धि हुई ।

आयात पण्यवार

87. आयातों के पण्यवार विवरण दिसंबर 1971 तक उपलब्ध हैं । उनसे मालूम पड़ता है कि अप्रैल दिसंबर 1971 में पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की अपेक्षा आयातों में हुई वृद्धि पूरी तरह खाद्येतर वस्तुओं के आयातों के संदर्भ में हुई । अप्रैल दिसंबर 1970 की अपेक्षा खाद्यान्नों के आयातों के मूल्य में 65 करोड़ रुपयों (या 38 प्रतिशत) की कमी हुई जब कि खाद्येतर वस्तुओं के आयातों के मूल्य में 247 करोड़ रुपयों (या 24 प्रतिशत) की वृद्धि हुई । यद्यपि लगभग सभी प्रमुख खाद्येतर वस्तुओं के आयातों में वृद्धि हुई फिर भी लोहे और इस्पात (77 करोड़ रुपये), मशीनों और परिवहन उपस्कर (75 करोड़ रुपये) और खनिज तेलों (47 करोड़ रुपये) के मामले में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई (सारणी 17)। अप्रैल 1971–मार्च 1972 की अवधि में आयात-लाइसेंसों के मूल्य में 1970-71 के दौरान हुई 36 प्रतिशत की वृद्धि से भी अधिक 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई ; इससे 1972-73 में खाद्येतर वस्तुओं के आयातों में और अधिक वृद्धि होनी चाहिए ।

आयात नीति

88. 1972-73 की आयात नीति में पिछले वर्ष की नीति के बुनियादी ढांचे को बनाये रखते हुए आत्म निर्भरता के उद्देश्य पर अपेक्षाकृत अधिक जोर दिया गया । उसमें ऐसे चुने हुए अप्राप्ताप्त उद्योगों के लिए, विशेषकर ऐसे उद्योगों के लिये, जिनमें निर्यात की पर्याप्त क्षमता है या जो आयातों पर होने वाले व्यय को कम करने में योगदान कर सकते हैं, आयातित मूल वस्तुओं का अधिक वितरण किये जाने की व्यवस्था है ।

89. वाणिज्यिक माल के व्यापार में जो अपेक्षाकृत कमी हुई वह अंशतः उनके सापेक्ष उच्चतर मूल्य और देश में हुई अधिक खरीद जैसे आंतरिक कारणों से हुई । दूसरी तरफ़ विदेशों में हुई कछ गतिविधियों के कारण भी हमारे निर्यातों में बाधा पड़ी । संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन III ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला है कि विकसित देश अल्प विकसित देशों के साथ अपना व्यापार बढ़ाने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं । प्राथमिकताओं की सामान्यीकृत प्रणाली अब यूरोपीय आर्थिक समुदाय के देश, जापान, नार्वे, स्वीडन और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों द्वारा उत्पादित और अर्ध उत्पादित वस्तुओं के निर्यातों को बढ़ाने के उद्देश्य से अपनायी जा चुकी है ; उक्त प्रणाली कोटा और उच्चतम सीमाओं के कारण उलझ गयी है ।

90. पौंड स्टर्लिंग के चालू किये जाने के कारण, इस वर्ष के अंत में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा संबंधी अनिश्चिततायें कम होने की अपेक्षा और अधिक बढ़ती हुई दिखाई पड़ीं । 1970 और 1971 के बीच में विश्व व्यापार का विकास धीमा पड़ गया था । जहां एक ओर विकासोन्मुख देशों के निर्यातों की वृद्धि में कमी आयी वहां दूसरी ओर उनके निर्यात आयात मूल्यांक (Terms of Trade) में भी गिरावट आयी । यद्यपि इस बात की काफ़ी आशा है कि पश्चिम जर्मनी और अमेरिका की गतिविधियों को पुनः प्रवर्तित किया जाएगा, फिर भी 1972-73 में विश्व व्यापार

सारणी 16 :—भारत के मुख्य निर्यात

(राशि करोड़ रुपयों में)

पण्य	1967-68	1968-69	1969-70	1970-71	अप्रैल-दिसम्बर		(5) की अपेक्षा (6) में वृद्धि (+)/कमी(—)	
					1970	1971	वास्तविक	वास्तविक
	1	2	3	4	5	6	7	8
(अ) मुख्य परम्परेतर वस्तुएं								
इंजीनियरी सामान . .	35	69	91	1,26	90	86	—4	—4
लोहा और इस्पात . .	55	79	87	91	71	34	—37	—52
खनिज लोहा . . .	75	88	95	1,17	86	72	—14	—16
रासायनिक पदार्थ . .	16	24	30	36	27	25	—2	—7
(आ) अन्य वस्तुएं								
जूट का तागा और उससे बनी वस्तुएं .	2,34	2,18	2,07	1,90	1,36	2,16	+80	+59
सूत का तागा और उससे बनी वस्तुएं .	88	1,01	1,16	1,18	88	81	—7	—8
चाय	1,80	1,57	1,25	1,48	1,20	1,22	+2	+2
खाल, छाल, चमड़ा और चमड़े की चीजें,								
जूतों को मिलाकर . .	70	87	99	87	64	74	+10	+16
काजू की गिरी . . .	43	61	57	52	42	51	+9	+21
तेल की खली . . .	45	49	41	55	41	29	—12	—29
मोती, बहुमूल्य और अर्धमूल्य पत्थर,								
न तराशे गए/तराशे गए .	30	45	42	42	31	38	+7	+23
गरम मसाले . . .	27	25	34	39	24	23	—1	—4
मछली और मछली से बनी वस्तुएं .	18	23	31	31	24	29	+5	+21
चीनी	16	10	9	28	18	27	+9	+50
काफी . . .	18	18	20	25	22	19	—3	—14
खनिज मैंगनीज . . .	11	13	11	14	11	8	—3	—27
तमाखू (अनुत्पादित) . .	25	33	33	31	26	35	+9	+35
(इ) जोड़ (अन्यों को मिलाकर) .	11,99	13,58	14,13	15,35	11,50	11,94	+44	+4

नोट : 1 नवंबर 1970 से निर्यातों के रिकार्ड के लिए वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय द्वारा अपनायी गई क्रियाविधि में (अंतिम रूप से पारित पोतलदान बिल के स्थान पर पोतलदान बिल की मूल प्रति के आधार पर रिकार्ड करने की विधि स्वीकार की गयी) परिवर्तन किये जाने के कारण 1970-71 और 1971-72 के आंकड़ों की पिछले वर्षों के आंकड़ों से तुलना नहीं की जा सकती।

स्रोत : वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय

सारणी 17—भारत के मुख्य आयात

(राशि करोड़ रुपयों में)

पण्य	1967-68	1968-69	1969-70	1970-71	अप्रैल-दिसम्बर		(5) की अपेक्षा (6) में वृद्धि (+)/कमी (—)	
					1970	1971	वास्तविक	प्रतिशत
	1	2	3	4	5	6	7	8
1. अनाज (काजू को छोड़कर)	554	372	293	242	187	131	— 56	—30
अनाज और उनसे बनी वस्तुयें	518	336	261	213	170	105	— 65	—38
2. कच्ची रुई	83	90	83	99	74	87	+ 13	+18
3. पटसन और मेस्ता	5	16	5	नगण्य	नगण्य	—	—	—
4. काजू	25	31	28	29	22	20	—2	—10
5. खनिज तेल :	75	133	138	136	96	143	+47	+49
उनमें से]								
(क) कच्चा और अंशतः परिशोधित पैट्रोलियम	60	96	96	106	76	110	+34	+45
(ख) अन्य	15	37	42	30	20	33	+13	+65
6. रासायनिक पदार्थ :	273	283	195	192	135	161	+26	+19
उनमें से :								
(क) उर्वरक	139	139	77	61	38	52	+14	+37
(ख) अन्य	134	144	118	131	97	109	+12	+12
7. लोहा और इस्पात	106	86	82	147	102	179	+77	+75
8. अलौह धातु	89	89	75	120	86	83	—3	—3
9. कच्चा रबड़ (कृत्रिम और सुधारे गये रबड़ को मिला कर)	4	5	10	4	3	3	—	—
10. ऊन और दूसरे पशुओं के रोम	12	11	17	16	13	11	—2	—15
11. पशुओं और वनस्पति के तेल और चर्बी	34	19	30	39	32	32	—	—
12. कागज, गत्ते और उनसे बनी चीजें	18	18	24	25	17	24	+7	+41
13. मोती, बहुमूल्य और अर्ध-बहुमूल्य पत्थर	12	28	28	25	17	19	+2	+12
14. मशीनें और परिवहन उपस्कर	503	514	396	384	274	349	+75	+27
(क) बिजली से इतर मशीनें	336	366	280	257	190	211	+21	+11
(ख) बिजली की मशीनें	86	82	64	69	49	72	+23	+47
(ग) परिवहन के उपस्कर	81	66	51	58	35	66	+31	+89
15. अन्य	215	214	178	176	125	123	—2	—2
जोड़	**2008**	**1909**	**1582**	**1634**	**1183**	**1365**	**+182**	**+15**

स्रोत :—वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

की वृद्धि की संभावना तब तक अनिश्चित ही रहेगी जब तक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा व्यवस्था के सुधार संबंधी कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति न हो ।

91. इस संदर्भ में भारत और अन्य विकासोन्मुख देशों का यह प्रयत्न रहा है कि वे भी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा संबंधी सुधार कार्य में सक्रिय रूप से सबद्ध हों और विकासोन्मुख देशों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में विशेष आहरण अधिकारों का वितरण कार्य बिना किसी बाधा के जारी रहे । पिछले कुछ वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली को अस्त व्यस्त कर देने वाली जो कठिनाइयां उपस्थित हुई उनका कारण यह था कि विश्व के प्रमुख औद्योगिक देश अपने उत्पादन और मांग को संतुलित करने में विफल हो गये थे । इस विफलता के दुष्परिणाम विकासोन्मुख देशों में भी पाये जाते हैं । अतः एक ऐसी व्यवस्था की तत्काल आवश्यकता है जिसमें (क) अंतर्राष्ट्रीय चल मुद्रा के निर्माण का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नियंत्रण किया जाय, (ख) अपेक्षाकृत कम विकसित देशों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक प्रगति के व्यवस्थित विकास के लिये चलमुद्रा स्थिति में पर्याप्त वृद्धि की जाय और (ग) विनिमय दरों में परिवर्तन करने के लिए स्वीकार्य वस्तुगत मानदंड निर्धारित किया जाय ताकि समायोजन प्रक्रिया सुगम हो । अतः ऐसी व्यवस्था का निर्माण करने और उसकी स्वीकृति के बाद उसका परिचालन करने में विकासोन्मुख देशों को भी पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए ।

मूल्यांकन और संभावनाएं

92. पिछले पैराग्राफों में वस्तुस्थिति का जो सिंहावलोकन प्रस्तुत किया गया है उससे यह विदित होता है कि एक ओर जहां भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले वर्ष के अंत तक शरणार्थियों के आगमन और युद्ध के तनावों का सफलतापूर्वक सामना कर सकी वहां दूसरी ओर उसने

कतिपय चिन्ताजनक तथ्यों को भी प्रस्तुत किया है । कुल मांग में हुई वृद्धि के अनुपात में उत्पादन में अधिक वृद्धि होने के बजाय मूल्यों में अधिक वृद्धि हुई यद्यपि कृषि उत्पादन में निश्चित ही वृद्धि हुई है फिर भी औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अंशतः बिजली, परिवहन और कतिपय कच्ची सामग्री की कमी के कारण चौथी योजना में परिकल्पित दर की अपेक्षा में कम ही थी । अन्य बातों के साथ-साथ उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्य में हुई वृद्धि के कारण औद्योगिक संबंध बिगड़ गये और इसका प्रतिकूल प्रभाव औद्योगिक उत्पादन पर भी पड़ा । यद्यपि देश में हुई अधिक बचत और विदेशों से प्राप्त शुद्ध पूंजी के कारण देशी निवेश में वृद्धि हुई फिर भी निवेश माल उद्योगों की मांग पहले की तरह कम ही रही है । इसी प्रकार जहां एक ओर सरकारी क्षेत्र की कुल प्राप्तियों में वृद्धि हुई है वहां दूसरी ओर सरकारी क्षेत्र की बचत की मात्रा कम हो गयी है; इसके परिणाम-स्वरूप भारी मात्रा में घाटे की अर्थव्यवस्था करनी पड़ी । इस कारण अर्थव्यवस्था के कुल मुद्रागत साधनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ।

93. इस पृष्ठभूमि में पांचवीं योजना के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए भविष्य के कार्यों को निर्धारित करना होगा । इन उद्देश्यों की पूर्ति उत्पादन को तेजी से बढ़ाने और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत बनाने से ही हो सकती है । उत्पादन को बढ़ाने का मतलब यह होगा कि नये उद्योगों को बढ़ाया जाए, वर्तमान क्षमता का पूर्ण उपयोग किया जाए और कृषि क्षेत्र की नयी प्रणालियों को अधिक व्यापक क्षेत्र में विस्तरित किया जाय । इसी प्रकार मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए मांग को व्यवस्थित करना भी अधिक महत्वपूर्ण होगा । इसके लिए ऐसी नीतियों को अपनाना होगा जिनका लक्ष्य इस प्रकार हो कि आमदनियों में होनेवाली वृद्धि अर्थव्यवस्था की उत्पादिता में होने वाली वृद्धि के अनुरूप हो; साथ ही बचत बढ़े और आय का पुनर्वितरण हो । इस नीति को कार्यान्वित करने में सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार की कठिनाइयां अवश्य रहती हैं । इसके साथ ही इस प्रकार की नीति की आवश्यकता स्पष्ट है, क्योंकि इसके बिना समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा राष्ट्रीय उत्पादन में अपने-अपने अंश को बढ़ाने के लिए किया जाने वाला प्रयास न केवल निरर्थक होगा, बल्कि उत्पादन के योजना-बद्ध लक्ष्यों तक वास्तविक रूप में पहुंचना भी असंभव नहीं तो कठिन अवश्य होगा ।

94. वित्तीय नीति के दृष्टिकोण से इसके लिए दो प्रकार की मूल कार्रवाइयां करनी होंगी । एक तो मुद्रागत विस्तार को सीमाओं के भीतर रखना होगा और दूसरी समाज की बचत को गतिशील बनाने के लिए व्यापक रूप से संस्थागत सुविधाएं प्रदान करनी होंगी । मुद्रागत विस्तार को नियंत्रित करने के लिए अनिवार्यतः सरकारी क्षेत्र द्वारा की जानेवाली घाटे की अर्थव्यवस्था की मात्रा को सीमित कर देना होगा जैसा कि रिपोर्ट में इसके पहले कहा जा चुका है, कोई राज्य सरकार अब एक सप्ताह की अस्थायी अवधि के सिवाय रिजर्व बैंक से ओवरड्राफ्ट नहीं ले सकती । इसके अतिरिक्त रिजर्व बैंक से केन्द्रीय सरकार द्वारा लिये जाने वाले ऋण को नियंत्रित करने की भी नीति अपनानी होगी । किंतु रक्षा और विकास के संबंध में केन्द्रीय सरकार को जो विशेष जिम्मेदारियां वहन करनी हैं उनके कारण ऐसे ऋण की कोई सुनिर्दिष्ट सीमा निर्धारित करना संभव नहीं है । फिर भी अत्यावश्यक पण्यों या उपभोक्ता वस्तुओं की पूर्ति की वर्तमान लचीली स्थिति को ध्यान में रखते हुए घाटे की अर्थव्यवस्था के स्तर पर निरंतर निगरानी रखनी चाहिए । इससे यह स्पष्ट होता है कि कराधान के आधार को व्यापक बनाने के द्वारा कर की वसूलियों को बढ़ाने, बाजार से लिये जाने वाले ऋणों की मात्रा को अधिकतम बनाने और विशेष रूप से, सरकारी क्षेत्र के वाणिज्यिक उद्यमों की परिचालन क्षमता में वृद्धि कर उनकी आय को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक प्रयत्न किये जाने चाहिए ।

95. वित्तीय क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा किये जाने वाले प्रयत्न यह अपेक्षा करेंगे कि बैंकिंग सेवाओं को व्यापक और सघन बनाकर मौलिक आवश्यकताओं की व्यवस्था की जाए । भारत के बैंक व्यवसाय क्षेत्र की गतिविधियों से मालूम होता है कि यदि आवश्यक श्रम शक्ति और अन्य साधनों की व्यवस्था की जाए तो कम विकसित क्षेत्रों के विकास के संदर्भ में बैंक उपयोगी भूमिका अदा कर सकेंगे । जमाराशियों में प्रत्याशित वृद्धि होने पर बैंक अब तक की अपेक्षा अधिक मात्रा में मीयादी ऋण और निर्यात ऋण भी प्रदान कर सकेंगे । इसका यह आशय होगा कि औद्योगिक, कृषि संबंधी और अन्य क्षेत्रों की कार्यकारी पूंजी की अपेक्षाओं की पूर्ति बिना अधिक कठिनाई के हो जानी चाहिए । फिर भी मध्यावधि और दीर्घावधि पूंजी की समस्या वैसी ही बनी रहेगी । अतः यह आवश्यक होगा कि मीयादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता को जारी रखा जाए और बढ़ाया जाय । साथ ही, यह भी अत्यावश्यक होगा कि औद्योगिक आधार को व्यापक बनाने और उसमें विविधता लाने के लिए नये निवेशों को बढ़ाया जाए । संस्थाओं द्वारा प्रदान की जानेवाली सुविधाओं के अलावा मूल्य-स्थायिता के उद्देश्य को देखते हुए रिजर्व बैंक को चाहिए कि वह सामान्य ऋण नियंत्रण की नीति का पालन करे ।

II. वाणिज्य बैंक व्यवसाय की प्रगति

96. आलोच्य वर्ष में, बैंकिंग संघटन ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी व्यापकता को बढ़ाने और इस प्रकार बैंक व्यवसाय के विकास के संदर्भ में विद्यमान क्षेत्रीय असंतुलनों को कम करने की दिशा में अपने प्रयास जारी रखे । 1972 और अगले दो वर्षों के लिए शाखा विस्तार की प्रस्तावित व्यापक योजना के अंतर्गत समग्र रूप से 5000 शाखाएं खोलने का कार्यक्रम बनाया गया है । उससे यह आशा की जाती है कि क्षेत्रीय असंतुलन और कम हो जाएगा और साथ ही बैंक भी अपने शाखा विस्तार कार्यक्रम को अग्रणी बैंक योजना के अधीन अग्रणी बैंक होने के कारण अपने ऊपर आयी जिम्मेदारियों के अनुकूल बना सकेंगे । शाखा विस्तार के कार्यक्रम पर निरंतर जोर दिये जाने से यह संभव है कि हाल ही के वर्षों में बैंकों की जमाराशियों में जिस तेजी से वृद्धि हुई है उसे आगे भी बनाये रखा जाएगा ।

97. इस वर्ष भी छोटे किसान, लघु उद्योग उत्पादक, फुटकर व्यापारी, सड़क परिवहन चालक, छोटे-मोटे कारोबार करनेवाले व्यक्ति, व्यवसायिक व्यक्ति और स्वनियोजित व्यक्ति जैसे कम साधनों वाले ऋणकर्ताओं की ऋण संबंधी आवश्यकताओं पर जोर दिया जाता रहा है । इसके साथ ही इस बात पर भी अधिकाधिक जोर दिया जाता रहा कि गुणात्मक आधार पर ऋण दिया जाए । गुणात्मक आधार पर ऋण दिये जाने पर जो बल दिया जाता है उसे अग्रतावाले और उपेक्षित क्षेत्रों के कम साधनों वाले ऋणकर्ताओं को दी जानेवाली ऋण सुविधाओं के लिए भारतीय ऋण गारंटी निगम लिमिटेड द्वारा दी जानेवाली गारंटी रक्षा संबंधी शर्तों को उदार बनाकर पुष्ट किया जाएगा । केन्द्रीय सरकार ने विशिष्ट उत्पादक और आर्थिक गतिविधियों में संलग्न कतिपय निर्दिष्ट कम आय वर्ग के व्यक्तियों के लिए विभेदक ब्याज दरों की योजना को कार्यान्वित करने का निर्णय किया है और यह आशा की जाती है कि सरकारी क्षेत्र के बैंक इस योजना के अधीन लगभग 20 करोड़ रुपयों के ऋण प्रदान करेंगे; इससे इन वर्गों की ऋण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के संदर्भ में उक्त बैंकों का योगदान और अधिक बढ़ेगा ।

98. अग्रणी बैंक योजना के अधीन, शीघ्र प्रभावकारी सर्वेक्षणों के आधार पर रिपोर्टें तैयार करने के कार्य में काफी प्रगति हुई है । कई

जिलों में बैंक व्यवसाय के विकास के लिए सलाहकार समितियों का निर्माण करने के अलावा ऋण संबंधी अंतरालों का पता लगाने के लिए गहन अध्ययन कार्य करने की दिशा में भी कुछ प्रयास किये गये हैं ।

99. सरकारी क्षेत्र के बैंक कृषि के क्षेत्र में विशिष्ट क्षेत्रीय योजनाएं बना रहे हैं । उदाहरण के तौर पर उन योजनाओं को लिया जा सकता है जिनके अंतर्गत बैंक अभिस्वीकृत गांवों के किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये प्रयास करते हैं । इन योजनाओं से ऐसे अवसर कम होंगे कि एक ऋणकर्ता को एक से अधिक संस्थागत ऋण अभिकरणों से वित्तीय सहायता प्राप्त हो । इसके अलावा बैंक भी प्रदत्त ऋणों के अंतिम उपयोग का अधिक अच्छा निरीक्षण कर सकेंगे । छोटे कृषक विकास एजेन्सी प्रायोजनाएं/सामान्य कृषक और कृषि श्रम प्रायोजनाएं अभी तक प्रारंभिक अवस्था में हैं और अधिकारी योग्य व्यक्तियों का पता लगा रहे हैं । यदि राज्य अधिनियमों पर विशेषज्ञों के दल द्वारा प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट पर राज्य सरकारें तेजी से कार्रवाही करें तो वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि के लिए ऋण दिये जाने में और अधिक सुविधा होगी ।

100. इस संदर्भ में स्वनियोजित व्यक्तियों, कारीगरों, शिल्पकारों आदि को ऋण प्रदान करने की दिशा में अनुभव प्राप्त करने के लिए स्टेट बैंक आफ इंडिया द्वारा देश भर में किये गये 60 केन्द्रों के चयन का उल्लेख भी किया जा सकता है । सक्षम उद्यमियों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए बैंक आफ बड़ौदा ने जो विविध सेवा एजेंसी शाखा खोली वह भी इस संदर्भ में उल्लेखनीय है । रोजगार की संभाव्यता को बढ़ाने के लिए इसी प्रकार की योजनाएं बनाने के संबंध में रिजर्व बैंक अन्य बैंकों से संपर्क बनाये हुए है ।

101. इस लेखा वर्ष के अंत में केन्द्रीय क्षेत्र अर्थात् मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए उस क्षेत्र की बैंकिंग गतिविधियों का पुनरीक्षण करने के निमित्त बनायी गयी क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक लखनऊ में बुलाई गयी । समिति ने अग्रतावाले क्षेत्रों को ऋण प्रदान करने और राज्य सरकारों और बैंकों के बीच समन्वय स्थापित करने से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया । बैठक में ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों और साथ ही छोटे ऋणकर्ताओं, विशेषकर किसानों को दिये जानेवाले ऋणों को बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए एक कार्यकारी दल का गठन करने का निर्णय किया गया ।

102. बैंकों ने यह भी स्वीकार किया है कि अग्रतावाले क्षेत्रों को ऋण प्रदान करने के लिए एक सशक्त कार्यक्रम बनाने की दिशा में संगठनात्मक बाधाएं रहती हैं और इस कारण उन्होंने अपने वर्तमान संगठन स्वरूप को या तो पुनर्गठित कर लिया है या वे पुनर्गठित करने का प्रयास कर रहे हैं । इसके लिए उन्होंने प्रधान कार्यालय और साथ ही क्षेत्रीय और जिला स्तरीय कार्यालयों में भी परिचालन और विकास कार्य से संबंधित उपयुक्त मिश्रित कर्मचारी वर्ग की आवश्यकता को स्वीकार किया है ।

103. निम्नलिखित अनुच्छेदों में वाणिज्य बैंकों के संगठन स्वरूप में किये गये परिवर्तनों और विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करने की दिशा में हुई प्रगति के विवरण दिये गये हैं ।

शाखा विस्तार

104. वाणिज्य बैंकों ने 1969 में 1,369 कार्यालय, 1970 में 2,137 कार्यालय और 1971 में 1,805 कार्यालय खोले; इस प्रकार दिसंबर 1971 को समाप्त हुए तीन वर्षों में कुल मिलाकर 5,311 कार्यालय खोले गए। शाखा विस्तार की व्यापक योजना के अधीन 1974 में समाप्त होनेवाले तीन वर्षों की अवधि में भी इस गति को बनाये रखने का प्रस्ताव किया गया है । इसके अधीन, वाणिज्य बैंक 1972 और 1973 में प्रतिवर्ष कम से कम 1,500 शाखाएं और 1974 में संभवतः उससे भी थोड़ी अधिक शाखाएं खोल सकेंगे । इस प्रकार इस अवधि में कुल मिलाकर लगभग 5,000 शाखाएं खोली जाएंगी । बैंकों को शाखाओं का अधिक विस्तार करने के संदर्भ में क्षेत्रों का चयन करने के मामले में अपेक्षाकृत अधिक ध्यान देने की सलाह दी गयी है । साथ ही उनसे यह भी कहा गया है कि वे बैंक व्यवसाय की संभावनाओं से युक्त केन्द्रों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य, अपने लिए निर्धारित अग्रणी जिलों में अपने उत्तरदायित्व, अपने कार्यक्षेत्रों और अपेक्षाकृत कम विकसित/कम बैंकिंग सुविधाओंवाले राज्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर भी ध्यान दें । इसके अलावा बैंकों को यह भी सूचित किया गया है कि वे अपनी शाखाओं के वर्तमान कारोबार और भविष्य के उनके लक्ष्यों के संदर्भ में उनके कार्य की जानकारी निरंतर प्राप्त करते रहें ।

105. 1971-72 के लेखा वर्ष में, वाणिज्य बैंकों ने 1970-71 के 1,890 कार्यालयों के मुकाबले में 1,612 कार्यालय खोले । इस वर्ष के दौरान खोले गए कुल कार्यालयों में से राष्ट्रीयकृत बैंकों ने 821 कार्यालय और स्टेट बैंक आफ़ इंडिया और उसके सहायक बैंकों ने 439 कार्यालय खोले । बैंक सुविधारहित केन्द्रों में खोले गये कार्यालयों की संख्या 936 थी (सारणी 18) ।

106. बैंकिंग संघटन के क्षेत्रीय विस्तार के संबंध में की गयी प्रगति को इस वर्ष के दौरान बनाये रखा गया (सारणी 19) । राष्ट्रीयकरण के बाद अर्थात् जुलाई 1969 से जून 1972 के अंत तक खोले गये 5,375 कार्यालयों में से लगभग 3,416 कार्यालय बैंक सुविधा रहित केन्द्रों में खोले गये थे (63.5 प्रतिशत) । इन नये कार्यालयों में से 31.6 प्रतिशत कार्यालय अल्पविकसित राज्यों अर्थात् असम, बिहार जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैण्ड, उड़ीसा, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में खोले गये थे । बैंक सुविधारहित केन्द्रों में खोले गये कार्यालयों में से भी 34.1 प्रतिशत कार्यालय इन राज्यों में खोले गये थे । मणिपुर राज्य और अरुणाचल प्रदेश, दादरा और नागर हवेली तथा मिज़ोराम के संघशासित क्षेत्रों में इस वर्ष के दौरान सभी कार्यालय बैंक सुविधारहित केन्द्रों में खोले गए थे ।

107. 1971-72 में खोली गयी 1,612 अतिरिक्त शाखाओं की वृद्धि से प्रति बैंक कार्यालय उसकी सेवा प्राप्त आबादी जहां जून 1971 में 46,000 थी, वहां जून 1972 में घटकर 40,000 हो गयी । नागालैंड और त्रिपुरा को छोड़कर शेष सभी राज्यों में और संघशासित क्षेत्रों में से लक्कदीव, मिनीकाय और अमीनी द्वीप को छोड़कर सभी क्षेत्रों में यह कमी पायी गयी । अब केवल दो ही ऐसे जिले हैं जहां बैंकिंग सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं; वहां भी शाखाएं खोलने के लिए बैंकों को लाइसेंस दिये जा चुके हैं ।

108. इस वर्ष शाखाओं की विस्तार दर में थोड़ी सी कमी होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाओं के खोले जाने की दिशा में बैंकों का झुकाव इस वर्ष के दौरान भी अनुकूल बना रहा (सारणी 20) । कुल बैंक-शाखाओं में ग्रामीण क्षेत्रों की बैंक शाखाओं का अनुपात जहां जून 1971 के अंत में 35.6 प्रतिशत था वहां जून 1972 के अंत में 38.7 प्रतिशत हो गया ।

109. आठ महानगरीय केन्द्रों अर्थात् अहमदाबाद, बंगलूर, बंबई, कलकत्ता, दिल्ली, हैदराबाद, कानपुर और मद्रास के बैंकों के कारोबार के संबंध में हाल ही में किये गये अध्ययन से यह पता लगा कि इन केन्द्रों में जमाराशियों की अधिक संभावनाएं हैं और महानगरीय केन्द्रों में अधिक बैंक कार्यालय खोलने की संभावनाएं रहती हैं । यह भी महसूस

सारणि 18—वाणिज्य बैंकों द्वारा 1970-71 और 1971-72 में खोले गये नये कार्यालय

	वाणिज्य बैंकों द्वारा खोले गये नये कार्यालय						बैंक कार्यालय	
	1970-71			1971-72			30 जून 1971 को	30 जून 1972 को
	जुलाई-दिसम्बर 1970	जनवरी-जून 1971	जुलाई 1970-जून 1971	जुलाई-दिसम्बर 1971	जनवरी-जून 1972	जुलाई 1971-जून 1972		
	1	2	3	4	5	6	7	8
1. स्टेट बैंक आफ इंडिया	234	178	412	187	102	289	2286	2575
	(164)	(123)	(287)	(106)	(58)	(164)		
2. स्टेट बैंक आफ इंडिया के सहायक बैंक	86	87	173	66	84	150	1233	1383
	(64)	(55)	(119)	(39)	(46)	(85)		
3. चौदह राष्ट्रीयकृत बैंक	608	444	1052	540	281	821	6368	7189
	(413)	(245)	(658)	(321)	(149)	(470)		
4. अन्य अनुसूचित बैंक	124	115	239	175	165	340	1875	2238
	(57)	(65)	(122)	(108)	(99)	(207)		
5. विदेशी बैंक	—	—	—	—	—	—	130	130
	(—)	(—)	(—)	(—)	(—)	(—)		
6. सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंक	1052	824	1876	968	632	1600	11892	13515
	(698)	(488)	(1186)	(574)	(352)	(926)		
7. गैर अनुसूचित वाणिज्य बैंक	5	9	14	4	8	12	121	105
	(—)	(8)	(8)	(3)	(7)	(10)		
8. सभी वाणिज्य बैंक	1057	833	1890	972	640	1612	12013	13620
	(698)	(496)	(1194)	(577)	(359)	(936)		

नोट :—कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े बैंक सुविधा रहित केन्द्रों में खोले गये कार्यालयों की संख्या के द्योतक हैं ।

किया गया कि बड़े शहरों में विशेषकर व्यापार क्षेत्रों में कार्यालयों की संख्या में वृद्धि करने से पहले से ही वहां रहने वाले ऐसे कार्यालयों को, जो कारोबार में तेजी से होने वाली वृद्धि को संभालने में कठिनाई महसूस करते हैं, राहत मिलेगी और साथ ही, बहुत अधिक मात्रा में बढ़ते हुए कारोबार को व्यवस्थित करने में उन्हें सहायता मिलेगी । इसके परिणाम-स्वरूप ग्राहकों की सेवा में भी सुधार होगा । इन बातों को ध्यान में रखते हुए, महानगरीय क्षेत्रों में और कुछ शहरी केन्द्रों में प्रति बैंक कार्यालय उसकी सेवा प्राप्त आबादी को 10,000 से घटाकर 5,000 कर दिया गया है । इसके अलावा, महानगरों और पत्तन शहरों सहित अन्य शहरों में कार्यालय खोलने का अधिकार प्राप्त करने के लिए ग्रामीण/अर्ध शहरी क्षेत्रों में निर्दिष्ट संख्या में कार्यालय खोलने की जो अनिवार्यता थी उसमें भी छूट दे दी गयी है जिससे कि महानगरों/पत्तन शहरों में और अधिक कार्यालय खोले जा सकें । परिवर्धित मानक के अनुसार, जिस बैंक के 60 प्रतिशत या उससे अधिक कार्यालय ग्रामीण और अर्ध शहरी केन्द्रों में हों वह ग्रामीण और अर्ध शहरी केन्द्रों में अपने द्वारा खोले गये प्रत्येक दो कार्यालयों के लिए शहरी केन्द्र और महानगर/पत्तन शहर में एक एक कार्यालय खोलने का पात्र है । अन्य मामलों में ग्रामीण/अर्ध शहरी केन्द्रों में खोले गये प्रत्येक तीन कार्यालयों के लिए यह मानक लागू होगा । महानगरीय केन्द्रों के लिए लाइसेंस जारी करने की दिशा में हुई प्रगति में तीव्रता लाने के लिए छः केन्द्रों अर्थात बंबई, कलकत्ता, दिल्ली, हैदराबाद, मद्रास और बंगलूर में बैंकों के प्रतिनिधियों की बैठकें हुई और इन शहरों में 728 कार्यालय खोलने के लिए वितरण संबंधी व्यवस्थाएं की गयीं । बैंकों को शहरी क्षेत्रों में और 303 कार्यालय खोलने की अनुमति दी गई है । आशा कि जाती है कि इन उपायों से शहरी क्षेत्रों में विद्यमान जमाराशियों की संभावनाओं का उपयोग किया जा सकेगा और इससे वहां पहले से ही विद्यमान बैंक कार्यालयों पर पड़नेवाले दबाव दूर होंगे और साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं बढ़ाने के कार्यक्रम की गति भी बनी रहेगी ।

सारणी 19--जून 1970, जून 1971 और जून 1972 के अन्त में विद्यमान बैंक कार्यालयों का राज्यवार वितरण

राज्य	कार्यालयों की संख्या		1970-71 के दौरान खोले गये		1971-72 के दौरान खोले गये		आबादी प्रति बैंक कार्यालय (हजार में)	
	जून 1970 के अन्त में	जून 1971 के अन्त में	जून 1972 के अन्त में	जोड़	उनमें से बैंक सुविधा रहित केन्द्रों में खोले गये	जोड़	उनमें से बैंक सुविधा रहित केन्द्रों में खोले गये	जून 1971 के अन्त में	जून 1972 के अन्त में
	1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. आंध्र प्रदेश	722	869	959	147	95	90	44	50	45
2. असम	96	122	149	26	23	27	22	120	98
3. बिहार	361	453	541	92	62	88	68	124	104
4. गुजरात	919	1105	1234	187	106	129	83	21	22
5. हरियाणा	219	258	299	39	19	41	29	39	34
6. हिमाचल प्रदेश	62	87	108	25	23	21	19	40	32
7. जम्मू और काश्मीर	71	101	116	27	13	15	8	46	40
8. केरल	713	845	978	132	100	136	92	25	22
9. मध्य प्रदेश	460	566	669	107	62	103	58	73	62
10. महाराष्ट्र	1301	1471	1679	167	86	208	77	34	30
11. मणिपुर	2	5	6	3	3	1	1	215	178
12. मेघालय	11	15	16	4	4	1	—	67	63
13. मैसूर	954	1124	1292	170	107	168	107	26	23
14. नागालैंड	4	5	5	1	1	—	—	103	103
15. उड़ीसा	133	173	192	40	30	19	12	126	114
16. पंजाब	465	556	651	91	55	95	59	24	21
17. राजस्थान	432	525	570	93	61	45	25	49	45
18. तमिलनाडु	1213	1371	1484	164	107	115	73	30	28
19. त्रिपुरा	6	12	12	6	6	—	—	130	130
20. उत्तर प्रदेश	932	1147	1324	215	142	177	107	77	67
21. पश्चिम बंगाल संघशासित क्षेत्र	588	684	760	96	67	76	40	65	58
22. अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह	2	2	4	—	—	2	1	57	29
23. अरुणाचल प्रदेश	—	3	5	3	3	2	2	156	94
24. चंडीगढ़	26	28	33	2	—	5	—	9	8
25. दादरा और नागर हवेली	1	3	4	2	2	1	1	25	19
26. दिल्ली	318	350	385	32	2	35	1	12	10
27. गोवा, दमन और दीव	101	111	118	10	9	7	4	8	7
28. लक्का, दीव मिनीकॉय और अमीनी द्वीप	—	2	2	2	2	—	—	16	16
29. मिजोराम	—	—	1	—	—	1	1	—	332
30. पांडिचेरी	13	20	24	7	4	4	2	24	20
जोड़	**10131**	**12313**	**13620**	**1890**	**1194**	**1612**	**936**	**46**	**40**

सारणी 20--वाणिज्य बैंकों के कार्यालयों का केन्द्रवार वितरण

	निम्नलिखित अवधि के अन्त में कार्यालयों की संख्या									
	जून 1969		जून 1970		जून 1971		दिसम्बर 1971		जून 1972	
	संख्या	जोड़ में %	संख्या	जोड़ में %	संख्या	जोड़ में %	संख्या	जोड़ में %	संख्या	जोड़ में %
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
(1) ग्रामीण	1832	22.4	3062	30.2	4279	35.6	4889	37.5	5267	38.7
(2) अर्ध शहरी	3322	40.1	3695	36.5	4016	33.4	4224	32.6	4351	31.9
(3) शहरी	1447	17.5	1583	15.6	1778	14.8	1850	14.3	1916	14.1
(4) महानगर/पत्तन शहर	1661	20.0	1791	17.7	1940	16.2	2022	15.6	2086	15.3
जोड़	8262	100.0	10131	100.0	12013	100.0	12985	100.0	13620	100.0

110. समामेलन, आस्तियों और देयताओं के अंतरण, रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में बैंकों के जोड़े या उसमें से हटाये जाने के कारण कार्यालयों की संख्या में परिवर्तन होने के बावजूद अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्यालयों की संख्या में 1623 की वृद्धि हुई । परन्तु गैर अनुसूचित बैंकों के कार्यालयों की संख्या में 16 की कमी हुई (सारणी 21) । जून 1972 के अंत में अनुसूचित और गैर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्यालयों की संख्या क्रमशः 13,515 और 105 थी जब कि उनकी संख्या जून 1971 के अंत में क्रमशः 11,892 और 121 थी ।

अग्रणी बैंक योजना :

111. पिछली रिपोर्ट में बैंकों द्वारा अग्रणी बैंक योजना के अधीन उनके लिए नियत किये गये जिलों का शीघ्र और प्रभावकारी ढंग

सारणी 21:—अनुसूचित और गैर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा भारत में खोले गये और बंद किये गये कार्यालयों की संख्या

	खोले गये नये कार्यालय	समामेलन, विलयन, आस्तियों और देयताओं के अंतरण तथा रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में जोड़े या उसमें से हटाये जाने के कारण परिवर्तन	बंद किये गये वर्तमान कार्यालय	कार्यालयों की संख्या में समग्र घट-बढ़	अवधि के अंत में कार्यालयों की संख्या
	1	2	3	4	5
अनुसूचित वाणिज्य बैंक :					
1969 जनवरी-जून	565 (24)	+1	—3	+563	8045
जुलाई-दिसंबर	772 (65)	+53	—3	+822	8867
1970 जनवरी-जून	1068 (190)	+3	—	+1071	9938
जुलाई-दिसंबर	1052 (234)	+54	—4	+1102	11040
1971 जनवरी-जून	824 (178)	+32	—4	+852	11892
जुलाई-दिसंबर	968 (187)	+28	—	+996	12888
1972 जनवरी-जून	632 (102)	—	—5	+627	13515
गैर अनुसूचित बैंक					
1969 जनवरी-जून	11	—1	—	+10	217
जुलाई-दिसंबर	21	—53	—1	—33	184
1970 जनवरी-जून	12	—3	—	+9	193
जुलाई-दिसंबर	5	—54	—	—49	144
1971 जनवरी-जून	4	—32	—	—23	121
जुलाई-दिसंबर	9	—28	—	—24	97
1972 जनवरी-जून	8	—	—	+8	105
सभी वाणिज्य बैंक					
1969 जनवरी-जून	576	—	—3	+573	8262
जुलाई-दिसंबर	793	—	—5	+789	9051
1970 जनवरी-जून	1080	—	—	+1080	10131
जुलाई-दिसंबर	1057	—	—4	+1053	11184
1971 जनवरी-जून	833	—	—4	+829	12013
जुलाई-दिसंबर	972	—	—	+972	12985
1972 जनवरी-जून	640	—	—5	+635	13620

नोट : 1. कोष्टकों में दिये गये आंकड़े स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया से संबंधित हैं।

2. इन आंकड़ों में प्रशासनिक, मौसमी, अस्थायी और गैर बैंकिंग कार्यालय और भारत के बाहर स्थित कार्यालय शामिल नहीं हैं।

से सर्वेक्षण करवाये जाने के उद्देश्य से उठाये गये कदमों का उल्लेख किया गया था। तब से बैंकों ने जिलों के सर्वेक्षण कार्य को पूरा करने में अच्छी प्रगति की है। इस प्रकार बैंकों को वितरित किये गये कुल 337 जिलों में से 260 जिलों से संबंधित सर्वेक्षण रिपोर्ट अब तक पूरी हो चुकी हैं। रिपोर्टों को तैयार करते समय बैंकों ने इस बात का ध्यान रखा है कि अल्प विकसित राज्यों अर्थात् असम, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों के सर्वेक्षण विवरण उनमें आयें। वस्तुतः इन राज्यों के 80 प्रतिशत जिलों के विवरण उनमें दिये जा चुके हैं।

112. इस वर्ष के दौरान, रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने अग्रणी बैंक सर्वेक्षणों द्वारा पता लगाये गये केन्द्रों का वितरण करने के लिए जयपुर में एक बैठक का आयोजन किया। इसको मिलाकर, रिजर्व बैंक ने अब तक ऐसी सात बैठकों का आयोजन किया है और इन बैठकों में 833 बैंक-सुविधारहित केन्द्रों को विभिन्न वाणिज्य बैंकों में वितरित कर दिया गया है। अग्रणी बैंक सर्वेक्षणों द्वारा पता लगाये गये बैंक-सुविधारहित केन्द्रों को वितरित करने के लिए बैंक जिला स्तर पर भी ऐसी बैठकों का आयोजन करते रहे हैं।

113. अग्रणी बैंकों के नाम से अभिहित किये जाने वाले बैंकों से शाखा विस्तार की व्यापक योजना के अधीन यह अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे केन्द्रों के नामों की सूचना जहां बैंकों के कार्यालय खोले जा सकते हों, अन्य सभी बैंकों और रिजर्व बैंक आफ इंडिया को दें ताकि अग्रणी और गैर अग्रणी जिलों में बैंकों द्वारा किये जाने वाले शाखा विस्तार कार्यक्रमों में समन्वय स्थापित किया जा सके। इससे अग्रणी बैंक होने के कारण बैंकों को जो उत्तरदायित्व वहन करने पड़ते हैं उनके अनुरूप उनके शाखा विस्तार कार्यक्रम को बनाने में भी सहायता मिलेगी।

114. इस योजना के अधीन अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में बैंकों ने बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के बीच विचार विमर्श करने के लिए एक मंच के रूप में जिला स्तरीय परामर्श समितियों का गठन किया है। इन समितियों के उद्देश्य इस प्रकार हैं : ऋणकर्ताओं और अग्रता वाले क्षेत्रों को दिये जाने वाले ऋणों से संबंधित जानकारी का आदान-प्रदान हो, जिलों में बैंक सुविधाओं की व्यवस्था करने वाली योजनाओं की संभावनाओं का पता लगाया जाए और समन्वित रूप से उन योजनाओं का वित्तपोषण करने के लिए आवश्यक प्रणालियां निर्धारित की जाएं। लगभग सौ जिलों में ऐसी समितियों का गठन किया जा चुका है। बैंकों को यह सलाह भी दी गयी है कि वे राज्य सरकारों के अधिकारियों से संपर्क बनाये रखें।

115. अग्रणी बैंक कार्यक्रम का एक प्रमुख कार्य इस प्रकार है : बैंक तेजी से किये गये सर्वेक्षणों की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में क्षेत्रीय प्रायोजनाओं के वित्तपोषण के लिए आवश्यक योजनाएं बनाने के निमित्त गंभीर अध्ययन करेंगे। यद्यपि इस संबंध में थोड़ी सी प्रगति की गई है, फिर भी जितने सर्वेक्षण किये गये हैं, और जितने जिले ऐसे अध्ययनों के अंतर्गत आए हैं वे आवश्यकता के अनुपात में पर्याप्त नहीं हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि बैंकों के पास कृषि और लघु उद्योगों के क्षेत्रों में अपने अग्रणी उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए पर्याप्त संख्या में तकनीकी दृष्टि से दक्ष कर्मचारी नहीं थे। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, पुनर्गठन और पुनः कर्मचारियों को भर्ती करने की योजनाओं के द्वारा इस बाधा को दूर करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं।

वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि के लिए वित्तीय सहायता

116. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में रिजर्व बैंक द्वारा वाणिज्य बैंकों के नाम कृषि क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करने से संबंधित मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये जाने का उल्लेख किया गया था। इन मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसरण में वाणिज्य बैंक कृषि ऋण के संदर्भ में अपनी ऋण नीतियों और क्रियाविधियों को परस्पर अनुरूप बनाने का प्रयास करते रहते हैं। परन्तु इस वर्ष वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि के लिए दिये जाने वाले अग्रिमों की वृद्धि में कमी आयी; इस कमी का आंशिक कारण यह है कि गुणवत्ता के अनुसार ऋण प्रदान किये जाने और उनके अंतिम उपयोग का प्रभावशाली ढंग से पर्यवेक्षण किये जाने पर अधिक ध्यान दिया जाता रहा। बैंक अब तक व्यापक क्षेत्रों में जो प्रयत्न करते थे उनसे उन क्षेत्रों के सभी भाग समान रूप से लाभान्वित होते थे। किन्तु अब बैंक इस प्रकार की कार्य पद्धति को धीरे-धीरे समाप्त कर रहे हैं और क्षेत्रीय योजनाओं, एकीकृत प्रणालियों, गांवों को अभिस्वीकृत करने की पद्धतियों, वर्गवार ऋण प्रदान करने के तरीकों आदि के सघन कार्यक्रमों को तैयार कर रहे हैं। इसका उदाहरण स्टेट बैंक आफ इंडिया का वह निर्णय है जिसके अनुसार देश भर में कृषि विकास शाखाएं खोलने के लिए 150 केन्द्रों का चुनाव किया जाएगा। इनमें से प्रत्येक शाखा में तकनीकी और अन्य क्षेत्र कर्मचारियों की व्यवस्था की जाएगी और यह आशा की जाती है कि अंत में प्रत्येक शाखा लगभग 100 गांवों को सेवा प्रदान करेगी। चूंकि पता लगाये गये अनेक केन्द्र छोटे किसानों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के लिए बनाये गये सरकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत आ जाते हैं इसलिए इस बात की संभावना अधिक है कि छोटे कृषक विकास एजेंसी/सामान्य कृषक तथा कृषि श्रम क्षेत्रों में वाणिज्य बैंकों की भूमिका में वृद्धि हो जाए। जैसे ही छोटे कृषक विकास एजेन्सी/सामान्य कृषक तथा कृषि श्रम प्रायोजनाओं के प्राधिकारी बैंकों को योग्य व्यक्तियों की सूची एक बार उपलब्ध करा देंगे, वे फ़सल उगाने, डेरी उद्योग और सिंचाई की सुविधाओं को बढ़ाने आदि के लिए ऋण संबंधी सहायता प्रदान कर सकेंगे। बैंकों को अपनी संगठन क्षमता के अनुसार इन क्षेत्रों में कुछ विस्तार कार्य करना पड़ सकता है। कृषि के सघन वित्तपोषण के लिए बैंकों ने स्वयं अपनी भी विशेष योजनाएं बनाई हैं।

117. अप्रैल, 1972 में रिजर्व बैंक के तत्वावधान में बड़े वाणिज्य बैंकों के कृषि वित्त विभागों के अध्यक्षों की एक बैठक बुलाई गयी जिसमें कृषि के लिए दिये जाने वाले अग्रिमों में पायी गयी सामान्य कमी के कारणों और बैंकों द्वारा अपनाये गये क्षेत्रगत् दृष्टिकोण की पद्धति पर विचार-विमर्श किया गया। ऐसा सोचा गया कि केवल एक बैंक के लिए क्षेत्रों को निर्धारित करना वांछनीय नहीं है; क्योंकि इससे कृषि ऋण के संदर्भ में विविध सेवा एजेंसी दृष्टिकोण का सिद्धांत ही विफल हो जाएगा। दस मील की परिधि में किसी शाखा के अधिकार क्षेत्र का निर्धारित किया जाना कोई कठोर मानक नहीं है, बल्कि ऋणों की पर्यवेक्षण क्षमता के संदर्भ में जो महत्व दिया जाता है उसका परिचायक मात्र है। बैठक में यह भी निश्चय किया गया कि वाणिज्य बैंकों को अपनी शाखाओं से ऋणों की मांग, वसूली और बकाया राशि की सूचना प्राप्त की जानी चाहिए।

118. इस बात को संभव बनाने के लिए कि कृषि के लिए वाणिज्य बैंक अपेक्षाकृत अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करें, कृषि के लिए

ऋण प्रदान करने वाले वाणिज्य बैंकों से संबंधित राज्य अधिनियमों, पर विशेषज्ञ दल द्वारा दी गयी सिफ़ारिशों पर तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है। सितम्बर 1971 में रिजर्व बैंक के गवर्नर ने यह रिपोर्ट विभिन्न राज्य सरकारों के मुख्य मंत्रियों/मुख्य सचिवों के पास भेजी थी। उन्होंने उनसे यह अनुरोध किया था कि राज्य विधान मंडल विशेषज्ञ दल द्वारा सिफारिश किये गये आदर्श विधेयक को जल्दी अधिनियम का रूप दें जिससे कि वाणिज्य बैंकों से ऋण लेने वाले कृषकों को ये सारी सुविधायें प्राप्त करायी जा सकें जो सहकारी बैंकों से ऋण लेते समय उन्हें प्राप्त होती हैं। कुछ राज्य सरकारों ने विशेषज्ञ दल द्वारा सिफारिश किये गये कतिपय प्रशासनिक उपायों को लागू करने की दिशा में कदम उठाये हैं। किन्तु अधिकांश राज्यों में विशेषज्ञ दल की सिफारिशों के अनुसार अधिनियम बनाने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

भारतीय ऋण गारंटी निगम लिमिटेड

119. निगम द्वारा 1 अप्रैल 1971 से शुरू की गयी भारतीय ऋण गारंटी निगम (छोटे ऋण) गारंटी योजना 1971 को इस वर्ष काफी अधिक उदार बना दिया गया है ताकि अधिक उपयुक्त ऋणकर्ताओं और और ऋणों को गारंटी की सुविधा दी जा सके। 1 जनवरी 1972 से लागू किये गये उदारीकरण के अधीन निगम की गारंटी के साथ किसानों और काश्तकारों को विभिन्न उद्देश्यों के लिए दिये जाने वाले ऋणों की राशि पर सीमा संबंधी कोई प्रतिबंध नहीं होता। उपर्युक्त उद्देश्यों में (चाय, काफ़ी या रबड़ से इतर) फ़सलों की खेती या भूमि का विकास या सुधार या मत्स्यपालन और रेशम उत्पादन जैसे संबंधित कृषि कार्य शामिल हैं। साथ ही ऐसे मौसमी ऋणों पर भी कुछ शर्तों के अधीन गारंटी प्रदान की जाती है जिन्हें प्राकृतिक या अन्य विपत्तियों के कारण अथवा किसानों के नियंत्रण के बाहर की विपरीत परिस्थितियों के कारण चुकाया नहीं गया हो और जिन्हें मीयादी या किस्त ऋणों में बदल दिया गया हो। फ़सल के उत्पादन के लिए दिये जाने वाले ऋणों को चुकाने की अधिकतम अवधि को 15 महीने से बढ़ाकर 24 महीने कर दिया गया है और मौसमी कृषि संबंधी कार्यों को छोड़कर अन्य उद्देश्यों के लिए दिये जाने वाले ऋणों को चुकाने की अधिकतम अवधि को पांच वर्ष से बढ़ाकर दस वर्ष कर दिया गया है।

120. 31 दिसम्बर 1971 तक निगम ने केवल ऋण संबंधी उन सुविधाओं के लिए गारंटी प्रदान की जो 1 अप्रैल 1971 के बाद वाणिज्य बैंकों ने प्रदान की थीं। परन्तु उदारीकृत उपबन्धों के अधीन 1 जनवरी 1972 को कारोबार शुरू करते समय बकाया रहने वाले सभी ऋणों के लिए गारंटी उपलब्ध है चाहे किसी भी तारीख को ऋण सुविधाएं मंजूर की गयी हों या उनका उपयोग किया गया हो। किन्तु शर्त यह है कि संबंधित ऋणकर्ता और प्रदान की गयी ऋण सुविधाएं उदारीकृत उपबंधों के अनुरूप हों। परन्तु 1 जनवरी 1972 को बकाया रहने वाली ऐसी ऋण सुविधाओं को इस व्यवस्था में सम्मिलित नहीं किया गया है जिन्हें पहले ही वापस लिया जा चुका हो या अशोध्य या संदिग्ध समझा जा चुका हो या जिनका उपयोग पहले के अशोध्य या संदिग्ध ऋणों के समायोजन के लिए किया जा चुका हो या ऋणकर्ताओं ने अपने कार्यकलापों या कारोबार को बंद कर दिया हो। उदारीकृत उपबंधों के अधीन ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं को गाड़ियां खरीदने के लिए परिवहन चालकों को दिये गये ऋणों के संदर्भ में एक लाख रुपये तक के लिए गारंटी सुविधा प्राप्त है; अब तक यह सुविधा 50,000 रुपयों तक के लिए दी जाती थी। उर्वरकों के उन व्यापारियों जिनकी वार्षिक बिक्री की राशि 5 लाख रुपयों तक (पहले यह सीमा 2 लाख रुपये थी) हो और ऐसे पैट्रोल स्टेशनों और खनिज तेलों के अन्य फुटकर व्यापार केन्द्रों के मालिकों जिनकी वार्षिक बिक्री की राशि 5 लाख रुपयों तक (पहले यह सीमा एक लाख रुपये थी) हो, इस योजना के अधीन गारंटी सुविधा प्राप्त हो सकती है।

121. इस वर्ष निगम ने दो अन्य योजनाएं शुरू की। भारतीय ऋण गारंटी निगम छोटे ऋण (वित्तीय निगम) गारंटी योजना 1 जुलाई 1971 को शुरू की गयी। इस योजना के अधीन तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड सहित राज्य निगमों द्वारा प्रदान किये गये ऋण आते हैं। यह योजना पहले बतायी गयी छोटे ऋण गारंटी योजना के समान है। इस योजना के अधीन परिवहन चालकों, छोटे होटल मालिकों और ऐसे कारोबारी उद्यमों जो बिजली या किसी दूसरे प्रकार के पावर के उत्पादन में लगे हों या आसपास की भूमि को मिलाकर किसी क्षेत्र को औद्योगिक आस्थान के रूप में विकसित या प्रबन्धित करने में लगे हों अर्थात् ऐसे ऋणकर्ताओं जिन्हें वित्तीय निगम वित्तीय सहायता प्रदान करने की स्थिति में हों और जो केन्द्रीय सरकार की ओर से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा चलायी गयी लघु उद्योग संबंधी ऋण गारंटी योजना के अधीन न आते हों, को दी जाने वाली ऋण सुविधाएं आती हैं। 1 जनवरी 1972 से वित्तीय निगम गारंटी योजना को भी उदार बना दिया गया ताकि 1 जनवरी, 1972 को बकाया रहने वाली सभी उपयुक्त ऋण सुविधाएं और प्रत्येक परिवहन चालक को दी गयी 1 लाख रुपये तक की परिवहन संबंधी वित्तीय सहायता उसके अंतर्गत आ सकें।

122. सेवा सहकारी समिति गारंटी योजना 1 अक्तूबर 1971 से अमल में लायी गयी। उक्त योजना के अधीन किसी भी तरह के औद्योगिक कार्य में संलग्न कारीगरों और कामगारों को सहायता प्रदान करने वाली सेवा सहकारी समितियों को प्रदान की गयी ऋण संबंधी सुविधाओं के लिए गारंटी दी जाती है। यह सुविधा देश के सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को उपलब्ध है। इस योजना से लाभान्वित होने वाली दूसरी ऋण संस्थाएं राज्य और संघशासित क्षेत्रों के ऐसे राज्य और केन्द्रीय सहकारी बैंक हैं जिन पर जमा बीमा निगम अधिनियम 1961 के उपबंध लागू हो चुके हैं।

123. दिसंबर 1971 के अंत तक निगम की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की गयी ऋण सुविधाओं की राशि छोटे ऋण गारंटी योजना के संदर्भ में 71 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों में से 63 बैंकों के मामले में 109.72 करोड़ रुपये और वित्तीय निगम गारंटी योजना के संदर्भ में 18 वित्तीय निगमों में से 13 निगमों के मामले में 2.60 करोड़ रुपये थी। सेवा सहकारी समिति गारंटी योजना के संदर्भ में एक बैंक को 1.89 लाख रुपयों की ऋण सुविधाएं प्रदान की गयी थीं। निगम ने किसानों और काश्तकारों और अन्य ऋणकर्ताओं को दिये जाने वाले सहकारी ऋण को गारंटी रक्षा प्रदान करने के प्रश्न का अध्ययन करने के लिए एक कार्यकारी दल का गठन किया है।

124. 31 दिसम्बर 1971 को समाप्त हुए वर्ष में लघु ऋणों और वित्तीय निगमों की गारंटी योजनाओं के संदर्भ में निगम को गारंटी शुल्कों के रूप में 4.05 लाख रुपये प्राप्त हुए। निगम को अब तक कोई दावे प्राप्त नहीं हुए हैं। निगम से किये जाने वाले दावों को निपटाने के उद्देश्य से यह विचार किया गया है कि असमाप्त गारंटी जोखिमों की एक प्रारक्षित निधि बनायी जाए जिसमें ऐसी राशि जमा

की जाए जो वर्ष के दौरान वसूल किये गये गारंटी शुल्कों में से उस वर्ष में अदा किये गये दावों की राशि घटाने पर शेष रहने वाली शुल्क राशि के 50 प्रतिशत से कम या 100 प्रतिशत से अधिक न हो। तदनुसार 1971 के दौरान प्राप्त किये गये 4.05 लाख रुपयों की पूरी राशि अवमाप्त गारंटी जोखिमों की प्रारक्षित निधि में जमा की गयी।

विभेदक ब्याज दरें

125. केन्द्रीय वित्त मंत्री ने 25 मार्च 1972 को संसद में सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा दिये जाने वाले अग्रिमों के संबंध में विभेदक ब्याज दरों की योजना लागू करने के सरकार के निर्णय की घोषणा की। योजना के अधीन ली जाने वाली विभेदक ब्याज दर फिलहाल समान रूप से 4 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। रिजर्व बैंक ने बैंकों को सरकार के निर्णय की सूचना दी तथा उन्हें यह भी सूचित किया कि योजना के अधीन ऋणों के लिए पात्र व्यक्तियों का पता लगाने के लिए कौन से मानदंड हैं और किन शर्तों के अधीन ऋण दिये जाने चाहिए।

126. जिस उद्यम में कुछ समय के बाद आत्मनिर्भर होने की क्षमता हो, वह उद्यम इस योजना के अधीन वित्तीय सहायता के लिए पात्र होगा। जिन क्षेत्रों में से बैंकों को योजना के अधीन ऋण प्राप्त करने योग्य व्यक्तियों का पता लगाना होगा, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं; अनुसूचित जनजातियों/अनुसूचित जातियों के लोग तथा अन्य लोग जो सामान्य स्तर पर कृषि और या/उससे संबद्ध कार्यों में लगे हों; वन उत्पादों के संग्रहण या प्रारंभिक संसाधन के कार्य में लगे हुए लोग, कठिन क्षेत्रों में चारा इकट्ठा कर उसे कृषकों या व्यापारियों को बेचने वाले लोग, सामान्य स्तर पर कुटीर और ग्रामीण उद्योगों में तथा अन्य व्यवसायों में स्वयं परिश्रम करने वाले लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अच्छी योग्यता वाले गरीब विद्यार्थी, लाभप्रद व्यवसाय करने वाले विकलांग लोग ऐसे अनाथालय और महिला-गृह जहां विक्रेय वस्तुएं बनायी जाती हों और जिनके लिये पर्याप्त और निश्चित वित्तीय आधार न हो। इस योजना के अधीन ऋण प्राप्त करने के लिए वही व्यक्ति पात्र होगा जिसके परिवार की आय, यदि वह शहरी या अर्ध शहरी क्षेत्र में रहने वाला हो तो वार्षिक 2,000 रुपयों से अधिक न हो और यदि वह ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाला हो तो वार्षिक 1,200 रुपयों से अधिक न हो। इसके अलावा, उसके पास एक एकड़ से अधिक सिंचित भूमि न हो और यदि भूमि सिंचित न हो तो वह 2.5 एकड़ से अधिक न हो।

127. यद्यपि अलग-अलग व्यक्तियों को ऋण दिये जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है, फिर भी बैंकों को चाहिए कि वे प्रारंभ में विशेष रूप से व्यक्ति समूहों को ऋण दें। योजना के अधीन कार्यकारी पूंजी और अचल आस्तियां प्राप्त करने के निमित्त पांच वर्षों से अनधिक अवधि के मीयादी साख के लिए ऋण प्रदान किये जायेंगे। यह आशा की जाती है कि सामान्यतः कार्यकारी पूंजी की राशि 500 रुपयों और मियादी ऋणों की राशि 2,500 रुपयों से अधिक नहीं होगी। मार्जिन संबंधी अपेक्षाओं में छूट दी जा सकती है। फिर भी ऋणों की सहायता से खरीदी गयी आस्तियों को बैंक बंधक के रूप में रख ले सकते हैं। प्रत्येक ऋण को वर्तमान ऋण गारंटी योजनाओं के अंतर्गत रक्षा प्राप्त करनी होती है और उसके संबंध में गारंटी शुल्क का भार बैंकों को वहन करना होगा। ऋणकर्ता की निर्वाह संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए साप्ताहिक अदायगी के कार्यक्रम बनाये जायेंगे और मीयादी ऋणों के मामले में दो वर्षों से अनधिक अनुग्रह अवधि की भी व्यवस्था की गयी है।

128. उक्त योजना अभी प्रायोगिक स्थिति में है और उसे कतिपय चुने हुए पिछड़े जिलों में कार्यान्वित करना है। छोटे कृषक विकास एजेन्सी/सामान्य कृषक तथा कृषि श्रम प्रायोजनाओं के अधीन आने वाले जिले इस योजना के अंतर्गत नहीं आयेंगे। प्रत्येक बैंक को चुने हुए जिलों की हर आठ या दस शाखाओं में से कम से कम एक शाखा को चुनना है और इस चयन कार्य में ग्रामीण, अर्ध शहरी और शहरी क्षेत्रों का उचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए। यह आशा की जाती है कि इस योजना के अधीन प्रत्येक बैंक द्वारा दिये जाने वाले ऋण की मात्रा पिछले वर्ष के अंत में उसके द्वारा दिये गये कुल ऋणों का लगभग आधा प्रतिशत होगी।

हुंडी पुनर्भाजन योजना

129. भारत में हुंडी बाजार के विकास को प्रोत्साहित करने के निमित्त नवम्बर 1970 में शुरू की गयी हुंडी पुनर्भाजन योजना को इस वर्ष संशोधित किया गया ताकि उसका कार्य क्षेत्र व्यापक हो सके। सरकारी विभागों और अर्ध सरकारी निकायों तथा सांविधिक निगमों और सरकारी कंपनियों को माल बेचने से उत्पन्न होने वाली विनिमय हुंडियों के लिए भी 30 जुलाई 1971 को यह यह योजना लागू की गयी बशर्ते कि उक्त बिल योजना की अपेक्षाओं के अनुरूप हो। रिजर्व बैंक को पुनर्भाजित बिलों की दाति करने और रिजर्व बैंक से उन्हें पुनः लौटाने में होने वाले विलंब को दूर करने तथा उसके कार्यभार को कम करने की दृष्टि से 25 अक्तूबर 1971 को यह निश्चय किया गया कि बैंक को 2 लाख रुपयों और उससे कम राशि के अंकित मूल्य की प्रत्येक हुंडी को रिजर्व बैंक के पास वास्तविक रूप से रखने की जो आवश्यकता है उसे समाप्त कर दिया जाए और ऐसी हुंडियों को रिजर्व बैंक के एजेंटों के रूप में अपने पास ही रखने के लिए बैंकों को प्राधिकृत किया जाए। रिजर्व बैंक द्वारा पुनर्भाजन किये जाने योग्य हुंडी की न्यूनतम राशि को 5,000 रुपयों से कम कर 1,000 रुपये कर दिया गया। 6 अप्रैल 1972 से भारतीय औद्योगिक ऋण और विनिवेश निगम लिमिटेड के खरीदार घटकों की ओर से अकेले अथवा उनके साथ संयुक्त रूप से निगम पर आहरित किये गये और निगम द्वारा स्वीकार किये गये विनिमय बिलों को भी योजना के अधीन पुनर्भाजन योग्य बना दिया गया बशर्ते कि कोई योग्य अनुसूचित वाणिज्य बैंक उन्हें पुनर्भाजन के लिए प्रस्तुत करे। इसके अलावा नयी हुंडी पुनर्भाजन योजना के क्षेत्र को व्यापक बनाने की दृष्टि से उधार मामलों में बैंकों को रिजर्व बैंक ने यह सलाह दी है कि वही-ऋण सीमाओं को जहां तक संभव हो हुंडी सीमाओं में परिवर्तित कर दिया जाए। इसके साथ ही बैंकों से यह भी कहा गया है कि वे अपने द्वारा भुनायी गयी हुंडियों के संबंध में अधिकाधिक मात्रा में हुंडी पुनर्भाजन सुविधाओं का लाभ उठायें।

130. उक्त योजना ने इस वर्ष के दौरान और प्रगति की और अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने 1971-72 के अधिक कामकाज के समय में योजना का अधिक उपयोग किया। पुनर्भाजन की गयी हुंडियों के बकाया स्तर में प्रारंभ में जुलाई और अगस्त 1971 में कमी हुई, परन्तु वह जहां जून 1971 के अंत में 10 करोड़ रुपये था वहां सितंबर 1971 के अंत में बढ़कर 25 करोड़ रुपये हो गया। 1971-72 के अधिक कामकाज के समय के प्रारंभ में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में पुनर्भाजन किये गये बिलों की राशि 14 करोड़ रुपये थी। जैसे जैसे अधिक कामकाज का समय बीतता गया, बैंकों ने अधिकाधिक मात्रा में पुनर्भाजन सुविधाओं का लाभ उठाया और मार्च 1972 के अंत में 42 करोड़ रुपयों की राशि बकाया थी; कम कामकाज का समय प्रारंभ होते ही यह राशि कम हो गयी और जून 1972 के अंत में 9.9 करोड़ रुपये रह गयी।

131. बैंक हुंडी पुनर्भांजन योजना का अधिकाधिक मात्रा में जो लाभ उठा रहे हैं उसका यह प्रमाण है कि संतोषजनक चलमुद्रा स्थिति के बावजूद रिजर्व बैंक में पुनर्भांजन की गयी हुंडियों की राशि 1971-72 के अधिक कामकाज के समय उच्चतम स्तर पर (17-3-72) 45 करोड़ रुपये थी जब कि वह 1970-71 के अधिक कामकाज के समय में उच्चतम स्तर पर (30-4-71) 14.1 करोड़ रुपये थी।

ऋण प्राधिकरण योजना

132. ऋण प्राधिकरण योजना में 1970 के मध्य में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ था और उसे इस तरह व्यापक बनाया गया था कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा किया जानेवाला ऋण मूल्यांकन उसके अंतर्गत आ जाए ताकि बड़े ऋणकर्ताओं पर वित्तीय अनुशासन हो। यह नई विनियामक प्रणाली एक ऐसा प्रभावी तंत्र सिद्ध हुई है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि बैंक ऋण का उचित उपयोग होता है; बैंकों ने भी ऋण मूल्यांकन संबंधी अपनी प्रणालियों को स्पष्ट रूप से नियमित कर लिया है और वे उन्हें और सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। बैंकों के ऋण मूल्यांकन के स्तरों में सुधार होने के साथ साथ इस वर्ष के दौरान बैंक की पूर्व प्राधिकरण-शर्तों में कतिपय ऐसे परिवर्तन किये गये जो वास्तव में 'कार्यकलापों को नियमित करने वाले थे' जिससे कि बैंक बिना पूर्व प्राधिकरण के, अपने ऋणकर्ताओं द्वारा वास्तविक उद्देश्यों के लिए की जाने वाली ऋण की मांग की पूर्ति कर सकें। इसके अलावा ऋण प्राधिकरण योजना के अधीन आने वाले उधारकर्ताओं को बैंक जो ऋण सुविधाएं अपनी ओर से दे सकते हैं, वे मुख्यतः इस प्रकार हैं; तीन महीनों की अवधि के लिए 10 लाख रुपयों तक की अस्थायी/अंतरिम ऋण सीमाएं, अन्य पार्टी के बाहरी चेकों/बैंक ड्राफ्टों की खरीद, ऋण सीमा के 5 प्रतिशत या 10 लाख रुपयों (इनमें से जो भी कम हो) तक अस्थायी अतिरिक्त आहरण; भारग्रस्त चल संपत्ति पर अग्रिम, मूल स्तरों तक ऋण सीमाओं को फिर चालू करना और रिजर्व बैंक द्वारा पहले से ही प्राधिकृत सीमाओं का पुनर्वितरण।

133. योजना को अमल में लाते समय यह पाया गया कि बैंक वित्त की अधिकतम आवश्यकताओं को दिखाते समय कुछ बैंक बकाया स्टाकों को भी उधारकर्ताओं को ऋण सीमाओं को निर्धारित करने के उद्देश्य के लिए अनुमत बैंक वित्त का हिसाब लगाने के लिए उपलब्ध स्टाकों के रूप में दिखाते हैं। इस प्रणाली के परिणामस्वरूप 'दुहरा वित्तपोषण' होने लगा। क्योंकि उधारकर्ता इस प्रकार एक ही वस्तु सूची के संबंध में विक्रेता से और साथ ही बैंकों से भी वित्तीय सहायता लेते थे; इस प्रकार उधारकर्ता अपनी निधियों के स्थान पर उधार ली गयी निधियों में से बैंकों को मार्जिन दे सकते थे। यद्यपि इस पहलू पर अध्ययन दल (यह दल प्रारूप विवरणियां बनाने के लिए नियुक्त किया गया था और इसका पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था) के सदस्यों द्वारा अनौपचारिक रूप से विचार विमर्श किया गया, फिर भी बाद में यह अनुभव किया गया कि देश में विद्यमान परिस्थितियों को देखते हुए (जहां बैंक वित्त पर भारी मात्रा में निर्भर रहने की प्रवृत्ति रहती है) रिजर्व बैंक कम से कम प्रारंभ में कुछ समय के लिए इस बात पर जोर नहीं देगा। कि अनुमत बैंक वित्त का निर्धारण करते समय ऐसे बकाया स्टाकों को उसमें शामिल न किया जाए। योजना में संशोधन किये जाने के बाद प्राप्त अनुभवों के संदर्भ में रिजर्व बैंक ने स्थिति का पुनरीक्षण किया है और यह वांछनीय समझा गया है कि बकाया स्टाकों के शोधन के मामले में सभी बैंक एक समान प्रणाली अपनाएं। तदनुसार जनवरी 1972 में बैंक ने इस आशय के अनुदेश जारी किये कि वित्त की उच्चतम आवश्यकताओं को दिखाते समय बैंकों को चाहिए कि वे बकाया स्टाकों को हिसाब में लें और उनके लिए उपयुक्त समायोजन करें जिससे दुहरे वित्त पोषण को रोका जा सके। बैंकों को दिये गये ये अनुदेश 'दहेजिया समिति' के मतों के अनुरूप ही हैं: रिजर्व बैंक को यह मालूम है कि कई मामलों में उत्पादन कार्य में बाधा डाले बिना दुहरे वित्त पोषण के तत्व को तत्काल दूर नहीं किया जा सकता और ऐसी परिस्थितियों में बैंकों को चाहिए कि वे एक क्रमबद्ध प्रणाली से इस स्थिति में सुधार लायें। किसी भी हालत में, बैंकों को, विशेष रूप से अपने उधारकर्ताओं के लिए अतिरिक्त ऋण सीमाओं निर्धारित करते समय यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि दुहरे वित्त पोषण की वर्तमान मात्रा स्थायी न रहे या उसमें वृद्धि न हो; दुहरे वित्त की वर्तमान मात्रा का जहां तक संबंध है, उधारकर्ताओं को पर्याप्त समय देते हुए बैंक स्थिति को धीरे धीरे विनियमित कर सकते हैं।

134. दिसंबर 1971 के भारत-पाक युद्ध ने एक असामान्य स्थिति उत्पन्न कर दी और विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन की गति को बनाये रखने के लिए निरंतर प्रयत्न करना भी आवश्यक हो गया। रक्षा प्रयत्नों और ऐसे उत्पादक कार्यकलापों को जिनके लिए बैंक ऋण की तत्काल आवश्यकता थी, सहायता पहुंचाने की दृष्टि से बैंक के पूर्व प्राधिकरण में छूट दी गयी। इस प्रकार वस्त्र उद्योग तथा वस्त्रों के व्यापारियों के मामले में बैंक पूर्व प्राधिकरण के बिना जुलाई 1972* तक वस्तु सूचियों पर वर्तमान प्राधिकृत सीमाओं के अधिकतम 15 प्रतिशत तक अतिरिक्त ऋण सीमाएं प्रदान कर सकते थे। कतिपय बैंकों से तत्काल इस दिशा में कदम उठाने के लिए अनुरोध किया गया कि ऊन की रद्दी और ऊन की जो मिलें पूर्ति और निपटान महानिदेशालय से प्राप्त रक्षा संबंधी आर्डरों की पूर्ति करती हैं उनको प्रदान किया जानेवाला ऋण पर्याप्त और सामयिक हो। बैंकों को यह सुझाव दिया गया है कि वे पूर्व प्राधिकरण के बिना रक्षा प्राधिकारियों के लिए वस्तुओं का निर्माण और सप्लाई करने के लिए वितरण-पूर्व और वितरणोत्तर स्थितियों में तथा सामान्य रूप से उत्पादन को बढ़ाने और विशेष रूप से सीमा क्षेत्रों में वस्तुओं का निर्बाध वितरण होने देने के लिए 'रक्षा पैकिंग और सप्लाई' ऋण सीमाएं प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा बैंकों को इस बात की भी अनुमति दी गयी कि वे पूर्व प्राधिकरण के बिना निर्माता यूनिटों को उनकी कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए उनकी वर्तमान ऋण सीमाओं में 15 प्रतिशत तक की उचित वृद्धि करें। इसके अलावा बैंकों को कतिपय उद्योगों के लिए ऋण सीमाएं मंजूर करने की अनुमति भी दी गयी जिससे वे उनकी अस्थायी मौसमी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। इस प्रकार जूट उद्योग के मामले में जो 1971-72 के जूट मौसम में काफ़ी अधिक मात्रा में पटसन उपलब्ध होने के कारण वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहा था, कतिपय बैंकों को पूर्व प्राधिकरण के बिना अतिरिक्त पूंजीगत सीमाएं प्रदान करने की सलाह दी गयी। इसी प्रकार 1971-72 के पेराई मौसम के लिए बैंक चीनी मिलों को 1969-70 के मौसम के दौरान चीनी पर प्रदान की गयी ऋण सीमाओं के 80 प्रतिशत तक ऋण सीमाएं प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा कोयला उद्योग के मामले में परिवहन संबंधी अवरोधों से उत्पन्न होनेवाली कठिनाइयों को दूर करने में उसकी सहायता करने की दृष्टि से बैंकों को यह सलाह दी गयी है कि वे इस उद्योग को दिसंबर 1972 तक अधिकतम 15 प्रतिशत तक की अतिरिक्त ऋण सीमाएं प्रदान करें। पूर्वी क्षेत्र और कम विकसित/पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिक यूनिटों से प्राप्त अनुरोधों पर भी सहानुभूतिपूर्वक तत्काल विचार किया गया।

*इस अवधि को दिसंबर 1972 तक बढ़ा दिया गया है।

135. यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बराबर इस बात की शिकायतें मिलती रहीं कि चीनी मिलों को गन्ने के उत्पादकों ने गन्ने की जो सप्लाई की थी उसके संबंध में मिलों से प्राप्य राशियों की अदायगी में विलम्ब हुआ करता है/अदायगी नहीं होती हालांकि चीनी के स्टाकों पर बैंकों द्वारा मिलों को उदारतापूर्वक ऋण सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती थीं और उनका उपयोग सामान्यतः गन्ने के उत्पादकों को अदायगी करने के लिए होना चाहिए था ; अतः बैंकों को यह सलाह दी गयी कि चीनी के स्टाकों पर ऋण सीमाएं प्रदान करते समय वे ऐसी उपयुक्त विनियात्मक क्रियाविधियां लागू करें जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि मिलें गन्ने के उत्पादकों को अविलंब अदायगी करती है।

136. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया था कि चाहे किसी पार्टी को समग्र बैंकिंग संघटन से उपलब्ध कुल ऋण सीमाएं कितनी भी क्यों न हों, फिर भी बैंकों के लिए यह आवश्यक है कि वे (स्वयं या अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर) किसी एक पार्टी के लिए तीन वर्षों से अधिक अवधि में प्रतिदेय 25 लाख रुपयों से अधिक राशि के व्यक्तिगत मध्यावधि या दीर्घावधि ऋण मंजूर करते समय योजना के अधीन पूर्व प्राधिकरण प्राप्त कर लें। इस उपाय के परिणामस्वरूप बैंकों और मियादी ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं के कार्यकलापों में अधिक समन्वयन पाया गया है। 24 सितंबर 1971 को समाप्त हुई तिमाही से बैंकों से प्राप्त तिमाही विवरणों (गैर सरकारी क्षेत्र की औद्योगिक संस्थाओं के लिए उनके द्वारा मंजूर किये गये और तीन वर्षों के बाद प्रतिदेय 10 लाख रुपयों से अधिक राशि के मियादी ऋणों के विवरण दर्शाने वाले) से भी यह देखा गया है कि बड़ी राशियों के मियादी ऋण अब मियादी ऋण देनेवाली संस्थाओं के साथ सहभागिता के आधार पर या भारत औद्योगिक विकास बैंक की पुनर्वित्त योजना के अधीन प्रदान किये जा रहे हैं।

137. जुलाई 1971-जून 1972 की अवधि में योजना के अधीन ऋण सीमाओं के प्राधिकरण के लिए बैंकों से 127 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जबकि जून 1971 को समाप्त हुए वर्ष में 338 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। आवेदन पत्र अधिकांशतः कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए प्राप्त हुए और केवल तीन आवेदन पत्रों को छोड़कर अन्य सभी आवेदनपत्रों के संबंध में प्राधिकरण दिया गया। फिर भी कतिपय मामलों में, प्राधिकरण प्रदान करते समय, रिजर्व बैंक ने आवेदन की गयी पूरी सीमा तक अतिरिक्त/परिवर्धित ऋण सीमाओं के लिए स्वीकृति नहीं दी ; क्योंकि बैंक के विचार में ऋण के लिए आवेदन करनेवाली संस्थाओं की वित्तीय आवश्यकताओं को देखते हुए उनके द्वारा उल्लिखित उद्देश्यों के लिए कम ऋण सीमाएं पर्याप्त थीं। इसके अलावा, ऋण सीमाएं प्राधिकृत करते समय, अनेक मामलों में उचित शर्तें लगायी गयीं और वित्तीय विन्यास/स्थिति सुधारने के लिए कतिपय सुझाव भी दिये गये। उक्त सुझाव सामान्यतः गारंटी कमीशन की अदायगी न होना, बैंक अग्रिमों की तुलना में प्रवर्तकों की निधियों का कम होना, अंतर कंपनी ऋण/निवेश, लाभांशों की घोषणा के लिए बैंक के अनुमोदन की आवश्यकता आदि से संबंधित थे और उन सुझावों का उद्देश्य अधिक अच्छा वित्तीय अनुशासन लाना था।

ऋण नियंत्रण

138. 1971-72 के अधिक कामकाज के समय की ऋण नीति की घोषणा करते हुए गवर्नर ने यह संकेत दिया था कि पहले की ऋण नीति के स्थूल तत्व जारी रहेंगे और अनाज की उगाही के लिए दिये जाने वाले अग्रिमों के पुनर्वित्त के सम्बन्ध में किये जाने वाले कतिपय संशोधनों (संलग्न चार्ट में दर्शाये गये) को छोड़कर पुनर्वित्त सुविधाओं का स्वरूप भी लगभग वही रहेगा।

चयनात्मक ऋण नियंत्रण

139. चयनात्मक ऋण नियंत्रण के क्षेत्र में रूई और कपास, अनाजों, तिलहनों और वनस्पति तेलों (वनस्पति सहित) पर दिये जाने वाले अग्रिमों के नियंत्रण में जहां इस वर्ष छूट दी गयी वहां चीनी, गुड़ और खांडसारी पर दिये जाने वाले अग्रिमों के नियंत्रणों को पुनः लागू किया गया।

140. यह सुनिश्चित करने के लिए कि रूई खरीदने और उसका संग्रहण करने के लिए मिलों को पर्याप्त ऋण उपलब्ध होता है, रिजर्व बैंक ने 3 अगस्त 1971 को रूई और कपास पर दिये जाने वाले अग्रिमों के मार्जिन सम्बन्धी नियंत्रणों के उपबन्धों में संशोधन किया जिससे निर्दिष्ट श्रेणियों की मिलें दो सप्ताहों की खपत के लिए आवश्यक रूई की अतिरिक्त मात्रा के बराबर के स्टाक बनाये रख सकें। रूई के नये मौसम के लिए 18 नवम्बर 1971 को घोषित की गयी ऋण नीति के कारण मिलों को छोड़कर अन्य पार्टियों को रूई की नयी फ़सल पर दिये जाने वाले अग्रिमों के लिए न्यूनतम मार्जिन पहले के 60-75 प्रतिशत से कम होकर 50-70 प्रतिशत हो गया ; यह परिवर्तन विभिन्न किस्मों की रूई के विपणन की अवधियों पर निर्भर करता है। इसके अलावा स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लम्बे रेशे की रूई की नयी किस्मों पर दिये जानेवाले अग्रिमों को उच्चतम सीमा सम्बन्धी नियंत्रण से छूट दी गयी ; फिर भी उन पर 40 प्रतिशत (जिसे बाद में घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया) के न्यूनतम मार्जिन और ब्याज की 12 प्रतिशत की न्यूनतम दर की शर्तें लगा दी गयीं। मिलों को छोड़कर अन्य पार्टियों के लिए ऋण सीमाएं निर्धारित करने के सम्बन्ध में बैंकों को अक्तूबर 1971—जनवरी 1972 से शुरु होने वाली चार महीनों की अवधि के दौरान 1970—71 के मौसम में तदनुरूपी चार महीनों की अवधि में प्रत्येक पार्टी द्वारा बनाये रखे गये ऋण के औसत कुल स्तर के 100 प्रतिशत के बराबर का ऋण स्तर बनाये रखने की अनुमति दी गयी। रूई और कपास पर दिये जाने वाले अग्रिमों से सम्बन्धित नियंत्रण में 27 मार्च 1972 को रूई की नयी फ़सल के संदर्भ में न्यूनतम मार्जिन में 10 प्रतिशत की कमी कर और अग्रिमों को पिछले मौसम की तदनुरूपी चार महीनों की अवधि में विद्यमान ऋण के उच्चतम स्तर के बराबर की ऋण सीमाओं से सम्बद्ध कर अतिरिक्त छूट दी गयी। कपड़ों की मिलों की खपत की जिन निर्दिष्ट अवधियों के सम्बन्ध में मार्जिन निर्धारित किये गये थे उनमें सभी मामलों में चार सप्ताहों की वृद्धि की गयी।

141. अनाजों के मामले में मक्के और जौ पर दिये जाने वाले अग्रिमों को जहां 7 अगस्त 1971 से ऋण नियंत्रण से पूर्ण रूप से छूट दी गयी वहां गेहूं पर दिये जाने वाले अग्रिमों को उच्चतम सीमा सम्बन्धी नियंत्रण से छूट दी गयी। इसके अलावा सरकार द्वारा नियुक्त किये गये/लाइसेंसीकृत और सभी राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों के सांविधिक राशन/उचित मूल्य वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कारोबार करने वाले थोक और फुटकर विक्रेताओं को राशनीकृत अनाजों पर दिये जाने वाले अग्रिमों को ऋण नियंत्रणों से पूर्ण रूप से छूट दी गयी। सुधरी हुई सप्लाई स्थिति को देखते हुए बैंक ने अनाजों के नियंत्रणों में 3 जनवरी 1972 से और छूट दी। आटा बेलन मिलों को गेहूं पर दिये जाने वाले अग्रिमों को मार्जिन नियंत्रण से छूट दी गयी। 1 लाख या उससे कम आबादी वाले किसी केन्द्र में 1 जनवरी 1970 को या उसके

बाद खोले गये नये कार्यालयों के संदर्भ में ऐसे प्रत्येक कार्यालय के लिए 50,000 रुपयों की उच्चतर संयुक्त अतिरिक्त सीमा स्वीकार की गयी। व्यापारियों को अनाज पर दिये जाने वाले ऐसे अग्रिमों को जो भारतीय ऋण गारन्टी निगम लि० की गारन्टी के अन्तर्गत आते हैं, अधिकतम 20,000 रुपयों तक उच्चतम सीमा और मार्जिन सम्बन्धी नियंत्रण से छूट दी गयी बशर्ते कि व्यापारी यह वचन दे कि वह अनाजों पर केवल एक ही बैंक से उधार लेगा। 19 अप्रैल 1972 को बैंकों को अनाजों पर उनके द्वारा दिये जाने वाले अग्रिमों में पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की स्तर की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि (मार्च–अप्रैल 1972 से) करने की अनुमति दी गयी।

142. **तिलहनों और वनस्पति सहित वनस्पति तेलों** पर दिये जाने वाले अग्रिमों से सम्बन्धित नियंत्रण को 7 अगस्त 1971 से केवल मूंगफली, सरसों/तोरिया, एरंड और असली, उनके तेलों तथा वनस्पति के लिए लागू किया गया। तिलहन उत्पादक क्षेत्रों में (i) तिलहनों और (ii) वनस्पति सहित वनस्पति तेलों के सम्बन्ध में और/या असंगठित क्षेत्र की नयी पार्टियों, विशेष रूप से तेल मिलों का वित्तपोषण करने के निमित्त 1970 के तदनुरूपी दो महीनों की अवधि के अग्रिमों के स्तर के 15 प्रतिशत के बराबर की अतिरिक्त सीमा प्रदान की गयी। वनस्पति निर्माताओं और पंजीकृत तेल मिलों को अलसी/सरसों के तेल तथा तिलहनों वनस्पति तेलों और वनस्पति पर दिये जाने वाले अग्रिमों को 3 जनवरी 1972 से उच्चतम सीमा सम्बन्धी नियंत्रण से छूट दी गयी। इसके अलावा व्यापारियों को तिलहनों, उनके तेलों और वनस्पति पर दिये जाने वाले अधिकतम 20,000 रुपयों की सीमा तक के उन अग्रिमों को, जो भारतीय ऋण गारन्टी संगठन लिमिटेड की गारन्टी योजना के अधीन आते हैं, मार्जिन और उच्चतम सीमा सम्बन्धी नियंत्रणों से छूट दी गयी बशर्ते कि व्यापारी ऐसे अग्रिम केवल एक ही बैंक से लेने का वचन दें। मूंगफली की वर्तमान मूल्यस्थिति को देखते हुए मूंगफली पर बैंकों द्वारा दिये जाने वाले अग्रिमों से सम्बन्धित न्यूनतम मार्जिन को 30 मई 1972 से 75 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया। इसके अलावा वनस्पति निर्माताओं को वनस्पति पर दिये जाने वाले अग्रिमों से सम्बन्धित न्यूनतम मार्जिन को भी घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया।

143. **चीनी, गुड़ और खांडसारी** के मूल्यों में वृद्धि की प्रवृत्ति को देखते हुए तथा सट्टेबाजी के उद्देश्य से इन पण्यों के स्टाक बनाये रखने की प्रवृत्ति को निरुत्साहित करने के लिए बैंक ने इन पण्यों पर दिये जाने वाले अग्रिमों पर 23 सितम्बर 1971 से पुनः नियंत्रण को लागू किया। चीनी के उत्पादकों को छोड़कर अन्य पार्टियों को इन पण्यों पर और चीनी मिलों को ऐसे स्टाकों के सम्बन्ध में जो कारखाने के परिसर से बाहर निकल चुके हों और जिन पर उत्पादन शुल्क अदा किया जा चुका हो, दिये जाने वाले अग्रिमों के संदर्भ में 50 प्रतिशत का न्यूनतम मार्जिन (जिसे 27 दिसम्बर 1973 को बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया) निर्धारित किया गया और 12 प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर निर्धारित की गयी। निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद निकाली जाने वाली चीनी पर दिये जाने वाले अग्रिमों पर भी कतिपय शर्तों के अधीन 40 प्रतिशत का न्यूनतम मार्जिन लेने के लिए बैंकों से कहा गया। निर्यात करने के उद्देश्य से बैंकों के पास बन्धक/दृष्टि-बंधक रखे गये चीनी के स्टाकों पर दिये जाने वाले अग्रिमों को नियंत्रण से छूट दी गयी।

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिज़र्व बैंक आफ इंडिया से प्राप्त होने वाले पुनर्वित्त-सुविधाएं

अक्तूबर 1971 के अंत तक			
वास्तविक चलमुद्रा स्थिति	4½% की दर पर	बैंक दर पर (6%)	टिप्पणी
1	2	3	4
I निर्यात ऋण :			
चाहे वास्तविक चल मुद्रा अनुपात कुछ भी हो	1970 के वार्षिक औसत के 10% बराबर की राशि तक।	1970 के वार्षिक औसत के 10% की अतिरिक्त राशि।	1970 के निर्यात ऋण के वार्षिक औसत के 20% के बराबर के ऋणों से वास्तविक चलमुद्रा अनुपात पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।
II निम्नलिखित मामलों में निर्धारित आधार पर अवधि के दौरान अग्रिमों में हुई वृद्धि के बराबर की राशि :			
—वही—	(क) आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मैसूर के चुने हुए जिलों में स्थित प्राथमिक सहकारी ऋण समितियों को ऋण।	(क) ऋण गारंटी संगठन की गारंटी आधीन आनेवाले लघु उद्योगों को अल्पावधि ऋण। (ख) कृषकों को अल्पावधि प्रत्यक्ष ऋण।	**आधार अवधि** : पिछले वर्ष की तदनुरूपी कैलेंडर तिमाही में विद्यमान ऐसे ऋणों का औसत स्तर अर्थात् जनवरी-मार्च 1971 की तिमाही के लिए जनवरी-मार्च 1970 की तिमाही का औसत आधार होगा।
III हुंडी पुनर्भाजन योजना :			
—वही—	—	नयी योजना के अधीन हुंडियों का पुनर्भाजन।	नयी योजना के अधीन पुनर्भाजन की गयी हुंडियों के संबंध में बकाया रहने वाली देयता से वास्तविक चलमुद्रा अनुपात पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।
IV अनाजों के जखीरों के लिए अग्रिम :			
—वही—	—	जुलाई 1971 के अंत तक 30 अक्तूबर 1970 को विद्यमान ऐसे अग्रिमों के बकाया स्तर की अपेक्षा हुई वृद्धि के 75% तक, अगस्त में 60% तक और उसके पश्चात् 50% तक।	—

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक आफ इंडिया से प्राप्त होने वाले पुनर्वित्त सुविधाएं

1 नवंबर 1971 से अमल में रहनेवाली

वास्तविक चलमुद्रा-स्थिति	$4\frac{1}{2}\%$ की दर पर	बैंक दर पर (6%)	टिप्पणी
1	2	3	4
I निर्यात ऋण :			
चाहे वास्तविक चलमुद्रा अनुपात कुछ भी हो	1971 के वार्षिक औसत के 10% के बराबर की राशि तक।	1971 के वार्षिक औसत के 10% की अतिरिक्त राशि।	1971 के निर्यात ऋण के वार्षिक औसत के 20% के बराबर के ऋणों से वास्तविक चलमुद्रा अनुपात पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। 1971 का आधार 1 जनवरी 1972 से लागू होगा।
II निम्नलिखित मामलों में निर्धारित आधार अवधि के दौरान अग्रिमों में हुई वृद्धि के बराबर की राशि :			
—वही—	(क) आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मैसूर के चुने हुए जिलों में स्थित प्राथमिक सहकारी ऋण समितियों को ऋण।	(क) ऋण गारंटी संगठन की गारंटी के अधीन आने वाले लघु उद्योगों को अल्पावधि ऋण। (ख) कृषकों को अल्पावधि प्रत्यक्ष ऋण	**आधार अवधि** : पिछले वर्ष की तदनुरूपी कैलेंडर तिमाही में विद्यमान ऐसे ऋणों का औसत स्तर अर्थात् जनवरी-मार्च 1972 की तिमाही के लिए जनवरी-मार्च 1971 का औसत आधार होगा।
III हुंडी पुनर्भाजन योजना :			
—वही—	—	नयी योजना के अधीन हुंडियों का पुनर्भाजन।	नयी योजना के अधीन पुनर्भाजन की गयी हुंडियों के संबंध में बकाया रहनेवाली देयता से अक्तूबर 1972 के अंत तक वास्तविक चलमुद्रा अनुपात पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।
IV अनाजों की उगाही के लिए अग्रिम :			
—वही—	—	अक्तूबर 1971 के अंतिम शुक्रवार को विद्यमान अनाजों की उगाही के लिए दिये गये अग्रिमों के बकाया स्तर का 10% और अक्तूबर 1971 के अंतिम शुक्रवार को विद्यमान स्तर की अपेक्षा हुई वृद्धि का अतिरिक्त $\frac{1}{3}$।	
V 'रक्षा पैकिंग और सप्लाई' ऋण :			
—वही—	—	कुल बकाया स्तर तक	रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 की धारा 17(4)(ग) के अधीन पुरानी हुंडी बाजार योजना के अंतर्गत यह सुविधा उपलब्ध होगी (गवर्नर का परिपत्र डीबी-ओडी. सं. जीसीएस. बीसी. 142/सी 483-71 तारीख 11 दिसंबर 1971 देखें)।

नोट :—बैंक दर पर दिये जाने वाले पुनर्वित्त के लिए न्यूनतम वास्तविक चलमुद्रा अनुपात 34% है। किसी बैंक के अतिरिक्त ऋणों पर परिवर्धित दर पर ब्याज लिया जाएगा। यह दर बैंक के वास्तविक चलमुद्रा अनुपात में होने वाली प्रत्येक अंक या उसके अंश की कमी पर (फ़िलहाल 34% से कम) बैंक दर के स्तर से वार्षिक 1% अधिक होगी। फिर भी, जब वास्तविक चलमुद्रा अनुपात 26% से कम हो जाएगा तब अधिकतम 15% की परिवर्धित दर से ब्याज लिया जाएगा।

144. पाकिस्तान द्वारा युद्ध की घोषणा किये जाने के बाद चीनी, गुड़ और खांडसरी, तिलहनों और वनस्पतियों तेलों (वनस्पति सहित), अनाजों तथा रूई और कपास पर बैंकों द्वारा दिये जाने वाले अग्रिमों को 11 दिसम्बर 1971 को सीमाक्षेत्र और सीमाक्षेत्र के नज़दीक के जिलों में प्रारम्भ में फ़रवरी 1972 के अन्त तक तथा बाद में अक्तूबर 1972 के अन्त तक नियंत्रणों से छूट दी गयी ।

145. इस बात के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने की दृष्टि से कि केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों के गोदाम निगमों के गोदामों द्वारा की जाने वाली संग्रहण सुविधाओं का उपयोग किया जाए, अन्य नियंत्रित पण्यों के मामले में भी 19 अप्रैल 1972 को ऐसे निगमों द्वारा जारी की गयी गोदाम रसीदों पर बैंकों द्वारा दिये जाने वाले अग्रिमों के सम्बन्ध में उन्हें जो न्यूनतम मार्जिन बनाये रखने की आवश्यकता है उसमें (जैसे अनाजों के संदर्भ में किया गया है) 10 प्रतिशत की कटौती करने की अनुमति दी गयी ।

146. ग्रामीण उद्योग प्रायोजनाओं के अधीन आनेवाले अभिसंस्करण निर्माण यूनिटों को उनके द्वारा बैंकों से वित्त प्राप्त करने में अनुभव की, जाने वाली कठिनाइयों को देखते हुए अनाजों, तिलहनों, तेलों, वनस्पति रूई और कपास तथा चीनी, गुड़ और खांडसरी पर दिये जाने वाले अग्रिमों से सम्बन्धित चयनात्मक ऋण नियंत्रणों के उपबन्धों से 30 मई 1972 को छूट दी गयी ।

जूट उद्योग संबंधी कार्यकारी दल

147. कार्यकारी दल ने जूट उद्योग को कुछ राहत देने की दृष्टि से जूट मिलों के उत्पादन के जिस अंश का निर्यात किया जाता है, उसके सम्बन्ध में दिये जाने वाले ऋणों के लिए ब्याज की रियायती दर लागू करने की एक विशेष योजना की जो सिफ़ारिश की थी, वह अभी सरकार के विचाराधीन है । उक्त सिफ़ारिश का उल्लेख पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में किया गया था (पैराग्राफ 291) ।

चाय उद्योग संबंधी कार्यकारी दल

148. चाय उद्योग की वित्तीय सहायता का अध्ययन करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा सितम्बर 1971 में नियुक्त किये गये कार्यकारी दल ने फ़रवरी 1972 में अपनी रिपोर्ट पेश की व उक्त दल ने इस उद्देश्य से कि इस उद्योग को संस्थागत ऋण (अल्पावधि और दीर्घावधि, दोनों) बराबर मिलता रहे, अनेक सिफ़ारिशें की हैं । चूंकि यह अनुभव किया गया कि चाय के बागानों को अल्पावधि ऋण की बहुत अधिक आवश्यकता रहती है, रिज़र्व बैंक आफ इंडिया ने सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के नाम 8 मार्च 1972 को दल की सम्बन्धित सिफ़ारिशों की सूचना देते हुए एक परिपत्र जारी किया* । दल की अन्य सिफ़ारिशें विचाराधीन हैं ।

कोयला उद्योग संबंधी कार्यकारी दल

149. कोयला उद्योग की तात्कालिक वित्तीय समस्याओं का अध्ययन करने और विशेष रूप से पूर्वी क्षेत्र, अर्थात् बिहार और पश्चिम बंगाल में इस उद्योग के विस्तारपोषण के लिए उपलब्ध संस्थागत व्यवस्थाओं तथा बैंक ऋणों का पुनरीक्षण करने के लिए रिज़र्व बैंक ने जनवरी 1972 में एक कार्यकारी दल का गठन किया ।

काजू उद्योग संबंधी अध्ययन दल

150. काजू उद्योग के निर्यात और उसकी नियोजन क्षमता के संदर्भ में उसे वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋणों का पुनरीक्षण करने के लिए रिज़र्व बैंक ने मार्च 1972 में एक अध्ययन दल का गठन किया ।

बैंकिंग आयोग की रिपोर्ट

151. भारत सरकार द्वारा फ़रवरी 1969 में श्री आर० जी० सरैया की अध्यक्षता में नियुक्त किये गये बैंकिंग आयोग ने 9 फ़रवरी 1972 को अपनी रिपोर्ट पेश की । आयोग द्वारा की गयी प्रमुख सिफ़ारिशें वाणिज्य और सहकारी बैंकों की पुनर्व्यवस्था, उनके कार्यक्षेत्र को विस्तारित करने के लिए आवश्यक उपायों, उनकी परिचालनगत क्षमता में सुधार, वैधानिक सुधार तथा आगे के अनुसंधान और अध्ययन के लिए उपयुक्त क्षेत्रों से सम्बन्धित थीं ।

152. इसके अलावा, आयोग ने ऋण आयोजना, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं, देशी बैंकरों, बैंकों के लिए आवश्यक प्रबन्ध विकास, प्रशिक्षण और भर्ती सम्बन्धी प्रणालियों तथा बैंक संगठन की संस्थागत रूपरेखा में सुधार लाने की आवश्यकता के संदर्भ में सूचना प्रणाली से सम्बन्धित सिफ़ारिशें भी की हैं ।†

153. आयोग की सिफ़ारिशें भारत सरकार और बैंक के विचाराधीन हैं ।

बैंकिंग सांख्यिकी समिति

154. एक समान तुलन बही और अन्य सम्बन्धित विवरणियों को सरल बनाने और उन्हें शीघ्र तैयार करने तथा आंकड़ों की वर्तमान आवश्यकताओं के संदर्भ में उनमें संशोधन सुझाने के निमित्त रिज़र्व बैंक ने अप्रैल 1972 में बैंकिंग सांख्यिकीय समिति का गठन किया । आशा है कि उक्त समिति शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट पेश करेगी ††

संगठन संबंधी अन्य बातें

राष्ट्रीयकृत बैंकों की विदेशी शाखाएं

155. युगांडा में स्थित राष्ट्रीकृत बैंकों की शाखाओं के सम्बन्ध में आवश्यक औपचारिकताओं को लगभग अन्तिम रूप दे दिया गया है ; अत: बैंक आफ इण्डिया (युगांडा) लिमिटेड को बैंक आफ बड़ौदा (युगांडा) लिमिटेड द्वारा अधिकार में लिये जाने का कार्य शीघ्र ही पूरा हो जायेगा । मलेशिया में स्थित तीन भारतीय बैंकों की ग्यारह शाखाओं को अधिकार में लेने के लिए एक नयी कम्पनी स्थापित करने के प्रस्ताव को अब अन्तिम रूप दे दिया गया है । इस सम्बन्ध में पिछले वर्ष की रिपोर्ट में विवरण दिये गये हैं । इन शाखाओं के पुनर्गठन की योजना मलेशिया बैंकिंग अध्यादेश, 1958 की धारा 14 के अधीन मलेशिया सरकार के वित्त मंत्रालय के पास भेजी गयी है । उक्त योजना की एक प्रतिलिपि बैंक नेगरा मलेशिया के पास भेजी गयी है । आशा की जाती है कि नयी मलेशिया कम्पनी शीघ्र ही पंजीकृत की जाएगी ।

156. सिंगापुर में कार्यरत चार भारतीय बैंकों में से दो बैंक स्थानीय विधान के अन्तर्गत न्यूनतम पूंजीगत अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं करते । उन बैंकों को उन अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए जनवरी 1973 तक समय दिया गया है । बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम की धारा 9 के अन्तर्गत बनायी गयी योजना में संशोधन करने की कार्रवाई की जा रही है जिससे सम्बन्धित बैंकों के पूंजीगत स्वरूप को परिवर्तित किया जा सके ।

*उक्त परिपत्र के लिए रिज़र्व बैंक आफ इंडिया बुलेटिन, अप्रैल 1972 के पृष्ठ 674-675 देखें ।

†आयोग की सिफ़ारिशों के सारांश के लिए रिज़र्व बैंक आफ इण्डिया बुलेटिन, मई 1972 के पृष्ठ 826-837 देखें ।

††समिति ने अपनी रिपोर्ट 7 अगस्त 1972 को पेश की और बैंक ने उसकी सिफ़ारिशों को स्वीकार कर लिया है ।

157 यहां रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय वित्त मंत्रालय और एक बैंक के परिरक्षक के साथ गठित उस दल का भी उल्लेख किया जा सकता है जो सिंगापुर और हांगकांग गया । उक्त दल का उद्देश्य यह था कि इन केन्द्रों में स्थित राष्ट्रीयकृत भारतीय बैंकों की शाखाओं के कामकाज का प्रधान कार्यालय और विदेशी शाखाओं के बीच शक्तियों के प्रत्यायोजन और विकेन्द्रीकरण की सीमा का परीक्षण करने के उद्देश्य से अध्ययन किया जाए और साथ ही, शाखाओं की लाभदायकता में सुधार लाने की संभावना, दक्षिण पूर्व एशिया को भारत द्वारा किये जाने वाले निर्यातों और वहां किये जाने वाले निवेशों को बढ़ाने तथा उक्त क्षेत्र के भारतीय मूल के निवासियों द्वारा भारत में निवेश कराने में उन शाखाओं की भूमिका भी अध्ययन किया जाए व इसके अलावा उक्त दल को एक ही केन्द्र में स्थित विभिन्न भारतीय बैंकों की अपनी-अपनी विशिष्टाओं को जारी रखने की वांछनीयताओं के बारे में भी परीक्षण करना था । दल इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि परिचालन को लचीला बनाने की दृष्टि से इन केन्द्रों में स्थित बैंकों के प्रबन्धकों को विवेकाधीन शक्तियां और अतिरिक्त विवेकाधीन शक्तियां प्रदान किये जाने के लिए काफ़ी गुंजाइश है जिसकी पुष्टि बाद में प्रधान कार्यालय को करनी होगी । विदेशी शाखाओं में वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति करने और विदेशी शाखाओं में अविलम्ब कारोबार चलाने के लिए प्रधान कार्यालय का उपयुक्त रूप से पुनर्गठन करने की भी सिफ़ारिशें की गयी हैं । भारतीय निर्यातों और संयुक्त उपक्रमों की सहायता करने के लिए प्रारम्भ में सिंगापुर में दो बैंकरों की एक वाणिज्यिक और आर्थिक जानकारी कक्ष की स्थापना करने का सुझाव दिया गया है । बैंकों को यह सलाह दी गयी है कि व भारत से आयात करने वाले आयातकों को ब्याज की दर में रियायत प्रदान करें । विदेशी व्यापार के लाभप्रद वित्तपोषण को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया है । स्थानीय व्यवसाय से घनिष्ठतापूर्वक सम्बद्ध होने के लिए यह अनुभव किया गया कि पर्यवेक्षक संवर्गों में स्थानीय व्यक्तियों को नियुक्त करने, स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल ऋणों की प्रलेखन-विधियां बनाने और स्थानीय उद्योगों, विशेष रूप से लघु उद्योगों की ओर अधिक ध्यान देने की अत्यन्त आवश्यकता है । एक ही केन्द्र में स्थित भारतीय बैंकों की शाखाओं की अपनी-अपनी विशिष्टताओं को बनाये रखने की वांछनीयता के प्रश्न पर दल का यह मत था कि बैंकिंग आयोग की सिफ़ारिशों के संदर्भ में भारत में बैंकों का जो संगठन-स्वरूप बनेगा उस पर जहां यह बात निर्भर रहेगी वहां इन दो केन्द्रों में स्थित भारतीय बैंकों की अपनी-अपनी विशिष्टताओं को बनाये रखना फ़िलहाल लाभप्रद होगा ।

साख सूचना

158. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि मार्च 1971 में बैंकों और अन्य अधिसूचित वित्तीय संस्थाओं के ऋण कर्ताओं के सम्बन्ध में साख सम्बन्धी सूचनाओं को एकत्रित करने और उन पर कार्रवाई करने की पद्धति को व्यवस्थित रूप से परिशोधित किया गया ताकि ऐसी सूचनाएं इन संस्थाओं के लिए अधिक उपयोग हो सकें । 14 फ़रवरी 1972 से उपर्युक्त संस्थाओं के घटकों द्वारा प्राप्त की जाने वाली साख-सुविधाओं के सम्बन्ध में रिज़र्व बैंक से जानकारी प्राप्त करने के लिए निर्धारित आवेदन पत्र के स्वरूप में संशोधन किया गया है । संशोधित क्रियाविधि के अधीन अब रिज़र्व बैंक अधिक व्यापक जानकारी प्रस्तुत करता है जिसमें घटकों का वित्तपोषण करने वाले बैंकों (बिना उनके नाम बतायें) की कुल संख्या भी सम्मिलित रहती है । प्रस्तुत की जानेवाली जानकारी के क्षेत्र को व्यापक बनाने के साथ-साथ बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की विभिन्न शाखाओं को रिज़र्व बैंक से सीधे ही साख सूचना प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की गयी है । अब उन्हें आवेदनपत्रों को अपने प्रधान कार्यालयों के द्वारा भिजवाने की आवश्यकता नहीं रही है । आवेदक बैंकों/वित्तीय संस्थाओं को पिछले वर्ष के 1,458 आवेदनपत्रों के मुकाबले में आलोच्य वर्ष में 2,255 आवेदनपत्रों के संदर्भ में साख सूचना प्रदान की गयी ।

159. यह उल्लेखनीय है कि 1 नवम्बर 1969 को सरकारी क्षेत्र के बैंकों की समन्वयन समिति की जो पहली बैठक हुई उसमें यह दृष्टिकोण अपनाया गया था कि सभी बैंकों के बीच साख सूचना का और व्यापक रूप से विनिमय होना चाहिए ; उसके परिणामस्वरूप एक अध्ययन दल गठित किया गया । अध्ययन दल ने रिज़र्व बैंक को अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है । दल के मतानुसार, वर्तमान वैधानिक उपबन्ध बैंकों को न केवल वर्तमान ऋणकर्ताओं के सम्बन्ध में, बल्कि ऐसे संभाव्य ऋणकर्ताओं के सम्बन्ध में भी, जिनके केवल जमा लेखे बैंकों में हों, उपयोगी साख सूचना का विनिमय करने में पर्याप्त संरक्षण प्रदान करते हैं । नये क्षेत्रों के बाज़ार स्रोतों से और छोटे ऋणकर्ताओं के सम्बन्ध में व्यवस्थित रूप से साख सूचना एकत्रित करने में विद्यमान संगठन सम्बन्धी अपर्याप्तता को देखते हुए दल ने सम्पूर्ण बैंकिंग उद्योग के हित के लिए दीर्घकालीन उपाय के रूप में साख सूचना न्यास नामक एक स्वायत्त निकाय की स्थापना करने की सिफ़ारिश की है । अपनी सिफ़ारिशों को कार्यान्वित करने के लिए दल ने एक समयबद्ध कार्यक्रम भी बनाया है । इस रिपोर्ट की एक एक प्रति सभी वाणिज्य बैंकों के पास उनकी टिप्पणियां मांगते हुए भेजी गयी हैं ।

बैंकों का निरीक्षण

160. वाणिज्य बैंकों की वित्तीय स्थिति और उनकी परिचालन पद्धतियों का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से रिज़र्व बैंक ने वाणिज्य बैंकों का आवधिक निरीक्षण करने के लिए जो कार्यक्रम बनाया है उसके अनुसार आलोच्य अवधि में बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 के अन्तर्गत 35 अनुसूचित बैंकों और दो गैर अनुसूचित बैंकों का निरीक्षण किया गया अथवा उनका निरीक्षण शुरु किया गया । इसके अलावा, इस अवधि में फ़िजी द्वीपसमूहों, गयाना, जापान, हांगकांग और थाईलैंड में भारतीय बैंकों की जो विदेशी शाखाएं रहती हैं उनका भी निरीक्षण किया गया/निरीक्षण शुरु किया गया । इसके अतिरिक्त दो बैंकों के कार्यकलापों की जांच-पड़ताल की गयी ; उनमें से, एक के सम्बन्ध में यह निर्णय करना था कि क्या बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 45ठ (4) के अधीन अपकरण सम्बन्धी कार्रवाई करने के लिए प्रत्यक्षतः कोई आधार है और दूसरे के सम्बन्ध में बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 44(1) के अधीन एक प्रमाणपत्र जारी करना था ।

161. वाणिज्य बैंकों के 364 कार्यालयों की सेवा प्राप्त 76 केन्द्रों में आलोच्य वर्ष में वाणिज्य बैंकों की शाखाओं का केन्द्रवार निरीक्षण किया गया, जिसका उल्लेख पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था ।

162. उपर्युक्त निरीक्षणों के अलावा, आलोच्य अवधि में बैंकों की प्रणालियों और क्रियाविधियों का अध्ययन शुरु किया गया ; उक्त अध्ययन का उद्देश्य यह था कि ऐसे क्षेत्रों का स्थूल रूप से पता लगाया जाए जहां उक्त प्रणालियों और क्रियाविधियों में कमियां विद्यमान हों और जहां जहां आवश्यक हो, सुधारात्मक उपाय सुझाये जाएं जिससे सम्बन्धित बैंक ऐसे उद्देश्यों जिनके लिए उसकी स्थापना की गयी हो, तथा सामाजिक उद्देश्यों की यथासम्भव अच्छी तरह से पूर्ति कर सकें तथा जालसाजी की घटनाओं को यथासम्भव दूर किया जा सके । दो बैंकों के संदर्भ में ऐसे अध्ययन किये गये और उनकी रिपोर्ट सम्बन्धित बैंकों के पास आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गयीं ।

बैंकों का विलयन

163. आलोच्य अवधि में ईस्टर्न बैंक लिमिटेड (जिसके भारत में चार कार्यालय थे) के भारतीय कार्यालयों का कारोबार 1 जुलाई 1971 से चार्टर्ड बैंक ने अपने अधिकार में ले लिया ।

164. एक सार्वजनिक सीमित कम्पनी के रूप में 18 जनवरी 1972 को निगमित किये गये पूर्वांचल बैंक लिमिटेड को भारत में बैंक व्यवसाय करने के निमित्त 14 जून 1972 को लाइसेंस प्रदान किया गया ; उक्त बैंक का पंजीकृत कार्यालय गौहाटी (असम) में है । उसने 3 जुलाई 1972 को अपना कारोबार शुरू किया और उसी तारीख को रिजर्व बैंक आफ इण्डिया अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में उसका नाम सम्मिलित भी किया गया । उक्त बैंक की चुकता पूंजी 23 मई 1972 को 8.06 लाख रुपये थी, जो प्रति शेयर रु० 100 के मूल्य के 13,430 ईक्विटी शेयरों के संदर्भ में प्रति शेयर रु० 60 की प्रदत्त राशि से बनी थी । उपर्युक्त राशि में से युनाइटेड बैंक आफ इंडिया द्वारा किये गये अभिदान की राशि उसको दिये गये 4,500 शेयरों के संदर्भ में 2.70 लाख रुपये थी । बैंक द्वारा जारी की गयी विवरणिका के अनुसार प्रति शेयर रु० 100 के मूल्य के 25,000 ईक्विटी शेयरों से प्राप्त होने वाले 25,00,000 रुपयों की उसकी जारी की गयी पूंजी में से प्रति शेयर रु० 100 के मूल्य के 9,00,000 रुपयों के ईक्विटी शेयर युनाइटेड बैंक आफ इंडिया, निदेशकों और उनके रिश्तेदारों, मित्रों तथा सहयोगियों द्वारा अभिदान किये जाने के लिए आरक्षित किये गये हैं (यदि इनमें से कोई शेयर इस प्रकार नहीं लिए जाएं तो उनका उपयोग जनता से प्राप्त आवेदनपत्रों के संदर्भ में किया जाएगा) ।

बैंकों का लाइसेंसीकरण

165. इस वर्ष के दौरान ईस्टर्न बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द किया गया और पूर्वांचल बैंक लिमिटेड को लाइसेंस प्रदान किया गया : इस कारण लाइसेंसीकृत बैंकों की संख्या जून 1972 के अन्त में अपरिवर्तित रही अर्थात् उक्त संख्या पहले की तरह 46 ही थी । जिन बैंकों के मामले में लाइसेंस रद्द किये गये उनकी संख्या बढ़कर जून 1972 के अन्त में 51 हो गयी । इसके अलावा सरकारी क्षेत्र में ऐसे 22 बैंक थे जिनके लिए लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक नहीं है ।

166. आलोच्य अवधि में, एक वर्तमान बैंक के नयी निधि सम्बन्धी कारोबार की देयताओं और आस्तियों को दूसरे बैंक में अन्तरित कर देने के कारण उसे भारत में बैंक व्यवसाय करने के लिए बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अधीन लाइसेंस देने से इन्कार किया गया । जिन बैंकों को लाइसेंस देने से इन्कार किया गया उन बैंकों की संख्या जून 1972 के अन्त में 283 थी ।

परिसमापन की कार्रवाइयां

167. आलोच्य अवधि में उच्च न्यायालय द्वारा छः गैर अनुसूचित बैंकों का विघटन किया गया और एक बैंक ने स्वैच्छिक परिसमापन कर दिया । बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36(क) (2) के अधीन बैंक आफ कारैकुडि लिमिटेड (मद्रास क्षेत्र) बैंकिंग कम्पनी नहीं रहा और कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 (5) के अधीन इंटर प्रोविन्शियल बैंकिंग कार्पोरेशन लिमिटेड (कलकत्ता क्षेत्र) का नाम रजिस्टर में से हटा दिया गया ।

168. केन्द्रीय सरकार से आवश्यक निदेश प्राप्त करने के बाद बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 45थ के अधीन तीन बैंकों का निरीक्षण शुरू किया गया । उनमें से एक बैंक का निरीक्षण पूरा किया गया और सम्बन्धित निरीक्षण रिपोर्ट 10 दिसम्बर 1971 को सरकार तथा सम्बन्धित उच्च न्यायालय के पास भेजी गयी । शेष दो बैंकों का निरीक्षण कार्य सम्बन्धित रिकार्ड उपलब्ध न होने के कारण स्थगित रहा ।

समाशोधन गृह सुविधाएं

169. बैंकिंग सुविधाओं को व्यापक बनाने की रिजर्व बैंक की नीति के एक अंश के रूप में आलोच्य वर्ष में 22 समाशोधन गृह स्थापित किये गये ; इससे देश में विद्यमान समाशोधन गृहों की कुल संख्या बढ़कर 157 हो गयी ; इनमें से रिजर्व बैंक आफ इंडिया, स्टेट बैंक आफ इंडिया और उसके सहायक बैंकों द्वारा क्रमशः 9, 119 और 29 समाशोधन गृहों का प्रबन्ध किया जाता है ।

170. राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान के तत्त्वावधान में दिसम्बर 1969 में हुए कार्य शिविर द्वारा की गयी सिफारिशों के अनुसरण में रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने फ़रवरी 1970 में स्टेट बैंक आफ इंडिया से कहा कि वह 1961 की जनगणना के अनुसार 50,000 या उससे अधिक आबादी वाले ऐसे स्थानों पर जहां तीन या चार से अधिक बैंक कारोबार करते हैं, समाशोधन गृह खोलने की सम्भाव्यता की जांच पड़ताल करे । उपर्युक्त आधार पर समाशोधन गृह खोलने की दिशा में स्टेट बैंक आफ इंडिया कदम उठाता आ रहा है । आलोच्य अवधि में स्थापित 22 समाशोधन गृहों में से 16 समाशोधन गृह ऐसे केन्द्रों में खोले गये । 1971 की जनगणना के अनुसार समाशोधन गृह खोलने के लिए पात्र केन्द्रों की एक नयी सूची बनायी जा रही है और उन केन्द्रों में समाशोधन गृह स्थापित करने के लिए अपना भावी कार्यक्रम बनाने के निमित्त उसे स्टेट बैंक आफ इंडिया के पास भेजा जाएगा । महानगरीय केन्द्रों में अतिरिक्त समाशोधन गृह खोलने का प्रश्न भी रिजर्व बैंक के विचाराधीन है ।

सरकारी क्षेत्र के बैंकों के कार्य परिणाम

सरकारी क्षेत्र के सभी बैंक

171. सरकारी क्षेत्र के 22 वाणिज्य बैंकों (अर्थात् स्टेट बैंक आफ इंडिया, उसके 7 सहायक बैंक और 14 राष्ट्रीयकृत बैंक) के कार्य-परिणामों का विश्लेषण करने से इस बात का पता चलता है कि 12.8 करोड़ रुपयों की उनकी लाभ राशि* 1970 की तुलना में 2.7 करोड़ रुपये (या 26.2 प्रतिशत) अधिक थी । इन बैंकों की कुल आय में जहां 1970 में 76.3 करोड़ रुपयों (22.7 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी वहां 1971 में 101.0 करोड़ रुपयों (24.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई । 1971 में आय में हुई इस वृद्धि का मुख्य कारण यह था कि ब्याज और बट्टे से प्राप्त होने वाली आमदनियों में 1971 में 91.6 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1970 में उनमें 71.5 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी । ब्याज से प्राप्त होने वाली आय में वृद्धि होने का मुख्य कारण यह था कि 9 जनवरी 1971 से बैंक दर में वृद्धि हो जाने के परिणामस्वरूप अग्रिमों की ब्याज दरें भी बढ़ गयीं और उनके अग्रिमों की मात्रा में भी वृद्धि हो गयी । इन बैंकों के कुल व्यय में जहां 1970 में 75.2 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी वहां 1971 में 98.3 करोड़ रुपयों (24.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई । जमाराशियों और उधारों पर अदा किये गये ब्याज की राशि में 1970 में हुई 19.9 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 27.0 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई पड़ी,

*करों और कर्मचारियों को देय बोनस के लिए व्यवस्था करने के बाद शुद्ध लाभ । बोनस की व्यवस्था को स्थापना व्यय के अधीन सम्मिलित किया गया है ।

जिसका आंशिक कारण यह था कि जमाराशियों और उधारों की ब्याज दरों में वृद्धि हो गयी थी। फिर भी वेतन और भत्तों से सम्बन्धित व्यय में 1971 में हुई 35.9 करोड़ रुपयों (21.7) प्रतिशत की वृद्धि 1970 की 36.5 करोड़ रुपयों या 28.4 प्रतिशत की वृद्धि की अपेक्षा कम ही थी; इसका कारण यह था कि 1971 में बैंक कार्यालयों की संख्या में 1970 की अपेक्षा कम वृद्धि ही हुई।

स्टेट बैंक समूह

172. स्टेट बैंक आफ इंडिया की कुल आय 1970 के 112.7 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1971 में 142.1 करोड़ रुपये हो गयी। कमीशन, विनिमय और दलाली से प्राप्त होने वाली आय में 1971 में 3.4 करोड़ रूपयों की वृद्धि हुई जबकि 1970 में उसमें 0.6 करोड़ रुपयों की भिन्नात्मक वृद्धि हुई थी। स्टेट बैंक के व्यय में भी 1971 में 28.3 करोड़ रुपयों (25.7 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। 1970 में कुल व्यय में 21.4 करोड़ रुपयों या 24.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 1971 में स्टेट बैंक आफ इंडिया के लाभ की राशि 3.8 करोड़ रुपये थी अर्थात् उसमें 1.1 करोड़ रुपयों (40.0 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि 1970 में उसमें 10 लाख रुपयों की थोड़ी-सी कमी हुई थी। इस लाभ-राशि में से बैंक ने 2.0 करोड़ रुपये प्रारक्षित निधि में अन्तरित किये और शेयरधारियों को लाभांश देने के निमित्त 1.3 करोड़ रुपये अलग रखे।

173. स्टेट बैंक के सात सहायक बैंकों ने अपनी आय को 1970 के 32.5 करोड़ रुपयों से बढ़ाकर 1971 में 40.2 करोड़ रुपये कर लिया; ऋणों और अग्रिमों के ब्याज से प्राप्त अधिक आमदनी इस वृद्धि का प्रमुख कारण थी। चूंकि उनके व्यय में भी लगभग आय के अनुपात में ही वृद्धि हुई अतः उनकी लाभ-राशि में 1971 में 2 लाख रुपयों की सीमान्त कमी पायी गयी जबकि 1970 में उसमें 10 लाख रुपयों की वृद्धि हुई थी। इस लाभ-राशि में से इन बैंकों ने 12 लाख रुपये प्रारक्षित निधियों में अन्तरित किये और लाभांशों की अदायगी के लिए 36 लाख रुपये अलग रखे।

राष्ट्रीयकृत बैंक

174. चौदह राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अपने सारे व्यय की पूर्ति करने और नियमित व्यवस्थाओं के लिए राशि सुरक्षित रखने के बाद 1971 में 4.43 करोड़ रुपये भारत सरकार को अन्तरित किये जबकि 1970 में 4.17 करोड़ रुपये अन्तरित किये गये थे।

175. चौदह राष्ट्रीयकृत बैंकों के 1971 के कार्यपरिणामों से उनकी लाभ राशि में वृद्धि होने का पता चलता है। उक्त लाभ राशि* जहां 1970 में 6.9 करोड़ रुपये थी वहां 1971 में 8.5 करोड़ रुपये हो गयी। उनके व्यय में तेजी से वृद्धि होने के बावजूद उनकी लाभ-राशि में यह वृद्धि पायी गयी।

176. इन बैंकों की कुल आय में 1971 में 63.8 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात् उनकी आय बढ़कर 330.6 करोड़ रुपये हो गयी; 1970 में उसमें 49.4 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। जमाराशियों और उधारों पर अदा किये गये ब्याज की राशि में 1971 में 34.4 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष उसमें 21.3 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। फिर भी स्थापना व्यय में 1971 में हुई वृद्धि 1970 में हुई 22.3 करोड़ रुपयों की वृद्धि के मुकाबले में केवल 20.1 करोड़ रुपये थी। इसलिए इन बैंकों की लाभ-राशि में 1971 में 1.6 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष उसमें 1.1 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। 1971 की लाभ राशि में से राष्ट्रीयकृत बैंकों ने 3.94 करोड़ रुपये की प्रारक्षित निधियों में और 4.43 करोड़ रुपये भारत सरकार को अन्तरित किये।

सरकारी क्षेत्र के बैंकों को छोड़कर अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का कामकाज

गैर सरकारी क्षेत्र के 10 करोड़ रुपयों से अधिक जमाराशियों वाले सभी बैंक

177. गैर सरकारी क्षेत्र के 10 करोड़ रुपयों अधिक जमा राशियों वाले 25 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (विदेशी बैंकों को भी मिलाकर) के कार्य परिणामों में दिसम्बर 1971 के अन्त में प्रगति पायी गयी और उनकी लाभ-राशि** जहां 1970 में 3.9 करोड़ रुपये थी वहां 1971 में बढ़कर 4.6 करोड़ रुपये हो गयी अर्थात् उनकी लाभ-राशि में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन बैंकों की कुल आय में 18.7 करोड़ रुपयों (26 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। बैंकों की आय में जो वृद्धि हुई उसका मुख्य कारण यह था कि ब्याज और बट्टे से प्राप्त होने वाली आमदनियों में 1971 में 15.5 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात् उक्त आमदनियां बढ़कर 74.4 करोड़ रुपये हो गयीं। उक्त वृद्धि प्रमुख रूप से 9 जनवरी 1971 से बैंक दर में हुई वृद्धि के फलस्वरूप बैंकों द्वारा उच्चतर दरों पर अग्रिमों पर ब्याज लिये जाने और उनके अग्रिमों की मात्रा में वृद्धि हो जाने के कारण हुई। जमाराशियों और उधारों पर अदा किये गये ब्याज 1971 में 8.5 करोड़ रुपयों (27.4 प्रतिशत) की वृद्धि पायी गयी। यह अंशतः जमाराशियों और उधारों की ब्याज दरों में हुई वृद्धि और अंशतः ब्याज-धारक जमाराशियों में हुई वृद्धि के कारण हुई। वेतन और भत्तों से सम्बन्धित व्यय में भी 4.50 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जो 1970 की अपेक्षा 22.8 प्रतिशत की वृद्धि की द्योतक थी। वेतन और भत्तों से सम्बन्धित व्यय में जो वृद्धि हुई उसका आंशिक कारण 1971 में कार्यालयों की संख्या में 249 की वृद्धि हो जाना भी था।

गैर सरकारी क्षेत्र के भारतीय अनुसूचित बैंक

178. 10 करोड़ रुपयों से अधिक जमाराशियों वाले गैर सरकारी भारतीय अनुसूचित बैंकों की कुल आय जहां 1970 में 27 करोड़ रुपये थी वहां 1971 में बढ़कर 35.6 करोड़ रुपये हो गयी अर्थात इस एक वर्ष के दौरान उसमें 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आय में हुई वृद्धि मुख्य रूप से ब्याज और बट्टे में हुई। वृद्धि के कारण हुई ब्याज और बट्टे से प्राप्त राशि जहां पिछले वर्ष 23.2 करोड़ रुपये थी वहां 1971 में 30.8 करोड़ रुपये हो गयी। किन्तु आय में हुई भारी वृद्धि से वास्तविक लाभ राशि में तदनुरूप वृद्धि नहीं हुई। इस वर्ष लाभ राशि में केवल 0.4 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। कुल आय में हुई वृद्धि जमाराशियों और उधारों पर दिये गये ब्याज तथा वेतन और भत्तों आदि में हुई वृद्धि के कारण लगभग समायोजित हो गयी। किन्तु इस वर्ग के कुल बैंकों के कारोबार में अच्छी प्रगति पायी गयी; इसका मुख्य कारण यह था कि उनके द्वारा अधिक मात्रा में अग्रिम प्रदान किये गये थे और इस कारण ब्याज के रूप में उन्हें अधिक आमदनी प्राप्त हुई थी।

---

* यहां दिये गये आंकड़े बोनस की अदायगी के लिए किये गये समायोजन के बाद के हैं।

** करों और कर्मचारियों को देय बोनस के लिए व्यवस्था करने के बाद शुद्ध लाभ। बोनस की व्यवस्था को स्थापना व्यय के अधीन सम्मिलित किया गया है।

विदेशी बैंक

179. 1971 में छः विदेशी बैंकों की कुल आय में 10.3 करोड़ रुपयों (22.9 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। पिछले तीन वर्षों के दौरान उनका जो स्थापना व्यय हुआ वह उनकी कुल आय के संदर्भ में जहां 1969 में 27.1 प्रतिशत था वहां 1971 में कम होकर 25.2 प्रतिशत हो गया; 14 प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंकों के मामले में उक्त प्रतिशत 1969 और 1971 में क्रमशः 32.9 और 30.9 था। इन बैंकों की प्रकाशित वास्तविक लाभ राशि में वृद्धि पायी गयी अर्थात् उक्त राशि जहां 1970 में 2.8 करोड़ रुपये थी वहां 1971 में बढ़कर 3.1 करोड़ रुपये हो गयी जो इस वर्ष के दौरान हुई 10.7 प्रतिशत वृद्धि का परिचय देती है। इन बैंकों के समूह के वास्तविक लाभ का उनकी कार्यकारी निधि के संदर्भ में प्रतिशत भारतीय अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की तुलना में अधिक था। उसके निम्नलिखित कारण थे। (क) विदेशी बैंक प्रायः महानगरों में कारोबार करते हैं; (ख) वे प्रमुख रूप से विदेशी मुद्रा संबंधी कारोबार करते हैं; और (ग) वे सामान्य रूप से बड़े पैमाने पर लेन-देन का कार्य करते हैं। किन्तु भारतीय बैंक न केवल इस प्रकार के कारोबार करते हैं, बल्कि किसानों, लघु उद्योगों और शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के अन्य छोटे ऋणकर्ताओं को ऋण प्रदान करने का कार्य भी करते हैं।

गैर बैंकिंग कम्पनियों पर नियंत्रण

180. इस संदर्भ में इस वर्ष के दौरान जो महत्वपूर्ण गतिविधि पायी गयी वह यह थी कि गैर बैंकिंग कम्पनियों के नाम जारी किये गये निदेशों में दिसंबर 1971 में संशोधन किया गया जिससे कि शेयरधारियों से प्राप्त गैर जमानती ऋणों और निदेशकों, भूतपूर्व प्रबन्ध एजेंटों या सचिवों और कोषपालों द्वारा गारन्टीकृत ऋणों को भी उनके अंतर्गत लाया जा सके। जो ऋण अब तक जमाराशियों से संबंधित प्रतिबंधों से मुक्त थे उन पर अब 1 जनवरी 1972 से कंपनियों की वास्तविक स्वाधिकृत निधियों के 25 प्रतिशत की एक अलग उच्चतम सीमा लागू की गयी है। यदि उपर्युक्त गैर जमानती ऋण निर्धारित उच्चतम सीमा से अधिक हों तो उस अतिरिक्त अंश का समायोजन करने के लिए तीन वर्ष और तीन महीने का समय दिया गया है। किन्तु कंपनियों की वास्तविक व्यावसायिक अपेक्षाओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से कतिपय वर्गों के ऋणों, विशेषकर सरकार की गारंटी पर प्राप्त ऋणों और विदेशी स्रोतों से प्राप्त ऋण का उक्त निदेशों से विशिष्ट रूप से छूट दी गयी है।

181. पिछले वर्ष की रिपोर्ट के बाद पंजाब, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और गुजरात में जनता से जमाराशि स्वीकार करनेवाले और ब्याज की अत्यधिक ऊंची दरों पर ऋण देनेवाले कुछ 'वित्त निगमों' के कार्यकलाप भी प्रकाश में आये हैं। स्थानीय साहूकार अधिनियमों के उपबन्धों को इन निगमों पर लागू करने और कुछ अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से इन अधिनियमों में संशोधन करने के प्रश्न पर संबंधित सरकारों से विचार विमर्श किया जा रहा है।

182. आंध्र प्रदेश की सरकार 1 जुलाई 1971 को आंध्र प्रदेश चिट फंड अधिनियम, 1971 को अमल में लायी। केरल और तामिलनाडु में चिट कंपनियों के संबंध में विद्यमान विधि में संशोधन करने का प्रश्न उन राज्य सरकारों के विचाराधीन है। मैसूर राज्य और गोवा, दमन और दीव के संघशासित क्षेत्र की सरकारें चिट फंड विधानों को अधिनियमित करने का विचार कर रही हैं।

183. 31 मार्च 1969 तक की विवरणियों के आधार पर गैर बैंकिंग कंपनियों के पास रहनेवाली जमाराशियों का जो सर्वेक्षण किया गया उसके अनुसार कुल 27,961 कार्यरत मिश्रित पूंजी कंपनियों (वित्तीय और वित्तेतर) में से 2,241 कंपनियों ने रिज़र्व बैंक आफ इंडिया को विवरणियां प्रस्तुत कीं। उनके द्वारा सूचित किये गये लेखों की कुल संख्या लगभग 6.25 लाख थी। मार्च 1969 के अंत में उन कंपनियों के पास (जमाराशियों के रूप में न माने जानेवाले 270.76 करोड़ रुपयों के छूट प्राप्त ऋण सहित) 593.65 करोड़ रुपये की कुल जमा राशियां थीं जबकि मार्च 1968 के अंत में (209.59 करोड़ रुपयों के छूट प्राप्त ऋण सहित) उनके पास 477.89 करोड़ रुपयों की कुल जमाराशियां थीं। 31 मार्च 1969 तक की इस जमा रकम में उन कंपनियों द्वारा विश्व बैंक, अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेन्सी, अंतराष्ट्रीय विकास संघ, राष्ट्र मंडल विकास वित्त निगम और निर्यात-आयात बैंक जैसे विदेशी स्रोतों से लिये गये 121.64 करोड़ रुपयों तक के गैर जमानती ऋण शामिल हैं। मार्च 1968 के अंत में उक्त राशि 79.60 करोड़ रुपये थी।

जमा बीमा निगम

184. बीमाकृत वाणिज्य बैंकों की संख्या 82 से घटकर 81 हो गयी, क्योंकि एक बैंक का दूसरे बैंक में विलयन हो गया था। इस मामले में निगम पर कोई देयता नहीं आयी। आलोच्य अवधि में बीमाकृत जमाराशियों के संदर्भ में निगम पर कोई नई देयता नहीं आयी। निगम की स्थापना से लेकर 30 जून 1972 तक 14 बैंकों के जिन दावों के संबंध में अदायगी की गयी अथवा अदायगी के लिए व्यवस्था की गयी उनकी कुल राशि 113.04 लाख रुपये थी और स्थापना से लेकर अब तक कुल 113.04 लाख रुपयों के प्रतिस्थापित दावों के संदर्भ में 49.99 लाख रुपयों की कुल राशि निगम को वापस मिली।

185. बीमा रक्षा की सीमा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ; वह प्रति जमाकर्ता 10,000 रुपये थी। उपलब्ध अद्यतन आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 1971 के अंत तक बीमाकृत बैंकों के 96.3 प्रतिशत जमा लेखों और 62.1 प्रतिशत जमाराशियों को बीमा योजना के अधीन रक्षित किया गया था। बीमाकृत बैंको द्वारा अपनी निर्धार्य जमाराशियों के संदर्भ में देय बीमा प्रीमियम की दर जहां जमाराशियों के प्रत्येक 100 रुपये पर वार्षिक पांच पैसे थी वहां उसे 1 अक्तूबर 1971 से कम कर प्रति 100 रुपये चार पैसे कर दिया गया।

सहकारी क्षेत्र में जमा बीमा योजना

186. 1 जुलाई 1971 से आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों तथा गोवा, दमन और दीव के संघशासित क्षेत्र में स्थित सहकारी बैंकों के लिए जमा बीमा योजना लागू कर दी गयी। निगम ने उस तारीख को 385 पात्र सहकारी बैंकों को बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकृत किया। परन्तु आलोच्य वर्ष अवधि में इन सहकारी बैंकों में से 5 बैंकों का पंजीकरण रद्द किया गया क्योंकि वे पात्र सहकारी बैंक नहीं रहे और रिज़र्व बैंक के कृषि ऋण विभाग ने भी 'प्राथमिक सहकारी बैंकों' की सूची में से उनका नाम हटा दिया। इसी अवधि में ग्यारह प्राथमिक सहकारी बैंकों ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों के लिए लागू) की धारा 5 (गगग) के साथ पढ़ी जानेवाली रिज़र्व बैंक आफ इंडिया अधिनियम 1934 की धारा 2 (ग III) में निर्धारित सभी शर्तों की पूर्ति कर प्राथमिक सहकारी बैंकों का स्तर प्राप्त कर लिया था; अतः उन्हें बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकृत किया गया। इस प्रकार बीमाकृत सहकारी बैंकों की कुल संख्या जून 1972 के अंत में 391 थी।

187. रिज़र्व बैंक आफ इंडिया इस उद्देश्य से शेष राज्य सरकारों संघशासित क्षेत्रों के साथ सक्रिय प्रयत्न कर रहा है कि जमा बीमा निगम उन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी बैंकों को भी योजना की सुविधा प्रदान कर सके।

III. सहकारी बैंक व्यवसाय की गतिविधियां

188. आलोच्य वर्ष में रिज़र्व बैंक ने देश की समग्र सहकारी ऋण व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने की कोशिश की। इस क्षेत्र की प्रमुख गतिविधियां इस प्रकार थीं : (क) छोटे और कमजोर कृषकों के लिए निर्दिष्ट ऋण के अनुपात को बढ़ाया गया; (ख) ऋण संबंधी आवश्यकताओं को युक्तिसंगत बनाने और तदनरूप निधियों की पूर्ति करने के के उद्देश्य से खरीफ और रबी की फसलों के लिए अलग अलग ऋण की व्यवस्था की गयी; (ग) खेती में काम आनेवाली मूल वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित किया गया; (घ) कृषि उत्पादों के सुव्यवस्थित विपणन के लिए ऋण प्रदान किये जाने की अलग व्यवस्था कर उक्त विपणन कार्य को सुविधा प्रदान की गयी; (ङ) रूई के अनुचित स्टाक बनाये रखने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए उस पर दिये जानेवाले अग्रिमों को विनियमित किया गया; (च) ऋण नीतियों में विशेषरूप से मियादी ऋण के क्षेत्र में और सुधार किया गया ताकि सीमित साधनों का प्रभावकारी उपयोग हो; (छ) वित्तीय साधनों के अच्छे प्रबंधनों के लिए वित्तीय अनुशासन लागू किया गया; और (ज) सहकारिता की दृष्टि से कमजोर राज्यों में ऋण के संदर्भ में विद्यमान खाइयों का पता लगाने के लिए विशेष अध्ययन प्रारंभ किये गये ताकि सहकारी गतिविधि में पाये जानेवाले असंतुलन को यथासंभव दूर किया जा सके।

कृषि ऋण मंडल और उसकी स्थायी समितियां

189. कृषि ऋण मंडल द्वारा आलोच्य वर्ष में विचार किये गये महत्वपूर्ण विषयों में निम्नलिखित सिफ़ारिशें भी शामिल थीं कृषि को वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये जानेवाले ऋणों से संबंधित राज्य अधिनियमों पर विशेषज्ञ दल की सिफारिशें और विभेदक ब्याज दरों से संबंधित समिति की सिफारिशें जहां तक उक्त दरें कृषि ऋणों पर लिये जानेवाले ब्याज से संबंधित हों। उपर्युक्त विशेषज्ञ दल ने सहकारी बैंकों को प्राप्त रियायतों और विशेषाधिकारों को कृषि ऋण संबंधी कारोबार में लगे हुए वाणिज्य बैंकों के लिए भी लागू करने की जो सिफ़ारिशें की थीं उन्हें स्वीकार कर लिया गया; किन्तु यह अनुभव किया गया कि विभेदक दरों से संबंधित समिति द्वारा सिफ़ारिश की गयी विभेदक दरों की योजना प्रारंभ में छोटे कृषक एजेन्सी प्रायोजनाओं और सामान्य कृषक तथा कृषि श्रम प्रायोजनाओं के अंतर्गत आनेवाले कुछ चुने हुए क्षेत्रों में प्रायोगिक रूप से सहकारी बैंकों द्वारा लागू की जानी चाहिए।

190. कृषि के वित्तपोषण के क्षेत्र में सहकारी बैंकों और वाणिज्य बैंकों के कार्यकलापों को समन्वित करने के प्रश्न पर भी उक्त मंडल ने विचार किया। विभिन्न संस्थाओं द्वारा कृषि को दी जानेवाली ऋण सहायता से संबंधित सभी कार्यकलापों को राष्ट्रीय स्तर पर समन्वित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह अनुभव किया गया कि यदि मंडल अपनी स्थायी समिति के द्वारा यह कार्य करे तो उचित होगा। अतः एक स्थाई समिति गठित करने का निश्चय किया गया है। रिज़र्व बैंक के गवर्नर उक्त समिति के अध्यक्ष होंगे और सहकारी बैंकों, वाणिज्य बैंकों, भारत सरकार तथा कतिपय राज्य सरकारों के प्रतिनिधि उसके सदस्य होंगे।

छोटे कृषकों का वित्तपोषण

191. जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में कहा जा चुका है देश, में 46 छोटे कृषक विकास एजेन्सी प्रायोजनाओं और 41 सामान्य कृषक तथा कृषि श्रम प्रायोजनाओं की प्रायोगिक आधार पर स्थापना की गयी है। छोटे कृषक विकास एजेन्सी प्रायोजना कार्यक्रमों के जो विशेष अध्ययन योजना आयोग की सिफारिश के आधार पर पिछले वर्ष प्रारंभ किये गये थे उन्हें इस वर्ष भी जारी रखा गया। इस वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक के अधिकारियों के एक दल ने छिदवाड़ा छोटे कृषक विकास एजेन्सी प्रायोजना के कार्यचालन का अध्ययन किया। उक्त दल ने इस बात पर काफी जोर दिया कि आय वर्ग के आधार पर कृषकों का पता लगाया जाए और यह सुझाव दिया कि उसके बाद 'विशिष्ट कार्यक्रम' का दृष्टिकोण अपनाया जाय। दल की टिप्पणियां योजना आयोग के पास भेजी जा चुकी हैं।

192. यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से कि छोटे और आर्थिक रूप से कमजोर अन्य कृषकों को ऋण उपलब्ध किया जाता है, जैसाकि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया चुका है, केन्द्रीय सहकारी बैंकों से यह अपेक्षा की गयी कि वे शिखर बैंकों से लिये गये अल्पावधि कृषि ऋणों के अंतर्गत अपनी बकाया राशि के कम से कम 10 प्रतिशत को ऐसे कृषकों की वित्तीय सहायता करने के लिए रखी हुई राशि के रूप में दिखायें। उक्त प्रतिशत को इस वर्ष बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया। सूचना देनेवाले 182 केन्द्रीय बैंकों में से 117 केन्द्रीय बैंकों ने 1971-72 में उक्त अपेक्षा की पूर्ति की।

193. ऋण सुविधा प्राप्त करने की पात्रता के लिए प्रारंभिक निवेश करने का जो भार रहता है उसे कम करने के उद्देश्य से छोटे कृषकों को ऋण राशि के जिस सुनिश्चित अनुपात के शेयर लेने पड़ते हैं उसे कम कर दिया गया है; इससे उन्हें अल्पावधि ऋणों के मामले में पहले वर्ष में केवल 5 प्रतिशत और उसके बाद के दो वर्षों में प्रतिवर्ष 2½ प्रतिशत और मध्यावधि ऋणों के मामले में एकमुश्त 5 प्रतिशत का अभिदान करने की आवश्यकता है। प्राथमिक भूमि विकास बैंकों के मामले में छोटे कृषकों को पहले वर्ष में 2 प्रतिशत और उसके बाद के 3 वर्षों में प्रतिवर्ष 1 प्रतिशत का अभिदान करने की आवश्यकता है; इस प्रकार कुल शेयरों की राशि को बढ़ाकर ऋण राशि का 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

194. निवेश ऋणों के संबंध में छोटे कृषकों को दो रियायतें दी गयीं; वे इस प्रकार थीं : उन्हें ऋणों की वापसी अदायगी के लिए लंबी अवधि प्रदान की गयी और यह सुविधा दी गयी कि वे कम मार्जिन-राशि रखें। मुर्गी पालन, डेरी उद्योग जैसे उद्देश्यों के लिए छोटे कृषकों को रिज़र्व बैंक से उधार ली गयी निधियों में से 2000 रुपयों तक के मियादी ऋण बंधक जमानत के स्थान पर व्यक्तिगत जमानत पर प्रदान किये जा सकते हैं।

वाणिज्य बैंकों द्वारा ऋण समितियों का वित्तपोषण

195. वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का वित्तपोषण किये जाने के संदर्भ में 1970 में शुरू की गयी संक्रमणकालीन योजना इस वर्ष पांच राज्यों अर्थात् आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मैसूर और उत्तर प्रदेश राज्यों के 49 जिलों में जारी रही। उक्त योजना को हाल ही में उड़ीसा के दो जिलों में लागू किया गया है और यह आशा की जाती है कि इन जिलों के वाणिज्य बैंक अपने लिए नियत की गयी समितियों का 1972 के खरीफ मौसम से वित्तपोषण करेंगे। उक्त योजना के दूसरे वर्ष में वाणिज्य बैंकों द्वारा समितियों को प्रदान किये गये फ़सली ऋणों में पहले वर्ष में वितरित किये गये फ़सली ऋणों की अपेक्षा 176 लाख रुपयों की वृद्धि हुई और प्रत्येक समिति को प्रदान किये गये ऋण की औसत राशि उक्त अवधि में 0.12 लाख रुपयों से बढ़कर 0.50 लाख रुपये हो गयी। उत्पादन ऋणों के अलावा वाणिज्य बैंकों ने विकासात्मक उद्देश्यों के लिए मार्च 1972 के अंत तक 39 लाख रुपयों तक के मीयादी ऋण भी मंजूर किये थे। इन क्षेत्रों में कार्य करनेवाली समितियों को पुनः सशक्त बनाने के उद्देश्य से ऐसी समितियों की शेयर पूंजीमें अभिदान करने के निमित्त रिज़र्व बैंक ने दीर्घकालीन क्रियाएँ निधि में से राज्य सरकारों के लिए उधार शर्तों पर ऋण मंजूर किये हैं।

196. रिजर्व बैंक की सिफारिश पर राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान द्वारा नियुक्त किये गये अध्ययन दल ने मैसूर राज्य की योजना के कार्य-चालन का अध्ययन किया और यह पाया कि उक्त योजना के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति की गयी थी और इस प्रकार के कृषि वित्तपोषण को समेकित और विस्तारित करने के निमित्त उसने अन्य बातों के साथ साथ यह सुझाव दिया है कि वैतनिक प्रबन्धकों की नियुक्ति की जाए और वैतनिक कर्मचारियों पर होनेवाले व्यय की पूर्ति के लिए राज्य सरकार अधिक अभिदान करे। इस योजना की प्रगति पर बैंक बारीकी से ध्यान देता आ रहा है।

सहकारी गतिविधि

197. चौथी योजना के मध्यावधि मूल्यांकन से कृषि ऋण के वितरण में विद्यमान क्षेत्रीय असमानताएँ प्रकाश में आयीं और इस संतुलन को दूर करने की आवश्यकता पर रिजर्व बैंक और भारत सरकार ध्यान देती रही। सरकार ने रिजर्व बैंक के परामर्श के साथ कमजोर केन्द्रीय सहकारी बैंकों के पुनर्गठन के लिए एक केन्द्रीय क्षेत्रगत योजना बनायी ताकि पिछड़े क्षेत्रों/राज्यों में कृषि ऋण की उपलभ्यता में सुधार लाया जा सके। उक्त योजना के अधीन केन्द्रीय बैंक और प्राथमिक बैंकों की प्रतिदेय राशियों की ब्योरेवार छान-बीन करने के लिए कहा गया है ताकि अशोध्य ऋणों को बट्टे खाते डाल दिया जाए और इस प्रकार बट्टे खाते डाले जाने योग्य राशि को सहकारी ऋण ढांचे के तीन चरणों की संस्थाओं में से प्रत्येक चरण की संस्थाओं को लगभग 20 प्रतिशत की दर पर विभाजित कर लेना होगा। इस योजना को कार्यान्वित करने के कार्य से रिजर्व बैंक सक्रिय रूप से संबद्ध है। उक्त योजना में निर्धारित मानदंडों के अनुसार रिजर्व बैंक ने 74 कमजोर बैंकों का पता लगाया और इस संबंध में अनुवर्ती कार्यवाई भी शुरू की गयी है।

198. सहकारिता की दृष्टि से पिछड़े राज्यों में कृषि ऋण सुविधा को विस्तारित करने की संभावनाओं का पता लगाने के उद्देश्य से ऋण स्थिति का सूक्ष्म अध्ययन आवश्यक समझा गया और योजना आयोग द्वारा इस संबंध में की गयी सिफ़ारिशों के अनुसरण में भारत सरकार ने असम, बिहार, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अध्ययन करने के लिए एक विशेषज्ञ दल की नियुक्ति की है। पश्चिम बंगाल के लिए रिजर्व बैंक के गवर्नर ने जनवरी 1972 में कृषि ऋण विभाग के मुख्य अधिकारी की अध्यक्षता में एक दल की नियुक्ति की; उक्त दल प्रत्येक जिले की कृषि ऋण संबंधी स्थिति का पुनरीक्षण करेगा और कृषि ऋण स्थिति में सुधार लाने के लिए उपयुक्त सिफ़ारिशें प्रस्तुत करेगा। दल ने अपनी रिपोर्ट जून 1972 में प्रस्तुत की।

सहकारी ऋण नीति, क्रिया विधियां और कार्यकलाप

199. कृषि के मौसमी कार्यकलापों के लिए मंजूर की गयी ऋण सीमाओं का उपयोग करने के संदर्भ में अनुशासन लाने की दृष्टि से बैंक ने खरीफ और रबी फ़सलों के लिए अलग अलग सीमाएं प्रदान करने और उन न्यूनतम स्तरों को जहां तक केन्द्रीय सहकारी बैंकों के ऋणों को वर्ष के किसी भी महीने में लाना होगा, निर्धारित करने की अपनी नीति को जारी रखा। इस प्रकार ऋणों के स्तर को कम करने से इस बात का परिचय मिलेगा कि बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों की चुकौती होती है। रूई और कपास का विपणन कार्य चयनात्मक ऋण नियंत्रण के क्षेत्र में आता है उक्त विपणन कार्य के लिए विशेष ऋण व्यवस्था को जारी रखा गया; और रिजर्व बैंक ने इस वर्ष के दौरान रूई और कपास को छोड़कर अन्य फ़सलों के विपणन के लिए भी ऋण सीमाएँ मंजूर कीं। जनजातीय वर्गों के सामान्य वन उत्पादों के विक्रय से संबंधित विपणन समितियों को भी बैंक ने पहली बार वित्तीय सहायता प्रदान की।

200. सहकारी ऋण संस्थाओं अर्थात् राज्य और केन्द्रीय सहकारी बैंकों, राज्य भूमि विकास बैंकों और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों द्वारा 1970-71 में समाप्त हुए तीन वर्षों के दौरान किये गये समग्र कार्यकलापों को सारणी 22 में दर्शाया गया है।

201. उपर्युक्त सारणी से यह मालूम होगा कि जहां राज्य सहकारी बैंकों के स्तर पर विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिये गये ऋणों की बकाया राशि 534 करोड़ रुपये थी वहां रिजर्व बैंक को देय राशि 245 करोड़ रुपये या लगभग 46 प्रतिशत थी। फिर भी यह ध्यान देने योग्य है कि राज्य सहकारी बैंकों में अपने वित्तीय स्रोतों पर अवलंबित रहने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और इसके परिणामस्वरूप अल्पावधि कृषि ऋणों के लिए रिजर्व बैंक से लिये जानेवाले उधारों पर उनकी निर्भरता क्रमशः कम होती जा रही है।

सहकारी संस्थाओं को रिजर्व बैंक द्वारा दी गयी वित्तीय सहायता

202. सहकारी क्षेत्र को विभिन्न शीर्षों के अधीन और विभिन्न उद्देश्य के लिए विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में हाल ही में हुए तकनीकी सुधारों के संदर्भ में रिजर्व बैंक द्वारा दी जानेवाली वित्तीय सहायता में लगातार जो वृद्धि होती रही है वह सारणी 23 में दिये गये आंकड़ों से स्पष्ट होती है।

अल्पावधि वित्त

203. अल्पावधि वित्त के संबंध में इस वर्ष के दौरान शुरू किये गये महत्वपूर्ण उपाय निम्न प्रकार हैं: (i) आंध्र प्रदेश के कतिपय जिलों के जनजातीय कृषकों को कृषि ऋण प्रदान किये जाने के निमित्त रिजर्व बैंक द्वारा स्वीकृत गिरिजन सहकारी विकास निगम के लिए इस वर्ष के दौरान 40 लाख रुपयों की अल्पावधि ऋण सीमा मंजूर की गयी। (ii) रिजर्व बैंक ने पहली बार 1971-72 में उड़ीसा के एक केन्द्रीय बैंक की ओर से सामान्य वन उत्पादों के विपणन के लिए 1.50 लाख रुपयों की ऋण सीमा मंजूर की (iii) उर्वरकों की खरीद, संचयन, वितरण आदि के लिए वित्तपोषण करने के संबंध में राज्य सहकारी बैंकों को रिजर्व बैंक ने केवल ऐसे ही मामलों में वित्तीय सहायता प्रदान की जहां शिखर विपणन समितियों वाणिज्य बैंकों से अपेक्षित निधियां प्राप्त करने में असमर्थ थीं। इस नीति के अनुरूप ब्याज दरों को लगभग वाणिज्य बैंकों की दरों के स्तर पर लाने के उद्देश्य से अब तक बैंक दर पर लिये जानेवाले ब्याज की दर को 1972 से बढ़ाकर बैंक दर 2 प्रतिशत अधिक कर दिया गया। (iv) रिजर्व बैंक आफ इंडिया अधिनियम की धारा 17(2) (ख) के अंतर्गत रिजर्व बैंक हथकरघा/बिजली चालित करघा बुनकर समितियों के उत्पादन तथा विपणन संबंधी कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए बैंक दर से 1½ प्रतिशत कम दर पर वित्तीय सहायता देता रहा। 22 अनुमोदित वर्गों के अंतर्गत आनेवाले अन्य कुटीर और लघु उद्योग यूनिटों का वित्तपोषण करने के लिए राज्य सहकारी बैंकों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की गयी।

मध्यावधि वित्त

204. मध्यावधि वित्त के क्षेत्र में बैंक ने यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष उपाय किये कि भूमि विकास बैंकों द्वारा मीयादी ऋण प्रदान किये जाने के संबंध में लागू किये गये अनुशासन का केन्द्रीय सहकारी बैंक स्थूल रूप से पालन करते हैं। केन्द्रीय बैंकों को यह सलाह दी गयी है कि नये कुएं खोदने और पंप सेट लगाने आदि के लिए ऋण मंजूर करने से पहले वे भूमिगत पानी की उपलभ्यता के संबंध में सुनिश्चित कर लें।

सारणी 22 :—सहकारी ऋण संबंधी गतिविधि में प्रगति

(राशि करोड़ रुपयों में)

संस्था का प्रकार	1968–69	1969–70	1970–71 (अनंतिम)
1	2	3	4
(क) राज्य सहकारी बैंक			
(i) संख्या	25	25	25
(ii) स्वाधिकृत निधियां	75	83	92
(iii) जमाराशियां	216	234	279
(iv) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से लिये गये उधार	227	249	245
(क) उनमें से अल्पावधि कृषि ऋण	184	216	190
(v) कार्यकारी पूंजी	567	619	685
(vi) जारी किये गये ऋण	667	707	723
(vii) बकाया ऋण	459	510	534
(क) उनमें से अल्पावधि कृषि ऋण	227	276	287
(viii) (iv क) का (क) में प्रतिशत	81	78	66
(ख) केन्द्रीय सहकारी बैंक			
(i) संख्या	341	340	340
(ii) स्वाधिकृत निधियां	155	174	193
(iii) जमाराशियां	351	382	419
(iv) रिजर्व बैंक/शिखर बैंक से लिये गये उधार	291	331	अनु:
(v) कार्यकारी पूंजी	830	928	1030
(vi) जारी किये गये ऋण	860	873	969
(vii) बकाया ऋण	641	740	801
(ग) राज्य भूमि विकास बैंक			
(i) संख्या	19	19	19
(ii) स्वाधिकृत निधियां	36	46	58
(iii) बकाया डिबेंचर	426	571	725
(iv) कार्यकारी पूंजी	488	638	807
(v) जारी किये गये ऋण	144	153	168
(vi) बकाया ऋण	395	510	638
(घ) प्राथमिक कृषि ऋण समितियां			
(i) संख्या (हजारों में)	168	163	161
(ii) सदस्यता (,,)	29173	29766	30961
(iii) स्वाधिकृत निधियां	215	242	265
(iv) जमाराशियां	57	63	70
(v) उधार	540	618	675
(vi) जारी किये गये ऋण	504	540	578
(vii) बकाया ऋण	619	711	784

अनु.—अनुपलब्ध

205. इसके अलावा छोटे और आर्थिक दृष्टि से कमजोर कृषकों को दुधारू पशु खरीदने और मुर्गीपालन उद्योग के लिए प्रदान किये जानेवाले ऋणों के संबंध में भी रिजर्व बैंक ने इस बात की स्वीकृति दी थी कि "अनुमोदित उद्देश्यों" के लिए 40 प्रतिशत ऋण प्रदान करने की शर्त के भीतर उन्हें भी हिसाब में लिया जा सके जिससे कि उनके संदर्भ में भी रिजर्व बैंक से वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके। मध्यावधि कृषि ऋण प्रदान किये जाने के लिए 'अनुमोदित' उद्देश्यों की सूची को व्यापक बना दिया गया है और इस प्रकार उसमें कृषि के साथ-साथ किये जानेवाले सुअर पालन, भेड़-बकरी पालन, कृषकों द्वारा

सारणी 23—सहकारी संस्थाओं को रिज़र्व बैंक द्वारा 1970-71 और 1971-72 में दिए गए ऋण

(राशि करोड़ रुपयों में)

वित्तीय सहायता का उद्देश्य	1970-71 (जुलाई-जून)				1971-72 (जुलाई-जून)			
	मंजूरी की गयी सीमाएं	आहरण	वापसी अदायगियां	बकाया राशि	मंजूरी की गयी सीमाएं	आहरण	वापसी अदायगियां	बकाया राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
I अल्पावधि								
(i) कृषि संबंधी मौसमी कार्यकलाप (बैंक दर से 2% कम दर पर)	390.11	124.76	149.76	188.84	394.04	168.51	505.27	152.08
(ii) रूई और कपास को छोड़कर अन्य फ़सलों का विपणन					3.18	3.59	2.96	0.66
(iii) रूई और कपास का विपणन	10.65	8.56	9.52	1.03	11.70	10.25	10.10	1.19
(iv) उर्वरकों की खरीद और वितरण (बैंक दर से 2% अधिक दर पर) (1)	16.80	11.27	21.11	4.22	24.75	23.04	18.49	8.76
(v) हथकरघे पर वस्तुओं का उत्पादन और उनका विपणन (बैंक दर से $1\frac{1}{2}$% कम दर पर (5)	10.12	12.36	10.95	7.83	12.76	14.92	13.24	9.51
(vi) अन्य कुटीर और लघु उद्योगों का विकासपोषण	0.47	0.02	—	0.02	0.86	0.59	0.20	0.33
(vii) तागे की खरीद और बिक्री (बैंक दर पर)	0.80	0.04	0.06	0.03	0.97	0.14	0.17	कुछ नहीं
(viii) कृषिनि को ऋण (बैंक दर पर)	8.00	11.80	1.28	7.52	8.00	1.36	8.88	कुछ नहीं
II मध्यावधि								
(i) कृषि उद्देश्यों के लिये (बैंक दर से $1\frac{1}{2}$% कम दर पर)	18.76	14.20	10.31	24.31(2)	20.62	6.15	9.76	20.70(3)
(ii) प्रभावग्रस्त क्षेत्रों में अल्पावधि ऋणों का मध्यावधि ऋणों में परिवर्तन (बैंक दर से $1\frac{1}{2}$% कम दर पर)	21.80	13.64	4.33	13.66(2)	31.39	24.08	12.04(2)	25.70(2)
III दीर्घावधि								
(i) सहकारी ऋण संस्थाओं की शेयर पूंजी में अभिदान करने के लिये राज्य सरकारों को दिये गये ऋण	11.88(5)	12.49(4)	4.40	41.93	16.38	14.14	4.72	51.34
(ii) कृषिनि को दिये गये दीर्घावधि ऋण (वार्षिक 4.25% की दर पर)	—	—	—	—	5.00	5.00	—	5.00

(1) 1972 के पहले उर्वरकों की खरीद और वितरण के लिए रिज़र्व बैंक दर पर विकासपोषण किया जाता था। परन्तु उक्त दर को वाणिज्य बैंकों की ब्याज दरों के समान बनाने के उद्देश्य से जनवरी 1972 से बढ़ाकर बैंक दर से 2% अधिक बना दिया गया । उक्त आंकड़े 1970 और 1971 के कैलेण्डर वर्षों से संबंधित हैं।

(2) पुनर्व्यवस्था को मिलाकर।

(3) बैंक दर पर मंजूर की गयी सीमाओं के आधार पर दिये गये ऋणों की बकाया राशि को मिलाकर।

(4) 1969-70 के दौरान मंजूर किये गये 75.96 लाख रुपयों के ऋणों को मिलाकर।

(5) वित्तीय वर्ष के आंकड़े।

संग्रह धानी की खरीद और कृषि संबंधी मशीनों के अंतर्गत रबड़-रोलरों की खरीद जैसे कार्यकलापों को शामिल कर दिया गया है। यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से कि वित्तीय सहायता का पूर्ण रूप से उपयोग किया जाता है, यह भी निश्चित किया गया है कि अब तक सहकारी वर्ष के लिए मंजूर की जानेवाली मध्यावधि ऋण सीमाएँ 1973 से कैलेण्डर वर्ष के लिए मंजूर की जाएंगी।

206. रिजर्व बैंक राज्य सहकारी बैंकों को राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से मध्यावधि ऋण प्रदान करता रहा ताकि वे प्राकृतिक विपत्तियों से उत्पन्न होनेवाली कठिनाइयों को दूर करने के निमित्त अल्पावधि ऋणों को मध्यावधि ऋणों में परिवर्तित कर सकें। एक राज्य सहकारी बैंक के संदर्भ में उसके क्षेत्र में फ़सल के लगातार खराब हो जाने के कारण परिवर्तन ऋणों की मियाद को पुनर्व्यवस्थित करने की अनुमति दी गयी। इसके अलावा चार राज्य सहकारी बैंकों के लिए केन्द्रीय सहकारी बैंकों को ऋण परिवर्तन संबंधी सुविधाएँ प्रदान करने के निमित्त सरकारी/न्यासी प्रतिभूतियों के बंधक पर बैंक दर पर 9.65 करोड़ रुपयों की अल्पावधि ऋण सीमाएँ मंजूर की गयीं। उक्त प्रतिभूतियां उन राज्य सहकारी बैंकों की स्थिरीकरण निधियों में से किये गये निवेश की द्योतक हैं। इन ऋण सीमाओं में से जून 1972 तक 7.1 करोड़ रुपये लिये गये थे और 30 जून 1972 को 5.4 करोड़ रुपये बकाया थे।

शेयर पूंजीगत ऋण

207. राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएँ) निधि में से राज्य सरकारों के लिए मंजूर किये जानेवाले ऋणों के संबंध में उदार नीति जारी रही। इसका उद्देश्य यह है कि राज्य सरकारें (क) विशेष पुनः स्थापन कार्यक्रम के अंतर्गत आनेवाले कमजोर केन्द्रीय सहकारी बैंकों (ख) छोटे कृषक विकास एजेन्सी प्रायोजना और सामान्य कृषक तथा कृषि श्रम प्रायोजना जैसे विशेष कार्यक्रमवाले क्षेत्रों की सक्षम समितियों (ग) समितियों आदि का वित्तपोषण करनेवाले वाणिज्य बैंकों की शेयर पूंजी में अंशदान कर सकें। अपर्याप्त चलमुद्रागत साधनों की समस्या का सामना करनेवाले केन्द्रीय बैंकों के संदर्भ में, रिजर्व बैंक ने विशिष्ट मामलों में विशेष शर्तों पर शेयर सहभागिता के लिए भी ऋण मंजूर किये थे; ऐसे ऋणों पर 4 प्रतिशत की ब्याज दर लागू है और वे तीन समान वार्षिक किस्तों में प्रतिदेय हैं।

208. मार्च 1972 में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान 14 राज्य सरकारों को पांच शिखर बैंकों, 108 केन्द्रीय बैंकों, 8,999 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, 10 केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों, 85 प्राथमिक भूमि विकास बैंकों, 31 प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों और एक राज्य औद्योगिक सहकारी बैंक की शेयर पूंजी में अभिदान करने के लिए दीर्घकालीन क्रियाएँ निधि में से कुल 15.81 करोड़ रुपयों (0.57 करोड़ रुपये के नवीकृत ऋणों को छोड़कर) के ऋण प्रदान किये गये।

दीर्घावधि वित्त

209. रिजर्व बैंक पहले की तरह यह सुनिश्चित करता रहा है कि भूमि विकास बैंकों के डिबेंचर कार्यक्रमों को पर्याप्त संस्थागत सहायता उपलब्ध होती है। 1971-72 के लिए पहले 140 करोड़ रुपयों के डिबेंचर कार्यक्रम की जो परिकल्पना की गयी थी, उसके मुकाबले में भूमि विकास बैंकों ने वास्तव में 125.39 करोड़ रुपयों के डिबेंचर जारी किये। इस राशि के अधिकांश भाग (107 करोड़ रुपये) का अभिदान राज्य और केन्द्रीय सरकारों के अलावा भारतीय बीमा निगम, स्टेट बैंक आफ इंडिया, अन्य वाणिज्य बैंक रिजर्व बैंक आफ इंडिया जैसी संस्थाओं द्वारा किया गया। शेष 25 करोड़ रुपयों की राशि पारस्परिक सहायता से प्राप्त हुई।

210. रिजर्व बैंक द्वारा प्रमुख निवेशकों और केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों के प्रतिनिधियों की बैठक फ़रवरी 1972 में आयोजित की गयी। उक्त बैठक में 1972–73 के लिए जहां 155 करोड़ रुपयों का ऋण कार्यक्रम स्वीकार किया गया वहां 122 करोड़ रुपयों का डिबेंचर कार्यक्रम स्वीकार किया गया। डिबेंचर कार्यक्रम को इस प्रकार परिशोधित किया गया कि भूमि विकास बैंकों के अपने वित्तीय साधनों का उसमें विनियोजन हो और वे अपने स्वायत्त साधनों का लाभकारी ढंग से उपयोग करें। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 करोड़ रुपयों की सहायता राशि निर्धारित की गयी और यह आशा की गयी कि शेष 22 करोड़ रुपयों की राशि निजी सहायता से प्राप्त होगी।

211. इस वर्ष के दौरान नीति में किया गया एक महत्वपूर्ण परिवर्तन यह था कि केन्द्रीय भूमि विकास बैंक के स्तर पर रहनेवाली अतिदेय राशियों की सीमा तक सहायता कार्यक्रम में परिशोधन किया गया ताकि किसी राज्य के कतिपय क्षेत्रों में रहनेवाली भारी अतिदेय राशियों के कारण विकास कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए संस्थागत सहायता प्राप्त करने की समूचे राज्य की पात्रता पर प्रभाव न पड़े। फिर भी यदि प्राथमिक बैंकों/उनकी शाखाओं की अतिदेय राशि उनकी मांग के 50 प्रतिशत से अधिक हो तो शिखर बैंकों को उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने की आवश्यकता नहीं थी। किन्तु विशेष संदर्भ में उन प्राथमिक बैंकों/उनकी शाखाओं को जिनकी अतिदेय राशि 50 प्रतिशत से अधिक हो, सामान्य सिंचाई के उद्देश्यों के लिए शिखर बैंकों से ऋण प्राप्त करने योग्य बना दिया गया बशर्ते कि ऐसे ऋणों की राशि, 1969–70 या 1970–71 में जारी किये गये कुल ऋणों की राशि में से जो भी अधिक हो उसके 25 प्रतिशत से अनधिक हो। इसके अलावा कमजोर राज्यों अर्थात् पूर्वी क्षेत्र के चार राज्यों और राजस्थान तथा जम्मू और काश्मीर के प्राथमिक बैंक/उनकी शाखाएं भी छोटे कृषकों का वित्तपोषण करने के लिए ऋण प्राप्त कर सकती थीं। चाहे उनकी अतिदेय राशि की मात्रा कुछ भी क्यों न हो।

212. भूमि विकास बैंकों द्वारा जिन उद्देश्यों के लिए ऋण प्रदान किये जा सकते हैं उनको रिजर्व बैंक पिछले वर्षों की तरह बराबर महत्व देता रहा। पहले की तरह इस वर्ष भी यह शर्त जारी रखी गयी कि प्रदान किये गये ऋणों का कम से कम 90 प्रतिशत उत्पादक उद्देश्यों के लिए हो जिसमें से 70 प्रतिशत ऋण ऐसे उद्देश्यों के लिए हो जिनका आसानी से अभिज्ञान हो सके।

213. कृषि पुनर्वित्त निगम और रिजर्व बैंक द्वारा वित्तपोषित योजनाओं के संदर्भ में भूमि विकास बैंकों की ऋण नीतियों में समन्वयन लाने के उद्देश्य से भूमि विकास बैंकों को यह सलाह दी गयी कि वे (क) सामान्य सिंचाई के उद्देश्यों के लिए ऋण मंजूर करने के पहले भूमिगत जल की उपलब्धता को सुनिश्चित कर लें; (ख) विभिन्न उद्देश्यों के लिए प्रदान किये जानेवाले ऋणों के संदर्भ में न्यूनतम जोत सीमा निर्धारित करें जिससे कि निवेश कार्य में अधिक पूंजी लगाये जाने या साधनों का कम उपयोग किये जाने की प्रवृत्ति को रोका जा सके; (ग) ऋणकर्ताओं की ऋण चुकाने की क्षमता तथा निवेश द्वारा निर्मित आस्तियों की उपयोगी जीव्यता के आधार पर ऋणों की अवधि निर्धारित करें और (घ) इस बात पर जोर दें कि निवेश की लागत में ऋणकर्ता का उचित अभिदान हो।

214. 31 मार्च 1972 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान भूमि विकास बैंकों ने कुल कुल 4.09 करोड़ रुपयों के ग्रामीण डिबेंचर जारी किये जिनमें रिजर्व बैंक के अभिदान की राशि 1.33 करोड़ रुपये थी। पूर्वी क्षेत्र के राज्यों और राजस्थान तथा जम्मू और काश्मीर के ग्रामीण क्षेत्रों में बचत करने की सीमित क्षमता तथा युद्ध से प्रभावित

पंजाब के क्षेत्रों में हुई फ़सल की हानि को ध्यान में रखते हुए इन राज्यों के भूमि विकास बैंकों को यह अनुमति दी गयी कि वे 5 प्रतिशत की दर पर सामान्य डिबेंचर जारी करने के कार्यक्रमों के स्थान पर 2½ प्रतिशत की दर पर ग्रामीण डिबेंचर जारी करने का सीमित कार्यक्रम बनायें।

कृषि पुनर्वित्त निगम को ऋण

215. आलोच्य वर्ष में रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया अधिनियम 1934 और कृषि पुनर्वित्त निगम अधिनियम 1963 में संशोधन किये गये जिससे कि अखिल भारतीय ग्रामीण ऋण पुनरीक्षण समिति द्वारा की गयी सिफ़ारिश के अनुसरण में दीर्घकालीन क्रियाएं निधि में से रिज़र्व बैंक कृषि पुनर्वित्त निगम को दीर्घावधि ऋण प्रदान कर सके। निगम ने इस वर्ष के दौरा मंजूर किये गये 5 करोड़ रुपयों के ऋण लिये। उनके अलावा रिज़र्व बैंक निगम को अल्पावधि ऋण भी देता रहा (सारणी 23)।

सहकारी बैंकिंग विनियमन

216. इस वर्ष के दौरान प्राथमिक सहकारी बैंकों की सूची में कतिपय कृष्येतर ऋण समितियों को शामिल करने के कारण बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के अन्तर्गत आनेवाले सहकारी बैंकों की संख्या मार्च 1971 के अंत में विद्यमान 1,315 से बढ़कर जून 1972 के अन्त में 1,337 हो गयी है (29 राज्य सहकारी बैंक, 366 केन्द्रीय सहकारी बैंक और 942 प्राथमिक सहकारी बैंक)।

217. 1971-72 के दौरान दो राज्य सहकारी बैंकों और तीन प्राथमिक सहकारी बैंकों को बैंकिंग विनियमन अधिनियम, की 1949 (सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 22 के अधीन भारत में बैंक व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए लाइसेंस दिये गये; इससे लाइसेंस प्राप्त सहकारी बैंकों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गयी। सहकारी बैंकों के कार्यालयों की जो संख्या 30 जून 1971 को 4,931 थी वह 31 दिसम्बर 1971 को बढ़कर 5,164 हो गयी। राज्य और प्राथमिक सहकारी बैंकों को 74 नये कार्यालय खोलने के लिए लाइसेंस दिये गये जब कि 1970-71 में 76 नये कार्यालय खोलने के लिए उन्हें लाइसेंस दिये गये थे।

218. इस वर्ष के दौरान आठ राज्य और केन्द्रीय सहकारी बैंकों ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 11(1) के उपबन्धों का पालन नहीं किया। इन बैंकों की वित्तीय स्थिति और उनके कार्यकलापों पर बारीकी से निगरानी रखी गयी। उक्त उपबन्धों का पालन न करनेवाले 21 प्राथमिक सहकारी बैंकों में से 11 बैंकों के आवेदन-पत्रों के संदर्भ में भारत सरकार से 1 मार्च 1972 से एक वर्ष की अवधि तक छूट देने की सिफ़ारिश की गयी थी; उनमें से चार बैंकों ने बाद में उपबन्धों का पालन किया और अन्य बैंकों के आवेदन पत्र विचाराधीन थे।

219. इस वर्ष के दौरान निरीक्षण किये गये 744 सहकारी बैंकों में से 99 बैंकों का निरीक्षण बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 35(1) के अधीन रिज़र्व बैंक की तरफ़ से राज्य सहकारी बैंकों के अधिकारियों ने किया। 1 जुलाई 1971 से 30 जून 1972 तक की अवधि में 15 राज्य सहकारी बैंकों, 219 केन्द्रीय सहकारी बैंकों 11 राज्य और जिला औद्योगिक सहकारी बैंकों, 9 केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों 5 राज्य हथकरघा बुनकर समितियों, 3 शिखर विपणन समितियों और 459 प्राथमिक सहकारी बैंकों के संदर्भ में 721 निरीक्षण रिपोर्टें जारी की गयी।

220. जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में कहा जा चुका है, जमा बीमा योजना 1 जुलाई 1971 से तीन राज्यों, अर्थात् आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र तथा गोवा दमन और दीव के संघशासित क्षेत्र के सहकारी बैंकों के लिए लागू की गयी। शेष राज्य सरकारों को ऐसे उचित विधान बनाने की सलाह दी गयी है जिससे उनके राज्यों में स्थित सहकारी बैंकों के लिए भी उक्त योजना लागू हो सके।

221. सहकारी बैंकों द्वारा रुई पर प्रदान किये जानेवाले अग्रिमों को विनियमित करने के लिए शुरु किये गये चयनात्मक ऋण नियंत्रण संबंधी उपायों को इस वर्ष भी जारी रखा गया जिससे कि मूल्यों के बढ़ने की प्रत्याशा में स्टाकों को रोक रखने की प्रवृत्ति को दूर किया जा सके। जिन सहकारी बैंकों के संबंध में यह पाया गया कि वे अपनी निधियों का उपयोग उगाही तथा समीकरण भंडार से संबंधित कार्यकलापों के लिए कर रहे हैं, उनसे कहा गया कि वे ऐसा न करें और उन्हें यह सलाह दी गयी कि वे ऐसे कार्यकलाप केवल एजेंसी के आधार पर करें।

प्रशिक्षण सुविधाएं

222. इस वर्ष के दौरान तमिलनाडु, असम, गुजरात, मध्य प्रदेश तथा गोवा, दमन और दीव की सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों को कृषि ऋण विभाग द्वारा मार्गदर्शक अध्ययन की सुविधाएं प्रदान की गयीं। इनके अलावा, मलेशिया, थाईलैंड, श्रीलंका ईरान, त्रिनिदाद और बंगला देश के सात विदेशी उच्च अधिकारी उक्त विभाग में आये और उसकी कार्यपद्धतियों का अध्ययन किया। रिज़र्व बैंक, सहकारी बैंकों और छोटे कृषक विकास एजेंसी प्रायोजना और सामान्य कृषक तथा कृषि श्रम प्रायोजना के कर्मचारियों को बैंक द्वारा संचालित संस्थाओं में दिये गये प्रशिक्षण के विवरणों पर शिक्षा और प्रशिक्षण के खण्ड में चर्चा की गयी है।

223. इसके अलावा कृषि ऋण विभाग ने सहकारी बैंकर प्रशिक्षण कालेज, पूना में जुलाई 1971 में प्राथमिक शहरी बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों की पहली विचार-गोष्ठी और फ़रवरी 1972 में राज्य सहकारी बैंकों तथा केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों की चौथी विचार-गोष्ठी का आयोजन किया। इन विचार-गोष्ठियों का उद्देश्य इनमें भाग लेनेवाले अधिकारियों के लिए एक ऐसे मंच की व्यवस्था करना था जहां वे अपनी समस्याओं पर विचार-विमर्श कर सकें और अपने विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकें जिससे विशेष रूप से अनुमोदित नीतियों का पालन करने में आनेवाली कठिनाइयों को समझा जा सके और परिणामस्वरूप उनके प्रभावकारी क्रियान्वयन की प्रणालियां बनायी जा सकें/उनमें सुधार लाया जा सके।

कृषि पुनर्वित्त निगम

224. 1971-72 के दौरान निगम ने कृषि विकास से संबंधित 269 योजनाओं का अनुमोदन किया और 154.24 करोड़ रुपयों की वित्तीय सहायता मंजूर की जबकि पिछले वर्ष अनुमोदित 100 योजनाओं के संदर्भ में 62.15 करोड़ रुपयों की वित्तीय सहायता मंजूर की थी। 269 योजनाओं में से केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा क्रमशः 176,11 और 82 योजनाओं का वित्तपोषण किया जाना है और उनके संदर्भ में प्रदान किये जानेवाले पुनर्वित्त की राशियां क्रमशः 115.12 करोड़ रुपये, 11.03 करोड़ रुपये और 8.98 करोड़ रुपये हैं।

225. इस वर्ष के दौरान अनुमोदित की गयी योजनाओं में से 198 योजनाएं लघु सिंचाई से, 40 योजनाएं बागान/बागवानी से, 13 योजनाएं भूमि सुधार से, 3 योजनाएं मत्स्य पालन से, 5 योजनाएं गोदामों के निर्माण-कार्य से, 4 योजनाएं मुर्गी पालन से, 2 योजनाएं डेरी उद्योग के विकास से और एक-एक योजना भूमि के संरक्षण और बकरी पालन से और 2 योजनाएं खेती के मशीनीकरण से संबंधित थीं। उपर्युक्त योजनाओं के अलावा 30 जून 1972 को 342 योजनाएं निगम के पास संवीक्षण के विभिन्न चरणों में थीं।

226. आलोच्य वर्ष में निगम ने पहले मंजूर की गयी 103 योजनाओं के वित्तीय परिव्यय में कटौती करने और 30 अन्य योजनाओं के वित्तीय परिव्यय में वृद्धि करने का अनुमोदन किया। परिचालन संबंधी कठिनाइयों के कारण वित्तीय संस्थाओं द्वारा अनुरोध किये जाने पर 13 योजनाओं के संदर्भ में अवधि बढ़ा दी गयी। यदि पहले मंजूर की गयी कतिपय योजनाओं के वित्तीय परिव्यय में पुनर्व्यवस्था, योजनाओं के विनिवर्तन आदि के परिणामस्वरूप किये गये परिशोधन को हिसाब में लिया जाए तो निगम द्वारा मंजूर की गयी योजनाओं की कुल संख्या 30 जून 1972 को 711 थी। उनके अधीन निगम द्वारा दी गयी कुल वित्तीय सहायता और उसके वायदे की राशि क्रमशः 404.75 रुपये करोड़ और 350.79 करोड़ रुपये थी।

227. 1971–72 के दौरान निगम द्वारा किये गये कुल वितरणों की राशि 34.8 करोड़ रुपये थी जिसमें से भूमि बंधक/विकास बैंकों के विशेष विकास डिबेंचरों में अभिदान के रूप में प्रदान किये गये पुनर्वित्त की राशि 28.40 करोड़ रुपये थी। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों को वितरित की गयी राशि क्रमशः 3.26 करोड़ रुपये और 3.32 करोड़ रुपये थी। निगम द्वारा अपनी स्थापना से लेकर 30 जून 1972 तक वितरित राशि 124.69 करोड़ रुपये थी।

कृ. पु. निगम के वित्तीय साधनों में वृद्धि

228. निगम ने आलोच्य वर्ष में तीन स्रोतों अर्थात् भारत सरकार, रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया और खुले बाजार के माध्यम से अपने वित्तीय साधनों में वृद्धि कर ली। कृषि पुनर्वित्त निगम अधिनियम, 1963 की धारा 20(i) (ख) और (ग) के अधीन भारत सरकार से ऋणों के रूप में 10.4 करोड़ रुपयों की राशि प्राप्त की। इन ऋणों में गुजरात, आंध्र प्रदेश और हरियाणा कृषि ऋण प्रायोजनाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ से ऋण के रूप में प्राप्त 3.3 करोड़ रुपये और तराई क्षेत्र प्रायोजना के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक से ऋण के रूप में प्राप्त 0.05 करोड़ रुपये तथा सामान्य योजनाओं के लिए प्राप्त 7 करोड़ रुपये शामिल हैं। राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि में से रिजर्व बैंक द्वारा 5 करोड़ रुपयों की राशि मंजूर की गयी है। निगम ने 5 करोड़ रुपयों की राशि प्राप्त की है जो दस समान वार्षिक किस्तों में वापस अदा की जानी चाहिये। 5½—कृपुनि बाण्डों की तीसरी श्रेणियों के अन्तर्गत निगम ने 8.25 करोड़ रुपये प्राप्त किये। इस राशि के साथ खुले बाजार से लिये गये कुल ऋणों की राशि 27.71 करोड़ रुपये हो गयी। इस वर्ष के दौरान सात अनुसूचित वाणिज्य बैंकों और छः राज्य सहकारी बैंकों ने क्रमशः 0.12 करोड़ रुपये और 0.38 करोड़ रुपये के मूलधन की चुकौती कर दी। निगम ने 5 करोड़ रुपयों की अतिरिक्त शेयर की पूंजी भी जारी की जिससे कि उपयुक्त संस्थाओं की बढ़ती हुई मांगों की पूर्ति करने के निमित्त वह अतिरिक्त निधियों की व्यवस्था कर सके। इस प्रकार दूसरी बार जो शेयर जारी किये गये उनके संबंध में मूलधन तथा 4.5 प्रतिशत के न्यूनतम लाभांश की अदायगी के लिए भारत सरकार ने गारंटी दी। इस प्रकार 30 जून 1972 को निगम की प्रदत्त शेयर-पूंजी की राशि 10 करोड़ रुपये थी।

229. आलोच्य वर्ष के दौरान बनायी गयी निम्नलिखित महत्वपूर्ण नीतियां और क्रिया विधियां उल्लेखनीय हैं :—

(क) लघु सिंचाई योजनाओं की वित्तीय सहायता करने के निमित्त केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों द्वारा जारी किये गये विशेष विकास डिबेंचरों में राज्य सरकारों द्वारा सामान्यतया किये जानेवाले 25 प्रतिशत के अभिदान की मात्रा को घटाकर 1967–68 के सहकारी वर्ष से 10 प्रतिशत बना दिया गया। उसके बाद इस सुविधा की अवधि को प्रतिवर्ष बढ़ाया जाता रहा है और उक्त सुविधा 30 जून 1972 तक चालू थी। उसकी अवधि को अब 30 जून 1974 तक बढ़ा दिया गया है।

(ख) पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि उपयुक्त संस्थाओं के माध्यम से छोटे कृषक विकास एजेंसियों द्वारा प्रवर्तित सक्षम योजनाओं के संदर्भ में दिये जानेवाले 100 प्रतिशत पुनर्वित्त की सुविधा की अवधि को 30 जून 1972 तक बढ़ाया गया था। इस सुविधा को अब 30 जून 1973 तक बढ़ा दिया गया है। 30 जून 1972 तक लघु सिंचाई के विकास की ऐसी 15 छोटे कृषक विकास एजेंसी योजनाएं—पांच उत्तर प्रदेश में, चार मध्य प्रदेश में, तीन आंध्र प्रदेश में और हरियाणा, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में एक-एक योजना—निगम द्वारा मंजूर की गयी। इन योजनाओं के सन्दर्भ में कृपुनि द्वारा मन्जूर की गई वित्तीय सहायता की कुल राशि 14.37 करोड़ रुपये थी।

(ग) सामान्य कृषक तथा कृषि श्रम एजेन्सियों द्वारा बनायी गयी और केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के माध्यम से पेश की गयी योजनाओं के संदर्भ में श्री निगम ने 100 प्रतिशत पुनर्वित्त प्रदान करना स्वीकार किया है, बशर्ते कि वे योजनाएं आर्थिक दृष्टि से उपादेय और तकनीकी दृष्टि से सक्षम हों। यह सुविधा इस वर्ष प्रारम्भ की गयी और इसकी अवधि को अब 30 जून 1973 तक बढ़ा दिया गया है। आलोच्य वर्ष में पांडिचेरी के संघशासित क्षेत्र में लघु सिंचाई के विकास की एक योजना को निगम ने मंजूरी दी। इस योजना के संदर्भ में कुल वित्तीय सहायता और कृपुनि के वायदे की कुल राशि 0.16 करोड़ रुपये थी।

परामर्श सेवा

230. निगम ने 9 अगस्त 1971 को लखनऊ में एक परामर्श सेवा स्थापित की। जिन मुख्य उद्देश्यों के लिए परामर्श सेवा की स्थापना की गयी है वे निम्न प्रकार हैं :—

(i) वित्तपोषण करनेवाली एजेंसियों को प्रायोजनाओं का स्थान-निर्धारण, उनकी छान-बीन और उनका मूल्यांकन करने की क्रियाविधियों का पालन करने तथा कृषकों का समर्थन प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना।

(ii) छान-बीन तथा मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में वित्तपोषण करनेवाले बैंकों को राज्य सरकारों की तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराना।

(iii) जहां राज्य सरकारों के पास भूमि जल का अन्वेषण करने आदि की अपनी व्यवस्थाएं नहीं हों, वहां तकनीकी अन्वेषण की सुविधाओं की व्यवस्था करना।

(iv) भूमि विकास बैंकों को उनके संगठन को सुव्यवस्थित करने, कार्यपद्धतियों को सरल बनाने, स्वत्वाधिकार का पता लगाने में होनेवाले विलंब को दूर करने और कर्मचारियों के लिए पर्यवेक्षण संबंधी मानदण्डों का निर्धारण करने तथा ऋण संबंधी कार्यकलापों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्यों के लिए कार्य संबंधी मूल्यांकन की प्रक्रिया में सहायता प्रदान करना।

संक्षेप में परामर्श सेवा प्रायोजनाओं की रूपरेखा बनाने पर ध्यान देगी और पूर्वी राज्यों में अविलंब कृषि विकास की सक्षम योजनाएं बनाने में सहायता देगी।

चाय उद्योग का वित्तपोषण

231. जैसा कि पहले कहा जा चुका है, चाय के बागानों की ऋण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए विद्यमान संस्थानगत व्यवस्थाओं

सारणी 24 :—कृषि पुनर्वित्त निगम द्वारा 1970-71 और 1971-72 (जुलाई जून) के दौरान मंजूर की गयी योजनाओं का उद्देश्यवार विभाजन

(राशि करोड़ रुपयों में)

	जुलाई 1970—जून 1971				जुलाई 1971—जून 1972			
	मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या @	मंजूर की गयी योजनाओं के लिए कुल वित्तीय सहायता	कुल वित्तीय सहायता में कृपुनि के वायदे	वर्ष के दौरान किये गये वितरण	मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या @	मंजूर की गयी योजनाओं के लिए कुल वित्तीय सहायता	कुल वित्तीय सहायता में कृपुनि के वायदे	वर्ष के दौरान किये गये वितरण
	1	2	3	4	5	6	7	8
1. लघु सिंचाई कार्यों का विकास	55	49.41	44.52	23.06	198	116.30	104.30	26.77
2. भूमि का विकास	9	6.21	4.53	4.37*	13	10.44	7.90	2.34
3. बागान और बागबानी	26	3.16	2.32	1.99	40	11.00	8.36	2.06
4. कृषि का मशीनीकरण	1	0.76	0.57	0.11	2	4.76	3.63	0.36
5. मुर्गी पालन का विकास	2	0.04	0.03	—	4	0.08	0.06	—
6. मछली उद्योग का विकास	2	0.25	0.15	0.37	3	0.81	0.59	0.58
7. डेरी विकास	3	1.42	1.07	—	2	0.66	0.55	0.40
8. गोदामों का निर्माण कार्य	2	0.90	0.73	0.72	5	9.43	9.17	2.47
9. भूमि संरक्षण					1	0.25	0.19	—
10. भेड़ पालन					1	0.51	0.38	—
जोड़	100	62.15	53.92	30.62	269	154.24	135.13	34.98

@इसमें मंजूर की गयी, परन्तु उसी वर्ष वापस ली गयी योजनाएं शामिल नहीं हैं ।

*इसमें भूमि संरक्षण योजनाओं के लिए किये गये वितरण शामिल हैं ।

का पुनरीक्षण करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया ने सितम्बर 1971 में चाय उद्योग के वित्तपोषण संबंधी एक कार्यकारी दल का गठन किया था जिसके सदस्य चाय उद्योग, रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया और महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के प्रतिनिधि थे। कृपुनि के एक वरिष्ठ अधिकारी को इस दल में सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

देशी मत्स्य उद्योग

232. निगम ने वित्तपोषण करनेवाले बैंकों के नाम देशी मत्स्य उद्योग के विकास की योजनाएं बनाने के संबंध में पहले मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये थे। निगम ने पहली बार एक वाणिज्य बैंक के माध्यम से पश्चिम बंगाल में देशी मत्स्य-उद्योग के विकास की योजना को मंजूरी दी।

लघु सिंचाई योजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन

233. यद्यपि वाणिज्य बैंक लघु सिंचाई के लिए कई क्षेत्र विकास योजनाओं का प्रवर्तन करते आ रहे हैं फिर भी यह पाया कि निगम के पास आयी अधिकांश लघु सिंचाई योजनाओं में तकनीकी पहलुओं, विशेष रूप से भूमिगत जल की उपलब्धता के संबंध में अत्यावश्यक विवरणों की कमी थी। ऐसी योजनाओं का शीघ्रता से मूल्यांकन करने की दृष्टि से कृ० पु० नि० ने अप्रैल 1972 में वाणिज्य बैंकों को यह सलाह दी है कि वे प्रस्तावों की तकनीकी संभाव्यता के अध्ययन की व्यवस्थाएं करें और प्रत्येक योजना के संबंध में कृ० पु० नि० की नाम सूची में रहनेवाले किसी एक विशेषज्ञ से प्राप्त तकनीकी संभाव्यता संबंधी रिपोर्ट के साथ योजनाओं को कृ० पु० नि० के पास भेजें । बैंकों को तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा विचारणीय विषयों की भी सूचना दी जा चुकी है।

234. आलोच्य वर्ष में कृषि पुनर्वित्त निगम अधिनियम में इस दृष्टि से संशोधन किया गया कि (i) 'मत्स्य पालन' की परिभाषा को व्यापक बनाया जा सके जिससे कि उसमें देशी और समुद्री दोनों प्रकार के मछली उद्योगों का विकास कार्य, मछली पकड़ना तथा उससे संबंधित या प्रासंगिक कार्यकलाप सम्मिलित हो सकें; और (ii) कृषि पुनर्वित्त निगम रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया से उसकी राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि से ऋण ले सकें।

235. जैसा कि पिछली रिपोर्ट में कहा गया है, अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक/अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ ने सात कृषि ऋण प्रायोजनाओं को मंजूरी दी थी । आलोच्य वर्ष में तीन और प्रायोजनाएँ अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा अनुमोदित की गयीं । उनसे संबंधित विवरण नीचे दिये गये हैं।

प्रायोजना का नाम	अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ से प्राप्त सहायता		कृषि पुनर्वित्त निगम के माध्यम से दी जानेवाली राशि	
	दस लाख डालर	करोड़ रुपये	दस लाख डालर	करोड़ रुपये
1. मैसूर कृषि ऋण प्रायोजना	40.000	29.11	36.700	26.71
2. महाराष्ट्र कृषि ऋण प्रायोजना	30.000	21.83	25.401	18.49
3. बिहार में बाजारों का विकास	14.000	11.61	12.850	9.35

IV. औद्योगिक वित्त की गतिविधियां

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

भाऔवि बैंक के विकास परक कार्य के नये कार्यकलाप

236. विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिक-विकास के लिए भाऔवि बैंक प्रायोजना संबंधी परिकल्पनाओं का अन्वेषण करने और उन्हें साकार बनाने से संबंधित कई विकासपरक कार्यों में संलग्न रहा है। इस उद्देश्य के साथ 1970 में भाऔवी बैंक ने, जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, मीयादी ऋण देनेवाली अन्य संस्थाओं तथा रिजर्व बैंक की सहायता से पिछड़े राज्यों में औद्योगिक संभावनाओं का सर्वेक्षण कार्य आरम्भ किया था। जून 1971 के अन्त तक 10 राज्यों और एक संघ शासित क्षेत्र में ऐसे सर्वेक्षण पूरे किये गये; एक राज्य और तीन संघशासित क्षेत्रों के मामले में 1971–72 में सर्वेक्षण पूरे किये गये। शेष एकमात्र पिछड़े राज्य का सर्वेक्षण जहां आरम्भ किया जा रहा है वहां शेष दो संघ शासित क्षेत्रों में शीघ्र ही सर्वेक्षण प्रारम्भ करने का विचार है। अन्य वित्तीय संस्थाओं और परामर्श सेवाओं की सहायता से भाऔवि बैंक त्रिवेन्द्रम और मैसूर के जिलों और आंध्र प्रदेश के रायल सीमा क्षेत्र में कुछ जिला सर्वेक्षण भी किये है। भाऔवि बैंक पश्चिम बंगाल के एक विश्वविद्यालय के साथ उस राज्य के सबसे अधिक पिछड़े पुरुलिया जिले के सर्वेक्षण के संबंध में व्यवस्थाएं कर रहा है। कतिपय राज्यों में परिकल्पित कुछ प्रायोजनाओं के संबंध में प्रारम्भिक संभाव्यता संबंधी अध्ययन की व्यवस्था की गयी है और अन्य मामलों में ऐसे अध्ययन प्रारम्भ किये जानेवाले हैं।

237. सक्षम उद्यमकर्ताओं की खोज का कार्य भी व्यापक रूप से किया जा रहा है । भाऔवि बैंक ने कतिपय राज्यों के राज्य औद्योगिक विकास निगमों और कतिपय व्यवसाय केन्द्रों के साथ इस उद्देश्य से संपर्क स्थापित किया है कि संयुक्त क्षेत्रों में परिकल्पित प्रायोजनाओं के कार्यान्वयन और प्रबन्धन का कार्य किया जा सके और ऐसे सक्षम प्रबन्धकों को जो स्वीकृत अवधि के बाद प्रबंध संबंधी कार्यभार ले सकते हैं, कार्य संबंधी प्रशिक्षण दिया जा सके। औद्योगिक प्रायोजनाओं से संबंधित मामलों पर समन्वित कार्रवाई करने के लिए प्रत्येक राज्य में विभिन्न संस्थाओं के एक दल का गठन करने के निमित्त अखिल भारतीय और राज्य स्तरीय संस्थाओं, अग्रणी बैंकों और राज्य सरकारों के उद्योग विभागों को अपने नेतत्व के अधीन एक मंच पर लाने की दिशा में भाऔवि बैंक एक प्रेरणाप्रद प्रतिनिधि संस्था की भूमिका अदा कर रहा है। सात राज्यों में विभिन्न संस्थाओं के ऐसे दल गठित किये जा चुके हैं।

तकनीकी परामर्श सेवा केन्द्र

238. केरल में विभिन्न संस्थाओं के उक्त दल ने एक तकनीकी परामर्श सेवा केन्द्र का प्रवर्तन किया है, उक्त केन्द्र का नाम केरल औद्योगिक और तकनीकी परामर्श संगठन है और वह प्रायोजना कार्य संबंधी विभिन्न पहलुओं पर उपर्युक्त दल की सहायता करेगा। यह परिकल्पना की गयी है कि कतिपय अन्य पिछड़े राज्यों में भी ऐसे तकनीकी परामर्श सेवा केन्द्रों का गठन किया जाए। देश में उपलब्ध तकनीकी परामर्श सेवाओं की एक सूची बनायी गयी है। 1971–72 के दौरान भाऔवि बैंक ने अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक, एशियाई विकास बैंक तथा संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन जैसी अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं से भी निकट संपर्क स्थापित किया।

239. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि देश के कम विकसित क्षेत्रों में औद्योगिक विकास लाने की दृष्टि से भाऔवि बैंक ने मई/जुलाई 1970 में रियायती वित्त प्रदान करने की दो योजनाएं प्रारम्भ की—एक योजना विशिष्ट क्षेत्रों में छोटी और मझौली प्रायोजनाओं को राज्य वित्तीय निगमों/बैंकों द्वारा दिये गये 20 लाख रुपयों तक के सभी योग्य ऋणों के संबंध में उन्हें दिये जानेवाले रियायती पुनर्वित्त से संबंधित थी और दूसरी योजना पिछड़े क्षेत्रों में प्रायोजनाय स्थापित करने के लिए रियायती शर्तों पर दी जानेवाली प्रत्यक्ष सहायता से संबंधित थी। 13 दिसम्बर, 1971 से उपर्युक्त रियायतें निर्दिष्ट पिछड़े क्षेत्रों में पर्याप्त विस्तार कार्य करनेवाले वर्तमान यूनिटों के लिए भी लागू की गयीं।

240. इस वर्ष की अन्य उल्लेखनीय गतिविधियां इस प्रकार थीं; (i) सहायता संबंधी पुनर्वित्त और पुनर्भाजन योजनाओं को और उदारीकृत किया गया और (ii) हैदराबाद, कानपुर और भूवनेश्वर*, में तीन और शाखा कार्यालय खोले गये; ये कार्यालय राज्य स्तरीय संस्थाओं, सरकारी एजेन्सियों तथा सक्षम उद्यमकर्ताओं के लिए सूचना केन्द्रों और संपर्क माध्यमों के रूप में कार्य करेंगे।

भाऔवि बैंक के कार्यकलाप

241. आलोच्य वर्ष में वित्तीय सहायता की तीनों योजनाओं अर्थात् प्रत्यक्ष सहायता (निर्यातों के लिए दी गयी सहायता को छोड़कर), औद्योगिक ऋणों के पुनर्वित्त और मशीनों से संबंधित बिलों के पुनर्भाजन की योजनाओं के अधीन स्वीकृत और वितरित की गयी वित्तीय सहायता की मात्रा 1970–71 से काफ़ी अधिक थी। इन योजनाओं के संदर्भ में स्वीकृत की गयी कुल सहायता की राशि 1970–71 के 97.7 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1971-1972 में 141.8 करोड़ रुपये हो गयी और वितरित की गयी राशि 54.2 करोड़ रुपयों से बढ़कर 73.7 करोड़ रुपये हो गयी।

242. ऋणों, हामीदारी और गारंटियों के रूप में (निर्यातों के लिए दी गयी सहायता को छोड़कर) औद्योगिक संस्थाओं के लिए मंजूर की गयी प्रत्यक्ष सहायता की राशि 1970–71 के 47.2 करोड़ रुपयों (31 प्रयोजनाओं के सम्बन्ध में) से बढ़कर 1971–72 में 65.9 करोड़ रुपये (37 प्रायोजनाओं के सम्बन्ध में) हो गयी । 1971–72 के दौरान वितरित की गयी प्रत्यक्ष सहायता की राशि 1970–71 के 8.6 करोड़ रुपयों के मुकाबले में 11.4 करोड़ रुपये थी । भारत सरकार द्वारा औद्योगिक लाइसेंसीकरण नीति की जांच पड़ताल सम्बन्धी समिति की सिफ़ारिशों के स्वीकार किये जाने के कारण तथा अखिल भारतीय मीयादी वित्तपोषण करने वाली संस्थाओं द्वारा दी गयी ऋण सहायता के एक भाग को शेयरों में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में सरकार द्वारा बनाये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसरण में भाऔवि बैंक उपयुक्त मामलों में परिवर्तन सम्बन्धी धारा निर्धारित करने लगा है ।

243. औद्योगिक ऋणों के पुनर्वित्त की प्रभावी मंजूरियों की राशि जहां 1970–71 में 1406 आवेदनपत्रों के संदर्भ में 24.5 करोड़ रुपये थी वहां 1971–72 में बढ़कर 2003 आवेदनपत्रों के संदर्भ में 30.6 करोड़ रुपये हो गयी । पुनर्वित्त की मात्रा में अधिकांश वृद्धि छोटे सड़क परिवहन चालकों-सहित छोटे उद्योगों को दिये गये ऋणों के लिए प्रदान की गयी सहायता के कारण हुई ।

244. आस्थगित अदायगी के आधार पर संभाव्य खरीदार-उपयोगकर्ताओं को देशी मशीनों की बिक्री में सुविधा पहुंचाने के लिए भाऔवि बैंक द्वारा बनायी गयी मशीनों से सम्बन्धित बिलों के पुनर्भाजन की योजना के अधीन पुनर्भाजित बिलों की राशि 1970–71 के 28.5 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1971–72 में 45.3 करोड़ रुपये हो गयी ।

*1जुलाई 1972 को खोला गया।

निर्यात सहायता

245. निर्यात सहायता के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष सहभागिता ऋणों के अधीन दी गयी मंजूरियों की राशि 1970-71 के 11.3 करोड़ रुपयों के स्तर से बढ़कर इस वर्ष 19.3 करोड़ रुपये हो गयी और इसके विपरीत मध्यावधि निर्यात ऋणों के पुनर्वित्त के अधीन मंजूर की गयी राशि 1970-71 के 13.7 करोड़ रुपयों से कम होकर 3.3 करोड़ रुपये हो गयी । यह कमी निम्नलिखित कारणों से हुई: (क) निधियों के सम्बन्ध में बैंकों की स्थिति संतोषजनक थी, (ख) निर्यातक भाग्रौवि बैंक से बैंकों की सहभागिता के साथ प्रत्यक्ष निर्यात ऋण प्राप्त करते रहे और (ग) भारत-पाकिस्तान युद्ध छिड़ जाने के कारण जहाजों में स्थान पाने में कठिनाई उत्पन्न हुई ।

भारतीय औद्योगिक पुनर्निमाण निगम

246. आर्थिक रूप से कमजोर और बन्द किये गये यूनिटों को पुनर्निर्माण और पुनर्गठन के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भाग्रौवि बैंक के प्रयास से अप्रैल 1971 में स्थापित किये गये भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम ने उल्लेखनीय रूप से अपना कार्य प्रारम्भ किया है । उक्त निगम केवल ऋण देने वाली संस्था के रूप में कार्य नहीं करता बल्कि वह सहायता प्राप्त यूनिटों की वर्तमान कठिनाइयों के कारणों का पता लगाने तथा उन्हें दूर करने के उद्देश्य से पुनर्निर्माण एजेंसी के रूप में भी कार्य करता है । उसके कार्यकलापों में प्रबन्ध-व्यवस्था का पुनर्निर्माण करना तथा अपने कर्मचारियों द्वारा या बाहर से उपयुक्त कर्मचारी उपलब्ध कराकर तकनीकी तथा प्रबन्ध-सम्बन्धी मार्गदर्शन की व्यवस्था करना शामिल है । अपनी तरफ से वित्तीय सहायता प्रदान करने के पहले निगम श्रमिक वर्ग तथा प्रबन्ध-तन्त्र के बीच हुए करार के सम्बन्ध में भी अपने आपको आश्वस्त कर लेता है । अपनी स्थापना से लेकर जून 1972 के अन्त तक भाग्रौपु निगम ने 48 यूनिटों को सरल शर्तों पर जो ऋण सहायता तथा गारन्टी सुविधाएं प्रदान की हैं उनकी राशि 7.4 करोड़ रुपये थीं इन 48 यूनिटों में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या 38,326 थी । उपयोग की गयी सहायता की राशि 30 यूनिटों के संदर्भ में 2.7 करोड़ रुपये थी ।

अन्य वित्तीय संस्थाओं के शेयरों और बांडों में अभिदान

247. आलोच्य वर्ष में भाग्रौवि बैंक ने भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम के सार्वजनिक और विशेष डिबेंचरों में 3.2 करोड़ रुपयों का अभिदान किया; इससे उक्त संस्था को उसकी स्थापना से लेकर जून 1972 के अन्त तक दी गयी कुल सहायता की राशि 18.9 करोड़ रुपये हो गयी । इस वर्ष के दौरान भाग्रौवि बैंक ने भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की शेयर पूंजी में भी 41.3 लाख रुपयों का अभिदान किया और अब उक्त संस्था में बैंक की शेयर पूंजी की राशि 4.59 करोड़ रुपये अर्थात् उसकी चुकता शेयर पूंजी का 50 प्रतिशत है । इसके अलावा भाग्रौवि बैंक ने भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम की चुकता पूंजी में 1.37 करोड़ रुपयों का और अभिदान भी किया; इससे भाग्रौवि बैंक के कुल अभिदान की राशि 2.75 करोड़ रुपये हो गयी (इसमें औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम में संशोधन किये जाने के पहले भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की ओर से भाग्रौवि बैंक द्वारा अभिदान किये गये 25 लाख रुपये भी शामिल हैं; अब संशोधित अधिनियम ऐसे अभिदान करने की अनुमति नहीं देता) । इसके अतिरिक्त भाग्रौवि बैंक ने तीन राज्य वित्तीय निगमों की शेयर पूंजी में 80 लाख रुपयों का अभिदान किया; इससे उसके द्वारा राज्य वित्तीय निगमों के शेयरों और बांडों में किये गये अभिदान की कुल राशि 7.7 करोड़ रुपये हो गयी । भाग्रौवि बैंक ने केरल औद्योगिक और तकनीकी परामर्श संगठन की 2 लाख रुपयों की चुकता पूंजी में भी 51 प्रतिशत का अभिदान किया है ।

मीयादी ऋण देने वाली अन्य संस्थाएं

भाग्रौऋनिनि और भाग्रौवित्तनि

248. इसके विपरीत मीयादी ऋण देने वाली अन्य संस्थाओं द्वारा दी गयी सहायता की मात्रा में आलोच्य वर्ष में कुछ कमी हुई है । प्रत्यक्ष ऋणों (रुपया और विदेशी मुद्रा), हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदानों के सम्बन्ध में भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम (भाग्रौऋनिनि) की कुल मंजूरियों की राशि 1970-71 (अप्रैल-मार्च) के 43.9 करोड़ रुपयों से घटकर 1971-72 में 39.7 करोड़ रुपये हो गयी परन्तु उसके द्वारा वितरित की गयी राशि 28.9 करोड़ रुपयों से बढ़कर 30.3 करोड़ रुपये हो गयी । मंजूरियों में उक्त कमी मुख्यत: विदेशी मुद्रा ऋणों के कारण हुई जिनकी राशि 1970-71 में 29.0 करोड़ रुपये थी और 1971-72 में घटकर 22.5 करोड़ रुपये हो गयी । हामीदारी में भी सीमान्त कमी हुई । विदेशी मुद्रा ऋणों में कमी होने के परिणामस्वरूप भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (भाग्रौवित्तनि) द्वारा दी गयी मंजूरियों (गारंटियों को छोड़कर) की राशि भी 32.3 करोड़ रुपयों से सीमान्त रूप से कम होकर 32.1 करोड़ रुपये हो गयी परन्तु उसके द्वारा वितरित की गयी राशि 17.4 करोड़ रुपयों से बढ़कर 20.3 करोड़ रुपये हो गयी ।

राज्य वित्तीय निगमों के कार्यकलाप

249. तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम को मिलाकर 18 राज्य वित्तीय निगमों (रावि निगमों) के कार्यकलापों में पहले की परह वृद्धि की प्रवृत्ति दिखाई पड़ी । उनके द्वारा मंजूर किये गये कुल ऋण 1970-71 (अप्रैल-मार्च) के 49.0 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1971-72 में 63.4 करोड़ रुपये हो गये (अर्थात् उनमें 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनके द्वारा वितरित की गयी राशि 32.9 करोड़ रुपयों से बढ़कर 38.8 करोड़ रुपये हो गयी (अर्थात् उनमें 17.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई) । 31 मार्च 1972 को बकाया रहने वाले ऋणों की कुल राशि 154.6 करोड़ रुपये थी जो पिछले वर्ष की राशि से 21 प्रतिशत अधिक थी । वित्तीय सहायता का बहुत बड़ा भाग लघु उद्योगों को प्रदान किया जाता रहा और कुल मंजूरियों और वितरणों में ऐसी सहायता की अंश-राशि क्रमश: 51.2 करोड़ रुपये और 27.1 करोड़ रुपये अर्थात् 80 प्रतिशत और 69.8 प्रतिशत थी ।

250. इस उद्देश्य से कि राज्यों के औद्योगिक विकास की गति को बढ़ाने में रावि निगम अधिक महत्वपूर्ण अदा कर सके और राज्यों के सामने रहने वाली महत्वपूर्ण समस्याओं पर विचार विमर्श किया जा सके, वित्त मंत्री ने 3 नवम्बर 1971 को नई दिल्ली में निगमों के अध्यक्षों और प्रबन्ध निदेशकों की एक बैठक आयोजित की । उक्त बैठक में की गयी एक सिफ़ारिश के अनुसरण में छोटे और मझौले क्षेत्रों के उद्योगों की सहायता करने में रावि निगमों और वाणिज्य बैंकों की सम्भावनाओं का परीक्षण करने और उनके बीच समन्वयन लाने के लिए आवश्यक क्रियाविधियों का निर्धारण करने के लिए श्री आर० के० तलवार (अध्यक्ष, स्टेट बैंक आफ इंडिया) की अध्यक्षता में एक कार्यकारी दल का गठन किया गया ।

251. रावि निगमों द्वारा वित्तीय साधन जुटाये जाने, उनकी लाभ-दायकता आदि के सम्बन्ध में कार्यकारी दल द्वारा की गयी सिफ़ारिशों के अनुसार राशि निगमों के अधिनियम में कतिपय संशोधन भारत सरकार के विचारार्थ प्रस्तावित किये गये हैं ।

लघु उद्योगों का वित्तपोषण

ऋण गारंटी योजना

252. संशोधित ऋण गारन्टी योजना ने इस वर्ष के दौरान काफी प्रगति की है। सभी प्रमुख वाणिज्य बैंकों, राज्य वित्तीय निगमों और सहकारी बैंकों को मिलाकर अब तक 173 ऋण संस्थाएं संशोधित योजना में शामिल हुई हैं। आलोच्य वर्ष में अनुमोदित ऋण संस्थाओं की सूची में 72 गैर लाइसेंसीकृत प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों को सम्मिलित किया गया जिनमें से 22 बैंक आवश्यक करार निष्पादित करके योजना में शामिल हुए हैं। योजना के क्षेत्र को विस्तारित कर उसे 'कृषि-सेवा यूनिटों' के लिए भी लागू किया गया; 'कृषि-सेवा यूनिटों' से ऐसे यूनिट अभिप्रेत हैं जो खेती के लिए उपयोगी उपकरण किराये पर देते, उनकी सफ़ाई और मरम्मत आदि का काम करते हों, खेती के ऐसे उपकरणों, फालतू पुर्जों तथा मूलभूत वस्तुओं की बिक्री करते हों तथा मिट्टी की परीक्षा जैसी तकनीकी सेवाएं प्रदान करते हों।

253. बकाया गारंटियों की राशि जहां जून 1971 के अन्त में 791.0 करोड़ रुपये थी वहां जून 1972 के अन्त में 913.3 करोड़ रुपये थी। यह योजना जुलाई 1960 में शुरू हुई; तब से लेकर जून 1972 के अन्त तक कुल 43.3 लाख रुपयों की राशि के लिए 281 दावे प्राप्त हुए और उनके संदर्भ में ऋण संस्थाओं को अदायगी कर दी गयी। किन्तु जिस राशि के सम्बन्ध में यह सूचना प्राप्त हुई है कि उनकी अदायगी नहीं हुई है (जिसके फलस्वरूप अन्ततः दावों का निपटान करना पड़ सकता है) वह मई 1972 के अन्त में 4,425 खातों के संदर्भ में 1431.1 लाख रुपये थी जबकि मई 1971 के अन्त में उक्त राशि 2,129 खातों के संदर्भ में 800.8 लाख रुपये थी।

254. गारन्टी संगठन की हैसियत से रिजर्व बैंक योजना उपबन्धों को, जब कभी उचित समझा गया, उदारीकृत करता आ रहा है। तदनुसार हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध से प्रभावित पूर्वी और पश्चिमी सीमा क्षेत्रों में स्थित लघु उद्योगों को अधिक उदारता के साथ ऋण सुविधाएं प्रदान करने के लिए ऋण संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक की सलाह पर भारत सरकार ने योजना के कतिपय मुख्य उपबन्धों को अस्थायी रूप से उदार बना दिया है। 16 दिसम्बर 1971 से लागू किये गये उक्त उदारीकरण में यह परिकल्पित किया गया कि गारंटी रक्षा को अदत्त राशि या गारंटीकृत राशि में से जो भी कम हो, उसके 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया जाए। इसके साथ ही, गारंटी संगठन से दावों के द्वारा वसूली योग्य राशि की उच्चतम सीमाओं को भी कार्यकारी पूंजीगत अग्रिमों और मीयादी ऋणों के संदर्भ में क्रमशः 7.5 लाख रुपयों और 2.5 लाख रुपयों से बढ़ाकर 10 लाख रुपये और 4 लाख रुपये कर दिया गया। प्रारम्भ में 31 मार्च 1972 तक प्रभावी रहने वाले अस्थायी रूप से उदारीकृत उपबंधों की अवधि को 30 जून 1972 तक बढ़ा दिया गया; फिर भी उदारीकृत उपबंधों के अन्तर्गत आनेवाले तथा रियायतों के अमल में रहते समय या उसके बाद के छः महीनों की अवधि में वापस बुलाये जाने वाले अग्रिम सम्बन्धित उच्चतर गारंटी रक्षा के पात्र होंगे। रिजर्व बैंक की सिफ़ारिश पर भारत सरकार ने पश्चिमी क्षेत्र में उदारीकृत उपबन्धों की अवधि को और छः महीनों अर्थात् 31 दिसम्बर 1972 तक बढ़ा दिया है और पूर्वी क्षेत्र में फ़िलहाल विद्यमान सामान्य स्थितियों को देखते हुए उक्त सुविधा को समाप्त कर दिया है।

255. यह सुनिश्चित करने के लिए कि लघु उद्योग संस्थाओं के लिए अग्रिमों की मंजूरी और उनका पर्यवेक्षण किये जाने तथा उनके द्वारा देय राशि की वसूली किये जाने के संदर्भ में ऋण संस्थाएं उचित सावधानी बरतती है, गारंटी संगठन ऋण संस्थाओं की शाखाओं के पास रहने वाले लघु उद्योग यूनिटों के लेखों का नमूना परीक्षण करता है। संशोधित योजना के कार्यान्वयन के पहले वर्ष के दौरान सूचना देने वाली शाखाओं में से 5 प्रतिशत अर्थात् 425 शाखाओं का जहां नमूना परीक्षण किया गया वहां दूसरे वर्ष के दौरान उक्त प्रतिशत को बढ़ाकर 10 प्रतिशत अर्थात् 906 शाखाओं का नमूना परीक्षण करने का निर्धारण किया गया। तीसरे वर्ष के लिए भी 10 प्रतिशत ही बनाये रखने का निश्चय किया गया है। इस प्रकार तीसरे वर्ष (1972-73) के अन्त तक गारन्टी संगठन नमूना परीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सूचना देने वाली शाखाओं के एक चौथाई अंश का कार्य पूरा करेगा। ऐसे निरीक्षणों के द्वारा पायी गयी त्रुटियों को दूर करने के लिए सम्बन्धित ऋण संस्थाओं को सूचित किया जाता है। इसके अलावा, जिन लेखों के मामले में अग्रिमों की वसूली नहीं हो पायी है, गारन्टी संगठन एक कार्य प्रणाली के रूप में उन लेखों की जांच करता है ताकि ऋण संस्थाओं द्वारा उनको अपनी सहायता जारी रखने में अनुभव की जाने वाली समस्याओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हो सके। जहां यूनिटों में अपनी स्थिति में सुधार लाने की संभावना परिलक्षित होती है, वहां गारन्टी संगठन ऋण देनेवाले बैंकों को इन लेखों की सहायता करने का सुझाव देता है; इन प्रयत्नों से कतिपय मामलों में संतोषजनक परिणाम पाये गये हैं।

लघु उद्योगों को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के अग्रिम

256. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा लघु उद्योगों को प्रदान किये गये ऋणों में और वृद्धि हुई परन्तु उसकी गति आलोच्य वर्ष में धीमी ही रही। 1971–72 (अप्रैल-मार्च) के दौरान प्रदान किये गये ऋण (कारीगरों और अन्य योग्यता प्राप्त उद्यमियों को दिये गये मीयादी ऋणों और अग्रिमों को मिलाकर) की कुल राशि में 84 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात् उक्त राशि बढ़कर 578 करोड़* रुपये हो गयी जबकि इसके मुकाबले में 1970–71 और 1969–70 में उक्त वृद्धि की राशि क्रमशः 100 करोड़ रुपये और 132 करोड़ रुपये थी। आलोच्य अवधि में वित्त पोषित यूनिटों की संख्या (18,811) में हुई वृद्धि भी पिछले वर्ष की संख्या (21,810) में हुई वृद्धि से कम थी। फिर भी, कुल बैंक ऋण में लघु उद्योग क्षेत्र को दिये गये अग्रिमों की मात्रा जहां मार्च 1971 के अन्त में 10.6 प्रतिशत थी वहां मार्च 1972 में बढ़कर 11.1 प्रतिशत हो गयी।

257. लघु उद्योगों को हाल ही के वर्षों में बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों के सम्बन्ध में दो बातें उल्लेखनीय हैं: पहली बात यह है कि मंजूर की गयी ऋण सीमा की औसत राशि जहां मार्च 1970 में प्रति यूनिट 91,700 रुपये थी वहां वह क्रमशः घटकर मार्च 1971 में 83,100 रुपये हो गयी और मार्च 1972 में और घटकर 75,700 रुपये हो गयी जिससे यह संकेत मिलता है कि लघु उद्योग क्षेत्र के लघुतर यूनिटों के वित्तपोषण की दिशा में धीरे-धीरे अनुकूल प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। दूसरी बात यह है कि असम, बिहार, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश जैसे औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े राज्यों में लघु उद्योगों का वित्तपोषण करने के संदर्भ में बैंक अधिकाधिक योगदान करते आ रहे हैं और यह बात इन राज्यों के लघु उद्योगों को दिये जाने वाले अग्रिमों की बढ़ती हुई मात्रा से स्पष्ट होती है।

258. वाणिज्य बैंकों द्वारा लघु उद्योगों को प्रदान किये जाने वाले मीयादी ऋणों के सम्बन्ध में बराबर आंकड़े प्राप्त करने के लिए जून 1971 से व्यवस्थाएं की गयी हैं। उपलब्ध आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि इस क्षेत्र के सावधि निवेशों का वित्तपोषण करने की दिशा में बैंकों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। मार्च 1972 के अन्त में बैंकों द्वारा लघु उद्योगों के लिए मंजूर किये गये मीयादी ऋणों की राशि 27,739 यूनिटों के संदर्भ में 132 करोड़ रुपये थी। मार्च 1972

*अनंतिम

के अन्त में बकाया रहने वाली 89 करोड़ रुपयों की राशि इस क्षेत्र के कुल बकाया बैंक ऋण का लगभग 15 प्रतिशत थी ।

259. कारीगरों और योग्यता प्राप्त उद्यमियों के वित्तपोषण के लिए बहुत पहले 1967 में ही स्टेट बैंक आफ इंडिया और उसके सहायक बैंकों ने विशेष योजनाएं बनायी थीं । इनके अलावा सभी राष्ट्रीयकृत बैंक और अन्य 18 बैंक भी अब तक उसी प्रकार की योजनाएं बना चुके हैं । मार्च 1972 के अन्त तक इन वर्गों के ऋणकर्ताओं के लिए मंजूर की गयी ऋण सीमाओं की राशि 8,076 यूनिटों के संबंध में 24 करोड़ रुपये थी और बकाया राशि 15 करोड़ रुपये थी ।

260. स्टेट बैंक आफ इंडिया समुदाय द्वारा लघु उद्योगों को प्रदान किये गये ऋणों की राशि मार्च 1972 के अन्त में 231 करोड़ रुपये थी अर्थात् उसमें मार्च 1971 के स्तर की अपेक्षा 34 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की उसी अवधि में 45 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी । स्टेट बैंक आफ इंडिया समुदाय द्वारा मार्च 1971 और मार्च 1972 के बीच वित्तपोषित यूनिटों की संख्या में 5,788 की वृद्धि हुई जबकि 1971 की तदनुरूपी अवधि में 11,796 की वृद्धि हुई थी । 14 राष्ट्रीयकृत बैंकों के मामले में बकाया ऋणों में जहां 1970–71 में 45 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी वहां 1971–72 में 40 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई; किन्तु उक्त अवधि में वित्तपोषित यूनिटों की संख्या (12,719) पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में वित्तपोषित यूनिटों की संख्या (9,151) के मुकाबले में अधिक थी ।

261. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा छोटे सड़क और जल परिवहन चालकों को दिये जाने वाले ऋण में हुई वृद्धि की गति भी 1970–71 की अपेक्षा 1971–72 में धीमी थी । इस क्षेत्र को दिये गये ऋण में 1971–72 में 12 करोड़ रुपयों की जो वास्तविक वृद्धि हुई वह पिछले वर्ष हुई वृद्धि (23 करोड़ रुपये) की लगभग आधी ही थी । मार्च 1972 के अन्त में 33,052 यूनिटों के लिए मंजूर की गयी ऋण सीमाओं की राशि 82 करोड़ रुपये थी और 60 करोड़ रुपये बकाया थे ।

262. मार्च 1972 के अन्तिम शुक्रवार को 14 बैंकों ने लघु उद्योगों के लिए औद्योगिक आस्थान निर्मित करने के निमित्त 5.4 करोड़ रुपयों की ऋण सीमाएं मंजूर की थीं । इस क्षेत्र के बकाया ऋण में अप्रैल 1971–मार्च 1972 के दौरान जो वास्तविक वृद्धि हुई (1.6 करोड़ रुपये) वह पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में हुई 2.8 करोड़ रुपयों की वृद्धि के आधे से थोड़ी-सी अधिक थी ।

263. यहां यह बात उल्लेखनीय है कि औद्योगिक आस्थानों के वित्तपोषण के संदर्भ में रिजर्व बैंक द्वारा 1970 में गठित किये गये कार्यकारी दल की रिपोर्ट के शीघ्र ही प्रकाशित होने की आशा की जाती है ।

बिलों के निपटान से संबंधित समिति

264. वाणिज्य बैंकों की विशेष ऋण योजनाओं का पुनरीक्षण करने के लिए रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा अक्तूबर 1970 में श्री बी० डी० ठक्कर की अध्यक्षता में गठित की गयी समिति ने इस बात पर अपनी चिंता व्यक्त की थी कि बड़े उद्योग लघु उद्यमियों के बिलों का निपटान करने में काफी विलम्ब करते हैं । तदनुसार रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने अप्रैल 1971 में बड़े और मझोले उद्योगों को लघु उद्यमों और उद्यमियों द्वारा की जाने वाली वस्तुओं की पूर्ति से सम्बन्धित बिलों की अदायगी के संदर्भ में उक्त उद्योग जो विलम्ब करते हैं उसके कारण उत्पन्न समस्या का अध्ययन करने और दावों के शीघ्र निपटान के लिए उपयुक्त व्यवस्थाएं करने के निमित्त एक समिति का गठन किया । सरकारी विभाग/सरकारी क्षेत्र के उपक्रम लघु उद्यमियों के बिलों की अदायगी में जो विलम्ब करते हैं उससे सम्बन्धित समस्या को भी समिति ने जांच-पड़ताल के अपने कार्यक्रम में सम्मिलित कर लिया । लघु उद्योग के बिलों की अदायगी में होने वाले विलम्ब को कम करने के लिए समिति ने अनेक उपयोगी और व्यावहारिक सुझाव दिये हैं और सम्बन्धित संस्थाओं और एजेंसियों के पास उन्हें भेजा गया है ताकि वे उन्हें कार्यान्वित करने के लिए अविलम्ब कदम उठायें जिससे हमारे देश में लघु उद्योग-उद्यमों के विकास की दिशा में रहने वाली कठिनाई को दूर किया जा सके ।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

यूनिट योजना 1964

265. 1971–72 (जुलाई–जून) के दौरान बेचे गये यूनिटों का मूल्य 15.1 करोड़ रुपये था जो 1970–71 के 18.0 करोड़ रुपयों के मुकाबले में कम था ।

266. पुनः खरीदे गये यूनिटों के अंकित मूल्य की राशि जहां 1970–71 में 3.2 करोड़ रुपये थी वहां 1971-72 में 2.6 करोड़ रुपये थी । बेचे गये और ट्रस्ट के पास बकाया रहने वाले यूनिटों की कुल राशि 30 जून 1972 को 104.7 करोड़ रुपये थी और ट्रस्ट में पंजीकृत यूनिटधारियों की कुल संख्या 4,34,000 से भी अधिक थी । यूनिटों से प्राप्त होने वाली आय पर यूनिटधारियों को 1970 के वित्त अधिनियम के अधीन कर सम्बन्धी जो विशेष छूट मिल रही थी (जिसका पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था) उसे हटा देने के कारण यूनिटों की बिक्री पर 1970–71 की तरह 1971–72 में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा । इसके साथ-साथ राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्रों की ब्याज दरों तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा सावधि जमा राशियों पर दी जाने वाली ब्याज दरों को बढ़ा देने के कारण भी निवेश के माध्यम के रूप में यूनिटों की सापेक्ष आकर्षकता में बाधा पड़ी ।

267. ट्रस्ट के निवेशों की कुल राशि 30 जून 1972 को 119.3 करोड़ रुपये थी । इनमें से सामान्य शेयरों, अधिमान्य शेयर और डिबेंचरों की राशियां क्रमशः 44.6 करोड़ रुपये (37.4 प्रतिशत), 13.9 करोड़ रुपये (11.7 प्रतिशत) और 41.9 करोड़ रुपये (35.1 प्रतिशत) थीं । शेष 18.8 करोड़ रुपयों (15.8 प्रतिशत) की राशि सरकारी प्रतिभूतियों और निगम बांडों में किये गये निवेशों, डिबेंचरों और अधिमान्य शेयरों के लिए जमा की गयी अग्रिम राशियों, जिनके लिए हामीदारी की स्वीकृति ट्रस्ट ने दी थी, अग्रिम बोली जमा राशियों और शेयर खरीदने के लिए दिये गये आवेदन शुल्क तथा बोली और अल्पसूचना पर प्रतिदेय जमाराशियों से सम्बन्धित थी ।

यूनिट योजना, 1971

268. यह योजना मुख्यतः यूनिट से सम्बद्ध बीमा योजना की सहायक योजना के रूप में 1 अक्तूबर 1971 को शुरू की गयी । भविष्य में किसी समय ट्रस्ट इस योजना को सभी निवेशकों के लिए लागू कर सकता है परन्तु फ़िलहाल इस योजना के अधीन यूनिटों की बिक्री को यूनिट से सम्बद्ध बीमा योजना में भाग लेने वालों के लिए सीमित रखा गया है । इस योजना का उद्देश्य यह है कि निवेशकों, विशेष रूप से समाज के छोटे और मझोले आय वर्गों के निवेशकों को नियमित रूप से बचत करने और उस बचत का ट्रस्ट के यूनिटों में निवेश करने की सुविधा प्रदान की जाए और इसके साथ ही उक्त योजना की अवधि के दौरान बीमा-रक्षा की सुविधा भी उन्हें प्राप्त हो । अब तक इस योजना की प्रगति धीमी ही रही है और इस संदर्भ में 30 जून 1972 तक 464 आवेदनपत्रों के संदर्भ में कुल 3.1 लाख रुपयों के यूनिटों की बिक्री हुई है । फिर भी वित्त अधिनियम, 1972 के अधीन यह अतिरिक्त

कर सुविधा दी गयी है कि योजना के अधीन किये जाने वाले अभिदानों की तरह माना जाएगा इससे यह सम्भव है कि योजना की लोकप्रियता काफ़ी बढ़ जाए ।

V. विदेशी मुद्रा नियंत्रण संबंधी गतिविधियां

269. जैसा कि भाग I में उल्लेख किया जाचुका है आलोच्य वर्ष में आधिकारिक रूप से रखे गये डालरों को परिवर्तित न करने के अगस्त 1971 में अमेरिका द्वारा किये गये निर्णय और जून 1972 में पौंड चालू करने के संबंध में ब्रिटेन द्वारा की गयी घोषणा के फलस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय चल मुद्रा बाजार में अनिश्चितताएं पायी गयीं। रुपये की विनिमय दर में इन घटनाओं का प्रभाव पड़ा।

विनिमय दरें –

रिजर्व बैंक द्वारा स्टर्लिंग का विक्रय और क्रय

270. अमेरिका सरकार ने 15 अगस्त 1971 को घोषणा की कि आधिकारिक रूप से रखे गये डालरों को सोने या अन्य प्रारक्षित आस्तियों में परिवर्तित नहीं किया जाएगा और उसके बाद ब्रिटेन के प्राधिकारियों ने घोषणा की कि 23 अगस्त 1971 से डालर-स्टर्लिंग दर में बाजार की परिस्थितियों के अनुसार घट-बढ़ होने दी जाएगी हालांकि पौंड स्टर्लिंग की सममूल्यता बिना किसी परिवर्तन के अमेरिकी डालर 2.40=पौंड 1 की दर पर ही रहेगी। किन्तु डालर स्टर्लिंग दर को डालर 2.38=पौंड 1 की दर से कम होने नहीं दिया जाएगा; किन्तु जब उक्त दर बढ़ने लगे तो उसे बिना किसी उच्चतम सीमा के प्रति पौंड डालर 2.42 की दर पर चालू होने दिया जायेगा । इन गतिविधियों के बाद भारत सरकार ने यह घोषणा की कि भारतीय रुपये की स्वर्ण मूल्यता (और इस कारण अमेरिकी डालर-सममूल्यता) में कोई परिवर्तन नहीं होगा और रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया तत्काल दाति के लिए ऐसी दरों पर पौंड स्टर्लिंग का क्रय और विक्रय करेगा जो जून 1966 में निर्धारित भारतीय रुपये के सममूल्य (जो अमेरिकी डालर 13.3333=रु० 100 था) और लंदन बाजार में पिछले काम के दिन में स्टर्लिंग के संदर्भ में विद्यमान डालरों की (चल) विनिमय दरों के आधार पर तैयार क्रय दर और हाजिर विक्रय दर के मामले में क्रमशः 0.0175 पौंड का मार्जिन जोड़कर और घट कर निर्धारित की जाएँगी दर निर्धारित करने का यह आधार 24 अगस्त 1971 से अमल में आया। बाद में उपर्युक्त मार्जिन को 8 सितंबर 1971 से घटाकर 0.0125 पौंड कर दिया गया ।

271. रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया ने 23 अगस्त 1971 से अस्थायी रूप से स्टर्लिंग के वायदा क्रय को रोक दिया था; किन्तु उसे 28 अगस्त 1971 से रु० 100 के लिए पौंड 5.5556 की दर पर छः महीनों तक दाति करने के लिए पुनः चालू किया गया ।

272. 18 और 19 दिसंबर 1971 को प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय चलमुद्राओं की सममूल्यता को समायोजित किया गया और सब अमेरिकी डालर के संदर्भ में स्टर्लिंग की नयी दर में पहले की अपेक्षा 8.57 प्रतिशत वृद्धि की गयी (सोने का मूल्य प्रति शुद्ध औंस डालर 35.00 से बढ़कर डालर 38.00 हो जाने से अमेरिकी डालर का अवमूल्यन हो गया था और पौंड स्टर्लिंग की स्वर्ण सममूल्यता अपरिवर्तित ही रही); अतः भारत सरकार ने यह निश्चय किया कि रुपये को डालर से अलग कर दिया जाए और स्टर्लिंग के संदर्भ में समायोजन के तत्काल पूर्व अर्थात् 17 दिसंबर 1971 को विद्यमान डालरों के अंतिम लंदन भाव पर आधारित स्टर्लिंग की क्रय और विक्रय दरों के औसत के बराबर की एक केन्द्रीय दर स्वीकार की जाए । यह केन्द्रीय दर रु० 100=पौंड 5.2721 अथवा पौंड 1=रु. 18.9677 थी । तदनुसार अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को यह सूचना दी गयी कि भारत स्टर्लिंग की क्रय-विक्रय दरों की घटबढ़ के लिए केन्द्रीय दर के उक्त दोनों पक्षों में 2.25 प्रतिशत की व्यापक सीमा का लाभ उठायगा । यह प्रणाली 20 दिसंबर 1971 से अमल में लायी गयी । रिजर्व बैंक ने प्राधिकृत व्यापारियों को यह सूचना दी कि रु० 100=पौंड 5.2721 की केन्द्रीय दर पर आधारित उसकी हाजिर क्रय-विक्रय दर निम्न प्रकार होंगी :

क्रय — पौंड 5.2851=रु० 100
विक्रय —पौंड 5.2592 =रु० 100

273. रिजर्व बैंक द्वारा 20 दिसंबर 1971 से स्टर्लिंग का जो वायदा क्रय रोक दिया था उसे पुनः 28 दिसंबर 1971 से चालू कर दिया गया । बैंक ने 9 महीनों तक के लिए वायदा रक्षा सुविधाएँ प्रदान की और उसकी दरें निम्नलिखित आधार पर निर्धारित की जाएँगी ।

दाति की अवधि	विनिमय दर
3 महीनों तक	रिजर्व आफ़ इंडिया की वर्तमान हाजिर क्रय दर और प्रति रु० 100 पौंड 0.0125 का मार्जिन
9 महीनों तक	रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया की वर्तमान हाजिर क्रय दर और प्रति रु० 100 पौंड 0.0252 का मार्जिन

तीन महीनों की प्रारंभिक दाति अवधि के ठेकों को और तीन या छः महीनों तक प्रत्येक तिमाही के लिए प्रति रु० 100 पौंड 0.0125 की प्रभार दर पर बढ़ाने की अनुमति दी गयी। इसी आधार पर उक्त दोनों मामलों में 15 मार्च 1972 से प्रभारों की अदायगी किये जाने पर मूल ठेके की तारीख से 12 महीनों की कुल अवधि तक और बढ़ाने की अनुमति दी गयी । इस प्रकार वायदा रक्षा की सुविधा 12 महीनों तक उपलब्ध करायी गयी।

274. 23 जून 1972 को ब्रिटेन के प्राधिकारियों द्वारा स्टर्लिंग के चालू किये जाने का निर्णय करने के बाद और अंतर्राष्ट्रीय विदेशी मुद्रा बाजारों में पायी गयी अनिश्चित स्थितियों को देखते हुए स्टर्लिंग के हाजिर क्रय और विक्रय की रिजर्व एक की दरें 26 जून 1972 से क्रमशः प्रति रु० 100 पौंड 5.2910 और प्रति रु० 100 पौंड 5.2632 निर्धारित की गयी। रिजर्व बैंक ने स्टर्लिंग के वायदा क्रय को रोक दिया ।

275. स्थिति का पुनिरक्षण करने के बाद इन दरों को 4 जुलाई 1972 से निम्न प्रकार परिशोधित किया गया।

क्रय—प्रति	रु० 100	पौंड 5.3333
विक्रय—प्रति	रु० 100	पौंड 5.3050

बैंक ने 5 जुलाई 1972 को 6 महीनों तक निम्नलिखित दरों पर स्टर्लिंग के वायदा क्रय को पुनः चालू किया :

अवधि	विनिमय दर
3 महीनों तक	प्रति रु० 100 पौंड 5.3458
6 महीनों तक	प्रति रु० 100 पौंड 5.3583

तीन महीनों की प्रारंभिक दाति अवधि के लिए किये गये वायदा ठेकों को और तीन महीनों की अवधि के लिए प्रति रु० 100 पौं 0.0125 की प्रभार दर पर बढ़ाने की अनुमति दी गयी ;

276. विदेशी मुद्रा नियंत्रण के क्षेत्र में 1971-72 के दौरान मुख्यतः विनिमय दर और मूल्य परिवर्तनों के अनुसार यात्रा, अध्ययन आदि से संबंधित नियमों में परिशोधन किया गया।

व्यवसाय आदि के उद्देश्यों के लिए विदेशों में यात्रा

277. व्यवसाय के उद्देश्य से विदेशों में यात्रा करने के लिए उच्चतर मान पर विदेशी मुद्रा प्रदान करने के निमित्त कतिपय व्यवसायियों को सर्वोच्च श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत करने की प्रणाली को भारत सरकार ने समाप्त कर दिया है। आगे से व्यवसायी दो श्रेणियों के अंतर्गत अर्थात् (i) वरिष्ट व्यवसायी और (ii) चल विक्रेता के रूप में वर्गीकृत किये जायेंगे ।

उच्चतर अध्ययन के लिए दी जाने वाली विदेशी मुद्रा

278. ब्रिटेन में निर्वाह-व्यय के बढ़ जाने और यूरोपीय चल मुद्राओं की विनियम दरों में परिवर्तन हो जाने के कारण भारत सरकार ने यह निश्चय किया कि विद्यार्थियों/प्रयणत्क्षार्थियो को उनके अपने निर्वाह के लिए दी जाने वाली विदेशी मुद्रा के मान को सामान्य रूप से अमेरिका और कनाडा को छोड़कर अन्य सभी देशों के लिए वार्षिक 600 पौंड से बढ़ाकर 700 पौंड और ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के मामलों में वार्षिक 750 पौंड कर दिया जाए। इस मान में शिक्षण शुल्क शामिल नहीं है। शिक्षण शुल्क के संबंध में विदेशी विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा प्रमाणित वास्तविक राशि अब तक की तरह आगे भी प्रदान की जाएगी।

हज तीर्थ यात्रा के लिए विदेशी मुद्रा का कोटा

279. 18–19 दिसंबर 1971 को प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय चलमुद्राओं की सममूल्यताओं का समयोजन किये जाने के संदर्भ में सउदी अरब के रियाल का पुनर्मूल्यन हो जाने के परिणामस्वरूप (रियाल की स्वर्ण सममूल्यता अमेरिकी डालरों के संदर्भ में 8.57 प्रतिशत की वृद्धि हो जाने से अपरिवर्तित रही) हज तीर्थयात्रा पर जाने वाले व्यक्तियों को दिये जाने वाले विदेशी मुद्रा कोटा को प्रत्येक वयस्क व्यक्ति (16 वर्ष की आयु से ऊपर के) मामले में 1,575 रुपयों से बढ़ाकर 1,670 रुपये और 14 और 16 वर्ष की आयु के बीच के प्रत्येक बच्चे के मामले में 790 रुपयों से बढ़ाकर 835 रुपये कर दिया गया है ताकि तीर्थयात्रीयों को पहले की तरह विदेशी मुद्रा की वही राशि मिल सके।

बकाया विदेशी मुद्राओं का प्रत्यार्पण :

विशेष रियायत

280. बकाया विदेशी मुद्राओं के प्रत्यर्पण से संबंधित विनियमों में इस उद्देश्य से कुछ रियायतें की गयीं कि विदेशों में रहने वाले योग्यता प्राप्त भारतीय नागरिकों को उपयुक्त नौकरी प्राप्त करने अथवा लघु उद्योग यूनिटों की स्थापना करने की संभावनाओं का पता लगाने के उद्देश्य से भारत में लौटने के लिए प्रोत्साहित किया जाए ऐसे व्यक्तियों को आवेदन किये जाने पर भारत में आने की तारीख से 30 दिन के भीतर अपनी बकाया विदेशी मुद्राओं को प्रत्यर्पित करने के बजाय भारत में लौटाने की तारीख से तीन साल की अवधि तक अपने पास ही रखने की अनुमति दी जाएगी। इस सुविधा के अधीन जिन व्यक्तियों के पास ऐसी बकाया विदेशी मुद्राएं हों, उन्हें मणीनों, कच्ची सामग्री और फालतू पुर्जों के आयातों के लिए राशि अदा करने के निमित्त उन मुद्राओं का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी। उक्त आयातों के लिए उदारतापूर्वक आयात लाइसेंस दिये जाएंगें । उन बकाया विदेशी मुद्राओं को प्रत्यर्पित भी किया जा सकता है किन्तु तीन साल पहले या रिजर्व बैंक द्वारा बढ़ायी गयी अवधि के भीतर उन्हें विदेशों को पुनः अंतरित करने का अधिकार भी रहेगा।

बंगला देश के संदर्भ में विदेशी मुद्रा नियंत्रण

यात्रा

281. जहाजरानी/हवाई कंपनियों और यात्रा एजेंटों को 15 मई 1972 से यह अनुमति दी गयी है कि वे भारत के निवासियों के लिए भारतीय रुपये में किराये की अदायगी किये जाने पर बंगला देश की यात्रा के लिए टिकट बुक करें ; इसके लिए केवल यही शर्त है कि 'पी' फ़ार्म भरा जाए । रिजर्व बैंक से 'पी' फार्म पर कोई पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है और किसी यात्री द्वारा बंगला देश को की जानेवाली यात्राओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। बंगला देश की यात्राओं को विदेश यात्रा योजना, 1970 के उद्देश्यों के लिए विदेशी यात्राओं के रूप में भी नहीं माना जाएगा।

सारणी 25 :—जारी किये गये विदेशी मुद्रा परमिटों और अनुमोदित 'पी' फ़ार्मों से संबंधित आंकड़े

अ. जुलाई 1971—जून 1972 की अवधि के दौरान विदेशों में अध्ययन/प्रशिक्षण के लिए जारी किये गये विदेशी मुद्रा परमिट

देश	तकनीकी पाठ्यक्रम		गैर तकनीकी पाठ्यक्रम	
	जारी किये गये परमिटों की संख्या	प्रदान की गयी विदेशी मुद्रा की राशि (हजार रुपयों में)	जारी किये गये परमिटों की संख्या	प्रदान की गयी विदेशी मुद्रा की राशि (हजार रुपयों में)
ब्रिटेन और यूरोप	508	37,88	551	16,96
अमेरिका और कनाडा	1132	2,60,02	603	1,03,81
अन्य देश	201	13,54	78	2,19

आ. जुलाई 1971—जून 1972 की अवधि के दौरान अध्ययन/प्रशिक्षण को छोड़कर अन्य उद्देश्यों के लिए की जानेवाली विदेश यात्राओं के लिए जारी किये गये विदेशी मुद्रा परमिट

	जारी किये गये परमिटों की संख्या	प्रदान की गयी विदेशी मुद्रा की राशि (हजार रुपयों में)
1. कारोबार	10716	6,62,86
2. डाक्टरी चिकित्सा	576	57,95
3. अध्ययन दौरे	1082	46,04
4. सम्मेलन में भाग लेना	1413	28,34
5. विविध	5678	1,33,33

ई. जुलाई 1971—जून 1972 की अवधि के दौरान अनुमोदित 'पी' फ़ार्म-आवेदन पत्रों की संख्या

उद्देश्य	अनुमोदित 'पी' फ़ार्मों की संख्या
1. परिवार के प्रमुख से मिलना	11778
2. रिश्तेदारों से मिलना	9288
3. निर्यात वृद्धि	256
4. विदेशों में नौकरी	4253
5. स्थायी निवास के लिए उत्प्रवास	6083
6. विद्यार्थी/प्रशिक्षणार्थी	3130
7. विविध	23190

282. भारतीय नागरिकों और भारत में स्थायी रूप से निवास करने वाले भारतेतर नागरिकता प्राप्त व्यक्तियों को व्यवसाय (सम्मेलनों में भाग लेना भी इसमें शामिल है) अध्ययन, प्रशिक्षण, डाक्टरी चिकित्सा, आदि के लिए की जाने वाली बंगला देश की यात्रा से संबंधित खर्चों के लिए विदेशी मुद्रा प्रदान की जाएगी। विदेशी मुद्रा केवल भारतीय रुपया यात्री चैकों के रूप में उपलब्ध करायी जाएगी। उन पर स्पष्ट रूप से 'केवल बंगला देश में बंगला देश टके में भुनाया जा सकता है' अंकित रहेगा। बंगला देश बैंक ने बंगला देश के निवासियों को उनके द्वारा की जाने वाली भारत-यात्राओं के लिए इसी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करना स्वीकार किया है।

283. निजी तौर पर बंगलादेश की यात्रा करने वाले भारत के निवासियों को अपने साथ प्रत्येक यात्रा के लिए भारतीय मुद्रा नोटों में (रु० 100 या अधिक मूल्य वर्ग के नोटों को छोड़कर) रु० 500 प्रति व्यक्ति ले जाने की अनुमति दी गयी है। बंगला देश के प्राधिकारियों ने भी बंगलादेश के निवासियों के लिए उनके द्वारा की जाने वाली भारत यात्राओं के संदर्भ में उपर्युक्त सीमाओं तक टका नोट ले जाने की अनुमति दी है।

दूसरे लेन-देन

284. प्राधिकृत व्यापारियों को सूचित किया गया है कि सीमित रुपया अदायगी व्यापार व्यवस्थाओं के अधीन आनेवाले लेन-देनों को छोड़कर बंगलादेश और भारत के बीच होनेवाले सभी लेन-देनों को स्टर्लिंग या स्टर्लिंग क्षेत्र की किसी मुद्रा (पाकिस्तानी रुपयों को छोड़कर) या भारतीय रुपयों या बंगला देश टके में निपटाने की अनुमति दी जाएगी और ऐसे लेन-देनों पर सामान्य रूप से भारत के बाहर अन्य देशों के साथ किये जाने वाले लेन-देनों पर लागू होने वाले विनिमय लागू होंगे। बंगला देश ने भी भारत के साथ किये जानेवाले अनुमोदित लेन-देनों के निपटान के लिए इसी प्रकार स्टर्लिंग प्रदान करना स्वीकार किया है।

VI. रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित सर्वेक्षण और विचार गोष्ठियां

सर्वेक्षण

285. भारत सरकार के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन और राज्य सरकारों के सांख्यिकीय विभागों के सहयोग से रिजर्व बैंक दशवर्षीय अखिल भारतीय ऋण और निवेश सर्वेक्षण, 1971-72 का जो कार्य कर रहा था उसमें आलोच्य वर्ष में प्रगति हुई। सर्वेक्षण के निमित्त मांग पक्ष की छान-बीन का क्षेत्रगत कार्य राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा केन्द्रीय नमूने के संदर्भ में किया जा रहा है तथा राज्य और रिजर्व बैंक के तदनुरूपी नमूनों के संदर्भ में यह कार्य राज्य सरकारों के सांख्यिकीय विभागों द्वारा किया जा रहा है। केन्द्रीय, राज्यों और रिजर्व बैंक के नमूनों के अंतर्गत आने वाले 1,44,000 ग्रामीण परिवारों और 53,000 शहरी परिवारों के बीच सर्वेक्षण के संदर्भ में मांग-पक्ष की छान-बीन का कार्य तीन अनुसूचियों और एक अनुपूरक अनुसूची के प्रचार द्वारा किया जाता है। मांग पक्ष की छानबीन के लिए चुने गये 12,000 गांवों में, एक अतिरिक्त ग्राम अनुसूची का भी प्रचार किया जायेगा। विभिन्न राज्यों के प्रमुख केन्द्रों में रिजर्व बैंक ने सांख्यिकीय कक्षों की स्थापना की है ताकि क्षेत्र विशेष से भरी गयी अनुसूचियां बराबर मिलती रहें और अनुसूचियों का संवीक्षण और संकलन किया जा सके।

286. बैंक के कृषि ऋण विभाग के अनुरोध पर आर्थिक विभाग के ग्रामीण सर्वेक्षण प्रभाग ने केवल राज्य में फ़सलवार वित्तीय मानदंडों का क्षेत्रगत अध्ययन कार्य प्रारंभ किया; इस अध्ययन का उद्देश्य ऐसी आवश्यक सामग्री जुटाना था जो धान और अन्य प्रमुख अनाजों के लिए वित्त प्रदान करने के संबंध में यथार्थपरक मानदंड निर्धारित करने में केरल के जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत के रूप में काम आये। उक्त प्रभाग ने महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड तालुके में सम्मिलित रूप से स्वाधिकृते निजी कुओं और सरकार द्वारा बनाये गये सामुदायिक कुओं के संचालन के संबंध में भी क्षेत्रगत अध्ययन किया। लघु कृषक विकास एजेंसीयों, भूमि विकास बैंकों और अन्य उपयुक्त ऋण संस्थाओं के लिए कतिपय मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार करने के उद्देश्य से यह अध्ययन कार्य किया गया ताकि वे कृषकों विशेषकर लघु कृषकों की सुविधा के लिए देश में लघु सिंचाई योजनाओं को विस्तारित करने के प्रयास में दूसरे क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के संयुक्त कार्यों का वित्तपोषण कर सकें। सहकारी बैंकों के अग्रिमों और जमाराशियों के संबंध में इस प्रभाग द्वारा नियमित रूप से किये जाने वाले सर्वेक्षण में भी आलोच्य वर्ष में प्रगति हुई।

287. आलोच्य अवधि के दौरान आर्थिक विभाग के ग्रामीण अर्थशास्त्र प्रभाग द्वारा निम्नलिखित तीन अध्ययन कार्य किये गये, (i) एक चल बैंक के परिचालन का क्षेत्रगत अध्ययन, (ii) बैंक के कृषि ऋण विभाग के सहयोग से केरल में नारियल उत्पादन के वित्तपोषण के लिए नकदी ऋण व्यवस्था का अध्ययन और (iii) विदर्भ प्रदेश के सूती बाजारों का स्थानिक अध्ययन। इस प्रभाग के अधिकारियों ने हरियाणा, मैसूर और मध्य प्रदेश के वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के लिए किये जाने वाले वित्तपोषण की योजनाओं के परिचालन से संबंधित अंतर्विभागीय अध्ययन में भाग लिया।

288. आर्थिक विभाग के अंतर्राष्ट्रीय वित्त प्रभाग ने इस वर्ष जुलाई-सितम्बर 1970 की तिमाही की अवर्गीकृत प्राप्तियों के सर्वेक्षण के परिणामों को अंतिम रूप दे दिया (जैसे 10,000 रुपयों से कम या उसके बराबर की राशि की ऐसी प्राप्तियां जिनके उद्देश्यवार विवरणों की सूचना प्राधिकृत व्यापारियों द्वारा विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग को

दिये जाने की कोई आवश्यकता नहीं है) । उक्त सर्वेक्षण का उल्लेख पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था। इन परिणामों का विश्लेषण करने वाली एक विस्तृत टिप्पणी रिजर्व बैंक बुलेटिन के नवंबर 1971 के अंक में प्रकाशित की गयी। इस सर्वेक्षण द्वारा जिस उद्देश्यवार प्रणाली का पता लगा वह पिछले सर्वेक्षण द्वारा पता लगायी गयी प्रणाली के लगभग समान ही थी। इसलिए भुगतान शेष के आंकड़ों में विभिन्न उद्देश्यों के लिए वितरित की जाने वाली अवगीकृत प्राप्तियों के आधार में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं समझी गयी। अप्रैल-जून की तिमाही के 1971 के सर्वेक्षण के परिणामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 1972 का सर्वेक्षण फ़रवरी—अप्रैल की तिमाही से सम्बन्धित है और उक्त सर्वेक्षण कार्य जारी है। यह प्रभाग वार्षिक आधार पर भारतीय और विदेशी जहाजरानी और हवाई कंपनियों से संबंधित भाड़े और यात्रा शुल्क की अदायगियों और प्राप्तियों का सर्वेक्षण कार्य करता रहा।

289. अंतर्राष्ट्रीय वित्त प्रभाग विदेशी कंपनियों और भारतीय मिश्रित पूंजी कंपनियों की शाखाओं से विदेशी निवेश संबंधी तिमाही सर्वेक्षण रिपोर्टें मंगाता रहा। 1968-69 की भारत की अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति का प्रमुख रूप से इन रिपोर्टों पर आधारित मूल्यांकन अभी जारी है।

290. इस वर्ष के दौरान आर्थिक विभाग के व्यापार प्रभाग ने दो सर्वेक्षण कार्य शुरू किये; एक भारतीय उद्योग में विदेशी सहयोग का सर्वेक्षण और दूसरा विदेशों में स्थित भारतीय संयुक्त उपक्रमों का सर्वेक्षण था। उक्त दूसरा सर्वेक्षण बैंक द्वारा पहली बार किया जा रहा है और भारतीय उद्योग में विदेशी सहयोग का सर्वेक्षण 1965 में शुरू किये गये इसी प्रकार के सर्वेक्षण का अनुवर्ती कार्य है; 1965 के सर्वेक्षण के परिणाम 1968 में प्रकाशित किये गये थे। जो सर्वेक्षण अभी जारी हैं वे 1964-65 से 1969-70 तक की अवधि के हैं।

विचार गोष्ठियां

291. अप्रैल 1972 में सही आंकड़ों का संकलन करने, अग्रतावाले क्षेत्रों के लिए विशेष योजनाएं बनाने के लिए आवश्यक ऋण आयोजनाएं और नीति के क्रियान्वयन में भाग लेने, जमा राशि जुटाने और अग्रणी बैंक क्षेत्रों की योजनाओं का निवेश पूर्व और निवेशोत्तर मूल्यांकन करने के संदर्भ में बैंकों में काम करने वाले अर्थशास्त्रियों की भूमिका पर विचार-विमर्श करने के लिए रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों के अर्थशास्त्रियों की एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। उसी महीने में, कृषि क्षेत्र को दिये जानेवाले वित्त की मात्रा को बढ़ाने और कृषि विकास के लिए दिये गये ऋणों को वसूल करने के संदर्भ में बैंकों के सामने आनेवाली समस्याओं पर विचार विमर्श करने के लिए बैंक ने बड़े वाणिज्य बैंकों के कृषि वित्त विभागों के अध्यक्षों की एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया।

vii. शिक्षा और प्रशिक्षण

292. रिजर्व बैंक ने न केवल अपने, बल्कि वाणिज्य बैंकों, सहकारी संस्थाओं और संस्थागत ऋण की विशेष योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित सरकारी विभागों के भी सभी स्तरों के अर्थात् अवर, पर्यवेक्षी और वरिष्ठ कार्यपालक स्तरों के कर्मचारियों को सामान्य और गहन प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता का अनुभव करते हुए विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना की है। ये संस्थाएं कई प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन किया करती हैं। आलोच्य वर्ष में इस संबंध में किये जाने वाले कार्यों का काफी विस्तार हुआ।

राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान

293. राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान ने अपने दीर्घकालीन उद्देश्यों के अनुसार जुलाई 1971-जून 1972 के दौरान अपनी क्षमता को और बढ़ाया जिससे कि बैंकिंग उद्योग को अपने वरिष्ठ कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने और उनको सक्षम बनाने में सहायता दी जा सके, कई प्रकार की परामर्श सेवाएं प्रदान की जा सकें और व्यावसायिक ज्ञान और जानकारी का प्रचार किया जा सके। इस अवधि के दौरान कुल उन्नीस कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें भारत के बैंकों और विदेशों के चार सौ उन्नीस अधिकारियों ने भाग लिया। इन पाठ्यक्रमों में उच्च प्रबन्ध प्रशिक्षण, वरिष्ठ कार्यपालक पाठ्यक्रम, विकास कार्यक्रम का निष्पादन, शाखा प्रबन्ध कार्यक्रम, ऋण प्रबन्ध, प्रशिक्षकों का कार्य शिविर, श्रम शक्ति विकास पर प्रथम विचार गोष्ठी, कार्य आयोजना शिविर और निर्यात वित्त प्रशिक्षण सम्मिलित थे।

294. संस्थान के कार्यकलापों में अनुसंधान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में संस्थान ने विकास बैंक व्यवसाय और प्रादेशिक आर्थिक क्षमता, कृषि ऋण प्रदान किये जाने के लिए साख संबंधी जोखिम के विश्लेषण, ग्रामीण बैंक व्यवसाय के लिए कारोबार के आयोजन और कार्यान्वयन, कृषि के वित्तपोषण, नियोजन को अधिकतम बनाने के लिए निवेश और ऋण के आयोजन से संबंधित विभिन्न अध्ययन कार्यों का प्रवर्तन किया और उक्त कार्य या तो समाप्त हो गये या संपूर्ण गति के साथ चल रहे थे। स्थूल रूप से अनुसंधान कार्यक्रम या तो नीति निर्धारण या संस्थान के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और बैंकिंग उद्योग द्वारा आपेक्षित परामर्श सेवा पर केन्द्र भूत था।

295. 1971 के दौरान शुरू की गयी परामर्श प्रायोजनाएं निम्नलिखित विषयों से संबंधित थीं: (क) संगठन आयोजन, (ख) निर्णायक तंत्र, (ग) प्रबन्ध विकास और (घ) भर्ती। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के त्वरित विस्तार के लिए एक पुनर्गठन प्रायोजना का कार्य शुरू किया गया और उसकी रिपोर्ट पेश की जा चुकी है। संस्थान ने बैंक आफ़ इंडिया, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और भारतीय बैंक संगठन को अपने यहां विकसित की गयी नयी परीक्षण प्रतिक्रियाओं का प्रयोग कर क्लर्कों और अधिकारों का चयन करने के संदर्भ में परामर्श सहायता प्रदान की। क्लर्क के पदों के लिए कुल 8,947 उम्मीदवारों और अधिकारी वर्ग के लिए कुल 5,755 उम्मीदवारो का परीक्षण किया गया।

296. राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान ने 'प्रज्ञान' शीर्षक की अपनी त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया। उसका पहला अंक जनवरी 1972 में प्रकाशित किया गया। संस्थान द्वारा तीन अन्य प्रकाशन अर्थात् पाठ्यक्रमों की निदेशिका —1971-72 संस्करण, अंतर्देशीय प्रेषणों की योजनाबद्ध पाठ्यक्रपुस्तक और राष्ट्रिय बैंक प्रबन्ध संस्थान की विवरणिका— प्रस्तुत किये गये।

बैंकर प्रशिक्षण कालेज, बम्बई

297. आलोच्य अवधि के दौरान, इस कालेज ने ऋण मूल्यांकन पर पांच पाठ्यक्रम और मियादी ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं और बैंकों के विधि अधिकारियों और वाणिज्य बैंकों के पर्यवेक्षी निरीक्षण कर्मचारी वर्ग के लिए दो-दो पाठ्यक्रम चलाये। कालेज ने पहली बार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों के लिए ऋण मूल्यांकन संबंधी विशिष्ट बैंक पाठ्यक्रम चलाया। कालेज में अवर बैंकिंग और विदेशी मुद्रा पर दो दो पाठ्यक्रमों, मध्यवर्ती बैंकिंग कर्मचारी वर्ग और संगठन तथा संगठन और प्रणाली पर एक एक पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, इस अवधि में कालेज

में दो नये पाठ्यक्रम अर्थात् मीयादी ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं के अधिकारियों और वाणिज्य बैंकों के ऐसे अधिकारियों के लिए जो मीयादी ऋण प्रदान करने से संबंधित कार्य करते हैं, प्रायोजना मूल्यांकन (वित्तीय) और बाजार विश्लेषण पर एक एक पाठ्यक्रम चलाया गया। प्रायोजना मूल्यांकन (वित्तीय) पाठ्यक्रम को अब साख मूल्यांकन पाठ्यक्रम में समाविष्ट कर दिया गया है।

298. यह कालेज अपने अधिकारियों के लिए भी पाठ्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। इस अवधि में ग्रेड I स्टाफ आफिसरों के लिए दो केन्द्रीय बैंक संघटन पाठ्यक्रम और बैंक के बैंक परिचालन तथा विकास विभाग और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अधिकारियों के लिए एक साख मूल्यांकन पाठ्यक्रम चलाये गये। इनके अलावा दो नये पाठ्यक्रम अर्थात् एक पाठ्यक्रम बैंक की अपनी प्रशिक्षण संस्थाओं के संकाय सदस्यों के लिए और ग्रेड III वरिष्ठ स्टाफआफ़िसरों के लिए केन्द्रीय बैंक संघ टन संबंधी एक उच्च पाठ्यक्रम भी चलाये गये। वाणिज्य बैंकों के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने केन्द्रीय बैंक संकटन संबंधी उच्च पाठ्यक्रम में भी भाग लिया।

299 इस अवधि में इस कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों और बैंक के अपने अधिकारियों की कुल संख्या 685 थी। 1954 में जब इस कालेज की स्थापना की गयी तब से लेकर अब तक कुल 4525 अधिकारियों ने कालेज द्वारा आयोजित विभिन्न पाठ्क्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

300. कालेज शीघ्र ही वाणिज्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के 'प्रशासन' और परिचालन अधिकारियों की सुविधा के लिए बैंक संघटन में औद्योगिक संबन्ध पर एक पाठ्यक्रम शुरू करने और बैंक सांख्यिकी तथा निर्यात वित्त पर अल्पाकालीन पाठ्यक्रम और लघु उद्योगों के वित्तपोषण पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन करने का विचार कर रहा है। कालेज वाणिज्य बैंकों के शाखा प्रबन्धकों और लेखापालों के लिए भारतीय प्रबन्ध, संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से शाखा प्रबन्ध संबन्धी एक द्विस्तरीय पाठ्यक्रम का आयोजन करने का भी विचार कर रहा है। कालेज वाणिज्य बैंकों के मध्यस्तरीय कार्यपालक अधिकारियों के लिए भी एक समेकित पाठ्यक्रम की तैयारी कर रहा है :

301. अब कालेज आर्थिक विकास संस्थान वाशिंगटन के सहयोग से एशिया और अफ्रीका के विभिन्न देशों के विकास बैंकों के कार्यपालक और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए विकास बैंक संघटन पर एक द्विस्तरीय अफ्रीकी एशियाई क्षेत्रीय पाठ्क्रम की योजना तैयार कर रहा है। 1973 के आरम्भ में उक्त पाठ्यक्रम के शुरू होने की संभावना है।

सहकारी बैंकर प्रशिक्षण कालेज, पूना

302. आलोच्य अवधि में राज्य। केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबन्ध कर्मचारी वर्ग के लिए दो पाठ्क्रम और औद्योगिक सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले शहरी बैंकों और केन्द्रीय बैंकों के प्रबन्ध कर्मचारी वर्ग के लिए एक एक पाठ्यक्रम चलाये गये। राज्य केन्द्रीय सहकारी बैंकों के शाखा एजेन्टों के लिए तीन पाठ्यक्रम, भूमि विकास बैंकों के लिए पांच पाठ्क्रम (तीन सामान्य पाठ्यक्रम और प्रायोजना आयोजन और मूल्यांकन पर दो पाठ्क्रम) और तीन कृषि वित्त पाठ्यक्रम अर्थात् वाणिज्य बैंकों के वरिष्ठ और मध्य स्तरीय कर्मचारियों और रिजर्व बैंक के अधिकारियों के लिए एक एक पाठ्यक्रम भी इस अवधि में चलाये गये। इनके अतिरिक्त कालेज में राज्य। केन्द्रीय और शहरी सहकारी बैंकों के प्रबन्ध कर्मचारी वर्ग के लिए एक एक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम और तमिलनाडु और मैसूर राज्यों के भूमि विकास बैंकों के प्रबन्ध कर्मचारी वर्ग के लिए एक एक विशेष पाठ्क्रम भी चलाये गये। इस वर्ष कालेज में छोटे कृषक विकास एजेन्सियों। सामान्य कृषक तथा कृषि श्रम प्रायोजनाओं के प्रयोजना अधिकारियों और सहायक प्रायोजन अधिकारियों के लिए एक विशेष पाठ्क्रम शुरू किया गया और ऐसे तीन पाठ्यक्रम चलाये गये। कालेज ने अल्पकालीन पाठ्यक्रम भी शुरू किये। इस अवधि में बैंकिंग विनियमन अधिनियम पर दो ऐसे पाठ्यक्रम और बुनकर समितियों के वित्तपोषण पर एक पाठ्यक्रम राज्य। केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबन्ध कर्मचारी वर्ग के लिए आयोजित किये गये।

303. इस अवधि में कालेज में सहकारी बैंकों, भूमि विकास बैंकों और वाणिज्य बैंकों के जिन अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया उनकी संख्या 723 थी। सितम्बर 1969 में जब इस कालेज की स्थापना की गयी तब से लेकर अब तक कुल 1443 अधिकारियों ने कालेज द्वारा आयोजित विभिन्न पाठ्क्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

304. इन पाठ्यक्रमों के अलावा दो विचार गोष्ठियों अर्थात् राज्य सहकारी बैंकों केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों और शहरी सहकारी बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के लिए एक एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कर्मचारी प्रशिक्षण कालेज, मद्रास

305. उक्त कालेज ग्रेड II स्टाफ आफिसरों (सीधे भर्ती और पदोन्नत किये गये) और सहायक कर्मचारी वर्ग के लिए केन्द्रीय बैंक संघटन पर सामान्य पाठ्क्रम तथा बैंक के बैंक परिचालन और विकास विभाग, औद्योगिक वित्त विभाग और कृषि ऋण विभाग के अधिकारियों के लिए निरीक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन नियमित रूप से करता रहा। ग्रेड I ग्रेड II (सीधे भर्ती किये गये) स्टाफ़ आफ़िसरों के लिए भी कालेज ने दो प्रवेश पाठ्क्रम चलाये हैं। इस कालेज में अब तक प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों की कुल संख्या 3386 है।

क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र

306. रिजर्व बैंक के अवर और प्रवर क्लर्कों के लिए बंबई, मद्रास और नयी दिल्ली में स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पाठ्यक्रमों का आयोजन करते रहे। कतिपय अनिवार्य प्रशासनिक कारणों से कलकत्ता का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र इस अवधि में नहीं खोला जा सका। विभिन्न क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों में अब तक प्रशिक्षण प्राप्त क्लर्क कर्मचारी वर्ग की कुल संख्या 6961 है।

शिक्षा और प्रशिक्षण संबंधी अन्य बातें

कर्मचारी वर्ग की प्रतिनियुक्ति

307. भारतीय प्रशासी कर्मचारी कालेज, हैदराबाद के साथ की गयी स्थायी व्यवस्थाओं के अधीन रिजर्व बैंक के अधिकारी उक्त कालेज के द्वारा आयोजित प्रबन्ध विकास पाठ्यक्रमों के लिए प्रतिनियुक्त किये गये। वाणिज्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों के लिए बैंकर प्रशिक्षण कालेज द्वारा चलाये जानेवाले कुछ पाठ्यक्रमों में और साथ ही, अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय संस्थाओं और इसी प्रकार के कुछ अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित प्रबन्ध विकास संबन्धी अल्पकालीन पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी अधिकारियों को भेजा गया। बैंक ने अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक और बैंकाक स्थित एशियाई आर्थिक विकास और योजना संस्थान द्वारा आयोजित पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी अपने अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया। रिजर्व बैंक ने दक्षिण पूर्व एशिया, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया केन्द्रीय बैंक संघटन कार्यक्रम तथा कुछ विदेशी संस्थाओं द्वारा आयोजित अपने हित के अन्य पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए अपने अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया। इनके अतिरिक्त ब्रिटेन, पश्चिम जर्मनी, स्वीडन, फ्रांस और इटली की बैंक

व्यवसाय संबन्धी और वित्तीय संस्थाओं में अध्ययन दौरे/प्रशिक्षण के लिए भी अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया।

रिजर्व बैंक आफ इंडिया में हिन्दी की प्रगति

308. आलोच्य वर्ष में रिजर्व बैंक ने 30 जून, 1971 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रिजर्व बैंक आफ इंडिया के कामकाज एवं भारतीय बैंक व्यवसाय की प्रवृत्ति और प्रगति पर वार्षिक रिपोर्ट और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कार्य और कार्य पद्धति के परिशोधित संस्करण के हिन्दी रूपान्तर प्रकाशित किये। परिशोधित विदेशी मुद्रा नियंत्रण नियम पुस्तक (छटा संस्करण) का हिन्दी अनुवाद भारत के राजपत्र के विशेष अंक में प्रकाशित करने के लिए भारत सरकार के पास भेजा गया। रिजर्व बैंक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, कृषि पुनर्वित्त निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, जमा बीमा निगम और भारतीय ऋण गारन्टी निगम लिमिटेड जैसी अपनी सहयोगी संस्थाओं को भी उनकी वार्षिक रिपोर्टों, प्रेस विज्ञप्तियों, विज्ञापनों, अधिसूचनाओं, नोटिसों आदि के हिन्दी अनुवादों के लिए बराबर सहायता प्रदान करता रहा।

309. राजभाषा अधिनियम, 1963 के उपबन्धों का पालन करते हुए रिजर्व बैंक प्रेस विज्ञप्तियों/नोटों/प्रकाशनियों/सारांशों, नोटिसों, विज्ञापनों और अधिसूचनाओं को अंग्रेजी और हिन्दी में एक साथ जारी करता रहा। जनता, केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों से हिन्दी में प्राप्त पत्र आदि स्वीकार किये गये और उनका हिन्दी में उत्तर दिया गया।

310. वित्त मंत्रालय के बैंकिंग विभाग में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने अपनी एक बैठक में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के क्षेत्र में बैंक द्वारा की गयी उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की। उक्त समिति के अनुरोध पर बैंक में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की गति में तीव्रता लाने के उद्देश्य से मुख्य प्रबन्धक की अध्यक्षता में सात सदस्यों की राजभाषा कार्यान्वयन समिति गठित की गयी। 24 मार्च 1972 को उक्त समिति की पहली बैठक हुई और उसमें अब तक बैंक में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग और बैंक की हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन हिन्दी शिक्षण कार्यक्रम में हुई प्रगति का पुनरीक्षण किया गया।

311. रिजर्व बैंक विभिन्न केन्द्रों में अपने कर्मचारियों की सुविधा के लिए अपनी शिक्षण योजना के अधीन स्वैच्छिक आधार पर हिन्दी कक्षाएं चलाता रहा। हिन्दी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए जो प्रोत्साहन दिये जाते थे वे इस वर्ष के दौरान भी जारी रहे। रिजर्व बैंक के टाइपिस्टों को हिन्दी टाइपराइटिंग (टंकण कला) परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से मानदेय प्रदान करने की जो व्यवस्था की गयी थी वह इस वर्ष भी जारी रही। बैंक की हिन्दी शिक्षण योजना की गति में तीव्रता लाने के लिए हमारे कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रश्न भी विचाराधीन था।

	वर्ष	
	1971-72	1970-71
	रु.	रु.
(i) राज्य सरकारों को दिये गये अर्थोपाय अग्रिमों पर ब्याज	15.32 करोड़	10.21 करोड़
(ii) राज्य सरकारों (उपर्युक्त मद (i) में उल्लिखित अर्थोपाय अग्रिमों पर प्राप्त ब्याज को छोड़कर) और वाणिज्य तथा सहकारी बैंकों को दिये गये ऋणों और अग्रिमों पर ब्याज	20.56 करोड़	21.74 करोड़
(iii) रुपया प्रतिभूतियों पर ब्याज और रुपया खजाना बिलों पर बट्टा	156.25 करोड़	133.51 करोड़
(iv) विदेशी प्रतिभूतियों, निवेशों और खजाना बिलों पर ब्याज और बट्टा	22.58 करोड़	29.29 करोड़
(v) विदेशी मुद्रा विनियम से प्राप्त कमीशन और लाभ या लब्धि	6.40 करोड़	1.39 करोड़
(vi) अन्य आय	1.06 करोड़	0.32 करोड़
जोड़	222.17 करोड़	196.46 करोड़
घटाइए : पैराग्राफ 313 के उल्लेखानुसार निधियों में किये गये अंतरण	65.00 करोड़	60.00 करोड़
	157.17 करोड़	136.46 करोड़

VIII लेखे और अन्य विषय

312. 30 जून, 1972 को समाप्त हुए लेखा वर्ष में नियमित और आवश्यक व्यवस्थाएं करने के बाद बैंक की आय 222.17 करोड़ रुपये थी जब कि पिछले वर्ष की आय 196.46 करोड़ रुपये थी।

313. राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि, राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि और राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि में जो अंशदान किये गये उनकी राशि क्रमशः 19 करोड़ रुपये, 6 करोड़ रुपये और 40 करोड़ थी जब कि 1970-71 में उनकी राशि क्रमशः 18 करोड़ रुपये और 40 करोड़ रुपये थी।

314. इस वर्ष के दौरान 37.17 करोड़ रुपयों का कुल व्यय हुआ जब कि पिछले वर्ष 36.46 करोड़ रुपयों का व्यय हुआ था। 157.17 करोड़ रुपयों की जो आय राशि शेष थी उसमें से उक्त व्यय राशि को घटाने के बाद केन्द्रीय सरकार को अदा करने के लिए अलग रखी गयी लाभ राशि 120 करोड़ रुपये थी; पिछले वर्ष यह राशि 100 करोड़ रुपये थी।

315. इस वर्ष आय में 25.71 करोड़ रुपयों की जो वृद्धि हुई उससे कुल आय 196.46 करोड़ रुपयों से बढ़कर 222.17 करोड़ रुपये हो गयी। उक्त वृद्धि प्रमुख रूप से रुपया प्रतिभूतियों और खजाना बिलों पर प्राप्त होने वाले ब्याज में वृद्धि होने के कारण हुई। यह स्थिति (i) 9 जनवरी 1971 से बैंक दर में एक प्रतिशत की वृद्धि किये जाने से पूरे वर्ष के दौरान पड़े प्रभाव (ii) केन्द्रीय सरकार के घाटे की पूर्ति करने के निमित्त केन्द्रीय सरकार के लिए उदय खजाना बिलों के निर्माण और (iii) इस वर्ष राज्य सरकारों द्वारा लिये गये ओवरड्राफ्टों के उच्च

स्तर के कारण हुई । व्यय में 0.71 करोड़ रुपयों की जो वृद्धि हुई वह प्रमुख रूप से व्यय की विभिन्न मदों में हुई सामान्य वृद्धि के कारण हुई ।

लेखा परीक्षक

316. बैंक के लेखों की परीक्षा मेसर्स राय एण्ड राय, कलकत्ता, मेसर्स ए० एफ० फर्गुसन एण्ड कंपनी, बम्बई, मेसर्स सूरि एण्ड कंपनी, मद्रास और मेसर्स ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एण्ड कंपनी, नई दिल्ली द्वारा की गयी जिन्हें भारत सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया अधिनियम की धारा 50 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गयी तारीख 5 अक्तूबर 1971 की अधिसूचना सं० एफ० 3 (24)—बीसी 71 द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया था। इस वर्ष बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और नई दिल्ली के कार्यालयों के अलावा बंगलूर और पटना के कार्यालयों के लेखों की भी परीक्षा की गयी है। लेखा परीक्षकों के लिए प्रति कार्यालय 15,000 रुपयों का पारिश्रमिक निर्धारित किया गया है ।

केन्द्रीय बोर्ड

317. केन्द्रीय सरकार ने उप गवर्नर श्री पी० एन० डमरी की कार्यावधि को 13 फरवरी 1972 से दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया है।

318. श्री पी० एल० टंडन और डॉ० वी० षण्मुगसुन्दरम् 14 जनवरी 1972 को अपनी पदावधि समाप्त होने पर केन्द्रीय बोर्ड के निदेशक पद से निवृत्त हुए । सेवानिवृत्त निदेशकों की सेवाओं के प्रति बोर्ड अपना आभार प्रदर्शित करता है ।

319. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त हो जाने के कारण श्री ए० बक्शी 26 मार्च 1972 से निदेशक न रहे।

320. रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 की धारा 8(1) (ग) के अधीन श्री एस० एम० जोशी और डॉ० भवतोष दत्त 7 फरवरी 1972 से रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों के रूप में नियुक्त किये गये। श्री सी० पी० श्रीवास्तव भी उसी धारा के अधीन 17 फरवरी 1972 से केन्द्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में नियुक्त किये गये ।

321. इस वर्ष के दौरान केन्द्रीय बोर्ड की सात बैठकें हुईं जिनमें से एक एक बैठक लखनऊ, बम्बई, मद्रास, कलकत्ता, भुवनेश्वर, नई दिल्ली और शिलांग में हुई। केन्द्रीय बोर्ड की समिति की 51 बैठकें हुईं जिनमें से 6 बैठकें नई दिल्ली, में 2 बैठकें कलकत्ता में, एक बैठक मद्रास में और शेष बैठकें बम्बई में हुईं ।

322. श्री वी० जी० पेंढारकर, कार्यपालक निदेशक अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के तकनीकी सहायता कार्यक्रम के अधीन बैंक ऑफ़ तंजानिया के वित्तीय सलाहकार के रूप में नियुक्त हुए और वे उक्त पद भार ग्रहण के लिए 14 अप्रैल 1972 को भारत से रवाना हुए।

स्थानीय बोर्ड

323. श्री दयालजी जी० पटेल ने 26 अप्रैल 1972 को बम्बई स्थित पश्चिमी क्षेत्र के स्थानीय बोर्ड के सदस्य पद से त्यागपत्र दे दिया। आलोच्य वर्ष में स्थानीय बोर्डों के स्वरूप और सदस्यता में कोई दूसरा परिवर्तन नहीं हुआ ।

कार्यालय खोलना और बंद करना तथा संगठन और प्रबन्ध में परिवर्तन

324. अहमदाबाद में 1 दिसम्बर 1971 से इशु विभाग का एक उप कार्यालय खोला गया और उस केन्द्र के नोट निरसन अनुभाग को उक्त उप कार्यालय में सम्मलित कर दिया गया। उक्त केन्द्र में 1 दिसम्बर 1971 को जमा लेखा विभाग भी खोला गया।

बैंक के भवन

नये कार्यालय भवन

325. बंबई स्थित टकसाल के अहाते में प्रस्तावित बहु-मंजिलों वाले भवन के लिए विभाजक दीवार का निर्माण करने का ठेका दे दिया गया है और उसका कार्य प्रगति कर रहा है ।

कार्यालय के उपयोग के लिए पट्टे पर लिये गये भवन

326. भुवनेश्वर में इशु विभाग का उप कार्यालय राज्य शासकीय आलेखागार भवन में स्थापित करना था और उक्त भवन अधिकार में ले लिया गया है । भुवनेश्वर में बैंक परिचालन और विभाग विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने के लिए आवश्यक भवन पट्टे पर लेने की व्यवस्थाएं की गयी हैं। जयपुर के वर्तमान विभागों को एक स्थान पर स्थापित करने और एक उप कार्यालय खोलने के लिए जयपुर में निर्माणाधीन एक भवन में कार्यालय स्थान पट्टे पर लेने की व्यवस्थाएं भी की गयी हैं ।

आवास भवन

327. बैंक सभी प्रमुख केन्द्रों में आवास भवनों की व्यवस्था करने की बराबर कोशिश कर रहा है। इन आवास भवनों के लिए बैंक भारी मात्रा में आर्थिक सहायता प्रदान करता है । आलोच्य वर्ष के दौरान मद्रास में क्लर्कों के लिए 16 आवासों का निर्माण कार्य समाप्त हो गया और क्लर्कों और अधीन कर्मचारियों के लिए 1038 आवासों—नई दिल्ली में 272, कलकत्ता में 444, कानपुर में 218 और नागपुर में 104—का निर्माण कार्य प्रगति कर रहा है। ग्रेड I और II के स्टाफ आफिसरों के लिए बंगलूर में 54 आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र ही समाप्त होगा और बम्बई में 152 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति कर रहा है। नई दिल्ली, मद्रास, बंगलूर, हैदराबाद और भुवनेश्वर में क्लर्कों और अधीन कर्मचारियों के लिए और 850 फ्लैटों का निर्माण करने की प्रायोजनाएं तैयार की जा रही हैं अथवा उनके लिए टेंडर आमंत्रित किये गये हैं। नई दिल्ली और कानपुर में ग्रेड I और II के स्टाफ ऑफिसरों के लिए 258 फ्लैटों का निर्माण करने की प्रायोजना तैयार की जा रही है ।

328. ऐसे केन्द्रों में जहां कोई भूमि प्राप्त नहीं की गयी है या जहां आवासों की संख्या अपर्याप्त है, आवास भवनों का निर्माण करने के निमित्त उपयुक्त भूमि प्राप्त करने के लिए प्रयत्न किये जा रहे हैं।

मालिक-कर्मचारी सम्बंध

329. बैंक और अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ के बीच पहले के समझौते के अन्तर्गत जो-जो बातें नहीं आयी थीं उनपर बातचीत हुई । सभी विभागों के क्लर्कों की संयुक्त वरीयता और क्लर्क संवर्ग में उससे भिन्न संवर्गों के योग्य कर्मचारियों के स्वयमेव अन्तरण से सम्बन्धित समझौते पर 7 मई 1972 को हस्ताक्षर किये गये। इसके साथ ही बैंक ने ग्रेड II स्टाफ आफिसरों के रूप में साक्षात्कार पर आधारित वर्तमान चयन प्रणाली के बजाय लिखित परीक्षा के आधार पर कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान करने की योजना से सम्बन्धित अपने निर्णय की सूचना कर्मचारी संघ को दी है। बैंक ने संघ को यह सूचना भी दी है कि स्टाफ आफिसर, ग्रेड II के संवर्ग के जितने पद सीधे भर्ती किये जाने वालों के लिए निर्धारित किये गये हैं और उनके द्वारा भरे जाएंगे वे स्टाफ ऑफिसर ग्रेड II के पदों की कुल संख्या (समय-समय पर परिवर्तनीय) का 17½ प्रतिशत होंगे और सीधे भर्ती किये जाने वालों के लिए निर्धारित पदों के अवधांश को भर्ती परीक्षा में योग्य पाये जाने वाले कर्मचारियों के लिए आरक्षित किया जाएगा और उनके द्वारा उन पदों को भरा जाएगा ।

330. बैंक ने "रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया अधिकारी संवर्ग पुनरीक्षण समिति" नामक एक समिति का भी गठन किया है। समिति का स्वरूप निम्न प्रकार है :

श्री न्यायमूर्ति जे० एल० नैन, बंबई उच्च न्यायालय, बम्बई	अध्यक्ष
श्री बी० ईश्वरन, आई० सी० एस० (सेवानिवृत्त)	सदस्य
प्रो० एन० एस० रामस्वामी, निदेशक, राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान, बम्बई	सदस्य

उक्त समिति का उद्देश्य बैंक के अधिकारियों की वर्तमान परिलब्धियों अके विन्यास, पदोन्नति संबन्धी नीति और क्रियाविधि, सेवाकालीन प्रशिक्षण की प्रणालियों आदि का पुनरीक्षण करना है। आलोच्य वर्ष में अखिल भारतीय रिज़र्व बैंक पर्यवेक्षी कर्मचारी संघ, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया अधिकारी संघ और बैंक के विचारों से अवगत होने के लिए कई बार समिति की बैठकें हुईं। आशा है कि समिति की रिपोर्ट कुछ महीनों में प्राप्त होगी।

कर्मचारियों के लिए गृह निर्माण योजना

331. आलोच्य वर्ष में गृह निर्माण के लिए जो ऋण मंजूर किये गये उनका विवरण नीचे दिया जाता है :

	समितियों की संख्या	राशि रु०
(अ) नयी सहकारी गृह निर्माण समितियां	11	39,13,679
पहले ही गठित सहकारी गृह निर्माण समितियों को दिये गये अतिरिक्त ऋण	4	4,19,772
		43,33,451

	कर्मचारियों की संख्या	राशि रु०
(आ) अलग-अलग कर्मचारी		
नये ऋण	168	30,72,004
जिन कर्मचारियों ने पहले ही ऋण लिये थे उनको दिये गये अतिरिक्त ऋण	36	4,54,527
		35,26,531

1961 में इस योजना के अमल में आने से लेकर अब तक मंजूर किये गये 'समिति' ऋणों और 'वैयक्तिक' ऋणों की कुल राशि क्रमशः रु० 3,27,27,611.00 और रु० 1,13,71,634.00 है। कुल मिलाकर 2,069 कर्मचारियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है।

रिज़र्व बैंक ऑफ़ इण्डिया

30 जून 1972 तक का तुलन-पत्र

इशू विभाग

देयताएं	रु०	पै०	रु०	पै०	आस्तियां	रु०	पै०	रु०	पै०
बैंकिंग विभाग में रखे हुए नोट	28,79,48,120.00				सोने का सिक्का और बुलियन:				
संचलन में नोट	4877,73,13,265.50				(क) भारत में रखा हुआ	182,53,10,862.72			
जारी किये गये कुल नोट			4906,52,61,385.50		(ख) भारत के बाहर रखा हुआ	—			
					विदेशी प्रतिभूतियां	221,65,38,085.47			
					जोड़			404,18,48,948.19	
					रुपये का सिक्का			28,05,41,745.87	
					भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां			4474,28,70,691.44	
					देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य-पत्र			—	
कुल देयताएं			4906,52,61,385.50		कुल आस्तियां			4906,52,61,385.50	

बैंकिंग विभाग

देयताएं	रु०	पै०	आस्तियां	रु०	पै०
चुकता पूंजी	5,00,00,000.00		नोट	28,79,48,120.00	
आरक्षित निधि	150,00,00,000.00		रुपये का सिक्का	2,77,688.00	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि	209,00,00,000.00		छोटा सिक्का	2,08,240.65	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि	45,00,00,000.00		खरीदे और भुनाये गये बिल		
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि	175,00,00,000.00		(क) देशी	9,85,75,721.88	
जमा राशियां :—			(ख) विदेशी	—	
(क) सरकारी			(ग) सरकारी खजाना बिल	311,17,49,668.84	
(i) केन्द्रीय सरकार	47,03,13,413.14		विदेशों में रखा हुआ बकाया*	195,27,24,607.67	
(ii) राज्य सरकारें	7,91,08,468.66		निवेश**	448,18,03,896.33	
(ख) बैंक			ऋण और अग्रिम		
(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	296,76,30,028.10		(i) केन्द्रीय सरकार को	—	
(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	18,42,05,095.16		(ii) राज्य सरकारों को‡	38,01,00,000.00	
(iii) गैर अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	99,77,914.40		ऋण और अग्रिम:—		
(iv) अन्य बैंक	76,52,821.40		(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को†	27,10,79,000.00	
(ग) अन्य	214,39,88,634.13		(ii) राज्य सहकारी बैंकों को††	169,11,51,249.00	
देय बिल	75,52,14,714.43		(iii) दूसरों को	10,88,91,800.00	
अन्य देयताएं	285,28,09,886.83		राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश		
			(क) ऋण और अग्रिम		
			(i) राज्य सरकारों को	53,05,82,256.54	
			(ii) राज्य सहकारी बैंकों को	20,70,01,632.00	
			(iii) केन्द्रीय भूमि बंधक बैंकों को	—	
			(iv) कृषि पुनर्वित्त निगम को	5,00,00,000.00	
